लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

फाल्गुन शुक्ल पक्ष अष्टमी विक्रम संवत 2080

# अमृत विचार

वर्ष -34, अंक -52, पृष्ठ -16+4, मूल्यः -5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

लखनऊ, रविवार, 17 मार्च 2024



इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, होली : यौवन के उन्माद का त्योहार व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

आज का मौसम: 31.0° अधिकतम तापमान | 15.0° न्यूनतम तापमान | आसमान साफ रहेगा, हल्के बादल छाए रहेंगे। | सूर्योदय 06 : 16 | सूर्यास्त 18 : 19



कियारा को पसंद आई सिद्धार्थ की 'योद्धा'...15




# लोकसभा चुनाव घोषित, सात चरणों में मतदान

## 543 सीटों के लिए 19 अप्रैल से 1 जून तक होगा मतदान, 4 जून को मतगणना

## चुनावों की घोषणा के साथ ही देशभर में लागू हुई आदर्श आचार संहिता

## चार राज्यों की विधानसभाओं के लिए भी मतदान की तिथियों की घोषणा

नई दिल्ली, ब्यूरो/एजेंसी

चुनाव आयोग ने 18वीं लोकसभा के चुनावों, चार राज्यों के विधानसभा चुनाव तथा 13 राज्यों की 26 विधानसभा सीटों के उपचुनाव 19 अप्रैल से एक जून तक सात चरणों में कराने तथा मतगणना चार जून को कराने का एलान किया है। इसके साथ ही देश भर में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने दोनों चुनाव आयुक्तों ज्ञानेश कुमार एवं सुखबीर सिंह संधू की मौजूदगी में शनिवार को यहां विज्ञान भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में लोकसभा की सभी 543 सीटों के साथ साथ सिक्किम (32 सीटें), अरुणाचल प्रदेश (60 सीटें), ओडिशा (147 सीटें) एवं आंध्र प्रदेश (175 सीटें) की विधानसभा चुनावों एवं 13 राज्य विधानसभाओं की 26 रिक्त सीटों पर उपचुनाव के कार्यक्रम की घोषणा की।

उल्लेखनीय है कि 543 लोकसभा सीटों में से 84 सीटें अनुसूचित जाति और 47 सीटें अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं। कुमार ने भारत के आम चुनाव को दुनिया में लोकतंत्र का सबसे बड़ा महापर्व करार देते हुए कहा कि आयोग ने दो साल से इसकी तैयारी की और वह हिंसा, रक्तपात, धनबल एवं दुष्प्रचार को रोकने के लिए अब तक की सबसे प्रभावी व्यवस्था के साथ आए हैं। उन्होंने कहा कि चुनावों की शुरुआत 20 मार्च को पहली अधिसूचना के साथ होगी। पहले चरण में 19 अप्रैल को 21 राज्यों की 102 सीटों पर, दूसरे चरण में 26 अप्रैल को 13 राज्यों की 89 सीटों पर, तीसरे चरण में सात मई को 12 राज्यों की 94 सीटों पर, चौथे चरण में 13 मई को 10 राज्यों की 96 सीटों पर, पांचवें चरण में 20 मई को आठ राज्यों की 49 सीटों पर, छठवें चरण में 25 मई को सात राज्यों की 57 सीटों और सातवें चरण में एक जून को आठ राज्यों की 57 सीटों पर मतदान होगा। 22 राज्यों के लिए एक ही चरण में मतदान होगा। जबकि बिहार, पश्चिम बंगाल एवं उत्तर प्रदेश की सीटों के लिए सभी सातों चरणों में मतदान कराया जाएगा। चार राज्यों - कर्नाटक, राजस्थान, त्रिपुरा एवं मणिपुर में दो चरणों में, छत्तीसगढ़ एवं असम में तीन चरणों में, ओडिशा, मध्य प्रदेश एवं झारखंड में चार चरणों में, महाराष्ट्र एवं जम्मू कश्मीर में पांच चरणों में मतदान कराया जाएगा।

मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि सभी की मतगणना चार जून को होगी। कुमार ने बताया कि इस बार के आम चुनाव के लिए करीब 96.8 करोड़ मतदाता पंजीकृत हैं जिनमें पुरुष मतदाता 49.7 करोड़, महिला मतदाता 47.1 करोड़ तथा ट्रांसजेंडर मतदाता 48 हजार हैं। 12 राज्यों में महिला मतदाताओं की संख्या पुरुषों से अधिक है। उन्होंने कहा कि 19.74 करोड़ मतदाता युवा वर्ग (20 से 29 वर्ष आयु) के हैं जबकि 1.82 करोड़ मतदाता 18 से 19 वर्ष आयु के हैं और मतदान के लिए पहली बार पंजीकृत किए गए हैं जिनमें 85.9 लाख महिलाएं हैं।



नई दिल्ली में शनिवार को चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार, चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और एसएस संधू।

- 96.8 करोड़ कुल पंजीकृत मतदाता
- 49.7 करोड़ पुरुष, 47.1 करोड़ महिलाएं
- 19.74 करोड़ वोटर 20 से 29 आयु व र्ग के
- 1.82 करोड़ वोटर 18 से 19 आयु वर्ग के
- 48 हजार ट्रांसजेंडर मतदाता

### ईवीएम से सुरक्षित और निष्पक्ष मतदान संभव

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि देश में मतदान के लिए प्रयोग की जा रही इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) पूरी तरह से सुरक्षित और निष्पक्ष है तथा इसके साथ छेड़छाड़ नहीं की जा सकती। राजीव कुमार ने संवाददाताओं के सवालों के जवाब में यह बात कही।

### 85 साल से ज्यादा उम्र के वोटर करेंगे घर बैठे वोटिंग

चुनाव आयोग ने इस बार 85 वर्ष से ऊपर के 82 लाख और 40 प्रतिशत तक दिव्यांगता वाले 88.4 लाख मतदाताओं से घर से मतदान करने का विकल्प उपलब्ध कराने का फैसला किया है। चुनाव आयोग ने चुनाव प्रक्रिया की प्रभावी निगरानी के लिए 2100 पर्यवेक्षक तैनात किये हैं।

### 10.48 लाख मतदान केंद्र, 55 लाख ईवीएम



मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि 2.18 लाख मतदाता 100 वर्ष से अधिक आयु के हैं। जबकि पांच से छह लाख ऐसे मतदाता भी वोट दे सकेंगे जो एक अप्रैल को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करेंगे। उन्होंने मतदाता पंजीकरण के लिए पहले से आवेदन कर रखा था। मुख्य चुनाव आयुक्त के अनुसार 10.48 लाख मतदान केन्द्र स्थापित किए जाएंगे जिनमें करीब 55 लाख इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) उपलब्ध कराई जाएंगी।

### उत्तर प्रदेश में किस चरण में, कहां मतदान

| | | |
|---|---|---|
| पहला चरण | 19 अप्रैल 8 सीट | सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत। |
| दूसरा चरण | 26 अप्रैल 8 सीट | अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा। |
| तीसरा चरण | 7 मई 10 सीट | संभल, हाथरस, आगरा, फतेहपुर सीकरी, एटा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, बदायूं, आंवला और बरेली। |
| चौथा चरण | 13 मई 13 सीट | शाहजहांपुर, खीरी, धौरहरा, सीतापुर, हरदोई, मिश्रिख, उन्नाव, फर्रुखाबाद, इटावा, कन्नौज, कानपुर, अकबरपुर और बहराइच। |
| पांचवां चरण | 20 मई 14 सीट | मोहनलालगंज, लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, जालौन, झांसी, हमीरपुर, बांदा, फतेहपुर, कौशांबी, बाराबंकी, फैजाबाद, कैसरगंज और गोंडा। |
| छठा चरण | 25 मई 14 सीट | सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, इलाहाबाद, अम्बेडकरनगर, श्रावस्ती, डुमरियागंज, बस्ती, संतकबीर नगर, लालगंज, आजमगढ़, जौनपुर, मछलीशहर और भदोही। |
| सातवां चरण | 1 जून 13 सीट | महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव, घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर और रॉबर्ट्सगंज। |

### उत्तराखंड में 20 मार्च को अधिसूचना, 19 अप्रैल को मतदान

उत्तराखंड की सभी पांच संसदीय क्षेत्र में पहले चरण में 19 अप्रैल को एक साथ मतदान होगा। 20 मार्च को चुनाव की अधिसूचना जारी होगी और 27 मार्च तक नामांकन की अंतिम तिथि है। नामांकन पत्रों की जांच 28 मार्च को होगी और नाम वापसी 30 मार्च तक हो सकेगी। उत्तराखंड में टिहरी गढ़वाल, पौड़ी गढ़वाल, अल्मोड़ा (सु), नैनीताल, उधम सिंह नगर एवं हरिद्वार संसदीय क्षेत्र हैं।

## एक नजर

### ईडी को मिली 23 मार्च तक कविता की हिरासत



नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता को शनिवार को 23 मार्च तक के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया। ईडी मामलों के विशेष न्यायाधीश एम.के. नागपाल ने हिरासत के अनुरोध संबंधी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की याचिका पर यह आदेश सुनाया। एजेंसी ने तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव की बेटी कविता को अदालत के समक्ष पेश किया और 10 दिन की हिरासत मांगी। हालांकि, अदालत ने केवल 23 मार्च तक की हिरासत प्रदान की।

### गेट परीक्षा में जौनपुर के पीयूष ने पूरे देश में किया टॉप

जौनपुर। जौनपुर जिले के होनहार छात्र पीयूष कुमार यादव ने पूरे देश में जिले का नाम रोशन किया है। इस प्रतिभावान ने गेट 2024 प्रवेश परीक्षा में आल इण्डिया में पहली रैंक हासिल किया है। शनिवार को परिणाम आने के बाद उनके परिवार समेत नाते रिश्तेदारो में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है। सूत्रों के अनुसार जौनपुर नगर में सिपाह मोहल्ले के निवासी अधिवक्ता व एक अखबार के सम्पादक अरूण यादव का पुत्र पीयूष कुमार गेट 2024 प्रवेश परीक्षा परिणाम में 91 07 नम्बर हासिल करते हुए आल इण्डिया में पहला स्थान प्राप्त किया है।

### शिवसेना (यूबीटी) नेता की 88.51 लाख की संपत्ति कुर्क

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कोविड-19 अवधि के दौरान प्रवासियों के बीच खिचड़ी के वितरण में कथित अनियमितताओं से जुड़े धन शोधन मामले में शिवसेना (यूबीटी) नेता सूरज चव्हाण की 88.51 लाख रुपये की अचल संपत्ति कुर्क की है। ईडी के मुंबई कार्यालय ने मुंबई में चव्हाण के स्वामित्व वाले एक आवासीय फ्लैट और महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिले में कृषि भूखंड के रूप में 88.51 लाख रुपये की अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से जब्त कर लिया है।

## फैक्टरी के बॉयलर में विस्फोट, 40 घायल

रेवाड़ी। हरियाणा में रेवाड़ी जिले के धारूहेड़ा स्थित औद्योगिक क्षेत्र में शनिवार को ऑटो पार्ट्स विनिर्माण कंपनी के बॉयलर में विस्फोट होने से लगभग 40 श्रमिक झुलस गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि कई घायलों को रेवाड़ी के सिविल अस्पताल ले जाया गया और कुछ को गुरुग्राम, धारूहेड़ा और रेवाड़ी के अलग-अलग अस्पतालों में रेफर किया गया। इसने कहा कि गंभीर रूप से घायल एक श्रमिक को पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (पीजीआईएमएस), रोहतक रेफर किया गया है।

## पांच आईएएस अफसरों के तबादले, एक का रद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- नितिन का केडीए उपाध्यक्ष पर किया गया तबादला निरस्त

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने से पहले फिर पांच आईएएस अधिकारियों के तबादले कर दिए। जबकि आईएएस नितिन का उपाध्यक्ष, कानपुर नगर विकास प्राधिकरण के पद पर किया गया ट्रांसफर निरस्त कर दिया गया है। वे विकास प्राधिकरण पिलखुवा, बुलन्दशहर में बने रहेंगे।

शासन ने एआईजी स्टाम्प आईएएस रवीश गुप्ता को प्रबंध निदेशक पर्यटन निगम बनाया है। जबकि विशेष सचिव ऊर्जा राहुल सिंह को एआईजी स्टाम्प बनाया गया है। आईएएस अतुल सिंह को आरएफसी लखनऊ का अतिरिक्त चार्ज दिया गया है। वहीं, आईएएस अनिता यादव को आरएफसी आगरा का अतिरिक्त चार्ज दिया गया है। आईएएस विजय कुमार को विशेष सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक लखनऊ बनाया गया है।

## अनुराधा पौडवाल भाजपा में शामिल



नई दिल्ली। प्रसिद्ध बॉलीवुड गायिका अनुराधा पौडवाल लोकसभा चुनाव से पहले शनिवार को यहां भाजपा में शामिल हो गईं। यहां भाजपा मुख्यालय में पार्टी के नेताओं के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में पौडवाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रशंसा की और कहा कि उन्हें मोदी की अगुवाई वाली पार्टी में शामिल होकर खुशी हो रही है। इस मौके पर उन्होंने 'सर्व मंगल मांगल्ये' भी गाया और आदि शक्ति को नमन किया।

## केजरीवाल अदालत में पेश हुए, मिली जमानत

नई दिल्ली, ब्यूरो



- दिल्ली शराब घोटाले में 1 अप्रैल को अगली सुनवाई

**अमृत विचारः** दिल्ली शराब घोटाले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को स्थानीय अदालत में पेश होना ही पड़ा। हालांकि उन्हें जमानत मिल गई है। अगली सुनवाई 1 अप्रैल को होगी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समन पर पेश न होने के विरुद्ध दो मामले दर्ज किए गए थे। दिल्ली शराब घोटाला मामले में पूछताछ करने के लिए ईडी ने केजरीवाल को भी तलब किया था लेकिन वह 8 बार समन भेजने के बावजूद नहीं गए थे और आरोप लगाया था कि भाजपा के इशारे पर ईडी उन्हें गिरफ्तार करना चाहता है। ईडी ने केजरीवाल के विरुद्ध दो मामले दर्ज करवाए थे। जिनकी सुनवाई के बाद अदालत ने मुख्यमंत्री को तलब किया था लेकिन जमानत मिलने के बाद केजरीवाल को व्यक्तिगत पेशी से राहत मिल गई है।

### तेलंगाना में 6.67 करोड़ की बेहिसाब नकदी जब्त

हैदराबाद। तेलंगाना के करीमनगर शहर में पुलिस ने शनिवार को एक मल्टीप्लेक्स से 6.67 करोड़ रुपये की ''बेहिसाब'' नकदी जब्त कर ली। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक विश्वसनीय जानकारी के आधार पर पुलिस की एक टीम ने तलाशी ली और मल्टीप्लेक्स के एक कमरे से 6.67 करोड़ रुपये की ''बेहिसाब'' नकदी बरामद की। इस मल्टीप्लेक्स का स्वामित्व कथित तौर पर करीमनगर लोकसभा सीट से भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के उम्मीदवार बी विनोद कुमार के रिश्तेदारों के पास है। अधिकारी ने कहा कि धनराशि जब्त करने की जानकारी आयकर विभाग को दी गई है। यह पता लगाने के लिए आगे की जांच जारी है कि नकदी किसकी थी।

## आयोग के अधीन हुई शासन की गतिविधियां

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

> उत्तर प्रदेश में सात चरणों में होने वाले 80 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई है। इसी के साथ पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। सभी जनपदों को निर्देश निर्गत कर दिए गए हैं।
> – **नवदीप रिणवा**, मुख्य निर्वाचन अधिकारी (उत्तर प्रदेश)

**अमृत विचार :** निष्पक्ष और निर्भीक होकर अधिकाधिक मतदान कराना अब शासन समेत जिलों के अधिकारियों और कर्मचारियों की प्राथमिकता होगी। लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होते ही शनिवार शाम से शासन की गतिविधियों पर केंद्र और राज्य चुनाव आयोग की सीधी निगरानी शुरू हो गई है। इसकी हनक भी दिखने लगी। प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री समेत मंत्रियों और सभी राजनीतिक दलों व समर्थकों के होर्डिंग-बैनर आदि सड़कें-गलियों, चौराहों, संस्थानों आदि से साफ कराने का काम तेजी से शुरू हो गया।

लोकसभा चुनाव के लिए तिथियों की घोषणा के साथ ही शनिवार शाम से स्वंतत्र, निष्पक्ष और निर्भीक मतदान कराना शासन से लेकर प्रशासन की प्राथमिकता हो गई। कार्यकारी हस्तक्षेप से मुक्त होकर चुनाव के संचालन के लिए मतदान केन्द्रों, उसके आस-पास किए जाने वाले प्रबंधों पर फोकस हो गया है। मुख्यमंत्री, मंत्रीगण समेत प्रधानमंत्री और केंद्रीय मंत्रियों के साथ वीवीआईपी आदि सरकारी सुविधाओं का न प्रयोग कर सकेंगे, न ही मतदाताओं को प्रभावित करने वाले कार्य ही करेंगे। शीर्ष अधिकारी भी अब इनके साथ सार्वजनिक रूप से सभाओं और रोड शो में मदद करते नहीं दिखेंगे। उनका कार्य सिर्फ चुनाव और सुरक्षा को लेकर व्यवस्थाएं देने तक सीमित होगा।

**होर्डिंग-बैनर हटाने का आदेश :** मुख्य निवार्चन अधिकारी नवदीप रिणवा ने शासन और जिला प्रशासन के अधिकारियों को आदेश जारी किया है कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के 24 घंटे के भीतर सरकारी सम्पत्तियों, 48 घंटे के भीतर सार्वजनिक स्थलों एवं 72 घंटे के भीतर निजी सम्पत्तियों से दीवार लेखन, पोस्टर, बैनर, होर्डिंग्स, झण्डे इत्यादि हटाने की कार्यवाही पूरी करें। इसके अनुपालन में जिला प्रशासन ने कार्रवाई भी प्रारम्भ कर दी है।

### बदली प्राथमिकताएं

- चुनाव आयोग के निर्देश और निगरानी में शासन समेत अफसर और कर्मचारी
- सड़कों-चौराहों व भवनों से हटाए जा रहे नेताओं, दलों के बैनर और होर्डिंग
- आचार संहिता का बगैर भेदभाव सख्ती से पालन कराना बड़ी जिम्मेदारी

### 15.34 करोड़ मतदाता लेगें चुनाव में हिस्सा

प्रदेश में वर्तमान में कुल मतदाताओं की संख्या 15.34 करोड़ है, जिसमें 8.17 करोड़ पुरुष, 7.17 करोड़ महिला, 6,638 तृतीय लिंग और 12,51,827 दिव्यांग मतदाता हैं। प्रदेश में कुल पोलिंग स्टेशन लोकेशन की संख्या 92,587 एवं मतदेय स्थल की संख्या 1,62,041 (1,62,012 मूल व 29 सहायक मतदेय स्थल) है।

### फ्लाईंग स्क्वायड टीमें सक्रिय शिकायत के लिए पोर्टल

मुख्य चुनाव अधिकारी ने बताया कि चुनाव आयोग ने आचार संहिता लागू होने के साथ ही फ्लाईंग स्क्वायड टीमें सक्रिय हो गई हैं। वीडियो सर्विलांस टीम और वीडियो अवलोकन टीम जनपदों में क्रियाशील है। साथ ही प्रत्येक विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में एफएसटी की कम से कम तीन टीमें क्रियाशील रहेंगी। शिकायतों के लिए टोल फ्री नम्बर 1950 का भी प्रयोग किया जा सकता है। टोल फ्री नम्बर 1950 के माध्यम से मतदाता द्वारा अपने मतदेय स्थल एवं नाम परिवर्धन के संबंध में जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

## सपा ने छह और प्रत्याशियों के नामों का किया एलान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के लिए सपा ने उत्तर प्रदेश के छह और प्रत्याशियों की सूची जारी की है। जिसमें आजमगढ़ सीट पर धर्मेंद्र यादव को प्रत्याशी घोषित किया गया हैं।

शनिवार को जारी सूची के बाद प्रदेश में सपा के प्रत्याशियों की संख्या 42 पहुंच चुकी है। इंडिया गठबंधन में प्रदेश में मिली 63 सीटों पर, सपा क्रमवार प्रत्याशी घोषित कर रही है। जारी सूची में गौतमबुद्ध नगर से महेंद्र नागर, मिश्रिख से मनोज कुमार राजवंशी, सुल्तानपुर से भीम निषाद, इटावा से जितेन्द्र दोहरे और जालौन में नारायणदास अहिरवार को प्रत्याशी बनाया गया है। मालूम हो कि इंडिया गठबंधन के तहत प्रदेश में 17 सीटें कांग्रेस के खाते में गई हैं, शेष 63 सीटों में सपा ने अपने खाते से भदोही की सीट तृणमूल कांग्रेस के प्रत्याशी को दी है।

## डूंगरपुर मामले में आजम सहित 4 दोषी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- 18 मार्च को सुनाई जाएगी सजा कोर्ट में पेश हुए आजम खां

**अमृत विचार :** डूंगरपुर के एक मामले में शनिवार को अदालत ने सपा नेता आजम खां, पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर खां, ठेकेदार बरकत अली और रिटायर्ड सीओ आले हसन को दोषी करार दिया है। इस मामले में सजा 18 मार्च को सुनाई जाएगी।

गंज थाना क्षेत्र के डूंगरपुर बस्ती को खाली कराने के आरोप में 2019 में 12 मुकदमे दर्ज हुए थे। ये सभी मामले बस्ती में रहने वाले लोगों की ओर से दर्ज कराए गए थे। घरों में घुसकर मारपीट, गाली-गलौज, डकैती के आरोप में पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर अहमद खां, बरकत अली, रिटायर्ड सीओ आले हसन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। इस मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में हो रही है। शनिवार को सीतापुर जेल से आजम खां कोर्ट पहुंचे। पूर्व पालिका अध्यक्ष अजहर खां बिजनौर जेल से रामपुर आए। कोर्ट ने आजम खां समेत चार लोगों को दोषी ठहराया। इनके अलावा जिबरान नासिर, फरहान नासिर और पूर्व जिलाध्यक्ष ओमेंद्र सिंह चौहान को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया गया। एडीजीसी कुमार सौरभ ने बताया कि कोर्ट ने आजम खां सहित चार को दोषी करार दिया है। इस मामले में 18 मार्च को सजा सुनाई जाएगी।

**खेलकूद** | जिले से लेकर राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं होंगी, छात्र-छात्रा पहली बार मैदान पर दिखाएंगे अपनी प्रतिभा

## 'आश्रम' तैयार करेंगे भविष्य के अर्जुन और लक्ष्मीबाई

राजीव शुक्ला, लखनऊ

- 75 जिलों में 94 विद्यालयों के लिए पहली बार जारी हुआ वार्षिक खेल कैलेंडर
- समाज कल्याण विभाग ने दी प्रत्येक विद्यालय को 25,000 रुपये धनराशि

**अमृत विचार :** सिर्फ पढ़ाई ही नहीं आश्रम पद्धति विद्यालयों में अब छात्र-छात्राओं को खेलों में भी निपुण किया जाएगा। इन ''आश्रमों'' में भविष्य के ''अर्जुन'' और ''रानी लक्ष्मीबाई'' की नई पौध तैयार की जाएगी। जो न केवल देश में वरन विदेश में भी भारत का झंडा लहराएंगे। इसके लिए समाज कल्याण विभाग ने तैयारियां कर ली हैं। जल्द ही यहां पर विभिन्न खेलों के प्रशिक्षण के लिए उपकरण भी आ जाएंगे। पहली बार आश्रम पद्धति विद्यालयों के लिए वार्षिक खेल कैलेंडर जारी किया गया है। सबकुछ कार्ययोजना के अनुसार हुआ तो यहां से देश और प्रांत का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ी मैदान पर अपना हुनर दिखाएंगे।

प्रदेश के 75 जिलों में 94 आश्रम पद्धति विद्यालयों का संचालन समाज कल्याण विभाग कर रहा है। इन विद्यालयों में लगभग 32 हजार छात्र-छात्राएं अध्यनरत हैं। पठन-पाठन के साथ अब इन विद्यालयों में वार्षिकोत्सव और विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। जुलाई-अगस्त में विद्यालय-जिला स्तर पर, सितंबर-अक्टूबर में मंडल स्तर पर और नवंबर-दिसंबर में राज्य स्तर पर प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन केडी सिंह बाबू स्टेडियम में कराया जाएगा। विभाग की ओर से विद्यालयों को 25-25 हजार रुपये की धनराशि दी गई है। इस धनराशि से खेल उपकरण मंगाए जाएंगे।

**इन खेलों से तैयार होगी खिलाड़ियों की नई पौध :** खो-खो, कबड्डी, शतरंज, वालीबॉल, फुटबाल, दौड़, तैराकी, लूडो, कैरम, रस्साकशी, दौड़, बैडमिंटन, गोला फेंक और डिस्क थ्रो आदि कई खेल भविष्य के खिलाड़ियों की नींव रखेंगे।

> आश्रम पद्धति विद्यालय में वार्षिकोत्सव कराया जाएगा। खेलों का भी आयोजन किया जाएगा। वार्षिकोत्सव और खेल प्रतियोगिता का कैलेंडर पहली बार जारी किया गया है। राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता कराने के लिए खेल निदेशक से बातकर उसे अंतिम रूप दे दिया गया है। बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत भी किया जाएगा।
> –**कुमार प्रशांत**, निदेशक समाज कल्याण

### बेहतर प्रदर्शन से राष्ट्रीय स्तर पर मिलेगा मौका

राज्य स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। अभी तक सिर्फ पढ़ाई को ही कैरियर मान रहे छात्र-छात्राओं को खेल में भी कामयाबी का शिखर चूमने का अवसर मिलेगा। विभागीय अधिकारियों की योजना है कि 94 विद्यालयों से खेल के क्षेत्र में नाम रोशन करने वाले छात्र-छात्राओं को आगे बढ़ाया जाएगा ताकि विश्व स्तर पर वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें। समाज कल्याण निदेशक ने खेलों का बढ़ावा देने वाली सामग्री की सूची विद्यालयों से मांगी है। कुछ विद्यालयों ने सूची भेजी भी है।



## एक नजर

### आम जनता पार्टी ने दिया कांग्रेस को समर्थन

अमृत विचार, लखनऊ : आम जनता पार्टी (सोशलिस्ट) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जंत्रीलाल चौहान उर्फ महंत बालक दास ने लोस चुनाव में कांग्रेस पार्टी को अपना समर्थन घोषित किया। शनिवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम मेंसमर्थन देने वालों में पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजेश चौहान, मुकेश चौहान राष्ट्रीय सचिव सुरेश चौहान, सैकड़ों साथी शामिल रहे। इस मौके पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय मौजूद थे।

### गोमतीनगर-छपरा होली स्पेशल ट्रेन 21 से

अमृत विचार, लखनऊ : यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रेन नंबर 05012 गोमतीनपुर-छपरा होली स्पेशल 21, 23, 25 व 27 मार्च को संचालन किया जाएगा। गोमतीनगर से दोपहर 2 बजे चलकर यह ट्रेन दूसरे दिन छपरा कचहरी मध्यरात्रि 12 :05 बजे पहुंच जायेगी। वापसी में ट्रेन नंबर 05011 छपरा-गोमतीनगर होली स्पेशल 22, 24, 26 व 28 मार्च को छपरा से तड़के 5 :45 बजे रवाना होगी जो गोमतीनगर रेलवे स्टेशन शाम 4 बजे पहुंचेगी।

# मूल्यांकन शुरू होते ही बीमार पड़ने लगे गुरु जी

## डीआईओएस कार्यालय में पहुंच रहे मेडिकल अवकाश के दर्जनों प्रार्थना पत्र, सचिव ने दिया कार्रवाई का आदेश

रविशंकर गुप्ता, अमृत विचार

लखनऊः यूपी बोर्ड 10वीं व 12वीं की परीक्षा की कॉपियों का मूल्यांकन शनिवार को शुरू हो गया। राजधानी सहित प्रदेश भर में 259 केन्द्रों पर मूल्यांकन के लिए 1.5 लाख परीक्षक लगाए गए हैं। इसमें बड़ी संख्या में शिक्षक बीमारी का बहाना बनाकर मूल्यांकन कार्य से दूरी बनाने का प्रयास कर रहे हैं। मेडिकल अवकाश के दर्जनों प्रार्थनापत्र डीआईओएस कार्यालय पहुंचे हैं, लेकिन ज्यादातर प्रार्थनापत्रों में सीएमओ की रिपोर्ट नहीं है। इससे डीआईओएस अवकाश स्वीकृत करने से इनकार कर दिया। शिक्षक ड्यूटी न करने के लिए इधर-उधर से सिफारिश लगा रहे हैं।

▸▸ सीएमओ की रिपोर्ट के बिना स्वीकृत नहीं होंगे अवकाश

लखनऊ के अलावा कानपुर, मुरादाबाद, बरेली, अयोध्या, गोरखपुर, कानपुर, सीतापुर, कन्नौज, अमेठी, बलरामपुर, प्रयागराज, प्रतापगढ़, गोंडा, अंबेडकरनगर, सुल्तानपुर, श्रावस्ती, संतकबीर नगर, सिद्धार्थ नगर, अंबेडकर नगर, हमीरपुर कई जनपद के डीआईओएस को भी मेडिकल अवकाश के दर्जनों प्रार्थना पत्र मिले हैं। डीआईओएस का कहना है कि जिसमें सीएमओ की रिपोर्ट नहीं लगी है, वह प्रार्थनापत्र निरस्त किए जा रहे हैं। बोर्ड परीक्षा की कॉपियों का मूल्यांकन शनिवार को कड़ी निगरानी के बीच गोपनीय तरीके से शुरू हुआ है। इसमें शिक्षकों के अवकाश रद्द करने के निर्देश हैं। विशेष परिस्थिति में ही अवकाश तभी दिया जायेगा जब सीएमओ की र रिपोर्ट होगी।

### सचिव का आदेश

मूल्यांकन शुरू होने के एक सप्ताह पहले ही माध्यमिक शिक्षा परिषद सचिव का सभी डीआईओएस को आदेश जारी किया गया है कि मेडिकल अवकाश सीएमओ की रिपोर्ट के बिना न दिया जाये। शिक्षकों ने अपने प्रार्थनापत्र में सीएमओ की रिपोर्ट नहीं लगाई है। ऐसे में डीआईओएस ने अवकाश देने से इनकार किया है। इसके बाद भी डीआईओएस को हाई लेवल की सिफारिशें भी पहुंच रही हैं।



मूल्यांकन कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं चलेगी। हर जनपद में शिक्षक बीमारी बताकर अवकाश के लिए आवेदन कर रहे हैं ये ठीक नहीं है। निर्धारित समय में मूल्यांकन पूरा करना होगा। आगे समय नहीं बढ़ाया जायेगा। 3 .1 करोड़ कॉपियां हैं ऐसे में शिक्षक निर्धारित मानक के अनुसार मूल्यांकन कार्य करें। डीआईओएस को आदेश दिया गया है कि मेडिकल अवकाश वह तभी दे सकते हैं जब सीएमओ की रिपोर्ट होगी।

– दिब्यकांत शुक्ला, सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद

**31 तक चलेगा मूल्यांकन, 13 दिनों का है समय :** उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 31 मार्च तक चलेगा। इस बीच तीन अवकाश भी पड़ रहे हैं। ऐसे में 13 दिनों में 3.1 करोड़ कॉपियों का मूल्यांकन होना है। ऐसे में अगर मूल्यांकन के समय में पर शिक्षक किसी भी तरह से अवकाश पर जाते हैं तो मूल्यांकन प्रभावित हो सकता है। प्रति शिक्षक को एक दिन में कम से कम 100 कांपी जांचनी अनिवार्य है।

**पहले दिन 9,54,994 लाख कॉपियां हुई चेकः** परिषद के सचिव ने बताया कि यूपी बोर्ड की कॉपियों का मूल्यांकन पहले दिन 259 केन्द्रों पर हुआ। सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक 9,54,994 कॉपियों चेक हो गई है। सचिव ने कहा कि यदि नियमित मूल्यांकन समय से चलता रहा जो निर्धारित समय में कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

# आयुष विभाग में महानिदेशक पद पर आईएएस की होगी तैनाती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ आयुर्वेद, होम्योपैथिक व यूनानी निदेशालय समेत अन्य बोर्ड होंगे आधीन

अमृत विचारः आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक व यूनानी चिकित्सा पद्धति व संबन्धित बोर्डो के कुशल संचालन के लिए आयुष विभाग में महानिदेशक का पद सृजित कर दिया गया है। इस पर आईएएस अधिकारी की तैनाती होगी। इस बाबत राज्य सरकार की ओर से शुक्रवार को कार्य क्षेत्र संबन्धित शक्तियों के साथ पत्र भी जारी कर दिया गया है। हालांकि इस पद पर राज्य सरकार द्वारा कैबिनेट से हरी झंडी मिलने के बाद आईएएस नागेन्द्र प्रताप की तैनाती पहले ही की जा चुकी है।

चिकित्सा शिक्षा विभाग व स्वास्थ्य विभाग की तरह आयुष विभाग में भी नवसृजित महानिदेशालय की बागडोर एक आईएएस अधिकारी के हाथ होगी। महानिदेशक के हाथ में तीनों की विभागों का वित्तीय अधिकारों के साथ ही समस्त प्रबन्धन की जिम्मेदारी दी गई है।

इन तीन विभागों के साथ ही उप्र आयुर्वेदिक, यूनानी एवं तिब्बी चिकित्सा पद्धति बोर्ड और उप्र होम्योपैथिक मेडिसिन बोर्ड का भी प्रबन्धन महानिदेशक के पास ही होगा। महानिदेशक को इन विभागों व बोर्डो में सेवारत अधिकारियों व कर्मचारियों पर कार्यकारी, प्रशासनिक एवं वित्तीय नियंत्रण व संचालित होने वाली समस्त योजनाओं के क्रियान्वयन का अधिकार होगा। महानिदेशक आयुष द्वारा शासन में तीनों ही विभागों की स्थिति प्रस्तुत करेंगे।

# चुनाव के लिए तैनात होंगे केंद्रीय सुरक्षा बल के जवान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ




प्रेस वार्ता में जानकारी देते मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा। अमृत विचार

अमृत विचारः मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने कहा कि प्रदेश में निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान के लिए मतदान केंद्रों पर केंद्रीय सुरक्षा बलों के जवानों की तैनाती की जाएगी। आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन कराया जाएगा। भारत निर्वाचन आयोग की ओर से लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद मुख्य निर्वाचन अधिकारी शनिवार को अपने कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि प्रदेश की 80 सीटों पर सात चरणों में चुनाव की घोषणा के बाद प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। इस सिलसिले में सभी जिलों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। निर्वाचन अधिकारियों को आचार संहिता का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने को कहा गया है। उन्होंने बताया कि आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार प्रदेश में प्रथम चरण के निर्वाचन की अधिसूचना 20 मार्च को जारी की जाएगी। इसी दिन से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। पहले चरण में प्रदेश की आठ लोकसभा क्षेत्रों में मतदान होगा। दूसरे चरण के निर्वाचन की अधिसूचना 28 मार्च को जारी होगी। इस चरण में आठ लोकसभा क्षेत्रों में मतदान होगा। तृतीय चरण के निर्वाचन की अधिसूचना 12 अप्रैल, चतुर्थ चरण के निर्वाचन की अधिसूचना 18 अप्रैल, पांचवें चरण की अधिसूचना 26 अप्रैल, छठे चरण के लिए अधिसूचना 29 अप्रैल व व सातवें चरण के लिए अधिसूचना सात मई को जारी होगी।

▸▸ शांतिपूर्ण मतदान के लिए प्रदेश में किए गए पुख्ता इंतजाम

▸▸ आदर्श आचार संहिता का होगा सख्ती से पालन : नवदीप रिणवा

पहले चरण में राज्य की आठ संसदीय सीटों सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना (अनुसूचित जाति (एससी) के लिए सुरक्षित), मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत पर 19 अप्रैल को मतदान होगा। वहीं दूसरे चरण के तहत आठ संसदीय क्षेत्रों अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर (एससी), अलीगढ़ और मथुरा में 26 अप्रैल को मतदान होगा। चुनाव कार्यक्रम के मुताबिक, तीसरे चरण में संभल, हाथरस (एससी), आगरा (एससी), फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, बदायूं, आंवला और बरेली पर सात मई को मतदान होगा। राज्य में चौथे चरण के तहत 13 मई को 13 लोकसभा सीटों शाहजहांपुर (एससी), खीरी, धौरहरा, सीतापुर, हरदोई (एससी), मिश्रिख (एससी), उन्नाव, फर्रुखाबाद, इटावा (एससी), कन्नौज, कानपुर, अकबरपुर और बहराइच (एससी) पर मतदान होगा। राजधानी लखनऊ में लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में 20 मई को मतदान होगा। पांचवें चरण के तहत लखनऊ के अलावा जिन 13 अन्य लोकसभा सीटों पर मतदान होगा, उनमें मोहनलालगंज (एससी), रायबरेली, अमेठी, जालौन (एससी), झांसी, हमीरपुर, बांदा, फतेहपुर, कौशांबी (एससी), बाराबंकी (एससी), फैजाबाद, कैसरगंज और गोंडा निर्वाचन क्षेत्र शामिल हैं। लोकसभा चुनाव के छठे चरण के तहत सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, इलाहाबाद, अंबेडकरनगर, श्रावस्ती, डुमरियागंज, बस्ती, संत कबीर नगर, लालगंज (अजा), आजमगढ़, जौनपुर, मछलीशहर और भदोही जैसी 14 लोकसभा सीटों पर जनता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेगी। छठे चरण के तहत मतदान 25 मई को होगा।

सातवें और अंतिम चरण का मतदान एक जून को महाराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव (सुरक्षित), घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर और रॉबर्ट्सगंज (सुरक्षित) में होगा। वोटों की गिनती चार जून को होगी।

**सुविधा एप से जनसभा की ले सकेंगे अनुमतिः** मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रत्याशी व राजनीतिक दलों सुविधा एप के जरिए जनसभा के लिए अनुमति ले सकेंगे। वे इस ऐप के जरिए ऑनलाइन नामांकन भी कर सकेंगे।

### योगी की अपील, महायज्ञ में मतदान रूपी आहुति दे सफल बनाएं

लखनऊ, अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 7 चरण में होने वाले इन चुनावों को सफल बनाने के लिए देश भर के मतदाताओं से अधिकाधिक मतदान की अपील की है। चुनाव आयोग द्वारा चुनावों की तारीखों के ऐलान के बाद उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर देश भर के मतदाताओं से न सिर्फ लोकसभा चुनाव के महायज्ञ में ' 'मतदान' ' रूपी आहुति देकर इसे सफल बनाने का आह्वाहन किया, बल्कि "फिर एक बार मोदी सरकार" का नारा देते हुए पीएम मोदी के एनडीए को 400 के पार पहुंचाने के संकल्प को सिद्ध करने में जनमानस के आशीर्वाद के प्रति भी विश्वास जताया।

### चुनाव ड्यूटी से मुक्त रहेंगे स्वास्थ्य कर्मी

अमृत विचार, लखनऊ : अगले माह होने वाले लोकसभा चुनावों में स्वास्थ्य कर्मी चुनावी ड्यूटी नहीं करेंगे। स्वास्थ्य कर्मियों की ड्यूटी न लगा दी जाये, इस बाबत स्वास्थ्य महानिदेशक द्वारा मुख्य निर्वाचन अधिकारी उप्र को पत्र प्रेषित किया जा चुका है।स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ .ब्रजेश राठौर ने शनिवार को बताया कि चुनावों में मतदान के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों को पोलिंग बूथ की ड्यूटी से मुक्त रखा जायेगा, इसके लिए साल 2008 में भारत निर्वाचन आयोग का आदेश पारित हो चुका है। उक्त आदेश के अनुपालन में राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को पत्र प्रेषित किया गया है।

# विधानसभा की चार सीटों पर भी होगा उपचुनाव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचारःलोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही विधानसभा की चारों रिक्त सीटों के लिए उपचुनाव भी घोषित हो गया है। इन चारों सीटों के लिए मतदान लोकसभा चुनाव के साथ ही होंगे।

लखनऊ पूर्व में 20 मई को मतदान होगा, जबकि ददरौल में 13 मई, गैसड़ी में 25 मई व दुद्धी में एक जून को मतदान होगा। लखनऊ पूर्व विधानसभा सीट भाजपा विधायक व पूर्व मंत्री आशुतोष टंडन की मृत्यु हो जाने के कारण से रिक्त है। यहां का उप चुनाव पांचवें चरण के लोकसभा चुनाव के साथ होगा। शाहजहांपुर जनपद की ददरौल विधानसभा सीट भाजपा विधायक मानवेन्द्र सिंह की मृत्यु को हो जाने के कारण से रिक्त है। यहां पर चौथे चरण के लोकसभा चुनाव के साथ यानी 13 मई को वोट डाले जाएंगे। बलरामपुर जिले की गैसड़ी विधानसभा सीट सपा के डा. शिव प्रताप यादव की मृत्यु के कारण रिक्त है। यहां का उपचुनाव छठे चरण के लोकसभा चुनाव के साथ 25 मई को होगा।

### भाजपा विधायक के अयोग्य घोषित होने से दुद्धी में चुनाव

सोनभद्र की दुद्धी विधानसभा सीट भाजपा विधायक राम दुलार को न्यायालय से 25 वर्ष की सजा सुनाए जाने के कारण अयोग्य घोषित कर दिया गया था। यह सीट 15 दिसंबर से रिक्त है। यहां का उपचुनाव सातवें चरण के लोकसभा चुनाव के साथ एक जून को होगा।

### प्रशांत मिश्रा ने संभाला यूपीएमआरसी के निदेशक (परिचालन) का कार्यभार



अमृत विचार, लखनऊ : प्रशांत मिश्रा ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड में निदेशक (परिचालन) के रूप में अपना कार्यभार संभाला। प्रशांत मिश्रा यूपीएमआरसी से पहले नेशनल हाई स्पीड रेल कॉरपोरेशन लिमिटड (एनएचएसआरसीएल) में मुख्य कार्यकारी निदेशक के रूप में सात वर्ष से भी अधिक कार्यरत रहे। प्रशांत मिश्रा ने भारत के लिए पहले एचएसआर मानकों को विकसित करने, परियोजना की स्थापना, ऑपरेशन एवं मैनेजमंट नीतियों की स्थापना के साथ प्रथम एचएसआर विद्युतीकरण अनुबंध कराने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भारतीय रेल सेवा के 1992 बैच के इलेक्ट्रिकल इंजीनियर प्रशांत मिश्रा को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय परियोजनाओं में काम करने का 30 वर्षों से भी अधिक का अनुभव है।

# आचार संहिता का सख्ती से अनुपालन हो : मायावती

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

अमृत विचारः बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि चुनावी खर्च कम करने और चुनावी माहौल को तनावपूर्ण होने से बचाने के लिए लोकसभा चुनाव तीन या चार चरणों में होने चाहिये थे। करीब ढाई महीने तक चुनाव होने की वजह से गरीबों, उपेक्षितों व कमजोर तबकों की बसपा को, धनवान पार्टियों से मुकाबला करना मुश्किल हो जाएगा। निश्पक्ष चुनावों के लिए बसपा ने निर्वाचन आयोग से आदर्श आचार संहिता का पूरी सख्ती से अनुपालन कराने का अनुरोध किया।

मायावती ने शनिवार को सोशल मीडिया 'एक्स ' पर कहा, हमारी पार्टी लोकसभा चुनाव 2024 की तारीखों की घोषणा का स्वागत करती है लेकिन देश में लोकतंत्र की जमीनी मजबूती के लिए चुनाव का स्वतंत्र व निष्पंक्ष होना बहुत जरूरी है, जिसकी संवैधानिक जिम्मेदारी निभाने के लिए निर्वाचन आयोग (ईसी) से बहुत सारी उम्मीदें हैं।

# चुनाव डयूटी में संविदा चालकों को रोज मिलेगा 400 रुपये

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही रोडवेज ने अपनी साधारण बसों का किराया तय कर दिया है। चार्टर बुकिंग यानी पूरी बस बुक कराने पर जीएसटी सहित 27 हजार 808 रुपये देने होंगे। इस किराये में ये बसें प्रतिदिन 400 किलोमीटर तक चल सकेंगी। इससे ज्यादा किलोमीटर चलने पर करीब 70 रुपये प्रति किलोमीटर अलग से देना होगा।

लोकसभा चुनाव के दौरान अर्द्ध सैनिक बल, राज्य पुलिस बल और होमगाड्र्स को चरणवार क्षेत्रों में पहुंचाया जाएगा। इन बसों को आमजन भी अपने जरूरत के मुताबिक बुक करा सकते हैं। सात चरणों में होने वाले लोकसभा चुनाव के दौरान 3000 से ज्यादा बसों की जरूरत निर्वाचन आयोग बताई है। ऐसे में चुनाव में जाने वाली बसें 13 बिंदुओं पर फिट होने के बाद ही रवाना की जाएंगी। इसकी निगरानी के लिए मुख्यालय पर चुनाव सेल बनाई गई है। संविदा चालकों को प्रतिदिन 400 रुपया और नियमित ड्राइवरों को 225 रुपया मिलेगा।

▸▸ रोडवेज की 3,000 बसें चुनाव डयूटी के लिए तैयार

▸▸ नियमित ड्राइवर को दिया जाएगा 225 रुपये

प्रदेश भर के सभी क्षेत्रीय प्रबंधकों को पत्र भेजकर तत्काल अमल को कहा गया है। दस फीसदी बसें सुरक्षा बलों के लिए रिजर्व रखी जाएंगी जिससे जरूरत पड़ने पर उन्हें तत्काल भेजा जा सकेगा। बसों तैनात नियमित ड्राइवरों को प्रतिदिन 225 रुपये और संविदा चालक को 400 रुपये मिलेंगे।

–मासूम अली सरवर, प्रबंध निदेशक,परिवहन निगम

### कमजोर न समझें अपने को व्यापारी, साझा करें समस्या

अमृत विचार, लखनऊः पिछले कुछ दिनों में व्यापरियों द्वारा आत्महत्या की कई घटनाओं पर उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल ने चिंता जताई है। संगठन प्रमुख संजय गुप्ता ने कहा कि व्यापारियों को विपरीत परिस्थितियों में हिम्मत से काम लेने और परिवार, संगठन और मित्रों के साथ अपनी समस्या साझा करने की अपील की। उन्होंने कहा कि व्यापारी अपने को कमजोर न समझे संगठन साथ है।

उन्होंने कहा कि जो व्यापारी इस प्रकार की विपरीत परिस्थितियों से गुजर रहे हों वह कृपया हेल्प लाइन नंबर-8400124444 पर संपर्क करके, उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश कार्यालय यादव काम्प्लेक्स, निकट लेखराज मेट्रो स्टेशन ,अयोध्या रोड ,लखनऊ पर सम्पर्क कर सकते हैं। संगठन कोई ना कोई समाधान अवश्य निकालेगा।

# स्वतंत्र, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण माहौल में कराया जाएगा मतदानः डीजीपी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः डीजीपी प्रशांत कुमार ने आगामी लोकसभा चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने की बात कही है। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता का पालन कराएंगे। ईवीएम की सुरक्षा को लेकर खास रणनीति तैयार की गई है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर पुलिस की कड़ी निगरानी रहेगी। वहीं चुनाव में गड़बड़ी को रोकने के लिये अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी। इसके लिये प्रदेशभर के पुलिस महकमे के अफसर कर्मियों को निर्देश दिये हैं।

डीजीपी ने बताया कि मतदान से पूर्व से लेकर मतगणना होने तक ईवीएम सुरक्षा को लेकर स्ट्रेटजिक पुलिस प्रबन्धन, पीएसी व सीएपीएफ बलों की निगरानी रहेगी। आदर्श आचार संहिता से सम्बन्धित सभी बिन्दुओं पर सभी जिला व कमिश्नरेट को आयोग की गाइड लाइन व निर्देशानुसार कार्य करने का निर्देश दिया है। चुनाव के अनुकूल माहौल बनाने के लिये अवैध शराब, अवैध असलह रखने वालों पर अभियान चलाकर कार्रवाई की जायेगी। स्क्रीनिंग कमेटी के माध्यम से लाइसेन्सी शस्त्रों को जमा कराया जायेगा।

▸▸ ईवीएम की सुरक्षा को लेकर पुलिस ने तैयार की खास रणनीति

▸▸ डीजीपी ने चुनावी तैयारियों को लेकर पुलिस को किया अलर्ट

### संवेदनशील केंद्रों पर नजर

अति संवेदनशील और संवेदनशील मतदान केन्द्रों को चिन्हित कर वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में सीआरपीएफ के साथ एरिया डॉमिनेशन की कार्रवाई की जा रही है। इसके साथ ही उपद्रवियों के विरुद्ध भी नजर रखी जा रही है। इसके साथ ही सभी स्तर पर सुरक्षा तंत्र को सक्रिय गया है।

### रोड शो, प्रचार आदि के लिये अनुमति अनिवार्य होगी

डीजीपी ने कहा कि मतदाताओं को प्रलोभन आदि देने वालों पर कार्रवाई के लिये सूचना तंत्र सक्रिय किया गया है। आदर्श आचार संहिता का पालन कराने के जिला स्तर पर पुलिस समेत अन्य विभागों को प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिये हैं। निर्वाचन सम्बन्धी समस्त कार्यक्रमों, गोष्ठियों के आयोजन के लिये स्थानीय प्रशासनिक अनुमति अनिवार्य रहेगी। रोड शो, प्रचार अवधि, वाहनों, ध्वनि विस्तारक यंत्रों के प्रयोग में चुनाव आयोग के निर्देशों का पालन सुनिश्चित कराया जायेगा।

# स्वामी प्रसाद मौर्य की मुश्किलें बढ़ीं

विधि संवाददाता,लखनऊ

▸▸ देवताओं पर टिप्पणी के मामले में मुकदमा दर्ज करने के आदेश

अमृत विचारः लक्ष्मी जी और अन्य हिन्दू देवी- देवताओं पर कथित अभद्र टिप्पणी करने के मामले में सपा के पूर्व महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्य के विरुद्ध एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष एसीजेएम अम्बरीष कुमार श्रीवास्तव ने मुकदमा दर्ज करने का आदेश वजीरगंज थाने को दिया है।

स्वामी प्रसाद मौर्य के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराए जाने की मांग वाली यह अर्जी अधिवक्ता रागिनी रस्तोगी ने अदालत में दाखिल किया है जिसमें उन्होंने कहा है कि 15 नवंबर 2023 को अखबार में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्य का बयान छपा था जिसका शीर्षक था कि 'चार हाथ वाली लक्ष्मी कैसे पैदा हो सकती है'। कहा गया कि इसके अलावा स्वामी प्रसाद मौर्य ने पूर्व में ट्विटर पर चार फोटो पोस्ट करते हुए लिखा कि पूरे विश्व के प्रत्येक धर्म, जाति ,नस्ल ,रंग व देश में पैदा होने वाले प्राणी के दो हाथ, दो पैर, दो कान, दो आंख व दो छिद्र वाली नाक के साथ एक सिर, पेट व पीठ होती है, चार हाथ,आठ हाथ, दस हाथ, बीस हाथ व हजार हाथ वाला बच्चा आज तक पैदा नहीं हुआ तो चार हाथ वाली लक्ष्मी कैसे पैदा हो सकती है।

आरोप लगाया गया है कि स्वामी प्रसाद मौर्य के इस बयान से भारत में हिंदू धर्म को मानने वाले करोडों जनता की भावनाएं इस बयान को पढ़कर आहत हुई हैं। आरोप है कि स्वामी प्रसाद मौर्य द्वारा पूर्व में कई बार हिंदू धर्म का अपमान करने वाला वक्तव्य देकर हिंदू धर्म को मानने वाले लोगों की भावनाओं को आहत किया जाता रहा है। आरोप यह भी है कि स्वामी प्रसाद मौर्य के द्वारा पूर्व में भी कई बार हिंदुत्व एवं सनातन को मानने वालों की भावनाएं भड़काने का प्रयास किया जाता रहा है।

# लोक सेवा आयोग की चार और भर्ती परीक्षाएं स्थगित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ पहले स्थगित हुई पीसीएस परीक्षा, रद करनी पड़ी थी आरओ-एआरओ व पुलिस भर्ती परीक्षा

▸▸ अब स्टॉफ नर्स यूनानी आयुर्वेदिक की प्री परीक्षा और स्टॉफ नर्स एलोपैथी की मुख्य परीक्षा स्थगित

▸▸ सहायक नगर नियोजक परीक्षा और अपर निजी सचिव शार्ट हैंड टाइपिंग की परीक्षा भी स्थगित

अमृत विचारः राज्य में सरकारी नौकरी की राह देख रहे युवाओं को पेपर लीक गैंग लगातार झटका दे रहा है। पुलिस भर्ती और आरओ/एआरओ परीक्षा रद होने के बाद उप्र लोकसेवा आयोग ने चार और भर्ती परीक्षाएं स्थगित करने का आदेश जारी किया है।

उप्र. लोकसेवा आयोग की तरफ से भर्ती परीक्षाओं को स्थगित करने का सिलसिला लगातार जारी है। सबसे पहले यूपीपीएससी ने 17 मार्च को आयोजित होने वाली सम्मिलित राज्य/ प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा 2024 स्थगित कर दी थी। आयोग ने परीक्षा स्थगित करने के पीछे अपरिहार्य कारण बताया था, साथ ही यह परीक्षा संभावित रूप से जुलाई में आयोजित किए जाने की सूचना दी थी। अब आयोग की तरफ से 22 मार्च से लेकर 24 अप्रैल के बीच होने वाली चार परीक्षाओं को स्थगित कर दिया गया है। आयोग के उपसचिव वीरेंद्र मणि त्रिपाठी ने स्थगित परीक्षाओं के लिए जल्द ही नई तारीखों के एलान करने की बात कही है। उपसचिव की तरफ से जारी इस सूचना के बाद परीक्षा की तैयारी में शामिल होने वाली अभ्यर्थियों में मायूसी छा गई है।

उप सचिव की तरफ से जारी सूचना के मुताबिक 22 मार्च को होने वाली स्टाफ नर्स यूनानी आयुर्वेदिक प्रारंभिक परीक्षा स्थगित की गई है। साथ ही, 7 अप्रैल को होने वाली सहायक नगर नियोजक 2023 की परीक्षा भी स्थगित की गई है। 9 अप्रैल को होने वाली अपर निजी सचिव भर्ती 2023 की शार्ट हैंड टाइपिंग परीक्षा को भी स्थगित हुई है। इसके अलावा 24 अप्रैल को होने वाली स्टाफ नर्स एलोपैथी 2023 की मुख्य परीक्षा अगली सूचना तक के लिए स्थगित कर दी गई है। इससे पहले 11 फरवरी को हुई आरओ/ एआरओ भर्ती परीक्षा का पेपर लीक होने की वजह से निरस्त कर दिया गया था।

### शिकार हो रहीं कई परीक्षाएं

आयोग की ओर से चारों परीक्षाएं स्थगित करने का कोई भी कारण नहीं गिनाया गया है, लेकिन अंदरखाने इसके पीछे लोकसभा चुनाव की बात भी संदेह पैदा करती है। अगर ऐसा था तो अधिसूचना जारी होने का इंतजार करना चाहिए था। ताकि मतदान की तिथि और परीक्षा की तिथियां एक ही दिन न पड़े। लेकिन ऐसा नहीं किया गया और संयोग से कोई भी तिथि मतदान के दिन से मेल भी नहीं खा रही है। सूत्रों का कहना है कि एसटीएफ की पूछताछ में पेपर लीक करने वाले गैंग से इन परीक्षाओं की सुचिता भी सवालों के घेरे में आ गई थी। शासन से चर्चा के बाद स्थगित करने का निर्णय लिया गया।

### रालोद की प्रदेश कार्यकारिणी में 22 सदस्य बढ़े

अमृत विचार,लखनऊ : लोकसभा चुनाव में कुशल प्रबन्धन के लिए राष्ट्रीय लोकदल( रालोद) ने प्रांतीय टीम का विस्तार कर दिया है। प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने दो प्रदेश उपाध्यक्ष समेत विभिन्न जिलों से कुल 22 पदाधिकारियों के नाम घोषित कर दिये हैं। प्रवक्ता अंकुर सक्सेना ने बताया कि प्रदेश पदाधिकारियों में अयोध्या के विश्वेश नाथ मिश्र व आगरा के नरेन्द्र सिंह बघेल को उपाध्यक्ष नामित किया गया है। महासचिव में मेरठ के पूर्व विधायक गोपाल काली, बिजनौर के ब्रजवीर सिंह, शामली के ऋषि राज रांझड़, गाजीपुर के राम शंकर यादव, मऊ के देव प्रकाश राय, मुजफ्फरनगर के जियाउर रहमान व फर्रूखाबाद के राजीव रंजन को जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा 13 सचिव में लखनऊ के मंयक त्रिवेदी व अफसर अली के साथ ही सलीम खान, आशोक यादव, महावीर सिंह जाटव, अशोक बालियान, अरूण वीर सिंह परिहार, जटाशंकर सिंह, श्याम किशोर सिंह, फिरोज खान, रामदास दीक्षित, मानव चौधरी व संजय पाठक को नामित किया गया है।

# मंडलायुक्त ने की योजनाओं की समीक्षा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



समीक्षा बैठक के दौरान मंडलायुक्त डॉ . रोशन जैकब। अमृत विचार

अमृत विचार : मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब की अध्यक्षता में शनिवार को विभिन्न विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिसमें टेक होम राशन(टीएचआर) वितरण की स्थिति, हॉट-कुक्ड मील योजना की स्थिति, अति गंभीर कुपोषित (सैम),मध्यम गंभीर कुपोषित (मैम) बच्चों के पोषण प्रबंधन की स्थिति, आंगनबाड़ी भवन निर्माण व कायाकल्प की स्थिति, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के पीएलआई भुगतान की स्थिति, जनपदों में किए गए नवाचार की समीक्षा की गई।

सैम व मैम बच्चों के पोषण प्रबंधन की स्थिति पर विश्लेषण के दौरान मंडलायुक्त द्वारा अपर निदेशक स्वास्थ्य को निर्देश दिया गया कि बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा चिन्हित किए गए सैम बच्चों को पोषण पुनर्वास केन्द्र भेजने के लिए राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) टीम को निर्देशित करें। बैठक में मंडल के अपर निदेशक स्वास्थ्य, अपर निदेशक बेसिक शिक्षा, पंचायतीराज विभाग के उपनिदेशक, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, उपमुख्य परिवीक्षा अधिकारी के साथ ही यूनिसेफ की मंडल समन्वयक अनीता मौजूद रहीं।

▸▸ सैम बच्चों को पोषण पुनर्वास केन्द्र भेजा जाए

**छठवां रोजा**

**शिया**
सहरी : 4:55 बजे
इफ्तार : 6:15 बजे

**सुन्नी**
सहरी : 4:42 बजे
इफ्तार : 6:26 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# 20 मई को अपना सांसद चुनेंगे 19 लाख मतदाता

## लोकसभा चुनाव का बजा बिगुल, पांचवें चरण में जिले में होगा मतदान, 1701 मतदान केंद्रों के 2615 बूथों पर पड़ेंगे वोट

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव की घोषणा कर दी है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिले में 20 मई को पांचवें चरण में मतदान होगा। 1701 मतदान केंद्रों के 2615 बूथों पर 19 लाख 11 हजार 666 मतदाता लोकतंत्र के महापर्व में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 10 लाख 10 हजार 81 पुरुष, 9 लाख एक हजार 518 महिला तो 67 थर्ड जेंडर के रूप में मतदाता शामिल हैं। चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही जिले में आचार संहिता लागू हो गई है इसके साथ ही पूरा जिला प्रशासन चुनावी मोड में आ गया है। आचार संहिता का अनुपालन कराने के लिए पूरे जिले में लगीं राजनीतिक होर्डिंग्स को हटाने का सिलसिला शुरू हो गया है। जिला निर्वाचन मजिस्ट्रेट ने कलेक्ट्रेट के लोक सभागार में प्रेसवार्ता कर चुनाव से जुड़ी सभी जानकारियों और तैयारियों को साझा किया।

लोकसभा चुनाव का बिगुल बजते ही जिला प्रशासन पूरी तरह से सक्रिय हो गया है। इस बार भी पांचवें चरण में आगामी 20 मई को जिले भर में बनाए गए 1701 मतदान केंद्रों के 2615 बूथों पर लोकतंत्र का महापर्व मनाया जाएगा। इनमें से जहां 1392 मतदान केंद्रों के 2138 बूथों पर चुनाव रूपी इस यज्ञ में 19 लाख 11 हजार 666 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 10 लाख 10 हजार 81 पुरुष, 9 लाख एक हजार 518 महिला तो 67 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल होंगे। वहीं अयोध्या लोकसभा संसदीय सीट में आने वाली जिले की दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र के 309 मतदान केंद्रों के 477 बूथों पर 4 लाख 17 हजार 751 मतदाता वोट डालेंगे। इनमें 2 लाख 19 हजार 626 पुरुष, 1 लाख 98 हजार 115 महिला तो थर्ड जेंडर के रूप में 10 वोटर शामिल रहेंगे। मतदान को शांतिपूर्ण और निष्पक्षता के साथ कराने के लिए जिला प्रशासन ने अपनी तैयारियां पहले की पूरी कर लीं थी। चुनाव की घोषणा के बाद 189 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 20 जोनल मजिस्ट्रेट अपने दायित्वों को निभाने में लग गए हैं। चुनाव में धन बल के प्रयोग पर रोक लगाने के साथ कानून व्यवस्था पर कमर कसने के लिए इन्हें मजिस्ट्रेट के पावर भी दिए गए हैं। वहीं जिले भर में 30 चेकपोस्ट बनाए गए हैं। इन चेकपोस्ट से गुजरने वाले वाहनों की चेकिंग के लिए 90 स्टेटिक टीम, 15 वीडियो निगरानी टीम, पांच एकाउंट टीम व पांच व्यय आब्जर्वर तैनात किए गए हैं। यह टीमें शनिवार से सक्रिय हो गईं हैं। 20 मई को होने वाले चुनाव के लिए जिला प्रशासन ने 16 हजार 100 चुनाव कर्मियों की व्यवस्था की है। इनमें से 13 हजार 600 कर्मियों को फिलहाल जिम्मेदारी दी गई है। शेष को रिजर्व के रूप में रखा गया है। इनमें प्रत्येक बूथ पर पर्यवेक्षक समेत कुल चार कर्मियों की एक पोलिंग पार्टी टीम बनाई गई है। इनमें पोलिंग अफसर के रूप में तीन कर्मचारी शामिल किए गए हैं।


आचार संहिता लागू होने के बाद शहर में होर्डिंग हटवाते डीएम-एसपी। अमृत विचार


शहर के एक अन्य स्थान पर बिजली के पोल पर लगा पोस्टर हटाते पालिकाकर्मी। अमृत विचार

### 26 अप्रैल से शुरू होगा नामांकन

पांचवें चरण में जिले में चुनाव होना है। इसके तहत जिला निर्वाचन मजिस्ट्रेट सत्येंद्र कुमार द्वारा अधिसूचना जारी की जाएगी। आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार 26 अप्रैल से 3 मई तक नामांकन पत्रों का दाखिला होगा। वहीं नाम वापसी की तिथि 6 मई रखी गई है। मतदान 20 मई को कराया जाएगा।

### डीएम व एसपी ने शहर में उतरवाईं होर्डिंग्स

लोस चुनाव की घोषणा होते ही राजनीतिक होर्डिंग्स को हटाने के साथ आचार संहिता का पालन कराना जिला प्रशासन ने शुरू किया। शनिवार की देर शाम तक शहर में डीएम और एसपी ने अफसरों के साथ होर्डिंग्स, बैनर और पोस्टर आदि उतरवाए। यह सिलसिला पूरे जिले में चला।

### विधानसभा क्षेत्रवार मतदाताओं की संख्या

| विधानसभा क्षेत्र | पुरुष | महिला | अन्य | योग |
|---|---|---|---|---|
| 266-कुर्सी | 215461 | 190466 | 10 | 405937 |
| 267-रामनगर | 185371 | 162288 | 5 | 347664 |
| 268-बाराबंकी | 212320 | 188814 | 31 | 401165 |
| 269-जैदपुर सु. | 212897 | 193304 | 13 | 406214 |
| 272-हैदरगढ़ सु. | 184032 | 166646 | 8 | 350686 |
| कुल मतदाता | 10,10,081 | 9,01518 | 67 | 19,11,666 |

### चुनाव में लगेंगे 2884 छोटे-बड़े वाहन

निर्वाचन में इस बार कुल 2884 वाहनों को अधिग्रहित किया गया है। इनमें 2456 छोटे वाहन तो 428 बड़े वाहनों को शामिल किया गया है। वहीं दरियाबाद सहित अन्य विधानसभावार 527 बसें, 38 मिनी बस तो 565 बड़े वाहन लगाए गए हैं। शेष वाहनों को रिजर्व के रुप में रखा गया है। इन वाहनों से पोलिंग पार्टियों को रवाना किया जाएगा। इसके साथ ही पुलिस पार्टियों को भी चुनावी ड्यूटी के लिए दिया जाएगा।

### 3462 कंट्रोल यूनिट व 3653 वीवी पैट से होगा चुनाव

निर्वाचन आयोग ने जिला प्रशासन को 4125 बैलेट, 3462 कंट्रोल यूनिट और 3653 वीवी पैट उपलब्ध कराए हैं। इन ईवीएम से इस बार मतदान कराया जाएगा। एफएलसी के बाद विधानसभावार ईवीएम का निर्धारण हो चुका है। रिजर्व के साथ 2529 बैलेट यूनिट और इतने ही कंट्रोल यूनिट शामिल हैं। जबकि 2753 वीवी पैट का शामिल है। वहीं दरियाबाद विधानसभा में मतदान के लिए 550 बैलेट तो इतने ही कंट्रोल यूनिट का प्रयोग होगा।

**एक नजर**

### एसडीएम से दोबारा सर्वे कराने की मांग

रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार : लोधेश्वर महादेवा में प्रस्तावित कॉरिडोर के लिए धनराशि जारी होने के बाद दुकान और मकान स्वामियों को दिए जाने वाले मुआवजे की लिस्ट शनिवार को सार्वजनिक होते ही विरोध के स्वर मुखर हो गए हैं। मकान व दुकान की कीमत गलत तरीके से दर्शाने का आरोप लगाते हुए करीब तीन दर्जन से अधिक लोगों ने उपजिलाधिकारी रामनगर को प्रार्थना पत्र देकर वास्तविक मूल्यांकन कराने की मांग की है। स्थानीय लोगों ने एसडीएम को दिए गए प्रार्थना पत्रों में कहा है कि मूल्यांकन में दुकान की जगह मकान दर्ज कर दिए गए हैं। दो मंजिला, तीन मंजिला मकान को एक मंजिल का दिखा दिया गया है। इसके चलते मूल्यांकन के बाद उनकी मुआवजे की धनराशि कम दर्ज की गई है जबकि वास्तविक मूल्य कुछ और है। शिकायतकर्ताओं ने एसडीएम से पुन: सर्वे करवाकर सही ढंग से मूल्यांकन कराये जाने की मांग की है।

# ट्रेन से कूदकर भाग निकला वारंटी

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**दिया चकमा**
- पकड़ने के प्रयास में दरोगा घायल, मिर्जापुर से पकड़कर पुलिस ला रही थी बाराबंकी
- अयोध्या जंक्शन के पास वाराणसी-बरेली एक्सप्रेस ट्रेन से कूद गया था वारंटी

**अमृत विचार :** अयोध्या जंक्शन के पास शनिवार को एक वारंटी दरोगा को धक्का देकर चलती ट्रेन से कूदकर फरार हो गया। उसको पकड़ने के प्रयास में दरोगा भी कूद गये और गंभीर रूप से घायल हो गये। घायल दरोगा को अयोध्या के जिला अस्पातल में भर्ती कराया गया है। वाकया वाराणसी-बरेली एक्सप्रेस ट्रेन का है।

बाराबंकी के सतरिख थाने के उपनिरीक्षक उपेंद्र यादव अपने हमराही सिपाही के साथ एक वारंटी मनीष निवासी मनऊपुर थाना जमालपुर जिला मिर्जापुर को गिरफ्तार करने उसके घर गए थे। उसके खिलाफ बाराबंकी जिले के अपर सत्र एवं जनपद न्यायधीश फ़ास्ट ट्रैक कोर्ट की अदालत से पाक्सो एक्ट में वारंट जारी हुआ था। वारंटी मनीष को गिरफ्तार करने के बाद वह जौनपुर पहुंचे। वहां से बाराबंकी जाने के लिए वाराणसी-बरेली एक्सप्रेस ट्रेन पर सवार हुए। ट्रेन शनिवार सुबह लगभग चार बजे अयोध्या जंक्शन पर रुकने के लिए धीमी हुई कि वारंटी मनीष रायगंज क्रॉसिंग के पास चलती ट्रेन से कूद गया। उसको पकड़ने के लिए उपनिरीक्षक उपेंद्र यादव भी ट्रेन से कूद गए और घायल हो गए। साथ मौजूद सिपाही सूरज यादव ने फोनकर मामले की जानकारी पुलिस को दी। जंक्शन पर उतरने के बाद घायल उपनिरीक्षक उपेंद्र यादव (48) पुत्र रामदुलारे यादव को एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टर के मुताबिक उपनिरीक्षक का पैर फ्रैक्चर हुआ है, सीने पर चोट आई है। उनको हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। अयोध्या कैंट राजकीय रेलवे पुलिस के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार राय ने बताया कि अभी एक्सप्रेस ट्रेन से कूदकर फरार वारंटी मनीष का कोई पता नहीं मिल पाया है। प्रकरण में बाराबंकी जिले के सतरिख थाने के आरक्षी सूरज कुमार ने फरार वारंटी मनीष कुमार के खिलाफ पुलिस अभिरक्षा से भाग जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। मामले की विवेचना और आरोपी की तलाश कराई जा रही है। एएसपी (दक्षिणी) डॉ. अखिलेश नारायण सिंह ने बताया कि वारंटी को पकड़ कर ट्रेन से लाने के समय वह फरार हो गया उसे पकड़ने दौड़े दरोगा भी घायल हो गए। इसका मुकदमा जीआरपी अयोध्या में दर्ज कराया गया है।

# 95 लाख रुपये तक खर्च कर सकेंगे प्रत्याशी

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** निर्वाचन आयोग ने शनिवार को लोकसभा चुनाव की घोषणा कर दी। इसके साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गयी है। । लोकसभा चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी अधिकतम 95 लाख रुपये तक की धनराशि खर्च कर सकेंगे। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में निर्वाचन आयोग द्वारा उम्मीदवारों के लिए खर्च की सीमा 70 लाख रुपये निर्धारित की गई थी।

जिला प्रशामतदाता सूची के साथ संवेदनशील व अतिसंवेदनशील बूथों का निर्धारण हो गया है। ईवीएम भी निर्वाचन कार्यालय के डबल लॉक गोदाम में रखी हैं।

पूर्व से चली आ रही व्यवस्था के अनुसार नामांकन के दिन से प्रत्याशियों के चुनावी खर्च का लेखाजोखा शुरू हो जाता है। इस बार भी ऐसी ही व्यवस्था रहेगी। लेकिन इस बार आयोग ने प्रत्याशियों के खर्च की सीमा अधिकतक 95 लाख रुपये कर दी है। इसके साथ ही चुनाव खर्च के लिए सभी प्रत्याशियों को अलग बैंक खाता खोलना होगा। यह खाता एकल अथवा निर्वाचन एजेंट के नाम से संयुक्त खाता हो सकता है। बैंक खाता नामांकन से एक दिन पहले खोल लिया जाने की बात कही गई है। चुनाव से संबंधित खर्च का संचालन इसी खाते से किया जाएगा। चुनाव खर्च रजिस्टर प्रचार अवधि के दौरान कम से कम तीन बार प्रेक्षक के सामने निरीक्षण के लिए प्रस्तुत करना जरूरी होगा। कार्यालय खर्च से लेकर प्रचार सामग्री, कार्यकर्ताओं के भोजन, गाड़ियों आदि का खर्च चुनावी खर्च में जोड़ा जाएगा सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी सुनील पांडेय ने बताया कि खर्च की सीमा आयोग द्वारा बढ़ाई गई है।

**जल्द तय होंगी विभिन्न मदों की दरें :** अब चूंकि आयोग ने खर्च की सीमा में बढ़ोतरी की तो जाहिर सी बात है कि प्रत्याशी के चुनावी खर्च के विभिन्न मदों की दरों में भी बढ़ोतरी होगी। जल्द ही आयोग के निर्देश पर निर्धारित किए जाने वाले मदों का रेट निर्वाचन कार्यालय द्वारा जारी किया जाएगा। इसी के आधार पर प्रत्याशी के चुनावी खर्च का हिसाब व्यय रजिस्टर में जोड़ा जाएगा।


प्रमाण पत्र के साथ कलर बेल्ट परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले ताईक्वांडो खिलाड़ी। अमृत विचार

### कलर बेल्ट परीक्षा पास करने वाले ताईक्वांडो खिलाड़ी हुए सम्मानित

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जिले के एक निजी स्कूल में शनिवार को आयोजित एक कार्यक्रम में ताइक्वांडो की कलर बेल्ट परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले खिलाडियों को सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य दीपमाला और उप-प्रधानाचार्य कंचन चतुर्वेदी के नेतृत्व में मुख्य अतिथि महिला थाना प्रभारी मुन्नी सिंह ने बच्चों को बेल्ट बांधकर और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने बच्चों को बताया कि ताइक्वांडो, मार्शल आर्ट एक बेहतर तकनीक है जिससे हम शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बना सकते हैं। इस अवसर पर ताईक्वांडो प्रशिक्षक राष्ट्रीय पदक विजेता राकेश कुमार धानुक ने बताया कि उत्तर प्रदेश ताईक्वांडो एसोसिएशन द्वारा आयोजित कलर बेल्ट परीक्षा में विद्यालय के 17 छात्रों ने प्रतिभाग किया था। बच्चों ने बेहतरीन प्रदर्शन कर यह उपलब्धि हासिल की।

## 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ आज से, निकाली जाएगी शोभायात्रा

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी: अमृत विचार :** रामसनेहीघाट स्थित गायत्री शक्तिपीठ पर 17 से 20 मार्च तक राष्ट्र जागरण अभियान गायत्री महायज्ञ कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस मौके पर प्रतिदिन 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ भी संपन्न होगा साथ ही हरिद्वार से पधारी टोली द्वारा सामाजिक सुधार को लेकर सत्संग भी आयोजित किया जाएगा।

गायत्री शक्तिपीठ रामसनेहीघाट के मुख्य ट्रस्टी डॉ. शिवाकांत त्रिपाठी ने बताया कि 17 मार्च को सुबह 9 बजे सद्गुरु ज्ञान गंगा सदग्रंथ शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा रामसनेहीघाट स्थित कल्याणी नदी से निर्मल जल कलश में भरकर प्रारंभ होगी तथा गायत्री शक्तिपीठ पर पूजन अर्चन के बाद कलश स्थापित किए जाएंगे। इसी क्रम में सायं 6 बजे आदिशक्ति गायत्री युग शक्ति गायत्री पर प्रमुख उद्बोधन टोली नायक द्वारा किया जाएगा। दूसरे दिन प्रातः 6 बजे से ध्यान साधना एवं प्रज्ञा योग, 8 बजे 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ, दोपहर 2 बजे कार्यकर्ता गोष्टी एवं शाम 6 बजे नारियों जागो स्वयं को पहचानो विषयक उद्बोधन होगा। तीसरे दिन सुबह पुनः ध्यान साधना एवं प्रज्ञा योग के साथ 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ होगा। कार्यक्रम के अंतिम दिन ध्यान साधना एवं प्रज्ञा योग के साथ ही गायत्री महायज्ञ का समापन होगा।

# सिटी लॉ कॉलेज की निरस्त एलएलबी की परीक्षा 28 को

बाराबंकी/अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** अवध विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा सिटी लॉ कॉलेज बाराबंकी की 27 फरवरी की निरस्त की गई प्रथम पाली की परीक्षा अब 28 मार्च को अवध लॉ कालेज, बाराबंकी केन्द्र पर सुबह 9:30 से दोपहर 12:30 बजे तक होगी। परीक्षा नियंत्रक उमानाथ ने शनिवार को बताया कि सिटी लॉ कॉलेज, बाराबंकी में 27 फरवरी के प्रथम पाली में सामूहिक नकल के मामले में कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल द्वारा दो सदस्यीय जांच समिति गठित की थी। समिति की रिपोर्ट के आधार पर परीक्षा समिति ने उक्त तिथि की प्रथम पाली की एलएलबी त्रि-वर्षीय पंचम सेमेस्टर के एडमिनिस्ट्रेटिव लॉ प्रथम प्रश्न-पत्र व एलएलबी पंचवर्षीय पंचम सेमेस्टर के पोलिटिकल साइंस व नवम सेमेस्टर के इन्वायरमेंटल लॉ प्रश्न-पत्र की परीक्षा निरस्त कर दी थी। सिटी लॉ कॉलेज केन्द्र पर परीक्षा देने वाले जस्टिस लॉ कॉलेज, साईं लॉ कॉलेज व टीआरसी लॉ कॉलेज, बाराबंकी के छात्रों की परीक्षा अब 28 मार्च को प्रथम पाली में अवध लॉ कालेज परीक्षा केन्द्र पर होगी। मीडिया प्रभारी डॉ. विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि विवि प्रशासन द्वारा केन्द्राध्यक्ष एवं प्राचार्य को सूचित कर दिया गया है।

**उपलब्धि** देवा ब्लाक के सभागार में संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन

# विद्यालयों के कायाकल्प में देवा अव्वल

देवा, बाराबंकी

**अमृत विचार :** विकास खण्ड कार्यालय देवा के सभागार में शनिवार को ब्लॉक संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। विद्यालयों के कायाकल्प के क्षेत्र में देवा को प्रथम स्थान मिला।

कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी देवा और प्रधान संघ के अध्यक्ष तथा एडीओ पंचायत के द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में प्राथमिक विद्यालय मुजफ्फरमऊ की छात्रा सारिका, साधना ,सन्ध्या, कल्पना व छात्राओं द्वारा स्वागत गीत एवं सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गयी। एआरपी जितेंद्र बहादुर द्वारा ऑपरेशन कायाकल्प व डीबीटी के बारे में जानकारी दी। एआरपी (एकेडमिक रिसोर्स पर्सन)अनूप त्रिपाठी द्वारा 6 से 14 वर्ष के सभी छात्र-छात्राओं को निःशुल्क दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में सभी को अवगत कराया। पूर्व ब्लॉक प्रमुख इक्ष्वाकु मौर्या ने योजनाओं की जानकारी दी। ग्राम प्रधान संघ के अध्यक्ष रामनाथ यादव ने संबोधित किया। एडीओ पंचायत शंभूनाथ पाठक ने कहा कि कायाकल्प के क्षेत्र में देवा का प्रथम स्थान रहा है और जिन विद्यालयों में जो भी कमियां शेष हैं उन्हें अति शीघ्र पूरा कराया जाना प्राथमिकता में रहेगी। मिशन हरियाली के संयोजक पर्यावरण प्रेमी विजय प्रताप सिंह ने अतिथियों को पौधे भेंट किये। इस मौके पर अवधेश, ज्ञानेंद्र, चंद्रप्रभा, सीबी सिंह, नीरज, वंदना, वीरेश, विवेक, गीता, नीलम देवी, कविता, कंचन समेत शिक्षक व प्रधान मौजूद रहे।


कार्यशाला में मौजूद खंड शिक्षा अधिकारी, प्रधान संघ अध्यक्ष व अन्य।

# कल्याण मंडप का शिलान्यास

रामसनेहीघाट, बाराबंकी:

**अमृत विचार :** नगर पंचायत रामसनेहीघाट में राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने 3 करोड़ 25 लाख की लागत से बनने वाले कल्याण मंडप और 22 लाख से बनने वाले मिनी स्टेडियम में पैदल इंटरलॉकिंग ट्रैक का शनिवार को शिलान्यास किया।

निर्माण पूरा होने के बाद नगर पंचायत के लोगों को अब शादी-विवाह सहित अन्य पारिवारिक कार्यक्रमों के लिये होटल और गेस्ट हाउस बुक नहीं करना पड़ेगा। दरअसल प्रदेश शासन द्वारा दिसंबर 2022 में कल्याण मंडप बनाए जाने की स्वकृति प्रदान करते हुए संस्था सीएनडीएस को एक करोड़ 62 लाख रुपये जारी भी कर दिये गये थे। इस मौके पर नगर पंचायत रामसनेहीघाट अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश यादव, एसडीएम रामआसरे वर्मा, सीओ जटाशंकर मिश्रा, ईओ धीरज सिंह, मनीष श्रीवास्तव, नरेंद्र सिंह सलूजा सहित आदि लोग मौजूद रहे।


कल्याण मंडप का शिलान्यास करते राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा।

The Ano Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)

Video Recto Scope
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा
बवासीर (Piles)
भगन्दर (Fistula)
एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज

क्लीनिक का पता
एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
7388913338
8005423919
www.anorectalclinic.com

अमृत विचार
www.amritvichar.com

# शहर के चप्पे-चप्पे पर नजर रखेगी पुलिस की तीसरी आंख

## डीएम-एसपी ने किया पुलिस चौकी व ट्रैफिक कंट्रोल रूम का उद्घाटन

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार और पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने शनिवार को पुलिस लाइन में नवनिर्मित ट्रैफिक कंट्रोल रूम का उद्घाटन किया। साथ ही थाना कोतवाली नगर क्षेत्रांतर्गत चौकी सिविल लाइन का जीर्णोद्धार के बाद लोकार्पण किया।

एसपी ने बताया कि ट्रैफिक कंट्रोल रूम से शहरी क्षेत्र में लगे आल्ट्रा मार्डन 44 आईटीएमएस कैमरे व जनपद में जनसहयोग और विभिन्न योजनाओं से लगे कैमरों की मॉनिटरिंग व फीडिंग ली जाएगी। इससे जाम की समस्या से राहत और अपराध नियंत्रण में मदद मिलेगी। इस दौरान एएसपी उत्तरी, एएसपी दक्षिणी, सीओ सिटी, सीओ सदर समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।


नवनिर्मित ट्रैफिक कंट्रोल रूम का उद्घाटन करते जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक। अमृत विचार

## समाधान दिवसः डीएम-एसपी ने की जनसुनवाई

फतेहपुरः बाराबंकी

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार और पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह की मौजूदगी में शनिवार को तहसील फतेहपुर में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजिन किया गया। यहां कुल 120 मामले आए जिसमें से 10 का मौके पर निस्तारण ही किया गया।

इनमें राजस्व विभाग की 48, पुलिस विभाग की 24, विकास की 7 , खाद्य एवं रसद विभाग की 9 , विद्युत विभाग की 19, नगर निकाय की 5 , लोक निर्माण विभाग की दो, चकबंदी की एक, बैंक की दो, वन विभाग की एक, कृषि विभाग की एक और जल निगम की एक शिकायत थी। इस दौरान ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रालापल्ली जगत साईं, तहसीलदार नरसिंह, नारायण वर्मा समेत जिले के अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्य विकास अधिकारी ए. सुदन की अध्यक्षता में तहसील फतेहपुर में जनसुनवाई की गई।

### शिकायती पत्र देकर उठाई कार्रवाई की मांग

**बनीकोडर, बाराबंकी, अमृत विचार :** रामसनेहीघाट तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान भाकियू धर्मेंद्र गुट के जिलाध्यक्ष मायाराम यादव ने एसडीएम को एक शिकायती प्रार्थना पत्र दिया। इसमें उन्होंने ग्राम पंचायत सिल्हौर में पंचायत सचिव अजय नाथ गौड़ द्वारा प्रधानमंत्री आवास में लाभार्थियों के साथ धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया। मायाराम यादव ने एसडीएम से कार्रवाई की मांग की है।

## सार-संक्षेप

### बीमारियों से बचाव को पशुओं का टीकाकरण जरूरी

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार :** पशुपालन विभाग की ओर से शनिवार को एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय टीकाकरण जागरूकता गोष्ठी व पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 175 पशुओं का इलाज कर नि :शुल्क दवा वितरित की गई। इब्राहिमपुर कलां गांव में आयोजित टीकाकरण जागरूकता गोष्ठी एवं पशु चिकित्सा शिविर में डॉ. खिलाड़ी शंकर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालन आर्थिक समृद्धि का माध्यम है। पशुपलकों को अपने पशुओं को पशुपालन विभाग की ओर से समय-समय पर चलाए जाने वाले टीकाकरण अभियान को लेकर जागरूक होकर उनका टीकाकरण जरूर कराना चाहिए। इससे पशुओं को विभिन प्रकार की बीमारियों से बचाया जा सकता है। पशुधन प्रसार अधिकारी जितेंद्र कुमार ने कहा कि स्वच्छ पानी और उचित देखभाल पशुओं को विभिन प्रकार की बीमारियों से बचाता है। 175 पशुओं का इलाच कर दवा दी गई। कार्यक्रम में पशुधन प्रसार अधिकारी समीर श्रीवास्तव, पशुपालक इशरत, सुमित, सतीश, घनश्याम, विश्वनाथ, राजाराम, रामसेवक , लवकुश, कैलाश दास, अशोक कुमार, रामकृपाल, रामसुचित आदि मौजूद रहे।


शिविर में दवा वितरित करते अधिकारी व कर्मी।

### कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा शुरू

**बनीकोडर, बाराबंकी, अमृत विचार :** विकासखंड बनीकोडर के ग्राम पंचायत मवैया में भव्य कलश यात्रा के साथ सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा की शुरुआत हुई। शनिवार को रामकुमार तिवारी के यहां 7 दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा की शुरुआत गाजे-बाजे के साथ धूमधाम से कलश यात्रा निकालकर हुई। कलश यात्रा में शामिल महिलाएं पूरे गांव का भ्रमण करते हुए गंगा-गोमती के राजघाट तट पर पहुंचीं। यहां महिलाओं ने कलश में जल भरा। प्रत्येक दिन कथावाचक हरिगोबिंद आचार्य श्रीमद्भागवत कथा सुनाएंगे। कलश यात्रा में शिवदास तिवारी, देवप्रकाश तिवारी, दिलीप तिवारी, कपीस तिवारी, अनुज तिवारी, सहित क्षेत्र के अन्य लोग भी मौजूद रहे।


कलश यात्रा में शामिल महिलाएं।

### दुकान के सामने गाड़ी खड़ी करने को लेकर विवाद

**गोंडा, अमृत विचार :** वजीरगंज थाने के भग्गूपुर, चेतपुर निवासी अमन प्रताप सिंह ने थाने पर तहरीर देकर बताया है कि मेरी डुमरियाडीह कस्बे में कपड़े की दुकान है हमारी दुकान के सामने गांव के ही गगनदीप सिंह, अपने एक अज्ञात व्यक्ति के साथ आकर कार खड़ी करने लगे मना करने पर दोनों लोगों ने अभद्रता करते हुए सिर पर धारदार हथियार फावड़ा से मार दिया जिससे वादी को गंभीर चोटें आई तथा जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

# अस्पताल में अव्यवस्था देख बिफरे सीडीओ

## संयुक्त चिकित्सालय के निरीक्षण के दौरान इंजेक्शन बाहर से मंगाने की युवक ने की शिकायत

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी

**अमृत विचारः** तहसील दिवस की अध्यक्षता कर रहे मुख्य विकास अधिकारी ए . सुदन ने शनिवार को अचानक संयुक्त चिकित्सालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्हें अस्पताल में तमाम कमियां दिखाई दीं। इस पर उन्होंने नाराजगी जताई और जल्द सुधार के निर्देश दिए।

शनिवार को सिरौलीगौसपुर तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता कर रहे सीडीओ अ.सुदन अचानक बीच में ही तहसील दिवस से उठकर अस्पताल का निरीक्षण करने पहुंच गए। अस्पताल परिसर में वाहनों की पार्किंग देखकर नाराजगी जताते हुए उन्होंने निर्देश दिया कि पार्किंग की व्यवस्था कहीं और की जाए। उन्होंने अस्पताल परिसर का भ्रमण गहनता से निरीक्षण किया। उन्होंने मरीजों से भी बातचीत कर अस्पताल में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। वहीं, अस्पताल की बिल्डिंग पर उगी झाड़ियों एवं आवासीय परिसर की तरफ फैली गंदगी को लेकर सीडीओ ने नाराजगी जताई और उसे साफ कराने के निर्देश सीएमएस डॉ. नीलम गुप्ता को दिये। इस दौरान एंटी रैबीज का इंजेक्शन लगवाने आए युवक यश तिवारी ने सीडीओ से शिकायत की कि उससे इंजेक्शन बाहर से मंगवाया गया। सीडीओ ने पीकू वार्ड, दवा भंडारण कक्ष, प्रसव कक्ष, ओपीडी, स्टोर कक्ष, आदि का निरीक्षण किया। सीएमएस ने अस्पताल में स्टॉफ नर्सों की कमी होने की जानकारी दी। अस्पताल का किचन और कैंटीन भी बंद मिली। निरीक्षण के दौरान एसडीएम आनंद तिवारी, सीएमएस डॉ. नीलम गुप्ता, बीडीओ अमित त्रिपाठी, डॉ.देवेंद्र सिंह, नीरज सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे।


संयुक्त चिकित्सालय के निरीक्षण के दौरान जानकारी लेते मुख्य विकास अधिकारी। अमृत विचार

## तकनीकी कारणों से नहीं हुआ भुगतान

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचारः** मनरेगा योजना के तहत कराए गए पक्के कार्यों के भुगतान के लिए केंद्र सरकार ने शुक्रवार को प्रदेश के लिए 450 करोड़ रुपये जारी किए थे। उम्मीद थी कि हैदरगढ़ में भी निर्माण सामग्री की आपूर्ति करने वाली फर्मों को भुगतान प्राप्त होगा लेकिन तकनीकी कारणों के चलते भुगतान नहीं हो सका। भुगतान की उम्मीद लगाए बैठे आपूर्तिकर्ताओं की उम्मीद पर पानी फिर गया। मनरेगा के तहत कराए गए पक्के कार्यों के लिए करीब एक करोड़ रुपये के भुगतान पेंडिंग में पड़े हैं जिनके लिए करीब 50 से 60 लाख रुपये के एफटीओ तैयार भी कर लिए गए थे लेकिन तकनीकी समस्या के चलते एक रुपये का भी भुगतान नहीं हो सका। होली जैसा पर्व आने में महज एक सप्ताह का समय बचा है, भुगतान न होने से इन फर्मों के लोग परेशान हैं।

# डॉक्टरों, छात्र-छात्राओं ने लिया बेहतर सेवा का संकल्प

## पैरामेडिकल दिवस

माती, बाराबंकी

**अमृत विचार :** हिंद मेडिकल कॉलेज में शनिवार को पैरामेडिकल दिवस मनाया गया। इसमें ट्रस्टियों, डॉक्टरों व छात्र-छात्राओं ने बदलते युग में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने का संकल्प लिया और चुनौतियों से निपटने पर मंथन किया।

पैरामेडिकल साइंसेज विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में हिंद चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. अमोद कुमार सचान ने कहा कि बदलते युग में सब कुछ तेजी से बदल रहा है। स्वयं को बदलकर जमाने की रफ्तार के साथ चलकर ही प्रगति संभव है। प्राचार्य प्रो. दीपक मालवीय ने कहा कि भी विचार रखे। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने रंगारंग प्रस्तुति दीं। कार्यक्रम में ट्रस्टी बृज किशोर सिंह, अंजू सिंह, डायरेक्टर राकेश वर्मा, नरेंद्र चौधरी सरोजिनी वर्मा, मानवेंद्र सिंह, विकास वर्मा, सीईओ वरुण श्रीवास्तव, पैरामेडिकल प्राचार्य काज़ी सैफ उल हक, नर्सिंग प्राचार्या डॉ. कंगेश्वरी सहित अन्य भी मौजूद रहे।


पैरामेडिकल दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं। अमृत विचार

## हत्यारोपी को आजीवन कारावास की सजा

**गोंडा, अमृत विचार :** थाना वजीरगंज पुलिस ने हत्या करने के आरोप में आरोपी शंकर उर्फ शिव शंकर पुत्र मल्हू निवासी देवीनगर थाना वजीरंगज को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। शासकीय अधिवक्ता ओम प्रकाश शुक्ला मॉनिटरिंग सेल, कोर्ट मोहर्रिर वंदना व थाना वजीरगंज के पैरोकार वेद प्रकाश ने निरंतर प्रभावी पैरवी की जिसके चलते आरोपी को न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश ने आजीवन कारावास व 50 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

# उधारी करोड़ों की और भुगतान लाखों में, प्रधानों ने खोला मोर्चा

रामनगर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** ग्राम पंचायतों में मनरेगा से कराए गए कार्यों की करोड़ों की उधारी का भुगतान 6 माह बाद भी न होने से ग्राम प्रधानों में रोष है। करोड़ों में भुगतान होना था लेकिन फंड लाखों में ही रिलीज हुआ। ब्लॉक रामनगर के प्रधानों ने इसे मनरेगा सेल का बड़ा खेल बताते हुए जांच कराने की मांग की है। प्रधान संघ के बैनरतले ब्लॉक मे इसके विरोध में प्रदर्शन किया गया।

दरअसल, ब्लॉक रामनगर में बीते छह माह से करीब पांच करोड़ रुपये मैटीरियल का बकाया था जो विभिन्न फर्मों ने सप्लाई किया था। मनरेगा सेल से बीते शुक्रवार को जब भुगतान के लिए फंड रिलीज हुआ तो फतेहपुर में 4 करोड़ 15 लाख 26 हजार 741 रुपये, निंदूरा में 3 करोड़ 30 लाख 30 हजार 537 और पूरे डलई में 1 करोड़ 26 लाख 42 हजार 625 रुपये का सबसे ज्यादा भुगतान हो गया। रामनगर को मात्र 33 लाख 82 हजार, सिरौली को 26 लाख 70 हजार 578 रुपये, मसौली को 26 लाख 17 हजार, सूरतगंज 20 लाख 83 हजार 835 रुपये ही हो सका। देवा को 87 लाख 40 हजार, दरियाबाद को 57 लाख 96 हजार 789 रुपये का भुगतान हुआ। कहीं 12 तो कहीं 17 लाख ही भुगतान हुआ। सिद्धौर, बनीकोडर और त्रिवेदीगंज में भुगतान शून्य रहा। इस जानकारी के बाद रामनगर के प्रधानों ने मनरेगा सेल लखनऊ को आड़े हाथों लेते कहा कि सेटिंग के चलते कुछ ब्लॉकों को करोड़ों का भुगतान हुआ है। वहां सर्वर पहले दिया गया, बाकी जगह बाद में दिया गया। 10 से 5 मिनट के अंतर में भुगतान का यह सारा खेल हो गया जिसकी जांच की जरूरत है। ब्लॉकों के भुगतान की टाइमिंग की भी जांच होनी चाहिए। उन्होंने इस संबंध में ग्राम्य विकास मंत्री को भी पत्र भेजने की बात कही है। आरोप लगाया कि मनरेगा सेल के बाबुओं की भी कार्यशैली संदिग्ध है। जिलाध्यक्ष राम कुमार मिश्रा, मन्नान, शैलेन्द्र सिंह सहित अन्य ने मामले की जांच की मांग की है।


ब्लॉक रामनगर में विरोध-प्रदर्शन के दौरान नारेबाजी करते प्रधान।

## वर्ग पहेली-12

**बाएं से दाएं**

1. ऊंट की पीठ पर रखी जाने वाली काठी जो बैठने अथवा सामान लादने के उपयोग में लाई जाती है, ऊंट का हौदा जिसमें दोनों ओर आदमी बैठते हैं।
4. आधा जला हुआ।
6. (पुराण) विष्णु के दस अवतार, दस अवतार लेने वाले विष्णु।
8. 1. मधुमक्खी का छत्ता 2. तलवार 3. कारंडव नामक हंस 4. बांस की बनी हुई टोकरी या पिटारी 5. यकृत 6. एक तरह की चमेली 7. कुरुल पत्थर जिसपर रगड़कर हथियार आदि की धार को तेज़ किया जाता है।
9. 1. जो गूढ़ या छिपा न हो, प्रकट 2. सरल

**ऊपर से नीचे**

1. 1. खोए की बरफ़ी 2. एक प्रसिद्ध मिठाई।
2. 1. (पानी) जो स्वच्छ न हो, दूषित 2. गंदा, मैला 3. जिसमें धूल-मिट्टी मिली हुई हो।
3. 1. विधि के अनुसार मान्य होने की अवस्था, विधिपरकता 2. वैध होने की अवस्था या भाव।
4. 1. गहरा जमा हुआ 2. भीतर छिपा या दबा हुआ, अंदर पैठा हुआ।
5. एक शिकारी चिड़िया।
7. 1. खांड़ या खांड़ के पदार्थ 2. खंडसार में बनी चीनी 3. खांड़सारी उद्योग।
9. 1. विष 2. हरताल 3. बिच्छू का डंक।



### वर्ग पहेली -11 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 त | प | ■ | 2 ना | ■ | ■ | 3 टैं |
| ड़ | ■ | 4 ह | वा | ई | डा | क |
| क | ■ | ■ | धि | ■ | ■ | र |
| भ | ■ | ■ | 5 क | 6 ह | र | ■ |
| ड़ | ■ | 7 के | र | ल | ■ | 8 शा |
| क | ■ | ■ | ण | ■ | ■ | री |
| ■ | 9 ता | क | ■ | 10 अ | नी | क |

## सुडोकू-91

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | | 3 | |
| 6 | | | | 1 | | 4 | | |
| | 8 | | | | 9 | | 5 | |
| 4 | | | 2 | | | | 6 | |
| | 5 | | | | | | 4 | |
| | | | 8 | | 5 | | 1 | 7 |
| | 6 | | 7 | | | 8 | | |
| | | 3 | | 5 | | | | 4 |
| | 9 | | | | | 6 | | |

### सुडोकू -90 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | 9 | 2 | 8 | 3 | 7 | 4 | 5 |
| 3 | 4 | 8 | 7 | 5 | 6 | 1 | 2 | 9 |
| 7 | 5 | 2 | 4 | 9 | 1 | 3 | 6 | 8 |
| 8 | 7 | 3 | 9 | 6 | 4 | 5 | 1 | 2 |
| 9 | 2 | 5 | 1 | 7 | 8 | 4 | 3 | 6 |
| 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 5 | 8 | 9 | 7 |
| 2 | 3 | 7 | 5 | 1 | 9 | 6 | 8 | 4 |
| 5 | 8 | 1 | 6 | 4 | 2 | 9 | 7 | 3 |
| 4 | 9 | 6 | 8 | 3 | 7 | 2 | 5 | 1 |

## आज का भविष्यफल -पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 17 मार्च, रविवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-अष्टमी 21.52 तक तत्पश्चात नवमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मृगशिरा 16.47 तक तत्पश्चात आर्द्रा।

**मेष** — आज आय के नए साधन प्राप्त होंगे। घर में मेहमानों का आगमन हो सकता है। नए रिश्ते की शुरुआत हो सकती है। मनोरंजक यात्रा होने के योग बन रहे हैं। विद्यार्थी नए कोर्स में प्रवेश ले सकते हैं। भौतिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी।

**वृष** — आज किसी बड़ी कंपनी से जॉब ऑफर हो सकती है। बड़ी संपत्ति में निवेश कर सकते हैं। सारे काम आसानी से पूरे हो जाएंगे। कारोबार में तरक्की होगी। घर-परिवार में प्रसन्नता का माहौल रहेगा। बड़ों की सलाह लें उसका लाभ प्राप्त होगा।

**मिथुन** — आज अपने विचारों को सकारात्मक रखें। अपनी योग्यता पर भरोसा रखें। इन्श्योरेंस और मेडिकल क्षेत्र से जुड़े लोगों को अच्छा लाभ प्राप्त होगा। नए प्रोजेक्ट में हिस्सा ले सकते हैं। आवश्यक कार्यों की शुरुआत कर सकते हैं।

**कर्क** — आज मन में कुछ चिंता रहेगी जिसके कारण आप अपने काम में फोकस नहीं कर पाएंगे। व्यायाम और खानपान को लेकर लापरवाही न करें। आपको जोड़ों में दर्द और गैस की समस्या हो सकती है। विवादास्पद विषयों से स्वयं को दूर रखें।

**सिंह** — आज आपको कोई शॉपिंग कूपन मिल सकता है। स्वयं में काफी ऊर्जा की अनुभूति करेंगे। परिजनों से शानदार सहयोग प्राप्त होगा। किसी भी निर्णय पर पहुंचने से पहले उस पर विचार अवश्य कर लें। घरेलू वस्तुओं को खरीदने के लिए मार्केट जा सकते हैं।

**कन्या** — आज सरकारी नौकरी से जुड़े जातकों को शानदार लाभ मिलेगा। माता-पिता का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा। धैर्य और सहनशीलता के कारण महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट शानदार सिद्ध होंगे। भविष्य को लेकर नई योजना बना सकते हैं।

**तुला** — आज मन लगाकर अपना काम पूरा करेंगे। अजनबी लोगों के कारण आपको परेशानी होगी। शरीर में शिथिलता होने से मन कुछ अप्रसन्न रहेगा। आपको किसी काम के लिए पुरस्कार प्राप्त हो सकता है। परिवार में हर्ष और उल्लास का वातावरण रहेगा।

**वृश्चिक** — आज जीवनसाथी की कोई बात बुरी लग सकती है। घर में किसी परिजन से झगड़ा हो सकता है। निवेश करने में समझदारी दिखानी आवश्यक है। आपको अपनी सेहत का ध्यान रखना चाहिये। अपने कार्य को गंभीरता से लें।

**धनु** — आज लेखन कार्यों से जुड़े लोगों को शानदार लाभ प्राप्त हो सकता है। स्थायी संपत्ति खरीदने के योग बन रहे हैं। नया कारोबार शुरू कर रहे हैं तो सहयोगियों से लाभ होगा। नव विवाहित लोग किसी यात्रा की योजना बना सकते हैं।

**मकर** — आज आपका मन प्रसन्न रहेगा। किसी प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिल सकती है। विरोधियों पर आप भारी पड़ सकते हैं। स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से दिन शुभ है। ससुराल पक्ष से अच्छा समाचार मिलेगा। संतान के विवाह की समस्या दूर होगी।

**कुंभ** — आज आपकी निर्णय क्षमता में कमी आ सकती है। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है। प्रियजनों के साथ अच्छा समय व्यतीत करेंगे। अपनी क्षमताओं पर संदेह न करें। किसी से सहायता प्राप्त करने में न हिचकें।

**मीन** — आज दिन की शुरुआत थोड़ी नकारात्मक हो सकती है। दौड़-धूप अधिक करनी पड़ेगी। उच्चाधिकारियों के साथ आपका व्यवहार अच्छा रहेगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। धैर्य और संयम से काम लेना चाहिए।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
खेल खिलाड़ी का — सुबह : 08.01
दरार — रात : 08.03

SONY MAX
मरजावां — सुबह : 09.00
कबीर सिंह — रात : 10.00

SONY PIX
बैटमैन बिगिन्स — सुबह : 11.30
स्पाइडर-मैन : होमकमिंग — रात : 08.45

ZEE CINEMA
सलाम ए इश्क — सुबह : 10.30
ब्लैंक — रात : 07.30

colors CINEPLEX
ओएमजी 2 — दोपहर : 12.00
हिडिंभा — शाम : 05.51

### आज की सुपरहिट फिल्म



सोनी मैक्स पर रात : 10.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पप्पू ने हजामत की दुकान खोली।
एक ग्राहक शेव कराने आया।
पप्पू- मूंछ रखनी है?
ग्राहक- हां।
पप्पू ने ग्राहक की मूंछ काट कर उसके हाथ में देते हुए- लो रख लो, जहां रखनी है।

एक लड़का परीक्षा हॉल में परेशान बैठा था।
टीचर- क्या हुआ प्रश्न कठिन हैं क्या?
लड़का- नहीं सर, मैं तो ये सोच रहा हूं कि इस प्रश्न का उत्तर किस जेब में है।



**6वां रोजा**

शिया
सहरी : 04.42 बजे
इफ्तार : 06.25 बजे

सुन्नी
सहरी : 04 .50 बजे
इफ्तार : 06.14 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# चिकित्सक के नहीं आने पर महिलाकर्मी ने किया ऑपरेशन, जच्चा-बच्चा की मौत

▸▸ शहर के हाथी पार्क के निकट स्थित नर्सिंग होम की घटना

संवाददाता, रायबरेली।

**अमृत विचार।** प्राइवेट अस्पतालों में अप्रशिक्षित कर्मियों का खामियाजा रोगियों को जान गवांकर भुगतना पड़ रहा है। शहर के एक अस्पताल में उस समय कर्मियों ने लापरवाही की हद को पार कर दिया। प्रसव कराने चिकित्सक के नही आने पर महिला कर्मी ही डॉक्टर बनकर ऑपरेशन करने लगी। आरोप है कि गलत इंजेक्शन के कारण जच्चा-बच्चा की मौत हो गई।

घटना को छिपाने के लिए आनन-फानन में कर्मियों ने परिजनों को समझकर घर भेज दिया। हालांकि घटना से स्वास्थ्य महकमा चुप्पी साधे हुए है। बीते मंगलवार को लालगंज थाना क्षेत्र की रहने वाली गर्भवती युवती का इलाज करवाने के लिए उसके परिजन हाथी पार्क स्थित एक निजी नर्सिंग होम लेकर पहुंचे, वहां पर गर्भवती महिला को एडमिट कर लिया गया।

इसके बाद नर्सिंग होम के कर्मियों ने परिजनों से बताया कि बिना ऑपरेशन के बच्चा नहीं हो पाएगा। घबराये परिजनों ने ऑपरेशन के लिए हां कर दी और अस्पताल में डॉक्टर ना होने के कारण वही की एक महिला कर्मचारी ने गर्भवती महिला का ऑपरेशन शुरू कर दिया।

ऑपरेशन के दौरान महिला को गलत इंजेक्शन लग जाने की वजह से जच्चा-बच्चा दोनों की मौत हो गई। इसके बाद परिजन हंगामा करने लगे। इस पर मौजूद कर्मचारियों ने शांत कराया और मामला आगे ना बढ़े इसके लिए समझा बुझाकर अंतिम संस्कार करा दिया। प्रकरण जब खुला तो स्वास्थ्य महकमा कार्रवाई के बजाय यह कहकर मौन हो गया कि शिकायत नहीं मिली है।

### स्वास्थ्य विभाग की शिथिलता से जान गवां रहे मरीज

जिले में यह कोई पहला मामला नहीं है। स्वास्थ्य विभाग की शिथिलता से अब तक कई लोग जान गवां चुके हैं। पहले तो मामला सुलटा लिया जाता है। बाद में दबाव बनने पर टीम बना दिया जाता है। लेकिन कार्रवाई के पहले ही सबकुछ सेटिंग-गेटिंग करके समाप्त कर दिया जाता है। यही वजह है कि अवैध रूप से संचालित नर्सिंग होम, अल्ट्रासाउंड सेंटर, पैथालाजी पर अंकुश नहीं लग पा रहा है।

"ऑपरेशन के दौरान गलत इंजेक्शन लगने से मौत के मामले की सूचना मुझे नहीं है। ना ही इसका कोई शिकायती पत्र मिला है। रही बात बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहे हैं अस्पतालों की तो मेरे हिसाब से बिना रजिस्ट्रेशन के कोई हॉस्पिटल नहीं खुला है। अगर ऐसा है तो इसकी जांच करके आगे की कार्रवाई की जाएगी।

–डॉ. वीरेंद्र सिंह,
मुख्य चिकित्सा अधिकारी,
रायबरेली

## संदिग्ध हालात में छात्र का लटकता मिला शव

जगतपुर, रायबरेली, अमृत विचार। थाना क्षेत्र के एक गांव में आम के पेड़ से कक्षा चार के छात्र का शव लटकता हुआ मिला। सुबह लोगों ने शव को देखा तो सूचना परिजनों को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। शनिवार को दौलतपुर गांव की रहने वाली अर्चना देवी ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि उनका बेटा विभव पुत्र मनोज कुमार शुक्रवार की शाम चार बजे से घर से गायब है। सुबह ग्रामीण नित्य क्रिया के लिए गए थे तो उन्होंने देखा कि गांव के बाहर आम की पेड़ की डाल से विभव का शव धोती के सहारे लटका हुआ है। जिसकी सूचना परिजनों को दी गई। मृतक विभव गांव के ही प्राथमिक विद्यालय दौलतपुर में कक्षा चार का छात्र था। वहीं मौत की सूचना पर मां अर्चना बड़े भाई अनुभव और छोटे भाई ननकऊ का रो-रोकर बुराहाल है। वहीं मृतक किशोर के पिता मनोज कुमार एमपी में भट्टे पर श्रमिक का कार्य करते हैं। थानाध्यक्ष बबिता पटेल ने बताया कि किशोर के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

# एजेंसी व प्रधान के विरुद्ध ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

ऊंचाहार, रायबरेली

▸▸ रास्ता बंद होने से दर्जनों गांवों के लोगों को आवागमन में होती है असुविधा

**अमृत विचार।** गंगा एक्सप्रेसवे निर्माण में गांव के आम रास्ता और खेत के सिंचाई की नाली बंद करने के विरुद्ध ग्रामीणों का गुस्सा फूटा है। ग्रामीणों ने प्रधान, लेखपाल और निर्माण एजेंसी के विरुद्ध प्रदर्शन किया है। जलालपुर से गणेशगंज को जाने वाले आम रास्ते को गंगा एक्सप्रेसवे की निर्माण एजेंसी द्वारा बंद कर दिया गया है। यही नहीं नहर से खेत की सिंचाई के लिए बनी नाली को भी ध्वस्त करके बंद कर दिया गया।

रास्ता बंद होने से जहां दर्जनों गांवों के लोगों को आवागमन में असुविधा होगी, वहीं नाली बंद कर दिए जाने के कारण सैकड़ो बीघे खेत की सिंचाई का साधन खत्म हो गया है। यही नही नाली बंद होने से बरसात के दिनों में जलनिकासी की समस्या भी पैदा हो गई है। इस मामले में पूर्व में ग्राम प्रधान ने शिकायत की थी, किंतु अब प्रधान व लेखपाल निर्माण एजेंसी के ठेकेदार से मिल गए है। इस प्रकरण को लेकर ग्रामीणों ने शनिवार को जमकर प्रदर्शन किया और निर्माण में लगे वाहनों को रोक दिया। काफी देर हंगामा होने के बाद निर्माण एजेंसी द्वारा प्रकरण के निराकरण के भरोसे के बाद ग्रामीण शांत हुए है। इस मौके पर गांधीराम, आशा देवी, दया शंकर, राम शंकर, कृपा शंकर, अनुराज, संजय, अजीत कुमार, राम आसरे, पंकज कुमार समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मैजूद थे।

**एक नजर**

## विनोद बने प्रभारी जिला शासकीय अधिवक्ता



विनोद कुमार द्विवेदी

रायबरेली। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता ( सिविल ) के रूप में तैनात विनोद कुमार द्विवेदी को जिला शासकीय अधिवक्ता (सिविल) का प्रभार सौंपा गया है। इन्होंने शनिवार को अपना कार्यभार भी ग्रहण कर लिया।नियुक्ति के संबंध में अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन) प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी ने शुक्रवार को आदेश जारी किया था। गौरतलब है कि जिला शासकीय अधिवक्ता (सिविल) देवी प्रसाद पांडेय का बीती 15 मार्च को कार्यकाल पूरा हो चुका है।

## खो-खो चयन ट्रायल 17 को

संवाददाता, रायबरेली। सीनियर चैंपियनशिप 2023-24 का आयोजन 18 मार्च से 20 मार्च के मध्य खो-खो एसोसिएशन उत्तर प्रदेश द्वारा अयोध्या में किया जाएगा। यह जानकारी सचिव भीम प्रताप सिंह ने दी। ट्रायल 17 मार्च को रामपुर कलां सरेनी के खेल प्रांगण में आयोजित किया जा रहा है। इसमें जिले के खिलाड़ी प्रतिभाग कर सकते हैं। चयनित खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।

# राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान में मनाया गया स्वच्छता पखवाड़ा

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान में स्वछता पखवाड़ा मनाया गया तथा शुक्रवार विभिन्न कार्यक्रमों तथा प्रतियोगिताओ के साथ स्वच्छ भारत पखवाड़ा का समापन हुआ।

स्वछता पखवाड़ा के दौरान निफ्ट संस्थान में विद्यार्थियों, संकाय सदस्यों, कर्मचारियों के लिए विभिन्न विषयों जैसे जल ही जीवन, स्वच्छता एवं महिला सशक्तिकरण, ई वेस्ट, को सम्मलित करते हुये वाद-विवाद, कविता, पेंटिंग व पोस्टर, नुक्कड़ नाटक आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।जिसमें संस्थान के छात्रों द्वारा बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया गया एवं सभी प्रतिभागियों की अभिव्यक्ति देखने को मिली। संस्थान के निदेशक नन्दन सिंह बोरा एवं विशेष अतिथि मयं क अग्रवाल, उप प्रभागीय वनाधिकारीने सभी विजेताओ को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किये।



कार्यक्रम में प्रमाण पत्र के साथ मेधावी। अमृत विचार

## एसएमसी अध्यक्ष व सचिव का एक दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

डलमऊ, रायबरेली, अमृत विचार। दीनशाह गौरा के ब्लॉक सभागार में विद्यालय प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष व विद्यालय प्रधानाध्यापकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। बीईओ सत्य प्रकाश सिंह के निर्देशन में सन्दर्भदाता उमेश वर्मा, चन्द्रशेखर, सौरभ सिंह, सर्वेश पाण्डेय, एसआरजी सुनील यादव ने प्रशिक्षण में बाल अधिकार, आरटीई, विद्यालय विकास योजना, एसएमसी के गठन, दायित्व, कार्यक्षेत्र, अभिभावक एवं सामुदायिक भागीदारी आदि पर चर्चा की। इस मौके पर आरएसएम अध्यक्ष दिनेश सिंह, जूनियर शिक्षक संघ अध्यक्ष हरिकेश यादव, पीएसएस संरक्षक त्रिलोकी शरण सिंह, राम कृपाल यादव, धर्मेंद्र सिंह, विजय सिंह, दीपक समेत तमाम प्रधानाध्यापक व अध्यक्षगण मौजूद रहे।

# विवाहिता की मौत, पति सहित छह पर दहेज हत्या का मुकदमा

डलमऊ, रायबरेली

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में आटा चक्की की चपेट में आने से विवाहिता की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है। क्षेत्र के नरसवा गांव निवासी शेखर की गांव में आटा चक्की है। शनिवार सुबह उसकी पत्नी चांदनी सोनी की आटा मशीन में फंस कर मौत हो गई थी। विवाहिता की मौत की खबर पाकर पहुंचे परिजनों ससुराली जनों पर दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी।



मृतका चांदनी

मृतका के भाई जितेंद्र सोनी निवासी सरेनी ने आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है, जिसमें बताया कि उसके बहन को धक्का देकर आटा मशीन में मारा गया। पुलिस ने भाई की तहरीर पर पति शेखर, सास लीलावती, ससुर मुंदरी, ननद अर्चना व रामे के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाल पवन सोनकर ने बताया कि मृतका के भाई की तहरीर पर छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपितों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## एक्सप्रेसवे के प्लांट पर कार्य कर रहा श्रमिक घायल

जगतपुर, रायबरेली, अमृत विचार। ऊंचाहार थाना क्षेत्र के अंतर्गत इटौरा बुजुर्ग में गंगा एक्सप्रेसवे द्वारा प्लांट लगाया गया है, जहां पर कार्य करते समय एक श्रमिक गिर कर घायल हो गया। जिसे जगतपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया। शनिवार को इटौरा बुजुर्ग के रहने वाले मोनू सिंह गंगा एक्सप्रेसवे के इटौरा बुजुर्ग में लगाए गए प्लांट पर कार्य कर रहे थे, तभी अचानक उनका पैर फिसलने से वह नीचे गिर गए। स्थानीय लोगों द्वारा घायल को जगतपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद घायल को जिला चिकित्सालय भेजा गया। सीएचसी के अधीक्षक डॉ. एलपी सोनकर ने बताया कि एक श्रमिक घायल अवस्था में आया था। उसकी हालत काफी गंभीर थी। प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय भेजा गया।

## शिक्षक लापता गंगा पुल पर मिली साइकिल व चप्पल

**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार।** स्कूल में पढ़ाने गया शिक्षक संदिग्ध अवस्था में लापता हो गया है। दूसरे दिन उसकी साइकिल और चप्पल गंगा पुल पर बरामद हुई है। शिक्षक की मां ने अपने पुत्र के हत्या की आशंका जताते हुए कोतवाली में तहरीर दी है। क्षेत्र के गांव परसीपुर निवासी चंद्रभवन उर्फ सीबी यादव गांव से कुछ दूरी पर स्थित एक निजी स्कूल में शिक्षक थे।

वह बीती 15 मार्च को वह नित्य की भांति साइकिल से स्कूल पढ़ाने के लिए घर से निकले, किंतु वह स्कूल नहीं पहुंचे। देर शाम जब वह वापस घर नहीं आए तब परिजनों ने उनकी खोजबीन शुरू की। उसके बाद शिक्षक की मां ननकई देवी ने कोतवाली में अपने बेटे के गायब होने की सूचना दी।

इसके बावजूद परिजन उसकी खोज के लगे थे, तभी शनिवार को पता चला कि लापता की साइकिल और चप्पल लेहदरी गंगा पुल के पास पड़ी हुई है। इस सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और वहां पड़े समान की पहचान की। उसके बाद शिक्षक की मां ने कोतवाली में फिर तहरीर देते हुए अपने पुत्र के हत्या की आशंका जताई है। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि मामले में लापता की खोज की जा रही है।

# पंचायत भवन से दस्तावेज समेत कीमती सामान चोरी

ऊंचाहार, रायबरेली।

**अमृत विचार।** दुस्साहसिक चोरों ने गांव के पंचायत भवन के विभिन्न कमरों का ताला तोड़कर कीमती सामान के साथ ग्राम पंचायत के दस्तावेज भी उठा ले गए। मामले की जानकारी सुबह ग्रामीणों को हुई तो ग्राम प्रधान ने कोतवाली में लिखित तहरीर दी है। पुलिस घटना की छानबीन कर रही है।

यह वारदात शुक्रवार की रात क्षेत्र के जसौली ग्राम पंचायत में हुई है। गांव से सटा हुआ ग्राम सचिवालय बना हुआ है। सचिवालय के विभिन्न कमरों में कुल तीन ताला बंद थे। शुक्रवार की रात चोरों ने सचिवालय के तीनों कमरों का ताला तोड़ डाला और कमरों में लगा इनवर्टर, बैटरा, कंप्यूटर आदि सामान उठा ले गए। खास बात यह है कि चोर सचिवालय में रखा अभिलेखीय दस्तावेज भी अपने साथ उठा ले गए। सूचना पाकर प्रधान मो शमसाद भी मौके पर पहुंचे। इसके बाद उन्होंने कोतवाली पहुंचकर मामले की तहरीर दी है। कोतवाल अनिल कुमार सिंह का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

## जीवन के उद्देश्य को दर्शाती है श्रीमद्भागवत कथा

परशदेपुर, रायबरेली, अमृत विचार। डीह ब्लॉक के अटावां गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में शनिवार को कथा वाचक बद्री विशाल ओझा ने कहा कि श्रीमद्भागवत ऐसी कथा है जो जीवन के उद्देश्य एवं दिशा को दर्शाती है। जीव के बिना शरीर निरर्थक होता है। ऐसे ही संस्कारों के बिना जीवन का कोई मूल्य नहीं होता। उन्होंने प्रहलाद चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि यदि भक्त सच्चा हो तो विपरीत परिस्थितियां भी उसे भगवान की भक्ति से विमुख नहीं कर सकती। राक्षस प्रवृत्ति के हिरण्यकश्यप जैसे पिता को प्राप्त करने के बावजूद भी प्रहलाद ने ईश्वर भक्ति नहीं छोड़ी। प्रहलाद ने बिना भय के हिरण्यकश्यप के यहां रहते हुए ईश्वर की सत्ता को स्वीकार किया और पिता को भी उसकी ओर आने के लिए प्रेरित किया।

# दिव्यांग बच्चों को शिक्षित करने के बताए गुर



प्रशिक्षण शिविर में मौजूद नोडल टीचर। अमृत विचार

संवाददाता, रायबरेली।

**अमृत विचार।** सामेकित शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए शिक्षा विभाग की तरफ से नगर क्षेत्र के समस्त विद्यालयों के प्रिंसिपल (नोडल टीचर) का 5 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर नगर संसाधन क्षेत्र, पुलिस लाइंस में आयोजित हुआ। जिसमें नगर क्षेत्र के दिव्यांग बच्चों को शिक्षित करने वाली मास्टर ट्रेनर सुमन देवी, जया शुक्ला और आशा द्वारा नोडल टीचरों को प्रशिक्षित किया गया।

शिविर के बारे में जानकारी देते हुए खंड शिक्षा अधिकारी बृजलाल वर्मा (नगर क्षेत्र का अतिरिक्त प्रभार) ने बताया कि 12 मार्च से 16 मार्च तक समावेशी शिक्षा के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों का मूल्यांकन व उनकी उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए सभी नोडल टीचर को ट्रेनिंग दी जा रही थी।

21 प्रकार के दिव्यंगता है उसे परियोजना की तरफ से सुनिश्चित की गई है उसे कैसे पहचाने इसके लिये टीचरों को प्रशिक्षित किया गया है। यह अभी पहला चरण था उसके बाद दूसरे चरण में भी प्रशिक्षण दिया जाएगा। परीक्षाओं के बाद वह दूसरा चरण पूरा किया जाएगा। पहले चरण में कुल 38 स्कूलों के नोडल टीचरों को प्रशिक्षण दिया गया है। एमआई मानसिक मन्दता बच्चों की पहचान एवं किट के बारे में भी बताया गया। कुल 21 प्रकार के दिव्यंगता के बारे में जानकारी दी गई।

# बच्चों को बांटे गए रिजल्ट कार्ड

सरेनी, रायबरेली।

**अमृत विचार।** एसबीएम इंग्लिश मीडियम स्कूल लखनापुर में रिजल्ट वितरित किए गए। इस दौरान कक्षा यूकेजी, कक्षा 8 से अर्चिता, नितिन, श्रेया, शशांक राजपूत, शशांक मिश्र, कक्षा 7 से राधिका, सौम्या, अविनाश, रिया पाल, हरिओम, कक्षा 6 से आराध्या सिंह, रक्षित श्रीवास्तव, वेदिका, सचिन, आज्ञा व कक्षा 5 से आशी गौतम, कृति मिश्रा, प्रांजल पांडेय, अनन्या गुप्ता, आदित्य सिंह व कक्षा 4 से ऋतुजा, आयुषी पाल, दुर्गेश, जयकृष्णा व कक्षा 3 से विधि, तेजस, अवनीश, आयुषी व कक्षा 2 से पलक, आर्यन, आलेख, अनवी व कक्षा 1 से अनवी, आरोही, आद्विका, कुणाल, सज्जन एवं यूकेजी से उत्कर्ष, वैष्णवी, आयशा बानो, छवि को रिजल्ट कार्ड बांटे गए। इस मौके पर प्रबंधक अरविंद मिश्रा, प्रधानाचार्य अतुल सिंह, अध्यापक राजेश पांडेय, हर्षित, अनूप, शिवचरण, सुनील, पावन, पिंकी, कावेरी, अर्चना, शिवानी, प्रीति, अंकित, कैक्सा, श्रद्धा, शालिनी, ज्योति, अंशिका आदि लोग मौजूद रहे।





एसबीएम इंग्लिश मीडियम स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में शामिल बच्चे।

# सिलेंडर सस्ता, हरी सब्जी-आलू के बढ़े दाम

▸▸ आलू के पापड़, चिप्स, कचरी बनाना हुआ मुश्किल

संवाददाता, रायबरेली।

**अमृत विचार।** होली पर्व से पहले सरकार ने लोगो को बड़ी राहत देते हुए जहां सिलेंडर के दाम में सौ रुपए कम कर दिए है, वही बाजार में हरी सब्जियों के साथ ही आलू के भाव आसमान पर पहुंच गए है। सिलेंडर के दाम में सौ रुपए की कमी करने के बाद महिलाओ के साथ पुरुषो ने भी इसकी खूब सराहना की। लेकिन सब्जियों के दामों में बढ़ोत्तरी होने से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगो की चिंता बढ़ गई है।

वही होली पर बनने वाले पापड़, कचरी व आलू के अन्य चिप्सों के बनाने पर भी असर पड गया है। क्योंकि अब इसके लिए लोगो को जेब ढीली करने पड़ेगी। बीते एक सप्ताह के भीतर आलू दाम थोक मंडियों में तीन से पांच रुपए बढ़ा है। जिसकी वजह से फुटकर में यह और महंगा बिक रहा है। ग्रामीण अंचल में जहां पहले आलू का दाम दस से पंद्रह रुपए था वही अब पच्चीस रुपए हो गया है वही शहर की मंडी में अब आलू तीस रुपए के करीब पहुंच गया है। घरों में होली को लेकर पापड़, चिप्स कचरी बनाने का काम भी जोरो पर चल रहा है लेकिन बाजार में आलू का दाम बढ़ने की वजह से इस काम की रफ्तार जरूर कम हुई है। कारोबरी गुलाम की माने तो होली को लेकर बाजार में आलू का भाव बढ़ा है, पर्व के बाद इसका भाव नीचे आ जाएगा।

"सिलेंडर सस्ता होने से जहां राहत मिली है, वही होली से पहले बाजार में सब्जियों के दाम आसमान पहुंच रहे है। मन की सब्जी बनाने के लिए कई बार सोचना पड़ता है।

–सोनी गुप्ता, गृहणी



"होली बड़ा पर्व है अब चाहे आलू सस्ता हो चाहे महंगा पापड़ तो बनाने ही है। इतना जरूर है कि पहले बड़ी मात्रा में पापड बनते थे इस बार कम बनेगे।

–जनक दुलारी, गृहणी



"सब्जियों का रेट कुछ दिन के लिए है लेकिन सिलेंडर के दाम में सौ रुपए घटना बड़ी चीज है। होली में घर पर तो वैसे ही कम पापड़ बनते है, सब तो रेडीमेड ही लाया जाता है।

–शारदा, गृहणी



"हरी सब्जियों के साथ आलू का रेट बढ़ने से जहां पापड़ आदि पर असर पडेगा उससे ज्यादा मध्यम वर्गीय परिवार पर असर पड़ेगा।लेकिन आलू का दाम बढ़ने से बजट जरूर गड़बड़ हुआ है।

–नताशा चौधरी, समाजसेविका



प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

VARUN ARJUN UNIVERSITY
VARUN ARJUN COLLEGE OF PHARMACY
NH-24 BANTHRA, SHAHJAHANPUR
VARANU ARJUN COLLEGE OF PHARMACY VACP SHAHJAHANPUR Excellence towards profession



VACANCY OF TEACHING & NON TEACHING STAFF

| Teaching Staff | Non Teaching Staff |
|---|---|
| • Associate Professor (M.Pharm+8 Years Experience) | • Lab Technician (B.Pharm) |
| • Assistant Professor (M.Pharm+5 Years Experience) | • Accountant (M.Com) |
| • Specialization (Pharmacy Practice, Biotechnology & Clinical Pharmacology) | • Computer Operator (BCA/MCA) |
| • Lecturer (B.Pharm+3 years Experience) | • Lab Attendant (D.Pharm) |

Contact
Director/Principal
Dr. Pradeep Singh
9412852652

# 5वें चरण में चुनाव, आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों पर होगी कार्रवाई

रायबरेली, संवाददाता

- आचार संहिता लगते ही सक्रिय हुई जिले की खाकी
- राजनीतिक दलों के उतरे होर्डिंग व बैनर, सुरक्षाबल ने किया फ्लैग मार्च

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव कार्यक्रम के सार्वजनिक घोषणा के साथ ही शनिवार को आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। उत्तर प्रदेश में सात चरणों में चुनाव प्रक्रिया पूरी होंगी। रायबरेली में पांचवे चरण में चुनावी प्रक्रिया के लिए अधिसूचना 26 अप्रैल से शुरू हो जाएगी। चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही प्रशासन सक्रिय हो गया है। प्रशासनिक अधिकारियो ने सार्वजनिक स्थानों पर लगी राजनीतिक दलो व प्रत्याशियों की ओर से लगाए गए होर्डिंग बैनर को उतरवा लिया गया है। इसी के साथ सुरक्षा बलों ने फ्लैग मार्च कर आम जनमानस को सुरक्षा का अहसास दिलाया। वही आराजक तत्वों की भी धरपकड़ शुरू कर दी है। पांचवे चरण में रायबरेली में होने वाले चुनाव की नामांकन प्रक्रिया 26 अप्रैल से शुरू हो जाएगी। 3 मई को नामांकन का अंतिम दिन है। 4 मई को नामांकन पत्रों की जांच व 6 मई को नाम वापस लिए जा सकेगे, 20 मई को मतदान होगा।

- 16 मार्च से आचार संहिता लागू
- 26 अप्रैल से नामांकन प्रक्रिया शुरू
- 03 मई को नामांकन की अंतिम तिथि
- 04 मई नामांकन पत्रों की जांच
- 06 मई को नाम वापस लिए जा सकेंगे
- 20 मई को मतदान
- 04 जून को मतगणना


फ्लैग मार्च करते अर्द्ध सैनिक बल के जवान।


शहर में होर्डिंग उतारते हुए।

### उतरवाई गई जिले भर में राजनीतिक दलों की होर्डिंग

**महराजगंज, रायबरेली।** उपजिलाधिकारी राजित राम गुप्ता ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशन पर आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। जिसके बाद से क्षेत्र में लगे राजनीतिक बैनर, पोस्टर व होल्डिंग को हटवाया जा रहा है। साथ ही यह भी निर्देश दिए गए की राजनीतिक व सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट डालने से लोग बचे। वही इस दौरान तहसीलदार ज्ञान प्रकाश सिंह,क्षेत्राधिकार यादवेंद्र पाल सिंह,अधिशाषी अधिकारी अपर्णा मिश्रा, कोतवाली प्रभारी बालेंदु गौतम,क्राइम प्रभारी कमलेश कुमार सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

### राजनीतिक पार्टियों के उतारे गये बैनर

**बछरावां,रायबरेली।** कस्बे के मुख्य चौराहे पर विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के लगभग पांच दर्जन लगे बैनर, होर्डिंग को नगर पंचायत कर्मचारीयों ने पहुंच कर उतारना शुरू किया। जितनी भी वॉल पेंटिंग है वहां पर भी नारो और वादों को मिटाने का काम शुरू किया जा चुका है। इस बारे में थानाध्यक्ष वृजेंद्र शर्मा ने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों के बाद सभी राजनीतिक पार्टियों के बैनर और होर्डिंग्स को उतारा जा रहा है उन्होंने कहा कि किसी को भी आचार संहिता का उल्लंघन करने का मौका नहीं दिया जाएगा।

### एसडीएम व सीओ ने दिए निर्देश

**सलोन, रायबरेली।** एसडीएम अभिषेक कुमार और सीओ वन्दना सिंह ने बिंदुवार कर्मचारियों की क्लास लगाई। दोनों अधिकारियों ने सख्त लहजे में कहा है कि जहां पुलिस और प्रशासन की जरूरत पड़े कर्मचारी तत्पर रहे। एसडीएम ने कहा कि लोकसभा चुनाव में लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी। सीओ ने पुलिस कर्मियों से कहा कि सख्ती के साथ आदर्श आचार सहिंता का पाठ पढ़ाने में कोई कोर कसर नही छोड़े। नगर पंचायत की टीम द्वारा अधिकारियों के निर्देश के क्रम मे विद्युत विभाग के पोल एवं चौराहा के साथ साथ कार्यालय और जगह-जगह लगे राजनेताओं के होर्डिंग व योजनाओं के होर्डिंग हटाने में व्यस्त हो गई है।

### संवेदनशील स्थानों में फ्लैगमार्च

**सतांव, रायबरेली।** गुरुबक्शगंज थानाध्यक्ष प्रवीर गौतम ने सीमा सुरक्षा बल के जवानों के साथ गुरुबक्शगंज कस्बे के अलावां अमवन, गोझरी, कृष्णपुर ताला, चिलौला भंगरिया आदि क्षेत्र के संवेदनशील स्थानों में फ्लैगमार्च कर, माईक पर अराजकतत्वों को आदर्श आचार संहिता समयावधि के दौरान किसी भी प्रकार का असंवैधानिक कृत्य कर माहौल ना बिगाड़ने की नसीहत दी, वही शाम करीब 5 बजे उपजिलाधिकारी सदर मिथिलेश त्रिपाठी और क्षेत्राधिकारी लालगंज अनिल कुमार सिंह के साथ गुरुबक्शगंज थाना पुलिस गुरुबक्शगंज चौराहे के साथ ही ढकिया, मलिकमऊ चौबारा, अटौरा, सहजौरा, देदौर, केलौली आदि स्थानों पर फुल एक्शन मोड़ में नजर आई।

### कानून व्यवस्था बनाए रखने का दिया संदेश

**खीरों, रायबरेली।** एसडीएम और सीओ के नेतृत्व में राजस्व विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने कस्बा खीरों, सेमरी चौराहा और महरानीगंज आदि प्रमुख कस्बों में सड़क के किनारे लगी विभिन्न राजनैतिक दलों की होर्डिंग, बैनर पोस्टर आदि हटवाए गए। सशस्त्र सुरक्षा बल और पुलिस के जवानों ने पैदल मार्च किया। प्रशासनिक अधिकारियों ने क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता के पालन करने और कानून व्यवस्था बनाए रखने का संदेश दिया। एसडीएम मनोज कुमार सिंह ने बताया कि आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन कराया जाएगा। यदि कोई भी अराजकतत्व अराजकता या अशांति फैलाने का प्रयास करता है तो उसके विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी।

### आचार संहिता के दायरे में होंगे कार्य

**लालगंज,रायबरेली।** चुनाव आयोग के द्वारा आदर्श आचार संहिता लागू करते ही प्रशासनिक मशीनरी सक्रिय हो गई है। तहसीलदार मंजुला मिश्रा और प्रभारी निरीक्षक शिवशंकर सिंह ने जनता जनार्दन से अपील करते हुए कहा है कि लोकसभा चुनाव की घोषणा हो गई है। अब सभी कार्य आचार संहिता के दायरे में होंगे। बिना किसी परमीशन के कोई भी कार्य न किया जाए।

# लोकतंत्र के महापर्व में सभी लोग भागीदार बन जरूर करें मतदान

- अफवाह फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई : एसपी

संवाददात, रायबरेली

**अमृत विचार।** लोक सभा चुनाव की अधिसूचना जारी होते ही प्रशासनिक अमले ने सक्रियता बढ़ा दी है। चुनाव को सकुशल संपन्न करने के लिए जिला प्रशासन पर बड़ी जिम्मेदारी है। चुनाव को लेकर जिला प्रशासन ने पूरी तैयारी कर रखी है। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने कहां है कि लोकतंत्र के पर्व में सभी लोग भागीदार बने, मतदान के दिन ज्यादा से ज्यादा मतदान करे।

जिले की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस भी सक्रिय हो गई है। बचत भवन में शनिवार शाम जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व अभिषेक अग्रवाल ने संयुक्त रूप से एक पत्रकार वार्ता कर चुनाव तैयारी को बताया। जिलाधिकारी ने कहा कि उड़नदस्ता, स्टेटिक सर्विलांस टीम, वीडियो सर्विलांस टीम, वीडियो निगरानी टीम का गठन कर दिया गया। चुनाव में किसी भी कीमत पर गड़बड़ी बर्दाश्त नही होंगी। जिले के अधिकारी हर एक चीज ओर नजर रखें हुए है। वही डीएम व एसपी ने शहर में पैदल मार्च किया।


प्रेसवार्ता के दौरान डीएम व एसपी। अमृत विचार

"कानून व्यवस्था को लेकर जिलेभर में 36 चेक पोस्ट बनाया है फ्लाइंग स्क्वायड व सर्विलांस टीम भी सक्रिय है। चुनाव को स्वतंत्र व निष्पक्ष रूप से कराने के लिए पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स फ्लैग मार्च कर रही है। अराजक तत्वों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। चुनाव को लेकर अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

– अभिषेक अग्रवाल एसपी रायबरेली

"आदर्श आचार संहिता कड़ाई से पालन कराया जाएगा। चुनाव से संबंधित सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सभी टीमों को एक्टिव कर दिया।

–हर्षिता माथुर
जिलाधिकारी,रायबरेली

| | |
|---|---|
| जनपद में कुल मतदान केंद्र | 1463 |
| जनपद में मतदेय स्थल | 2236 |
| रायबरेली लोस में मतदान केंद्र | 1236 |
| रायबरेली लोस में मतदेय स्थल | 1867 |
| जिले में मतदाताओं की कुल संख्या | 2139284 |
| जिले में पुरुष मतदाताओं की संख्या | 1116539 |
| जिले में महिला मतदाताओं की संख्या | 1022706 |
| थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या | 39 |


बूथ का निरीक्षण करते डीएम व एसपी

## निधन पर जताया शोक

लालगंज, रायबरेली

**अमृत विचार।** वरिष्ठ पत्रकार, साहित्यकार और सामाजिक चिंतक दादा चंद्र प्रकाश पांडे (बचुआ पांडेय) का शनिवार को निधन हो गया। इससे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। पूर्व मंत्री गिरीश नारायण पांडे, सुशील शुक्ला, सीएमपीएस के प्रबंध निदेशक दीप प्रकाश शुक्ला, व्यापार मंडल अध्यक्ष विवेक शर्मा, शिव प्रकाश पांडे, सुरेंद्र गुप्ता, अनूप पांडे, अशोक त्रिवेदी, अवनींद्र पांडे, अतुल त्रिपाठी, शेर बहादुर सिंह, राम बाबू गुप्ता, यशपाल सिंह, देवेन्द्र अवस्थी, मोहम्मद याकूब खान आदि ने शोक व्यक्त किया।

# बिजली कर्मियों को दौड़ाकर पीटा

सलोन/ऊंचाहार, रायबरेली

- कोतवाल के बेतुके बोल- उल्टे सीधे बिल बनाए होंगे तभी हुआ होगा हमला

**अमृत विचार।** विद्युत बिल बकाया वसूलने गए विद्युत टीम पर उपभोक्ताओ ने हमला कर दिया। आरोप है कि उन्हें दौड़ा दौड़ाकर पीटा गया। पीड़ित विद्युत कर्मियों ने सलोन कोतवाली में शिकायती पत्र देकर आरोपित हमलावरों के विरुद्ध कार्यवाही करने की मांग की है।

कोतवाली में दिए गए तहरीर के मुताबिक शनिवार को दोपहर करीब साढ़े बारह बजे रोहनिया विद्युत उपकेंद्र की विद्युत वसूली टीम के लीडर राहुल अग्रहरी अपने टीम के साथ हनुमानगंज गांव में विद्युत बिल बकाया वसूलने गए हुए थे। हनुमानगंज गांव के नहर पर छोटेलाल पुत्र देसई के यहां विद्युत विभाग की टीम विद्युत बिल का बकाया भुगतान न करने पर कनेक्शन विच्छेदन का कार्य कर रही थी। आरोप है कि कनेक्शन विच्छेदन से नाराज उपभोक्ताओं ने विद्युत वसूली टीम पर हमला कर दिया। हमले में लाइनमैन जितेंद्र कुमार, राधेश्याम, ज्ञान चंद्र, सुरेश कुमार, घायल हो गए है। पीड़ित विद्युत कर्मियों ने सलोन कोतवाली पहुंच कर आरोपित हमलावरों के खिलाफ तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।

कोतवाल जितेंद्र प्रताप सिंह का कहना है कि विद्युत विभाग की टीम पर हमला हुआ है। सूचना मुझे भी प्राप्त हुई है। जिनके ऊपर हमला हुआ है वो सभी विद्युत संविदाकर्मी है। उपभोक्ताओ के उल्टे सीधे मनमर्जी कर बिल बनाते है। इसीलिए हमला हुआ होगा। ऐसे तो कोई हमला करेगा नही। विद्युतकर्मी थाने आए हुए है। आरोपित पक्ष को भी थाने में बुलाया गया है। दोनो पक्षों की समस्या सुनने के बाद जो निर्णय होगा उसपर कानूनी कार्यवाही की जायेगी।

# संसार का कोई ऐसा स्थान नहीं, जहां परमात्मा न हो

परशदेपुर, रायबरेली।

- परशदेपुर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में तीसरे दिन उमड़ी भक्तों की भीड़

**अमृत विचार।** कस्बे के महवीरन मोहल्ले में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन शनिवार को कथा व्यास मुकेश आनंद महाराज ने कहा कि जो भी सात दिन कथा सुनता है वो चिंता मुक्त हो जाता है। सात दिन की यात्रा जीवन में परिवर्तन ले आती है, जो भी भगवान की शरण में बैठता है भगवान उसकी समस्त मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं।

उन्होंने कहा कि संसार का कोई स्थान नहीं, जहां परमात्मा नहीं। किसी ने परमात्मा को जल में प्रकट किया तो प्रह्लाद ने खंभे में प्रकट कर दिया। द्रोपदी की साड़ी खींची जा रही तो वहां पर भी परमात्मा साड़ी बन कर प्रकट हुए। हमारे बीच में भी परमात्मा है बस हमें खोजने की जरूरत है।

संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण कर भक्त भावविभोर हो गए। अंत में मुख्य यजमान रामसजी कौशल, चेयरमैन विनोद कौशल, गुड़िया कौशल, अजय कौशल, कंचन कौशल आदि ने कथा व्यास और कथा पीठ की आरती उतारी। भक्तों को प्रसाद का भी वितरण किया गया। इस मौके पर धर्मेश महाराज, संतोष कौशल, गिरजेश कौशल, हरिश्चंद्र, केतन कौशल, चेतन कौशल, बब्बन कौशल, रामू कौशल, गुलाब कौशल, विनोद कुमार सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# डॉ. विवेक सिंह बने जेसीआई युवा के अध्यक्ष

- समस्त जेसीआई के साथियों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष को दी बधाई

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** स्थानीय रेस्टोरेंट में जेसीआई युवा द्वारा एक साधारण सभा का आयोजन किया गया। इसमें पूर्व अध्यक्ष शुभम त्रिवेदी द्वारा सभी सदस्यों के समक्ष विगत वर्ष के कार्यों को प्रेषित किया गया। वर्ष 2024 के लिए समस्त सदस्यों द्वारा जेसी डॉ. विवेक सिंह को सर्वसम्मति से अध्यक्ष मनोनीत किया गया।

जेसीआई इंडिया के पूर्व एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट जेसी आलोक सिंह ने आए हुए समस्त पुराने और नए सदस्यों को जेसीआई के महत्व के बारे में बताया। पूर्व अध्यक्ष विक्रम सिंह ने सकारात्मक भावनाओं के साथ जेसीआई रायबरेली युवा को निरंतर ऊंचाइयों पर बढ़ाते रहने के लिए सभी को प्रेरित किया। समस्त जेसी साथियों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष को बधाई दी। इस अवसर पर निवर्तमान अध्यक्ष शुभम त्रिवेदी व पूर्व अध्यक्ष आलोक सिंह विक्रम सिंह ने जेसी डॉक्टर विवेक सिंह का माल्यार्पण कर सम्मानित किया। इस अवसर पर जेसी सुरेंद्र यादव, जेसी आकाश वर्मा, जेसी फैजान खान, जेसी संदीप श्रीवास्तव, जेसी शेष बहादुर आदि मौजूद रहे।


नवमनोनीत अध्यक्ष जेसी डॉ. विवेक सिंह का स्वागत करते जेसीआई के पदाधिकारी।

## ई-रिक्शा की टक्कर से बच्चे की मौत

**अमावां, रायबरेली।** मिल एरिया थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले में शुक्रवार की रात ई रिक्शा की टक्कर से तीन वर्षीय मासूम गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन फानन परिजनों ने मासूम को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मिल एरिया थाना क्षेत्र में महराजगंज रोड स्थित काशीराम कॉलोनी निवासी विष्णु पटेल ई रिक्शा चलाता है। रात करीब नौ बजे विष्णु रिक्शा चलाकर घर वापस लौटा। इस बीच उसके पड़ोसी बाबूराम सोनकर का तीन वर्षीय पुत्र कृष्णा सोनकर ई रिक्शा के पीछे आ गया। इससे कृष्णा गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने उसे को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। इस संबंध में इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह ने बताया घटना के संबंध में परिजनों द्वारा अब तक तहरीर नहीं दी गई है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कार्रवाई की जाएगी। दुर्घटना में शामिल रिक्शा चालक को वाहन समेत हिरासत में ले लिया गया है। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम में भेजा गया है।

# पति की हत्या के मामले में पत्नी को उम्रकैद

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** कोर्ट ने सलोन कोतवाली क्षेत्र में करीब 15 साल पहले पति की जलाकर हत्या करने के मामले में पत्नी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। उस पर 10 हजार रूपए अर्थदंड भी लगाया गया है। यह निर्णय जिला एवं सत्र न्यायालय स्थित एफटीसी संख्या तीन के अपर सत्र न्यायाधीश विमल त्रिपाठी ने सुनाया।

अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी करने वाले एडीजीसी (क्रिमिनल) अवधेश कुमार पांडेय व अजय कुमार पांडेय के मुताबिक मामले की रिपोर्ट सलोन कोतवाली क्षेत्र के पूरे देवीबक्स सिंह मजरे इटारा निवासी मृतक के भाई विवेक सिंह उर्फ पिंटू ने दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के अनुसार वादी के भाई विनोद सिंह का उसकी पत्नी प्रभा सिंह से विवाद होता रहता था। प्रभा सिंह को उसके मायके वाले भड़काते थे।22 अप्रैल 2008 की शाम वादी के भाई का भाभी से झगड़ा हुआ।रात करीब साढ़े नौ बजे भाभी ने भाई विनोद के ऊपर मिट्टी का तेल डालकर आग लगा दी।

पड़ोसियों ने भाई को जली हालत में कमरे से बाहर निकाला, जिसे रायबरेली अस्पताल ले जाया गया। उसे रेफर होने के बाद मेडिकल कॉलेज लखनऊ ले गए।जहां इलाज के दौरान 1 मई 2008 को विनोद की मौत हो गई। पुलिस ने विवेचना के बाद मृतक की पत्नी प्रभा सिंह के खिलाफ चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की।कोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य के आधार पर दोषी पत्नी को सजा सुनाई।



## श्रद्धालुओं ने छका भंडारे का प्रसाद

**संवाददाता, रायबरेली।** श्री श्री पिपलेश्वर महादेव मंदिर दूरभाष नगर में बाबा महादेव का विशाल भंडारे का आयोजन श्री पिपलेश्वर महादेव मंदिर कमेटी द्वारा किया गया। ओम नमः शिवाय के जाप से शुरुआत होकर हवन पूजन के बाद भंडारा शुरू हुआ। यह भंडारा विगत 15 वर्षों से हर वर्ष शिवरात्रि के बाद आयोजित होता है, जिसमें कई मोहल्लों के भक्ति प्रसाद ग्रहण करते हैं। मंदिर कमेटी के सदस्य कृपा शंकर मिश्रा ने बताया कभी दूरभाष नगर में एक भी मंदिर नहीं होता था। सर्वप्रथम इस मंदिर का निर्माण हुआ। इसके बाद हर वर्ष शिवरात्रि के बाद भंडारे का आयोजन वार्षिक उत्सव के रूप में मनाया जाता है। इस मौके पर बृजपाल चौरसिया, विक्रम नेगी, राजा ठाकुर, गणेश यादव, बृजेश कुमार, शिव शंकर सैनी, भूपेंद्र श्रीवास्तव, अनीता नेगी, शासकीय अधिवक्ता निधि चंद्र आदि मौजूद रहे।

# गांधी परिवार में विश्वास रखता है जनमानस

- जिला पंचायत सदस्य ने जगतपुर क्षेत्र के आधा दर्जन गांव का किया भ्रमण

जगतपुर, रायबरेली।

**अमृत विचार।** रायबरेली और गांधी परिवार एक दूसरे के पर्याय है। रायबरेली का अभूतपूर्व विकास सोनिया गांधी की ही देन है। पांच-पांच एनएच के फोरलेन, एम्स, रेल कोच जैसे कारखाने साथ ही साथ गांव के बेहतरी के लिए मनरेगा, कर्ज माफी और राशन कार्ड में महिलाओं को मालिक बनाना सोनिया गांधी की सोच का परिणाम था।

उक्त बातें जिला पंचायत सदस्य राकेश सिंह राना ने जगतपुर क्षेत्र के भ्रमण के दौरान कही। राकेश सिंह राना क्षेत्र के तिवारीपुर, कल्याणपुर सुरजई, पूरे वीर लक्ष्मणपुर सहित आधा दर्जन गांव का दौरा करके क्षेत्र में चल रहे। विकास कार्यो का स्थलीय निरीक्षण किया तथा लोगों की समस्याएं सुनी। इसके बाद ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय पर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। उन्होने कहा कि सांसद सोनिया गांधी ने रायबरेली में जो विकास कार्य किए हैं वह मील के पत्थर है। रायबरेली के विकास कार्यों में भाजपा ने रोड़ा अटकाने का काम किया है।

भाजपा और विकास एक दूसरे के विरोधी हैं। वही इलेक्टोराल बांड के जरिए भाजपा ने खुली लूट की है। उन्होंने कहा कि रामगढ़ और भीख ड्रेन जो किसानों के लिए अभिशाप बनी है उसकी खुदाई के लिए अधिकारियों को पत्र लिखा गया है। आने वाले समय में इस पर प्रगति होगी।

उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि आने वाले समय में कांग्रेस को मजबूत करना है और हर बूथ तक कांग्रेस के मजबूत इकाई खड़ी करनी है। उन्होंने कहा कि आने वाले दो वर्षों में जगतपुर जिला पंचायत क्षेत्र का आदर्श जिला पंचायत क्षेत्र में बन करके उभरेगा यही उनका प्रयास है। इस अवसर पर राजीव दीक्षित, अंशु दीक्षित, अजय मौर्या, मनोज मौर्य, जितेंद्र सिंह, विश्वनाथ त्रिवेदी, रमेश कुमार पटेल, मोहम्मद अजीज, राजकुमार पाल व ब्लॉक अध्यक्ष ओमप्रकाश त्रिपाठी आदि लोग रहे।


भ्रमण के दौरान मौजूद कांग्रेस पदाधिकारी। अमृत विचार

VARUN ARJUN UNIVERSITY
N.H.-24, Banthra, Shahjahanpur
Pharmacy PCI Approved
D.Pharm/B.Pharm
VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL
VAMCRH
SHAHJAHANPUR
Excellence towards profession
We focus on interdisciplinary research though collaboration with industry, medical college & develop students for future endeavors in healthcare We educate student to serve society by take care of challenges Pharmaceutical industry. We prepare our students for various competitions like exit Exam. Experienced and dedicated faculties are the hallmarks of our institute, who are continuously helping student in publishing research & obtaining patent.
Admission Open
2024-25
100% Placement
Admission Helpline:9455113105

Website:-www.varunarjunmedicalcollege.com, Email ID: varunarjun trust@gmail.com



**छठवां रोजा**

सहरी : 04 .58 बजे, सोमवार

इफ्तार : 06 .19 बजे, रविवार

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# मतदान टीमों के साथ लगातार संपर्क में रहें सेक्टर मजिस्ट्रेट

## रसखान प्रेक्षागृह में जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों का प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ संपन्न

हरदोई

**अमृत विचार।** सभी अधिकारी चुनाव के अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन सुनिश्चित करें। सेक्टर मजिस्ट्रेट मतदान टीमों के साथ निरंतर संपर्क में रहें। शनिवार को रसखान प्रेक्षागृह में आयोजित जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों के प्रशिक्षण में उक्त बात जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने कही।

उन्होंने कहा कि सेक्टर मजिस्ट्रेट यह भी सुनिश्चित करें कि बीएलओ ने 12डी फॉर्म वितरित कर दिया है। चुनाव दिवस की प्रक्रिया की चर्चा के दौरान उन्होंने बताया कि मॉक पोल तक केवल वही मशीन बदली जाएगी जो ख़राब होगी। वास्तविक मतदान के दौरान यदि बीयू या सीयू ख़राब है तो पूरा सेट बदला जायेगा। यदि वीवीपैट ख़राब है तो केवल वीवीपैट बदला जायेगा। यदि वीवीपैट ख़राब है तो केवल वीवीपैट बदला जायेगा। चुनाव के दौरान प्रत्येक दो घंटे में एमपीएस ऐप पर सूचनाएं भरी जानी हैं। मतदान प्रारम्भ होने की सूचना इसी ऐप के माध्यम से दी जानी है। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट निर्वाचन से जुड़े सम्बंधित अधिकारियों का नंबर अपने पास रखें। अपरिहार्य परिस्थितियों को छोड़कर कोई भी अधिकारी अवकाश पर नहीं जायेगा। पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी ने कहा कि सेक्टर पुलिस अधिकारी सेक्टर मजिस्ट्रेट का सहयोग करें। दोनों अधिकारी एक साथ भ्रमण करें। दोनों अधिकारी ईवीएम जमा होने तक साथ अवश्य रहें। सुरक्षा में कोई चूक क्षम्य नहीं होगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह व सभी सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों को प्रशिक्षण देते डीएम एमपी सिंह। अमृत विचार

### जिले में आचार संहिता व धारा 144 लागू

**हरदोई, अमृत विचार।** जिले चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है। जिसकी चर्चा करते हुए जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने कहा कि आचार संहिता के दौरान कोई भी राजनीतिक कार्यक्रम बिना अनुमति के नहीं होगा। प्रचार के दौरान किसी व्यक्ति की अनुमति के बिना उसके मकान या भूमि पर कोई झंडा, बैनर या पोस्टर नहीं लगाया जायेगा। धारा 144 का उल्लंघन करने पर संगत धारा में मुकदमा दर्ज किया जायेगा। किसी राजनीतिक दल द्वारा अन्य दल के उम्मीदवारों का पुतला नहीं जलाया जायेगा। आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में त्वरित कार्रवाई की जाये। मतदान के दिन बूथ के अंदर किसी अधिकृत व्यक्ति का प्रवेश वर्जित होगा। सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने बूथों के सम्बन्ध में सम्पूर्ण जानकारी रखें। मतदेय स्थलों में मानक के अनुरूप सुविधाओं की जांच कर सूचना निर्धारित प्रारूप पर भरकर अगले तीन दिन में प्रेषित की जाये। मतदान पार्टियों की रवानगी स्थल के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि हरदोई लोकसभा के लिए सीएसएन कॉलेज व मिश्रिख लोकसभा के लिए आईटीआई परिसर निर्धारित किया गया है।

### दायित्वों के निर्वहन में कोई लापरवाही क्षम्य नहीं होगी

रसखान प्रेक्षागृह में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने एफएसटी व एसएसटी टीमों से संवाद किया। कहा कि टीमों के सम्बंधित अधिकारी एक-दूसरे से भली भांति परिचित हो लें। आचार संहिता लागू होते ही एफएसटी टीमे सक्रिय हो जाएं। दायित्वों के निर्वहन में कोई लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। एसएसटी टीमे अपनी पाली में समय पर ड्यूटी पर पहुंचें। व्हाट्सऐप ग्रुप पर लगातार सक्रिय रहें। निर्वाचन से जुड़े महत्वपूर्ण अधिकारियों के मोबाइल नंबर अपने पास रखें। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जाये। दायित्वों के निर्वहन में पूरी सतर्कता रखी जाये। एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी ने कहा कि एफएसटी टीमों में लगे पुलिस अधिकारी रिलीवर के आने पर ही अपना कार्यस्थल छोड़ें।




रैली निकाल कर मतदाताओं को जागरूक करते सीएचसी के डॉक्टर व कर्मचारी।

### सीएचसी से निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** मतदान के महापर्व में सीएचसी प्रभारी के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। जिसमें डाक्टर सहित सभी कर्मचारियों ने भाग लिया। शनिवार को सीएचसी में प्रभारी डा. प्रवीण दीक्षित के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करते हुए स्वास्थ्य केंद्र से रैली का शुभारंभ हुआ। कस्बे के मुख्य मार्गों से होते हुए रैली का समापन भी सीएचसी पर ही किया गया। प्रभारी डा. दीक्षित ने बताया मतदान महापर्व है सभी को मतदान अवश्य करना चाहिए। रैली के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सीएचसी के सभी डाक्टर, फार्मासिस्ट, एएनएम, आशा कार्यकर्ती और सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### संडीला की विधानसभा संचालन समिति की बैठक

**संडीला, हरदोई, अमृत विचार।** केंद्रीय चुनाव कार्यालय संडीला नगर स्थित एक मैरिज हॉल हरदोई रोड पर लोकसभा 32 मिश्रिख की विधानसभा, 161 संडीला की विधानसभा संचालन समिति की कार्यालय पर बैठक हुई। जिसमें मुख्य रूप से लोकसभा संयोजक अशोक सिंह, लोकसभा सहसंयोजक अतुल तिवारी, विधानसभा विस्तारक शशांक तिवारी, अरविंद शुक्ला सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## एक नजर

### विद्यालय में प्रवेश को लेकर तिथियों में आंशिक संशोधन

**हरदोई।** जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा जनपद में संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय कछौना एवं जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय चठिया धनवार शाहाबाद में शैक्षिक सत्र 2024-25 में कक्षा 6, 7, 8 व 9 में पूर्व लिखित परीक्षा कार्यक्रम में शासन द्वारा आंशिक संशोधन करते हुये आवेदन पत्र प्राप्त करने की अन्तिम तिथि एवं प्रवेश परीक्षा की तिथियों में परिवर्तन किया गया है। उन्होंने बताया कि आवेदन प्राप्त करने की अन्तिम तिथि 18 मार्च एवं प्रवेश परीक्षा आयोजन की तिथि 28 मार्च निर्धारित की गई है।

### एसपी ने सुनील शर्मा को बनाया सीओ बिलग्राम

**हरदोई, अमृत विचार।** एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी ने कानून व्यवस्था को और दुरुस्त करने के इरादे से सीओ ऑफिस सुनील कुमार शर्मा और सीओ बिलग्राम सत्येंद्र सिंह को इधर से उधर किया है। एसपी ने सीओ ऑफिस के अलावा रिट सेल, नारकोटिक्स सेल, अपराध शाखा, अभियोजन, एएचटीयू, जनसूचना सेल, किशोर इकाई, मॉनिटरिंग सेल और सम्मन सेल की ज़िम्मेदारी संभाल रहे सुनील कुमार शर्मा को सीओ बिलग्राम ( बिलग्राम, साण्डी, माधौगंज, मल्लावां) बनाया है, जबकि सीओ बिलग्राम सत्येंद्र सिंह अब सीओ ऑफिस रहते हुए रिट सेल, नारकोटिक्स सेल, अपराध शाखा, अभियोजन, एएचटीयू, जनसूचना सेल, किशोर इकाई, मॉनिटरिंग सेल और सम्मन सेल की ज़िम्मेदारी संभालेंगे।

### त्रैमासिक अधिवेशन आज

**हरदोई, अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति की ओर से रविवार को त्रैमासिक अधिवेशन सनातन धर्म इंटर कालेज के सभागार में दो बजे से शुरू होगा। यह जानकारी समिति के महामंत्री डा. ईश्वर चंद्र वर्मा ने दी।

### इलेक्ट्रिक बस का पुनः शुरू हुआ संचालन

**संडीला, हरदोई, अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव का बिगुल बजते ही भाजपा से मिश्रिख सांसद अशोक रावत ने इलेक्ट्रिक बस विभाग के निदेशक को पत्र भेज कर इलेक्ट्रिक बसें चलाने की मांग की थी। शुक्रवार से पुनः बसों का संचालन शुरू कर दिया गया था। संडीला विधायक अलका सिंह अर्कवंशी ने भी परिवहन मंत्री से मुलाकात कर इलेक्ट्रिक बसों को संचालित करने की बात कही थी। राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण कार्य के चलते इलेक्ट्रिक बसों का संचालन बंद कर दिया गया था। इलेक्ट्रिक बसों के चलने से संडीला नगर की आम जनता एवं व्यापारियों को बड़ी राहत मिली है। संडीला में चार्जिंग पॉइंट न होने से बसों का संचालन भी रोक दिया गया था, परंतु अब पुनः चालू करने से बड़ी राहत मिली है।

# आचार संहिता लगते ही हटवाए होर्डिंग, बैनर व पोस्टर

हरदोई

**अमृत विचार।** शनिवार की शाम को जैसे ही चुनाव आयोग ने चुनावों की तारीख घोषित करते ही आचार सहिंता का पालन कराने को लेकर नगर पालिका प्रशासन ने कर्मचारियों के माध्यम से राजनैतिक होल्डिंग बैनर उतरवा दिए। शाहाबाद संवाददाता के अनुसार चुनाव आयोग द्वारा चुनावों की घोषणा करने के बाद आदर्श आचार संहिता के अनुपालन में प्रशासन ने नगर के प्रमुख मार्गों और चौराहों, तिराहों से होर्डिंग्स उतारना प्रारंभ कर दिया है। तीन बजे जैसे ही चुनावी बिल्कुल बजा और आदर्श आचार संहिता लागू होने की घोषणा की गई, वैसे ही नगर पालिका प्रशासन की पहले से तैयार गाड़ियां होर्डिंग उतारने के लिए निकल पड़ी। नगर पालिका परिषद के कर्मचारियों की टीमों ने तहसील मुख्यालय, ब्लॉक मुख्यालय, बस स्टैंड, अल्लाहपुर तिराहा, बासित नगर चौराहा, महुआ टोला चुंगी, कटा तिराहा सहित तमाम स्थान पर विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा लगाई गई प्रचार प्रसार की होर्डिंग उतार ली गई। कुछ राजनीतिक लोगों ने अपनी होर्डिंग्स पहले से ही उतारना प्रारंभ कर दिया था। अधिशासी अधिकारी आरआर अंबेश ने बताया कि होर्डिंग उतारने का कार्य अभी चलता रहेगा। आदर्श आचार संहिता अनुपालन के अंतर्गत यह कार्य किया जा रहा है। संडीला संवाददाता के अनुसार आचार संहिता लगने और चुनाव की तारीखें घोषित होने के साथ ही प्रशासनिक अमला हरकत में आ गया।







चुनाव आचार संहिता लागू होने पर शनिवार को राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों की होर्डिंग्स व बैनर उतारते नगर पालिका के कर्मचारी। अमृत विचार

### पुलिस बल के साथ चलाया गया अभियान

संडीला एसडीएम तान्या सिंह, नगर पालिका की अधिशासी अधिकारी विजेता गुप्ता, पुलिस बल के साथ शनिवार को सार्वजनिक स्थानों से होर्डिंग्स, बैनर, पोस्टर आदि प्रचार सामग्रियों को हटवाना शुरू कर दिया। बस स्टॉप , इमलिया बाग चौराहा, मुख्य मार्ग, छोटा चौराहा, आदि जगहों पर अभियान चलाया गया। सरकारी कार्यालयों पर सरकार की उपलब्धियां बताने वाले कई बड़े-बड़े होर्डिंग्स भी उतार दिए गए। मल्लावां संवाददाता के अनुसार शनिवार को चुनाव की तारीख घोषित होते ही नगर पालिका प्रशासन ने कर्मचारियों के माध्यम से राजनैतिक होल्डिंग बैनर उतरवा दिए, जबकि अधिकांश राजनैतिक पार्टियों के लोगों ने आचार सहिंता लगने से पूर्व ही होल्डिंग उतरवा लिए थे, जो भी बचे खुचे लगे थे उन्हें पालिका की ओर से हटवा दिए गए। कोतवाल निर्भय सिंह ने बताया कि आचार सहिंता का कड़ाई से पालन कराया जाएगा।



बीएसएफ जवानों के साथ फ्लैग मार्च करते डीएम-एसपी। अमृत विचार

# बिना डरे, निष्पक्ष होकर करें मतदान

हरदोई

**अमृत विचार।** चुनाव आयोग ने 18 वीं लोकसभा के चुनाव का एलान कर दिया। हरदोई और मिश्रिख लोकसभा के लिए चौथे चरण में 13 मई को वोट डाले जाएंगे। चुनाव में सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। इसके लिए पुलिस के साथ बीएसएफ के जवानों को अलर्ट कर दिया गया है। शनिवार को डीएम एमपी सिंह और एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी के साथ बीएसएफ के जवानों ने शहर में फ्लैग मार्च किया। मतदाताओं को संदेश दिया गया कि बिना डरे और लोकतंत्र के हित में निष्पक्ष होकर मतदान करें।

आयोग के मुताबिक हरदोई व मिश्रिख लोकसभा के लिए चौथा चरण यानी 13 मई को वोट पड़ेंगे और चार जून को नतीजे आएंगे। लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान होते ही पुलिस सख्त नजर आने लगी है। एडिशनल एसपी पश्चिमी मार्तण्ड प्रकाश सिंह ने जगदीशपुर चौराहे पर पहुचकर पैदल गश्त करके सुरक्षा का अहसास कराया। भीड़भाड़ वाली जगहों पर मिले संदिग्धों से पूछताछ कर चेतावनी दी। मातहतों को निर्देश दिया कि शाम के समय निश्चित रूप से पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद बनाएं। त्यौहारों को लेकर अतिरिक्त सतर्कता बरती जाए, ताकि अराजक तत्वों पर शिकंजा कसा जा सके।

### कांग्रेस का कथनी में नहीं बल्कि करनी में रहा है विश्वास : महताब

**संडीला, हरदोई, अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य महताब अहमद ने कहा कि कांग्रेस पार्टी कथनी में नहीं करनी में विश्वास करती है। झूठे वादे और जुमले नहीं होते हमारे नेता राहुल गांधी किसानों के लिए किसान न्याय, युवाओं के लिए युवा न्याय की घोषणा के बाद नारी न्याय में अपने पांच वादों का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कांग्रेस पार्टी ने नारी न्याय के तहत देश की महिलाओं को पांच वादों की गारंटी दी है । उन्होंने यह भी कहा कांग्रेस ने सदैव इस देश की रक्षा की है कांग्रेस ने सदैव गरीबों मजलूमों की सेवा की है।

कार्यक्रम | विधायक ने बच्चों को बांटा उनकी परीक्षा का फल

# पढ़ाई के साथ अच्छे संस्कार जरूरी

पिहानी, हरदोई

**अमृत विचार।** बच्चे देश का भविष्य हैं, उन्हे अच्छे संस्कार, अच्छी पढ़ाई और खेलकूद के लिए अच्छा वातावरण मिले तो वही बच्चे बड़े हो कर एक मज़बूत राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं। अभिभावक भले ही पढ़े-लिखे न हों लेकिन अपने बच्चों को पढ़ा-लिखा कर उन्हे डीएम-एसपी बना सकते है।

ऐसी नसीहत वाली बातें विधायक श्याम प्रकाश ने शनिवार को कस्बे के एक स्कूल में परीक्षाफल वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर कही। कहा कि शिक्षा अनमोल धन है, शिक्षित ही अपने परिवार और समाज के प्रति कर्तव्यों का सही तरीके से निर्वाह कर पाता है। डा.उस्मान खान ने कहा कि माता-पिता को अपने बच्चों को अच्छी से अच्छी शिक्षा हासिल कराने के लिए काम करना चाहिए। कड़ी मेहनत से बड़ी से बड़ी मंज़िल मिल जाती है। स्कूल प्रबन्धक अवधेश रस्तोगी ने अतिथियों का आभार जताया।




छात्रा को पुरस्कृत करते विधायक श्याम प्रकाश। अमृत विचार

VAMCRH SHAHJAHANPUR Excellence towards profession

# वरुण अर्जुन मेडिकल कालेज एवं रोहिलखंड हास्पिटल

एन.-एच. 24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर फोन : 05842-276501, 7521001988, 7521001989




**मेडिसिन विभाग :-** सामान्य रोग के समस्त गंभीर रोगियों का इलाज व भर्ती सुविधा विशेषज्ञ डाक्टरों की देख-रेख में की जाती है। टी.एम.टी. (TMT), ईको (ECHO), होल्टर (HOLTER), की जाँच, एम.आई.सी.यू. (MICU) की सुविधा 24 घंटे विशेषज्ञ द्वारा उचित दरों में उपलब्ध है।

**सर्जरी विभाग :-** पित्त की पथरी, हर्निया, हाइड्रोसिल, बवासीर, भगन्दर, आँत का फटना, अपेन्डिक्स आदि रोगों का समुचित उपचार व ऑपरेशन की सुविधा। पेशाब में रूकावट, खून आना, दूधिया पेशाब आना, गुर्दे एवं पेशाब संबंधित रोगों का परामर्श इलाज एवं दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। आंतो के ऊपरी भाग व निचला भाग,बड़ी आंत व गुदा की जाँच दूरबीन द्वारा व ICU की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।

**स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग :-** बच्चे दानी में गांठ, बच्चेदानी का बाहर आना, माहवारी की समस्या, बार-बार गर्भपात होना तथा महिलाओं में बांझपन के इलाज की सुविधा, पेप स्मेयर की जाँच, कैंसर की जाँच, दूरबीन विधि द्वारा आपरेशन व सीजेरियन एवं नार्मल डिलीवरी की सुविधा एवं आई.सी.यू. (ICU) की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।

**बाल रोग विभाग :-** बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं PICU की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध। नियोनेटल वेंटीलेटर की सुविधा, फोटो थैरेपी, एक्सचेंज, ट्रान्सफ्युजन, सरफेक्टेंट थैरेपी, सी-पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध हैं। बच्चों में खून की कमी, मिर्गी पीलिया, वजन कम होना, खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा। बच्चों के लिए निःशुल्क टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध है, बच्चों के ऑपरेशन की सुविधा।

**कैंसर विभाग :-** स्तन कैंसर का ऑपरेशन Breast Conservation एवं Sentinel Node तकनीक के द्वारा। मुंह का कैंसर, जीभ का कैंसर, थायरॉइड कैंसर, गले का कैंसर, पेट का कैंसर, आंतों का कैंसर, लिंग का कैंसर, किडनी का कैंसर, फेफड़े का कैंसर, पित्ताशय का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर, पैनक्रियाज का कैंसर, चमड़ी का कैंसर, हड्डी का कैंसर का इलाज की सुविधा।

**नेत्र रोग विभाग :-** काला मोतिया की जाँच व इलाज, कार्निया की बीमारी का इलाज, आँख के पर्दे की जाँच व इलाज, मोतियाबिन्द के ऑपरेशन MSICS तथा फेको विधि द्वारा, भैगापन, नासूर, नाखूना आदि का इलाज व ऑपरेशन की सुविधा, कम्प्यूटर (Auto Refraction) द्वारा चश्में के नम्बर व प्रमाणीकरण व जाँच की सुविधा सस्ते दरो पर उपलब्ध है। आप्थेल्मोस्कोप द्वारा आँख के पर्दे की जाँच, जर्मन माईक्रोस्कोप द्वारा आँख के आपरेशन की सुविधा। आँख में किसी भी प्रकार की चोट का इलाज और बच्चों की आँखो की बीमारियों का सभी प्रकार का इलाज। मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाना मुफ्त।

**हड्डी रोग विभाग :-** स्पाइन सर्जरी, ट्रामा सर्जरी, घुटने के जोड़ का प्रत्यारोपण, पोलियों का ऑपरेशन, बच्चों के पैरों के टेढ़ापन का ऑपरेशन, आर्थोस्कोपी, गठिया, जोड़ों का दर्द, कमर दर्द, गर्दन दर्द आदि रोगों का इलाज सस्ते दामों पर, फिजियोथैरेपी की सुविधा।

**मानसिक रोग विभाग :-** उत्तर प्रदेश में पहली बार Portable TDCS (Transcranial direct current stimulation) थैरेपी की सुविधा। ई.ई.जी (E.E.G.), ई.एम.जी. (E.M.G.) एवं ई.सी.टी. (ECT) की सुविधा साइकोथैरेपी की सुविधा, साइकोलोजिकल टेस्टिंग, IQ टेस्ट, की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। याददाश्त कम होना, भूख न लगना, नींद न आना, डर लगना, बेचैनी, घबराहट, मानसिक दौरे पड़ना, सिर में दर्द एवं तनाव आदि का समुचित उपचार।

**चर्म रोग विभाग :-** सफेद दाग, सोराइसिस का इलाज फोटोथैरेपी (PUVA Chamber) के द्वारा व अधिक पसीना आने का इलाज, Megasurg-gold द्वारा मस्से व तिल का इलाज एवं Microdermabrasion के द्वारा झुर्रियों एवं त्वचा के गड्ढों का इलाज, दाद खाज खुजली, मुहाँसे, कुष्ठ रोग, स्किन एलर्जी, हाथ पैर फटना, बालों का झड़ना, रूसी व डैंड्रफ आदि के इलाज की सुविधा विशेषज्ञ डॉक्टरों के द्वारा सस्ते दरों पर उपलब्ध।

**नाक कान एवं गला रोग विभाग :-** कान के पर्दे में छेद होना, कम सुनाई देना, नाक की हड्डी बढ़ना, नाखूना, घेंघा, नाक की हड्डी का टेढ़ा होना, टांसिल बढ़ना आदि रोगों का उपचार व आपरेशन सुविधा दूरबीन द्वारा गले के अन्दर की जाँच, इंपीडेस आडियोमेट्री, प्योरटोन आडियोमेट्री, सुनने की जाँच व मशीन लगाने की सुविधा उपलब्ध है।

**छाती व श्वास रोग :-** छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, बलगम आना, बलगम में खून आना, फेंफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. (PFT), बाई-पैप (BIPAP), सी-पैप (CPAP), सी.बी-नैट (CBNAAT) की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।

**डायलिसिस विभाग :-** डायलिसिस की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।

**ब्लड बैंक: -** ब्लड बैंक की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध है।

**डेंटल विभाग :-** समस्त प्रकार के दांतों के रोगों का इलाज।

**न्यूरो सर्जरी विभाग -** सर व दिमाग की चोट, ब्रेन हैमरेज, ब्रेन टयूमर , स्ट्रोक, लकवा, माइग्रेन, दिमागी टी.बी., मिर्गी के दौरे, रीढ़ की हड्डी में दर्द अथवा टी.बी., स्लिप डिस्क, सियाटिका,दिमाग में पानी या खून का थक्का जमना, कमर व गर्दन में दर्द, चलने में लड़खड़ाहट कमर की नस दबना, इत्यादि रोगों का समुचित परामर्श एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध व इमरजेंसी न्यूरोसर्जरी ( सर/दिमाग की चोटें) आई सी यू की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध।

**प्लास्टिक सर्जरी विभाग -** जन्मजात कटे-फटे होठ, तालू, मुँह व पैदाइशी निशान, जबड़े की हड्डियों के फ्रैक्चर व चेहरे की फटी चमड़ी, जन्मजात विकृत जननांग व विकृत सिर, जन्मजात कान, नाक का टेढ़ापन या विकृत, हाथों व पैरों की चिपकी उंगुलियां, जलने या दुर्घटना में कटे फटे निशान, चेहरे के दाग धब्बों आदि की कास्मेटिक सर्जरी आदि।

**स्किन विभाग -** लेजर द्वारा अनचाहे बालों को हटाना।

**उपलब्ध सुविधायें:-**

★ अत्याधुनिक 1.5 Tesla MRI मशीन द्वारा MRI Brain, MRI Knee Joint, MRI Spine आदि ★ 32 Slice-CT स्कैन मशीन द्वारा CT Head, सी.टी. स्कैन स्पाइन एवं सीटी चैस्ट। आदि ★ डायलेसिस की सुविधा ★ डिजीटल एक्सरे ★ Mammography ★ कान की जाँच (Audiometry), बैरा (BERA), इंपीडेंस (Impedance) ★ हृदय की जाँच, ECHO,TMT ★ पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट (PFT) ★ अल्ट्रासाउण्ड★ आँख की जाँच पेरीमेट्री, टोनोमेट्री/रिफरेक्शन । ★ दुरबिन विधी द्वारा सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध

**परिवार स्वाथ्य कार्ड की सुविधा 200/- रु में एक साल के लिए उपलब्ध**

**मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाने के साथ मुफ्त।**

## एक नजर

### ई-रिक्शा चालक को पीटा

**हरियावां, हरदोई।** उत्तर प्रदेश जनपद हरदोई के थाना हरियावां के अंतर्गत में 15 मार्च को समय लगभग पांच बजे पीड़ित अनंत राम गुप्ता ई-रिक्शा चालक हरियावां से मोरवां के लिए सवारी ले जा रहा था। विपक्षी देशराज पुत्र रामस्वरूप ग्राम हिंगुआपुर में जाकर ई-रिक्शा चालक को जमकर पीटा। पीड़ित अनन्तराम गुप्ता ने तहरीर थाने पर दी, फिर मुकदमा दर्ज हुआ, लेकिन अभी तक थाने कोई गिरफ्तारी नहीं हुई।

### सोलर लाइट की बैटरी चोरी

**मल्लावां, हरदोई।** नयागांव चौराहे पर बाजार में लगी सोलर लाइट की बैटरी चोर चोरी कर ले गए। घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। शुक्रवार की रात को नयागांव चौराहे पर लगी सोलर लाइट की बैटरी रात में अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। सोलर लाइट के पड़ोस की दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में चोरी करने का वीडियो कैद हो गया। फुटेज में दो युवक चोरी करते हुए दिखाई दे रहे है। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। खास बात यह है कि चौराहे पर ही पुलिस पिकेट लगती है।

### महिला का लटका मिला शव, पति पर आरोप

**हरदोई, अमृत विचार।** महिला का कमरे के अंदर पंखे से लटकता हुआ देखा गया। महिला के भाई का आरोप है कि बहनोई उसकी बहन को आए दिन मारता-पीटता था। आरोप है कि उसी ने हत्या कर शव को फांसी पर लटका दिया। कोतवाली देहात के प्रगतिनगर निवासी राजेश उर्फ पंकज की 35 वर्षीय पत्नी अनुराधा का शव शनिवार को कमरे के अंदर पंखे से फांसी पर लटका मिला। अनुराधा की शादी करीब 12 साल पहले हुई थी।

### बाइक सवार व्यापारी की ट्रक की टक्कर से मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** होली के लिए आलू की खरीदारी कर बाइक से घर जा रहे युवक को पसनेर गांव के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी वहीं पर मौत हो गई। बिलग्राम कोतवाली के आलापुर निवासी रामसेवक (45) खेती-किसानी करता था। वह शनिवार को आलू खरीदने बिलग्राम की बाज़ार पहुंचा और आलू की बोरी खरीद कर उसे बाइक पर लेकर घर जा रहा था। उसी बीच रास्ते में पसनेर गांव के पास तेज़ रफ्तार ट्रक ने उसे टक्कर मार दी।

# निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान कराना रहेगी प्राथमिकता

## लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान होते ही डीएम और एसपी ने प्रेस वार्ता कर दी जानकारी

हरदोई



पत्रकार वार्ता में निर्वाचन संबंधी तैयारियों की जानकारी देते जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** आचार संहिता लागू होने के बाद जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह व पुलिस अधीक्षक केसी गोस्वामी ने कलेक्ट्रेट सभागार में प्रेसवार्ता का आयोजन किया। जिसमें दोनों अधिकारियों ने निष्पक्ष व शांतिपूर्ण चुनाव कराने की बात कही। आचार संहिता का किसी भी प्रकार से उल्लंघन करने वाले के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की बात दोनों अधिकारियों ने कही।

जिलाधिकारी ने कहा कि आयोग की मंशानुसार शांतिपूर्ण व निष्पक्ष चुनाव कराने की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। पूरे जिले को 33 जोन व 201 सेक्टर में बांटा गया है। 2140 मतदान केंद्रों पर 3328 मतदेय स्थल पर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। संवेदनशील व अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों का चिन्हीकरण कर लिया गया है। चुनाव प्रक्रिया पर निगरानी रखने के लिए कंट्रोल रूम की स्थापना कर दी गई है। कर्मचारियों को जीडीसी में प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण देने के लिए मास्टर ट्रेनर तैयार किए जा चुके हैं। 28 स्थानों पर नाके बनाए गए हैं, जहां एक मजिस्ट्रेट और एक पुलिस अधिकारी 24 घंटे तैनात रहेंगे। चुनाव में किसी प्रकार की शराब व नकदी के आवागमन पर विशेष निगाह रखी जाएगी। लाइसेंसी शस्त्रों को जमा कराया जाएगा। चुनाव प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गड़बड़ी करने वाला चाहे कोई भी हो, उसे बख्शा नहीं जाएगा। चुनाव की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। रविवार सुबह से ही उड़नदस्ते तैनात रहेंगे। कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए जगह-जगह जन जागरूकता की जा रही है। जिले में धारा 144 लगा दी गई है। 10 लाख से अधिक की नकदी ले जाने वालों संबंधित दस्तावेज दिखाने पड़ेंगे। पोलिंग पार्टियों को सीएसएन कालेज से रवाना किया जाएगा। मंडी में बने स्ट्रांग रूम में ईवीएम रखे जाएंगे। चुनाव के दौरान प्रशासन चप्पे-चप्पे पर निगाह रखेगा। किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। चुनाव पूरी तरह से निष्पक्ष व शांतिपूर्ण हो जिसके लिए इंतजाम कर लिए गए।

**गड़बड़ी करने वाले बच नहीं पाएंगे : एसपी**

प्रेसवार्ता के दौरान पुलिस अधीक्षक केसी गोस्वामी ने बताया कि सुरक्षा का व्यापक इंतजाम किया गया है। संबंधित क्षेत्र की पुलिस की तैनाती दूसरे क्षेत्र में की जाएगी। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। संवेदनशील व अतिसंवेदनशील बूथों पर सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं। अराजकतत्वों को पाबंद किया जाएगा। चुनाव में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी फैलाने की कोशिश करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

**डीएम की अध्यक्षता में हुई नोडल अधिकारियों की बैठक**

कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में चुनाव से जुड़े सभी नोडल अधिकारियों की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि चुनाव के दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन सुनिश्चित किया जाये। कंट्रोल रूम को तत्काल क्रियाशील किया जाये। सीविजिल ऐप व दूरभाष पर प्राप्त शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई की जाये। एमसीएमसी कक्ष में टीवी आदि की व्यवस्था करा ली जाये। विधानसभावार वाहनों की व्यवस्था को सुनिश्चित कर लिया जाये। स्वीप की गतिविधियां अनवरत चलायी जाएं। आचार संहिता का कड़ाई से पालन कराया जाये। इसके साथ ही उन्होंने अन्य व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में चर्चा की। सीडीओ सौम्या गुरुरानी, नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## पुलिसकर्मियों की तैनाती में फेरबदल

**हरदोई, अमृत विचार।** एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी ने साइबर सेल में तैनात इंस्पेक्टर सुनील कुमार दुबे को साइबर सेल का प्रभारी बनाया है, जबकि सर्विलांस सेल और साइबर सेल के प्रभारी इंस्पेक्टर आशीष सिंह सर्विलांस सेल की ज़िम्मेदारी संभालेंगे। इसी तरह पुलिस लाइन में तैनात सब इंस्पेक्टर जोगेंद्र सिंह को यूपी-112 और पुलिस लाइन में ही तैनात सब इंस्पेक्टर सुरेश चन्द्र यादव को लोनार थाने में तैनात किया है। कासिमपुर थाने में तैनात हेड कांस्टेबिल बलराम सिंह व राम आसरे यादव को सण्डीला कोतवाली के लिए रवाना किया गया है। माधौगंज में तैनात कांस्टेबल वरुण कुमार, अरवल में तैनात कांस्टेबल दीपांशु और पुलिस लाइन के सुमित त्यागी को यूपी-112 में तैनात किया है। कांस्टेबल गगन को मल्लावां कोतवाली भेजा है। महिला कांस्टेबल अन्नू रानी को सवायजपुर से महिला थाना व नेहा शर्मा को पाली से कासिमपुर थाने भेजा है।

## दो पक्षों में हुई मारपीट पुलिस ने दर्ज किया केस

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पेढवां में दो पक्षों में मारपीट हुई। दोनों पक्षों से आधा दर्जन लोग घायल हुए हैं। दोनों पक्षों की ओर से रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद पुलिस ने डाक्टरी परीक्षण कराया है। क्षेत्र के ग्राम पेढवां निवासी शिवा मिश्रा पत्नी रोहित ने बताया शुक्रवार 15 मार्च की शाम विपक्षी राजमोहन पुत्र शिव कुमार ने अपनी पत्नी गुंजावती और पुत्र अनिकेत के साथ मिलकर उसके घर में घुस आए और लाठी डंडों से पूरे परिवार को मारा पीटा। घटना की लिखित सूचना पुलिस को दी गई है। दूसरे पक्ष की गुंजावती ने भी मारपीट का आरोप लगाते हुए प्रार्थना पत्र दिया है। एसएसआई अमित सिंह ने बताया दोनो पक्षों की ओर से प्रार्थना पत्र दिए गए हैं। दोनो की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# बोर्ड परीक्षा की कॉपियों का मूल्यांकन शुरू

हरदोई


शनिवार को ड्यूटी चार्ट देखते कॉपियों का मूल्यांकन करने वाले शिक्षक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिले में तीन केंद्रों पर मूल्यांकन कार्य शनिवार से शुरू हो गया। मूल्यांकन से पूर्व जिला विद्यालय निरीक्षक बाल मुकुंद ने परीक्षकों के साथ बैठक की। कहा कि शासन की मंशानुरूप शुचितापूर्ण निष्पक्ष मूल्यांकन कार्य किया जाए। मूल्यांकन की पूरी प्रक्रिया सीसीटीवी की निगरानी में रहेगी।

बोर्ड परीक्षाओं का मूल्यांकन नगर के आरआर कालेज, जीआईसी, वेणी माधव इंटर कालेज में शनिवार को प्रारंभ हुआ। मूल्यांकन से पूर्व जिला विद्यालय निरीक्षक बाल मुकंद ने परीक्षकों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन पूरी निष्पक्षता के साथ सुचारू रूप से किया जाए। मूल्यांकन की प्रक्रिया सीसीटीवी की निगरानी में रहेगी। मूल्यांकन की पूरी प्रक्रिया पर कंट्रोल रूम नजर रहेगा। मूल्यांकन के दौरान किसी भी प्रकार की शिकायत मिलने पर जांच के बाद गड़बड़ी करने वाले खिलाफ विधिक कार्यवाही की जाएगी। कोई भी मूल्यांकन कक्षों के अंदर मोबाइल लेकर नहीं जा सकेगा। किसी भी इलेक्ट्रानिक्स डिवाइस को ले जाने की अनुमति मूल्यांकन कक्षों में नहीं होगी। बताते चलें कि जिले में चार लाख 80 हजार 687 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जाएगा। मूल्यांकन के लिए 2316 परीक्षक लगाए गए हैं। मूल्यांकन की पूरी प्रक्रिया 31 मार्च तक चलेगी। मूल्यांकन केंद्रों के बाहर शिक्षकों के नाम व आवंटित कक्षों की संख्या चस्पा की गई, जिससे परीक्षकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## बालिका से छेड़छाड़ में तीन साल का कठोर कारावास

हरदोई

**अमृत विचार।** अपर सत्र न्यायाधीश सुनील कुमार सिंह ने बालिका से छेड़छाड़ के मामले में जुर्म साबित होने पर युवक को तीन साल की कड़ी कैद की सजा सुनाई है। साथ ही 3000 रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

शासकीय अधिवक्ता केजी त्रिपाठी ने बताया कि थाना बिलग्राम क्षेत्र के कस्बा के मोहल्ला सुलहाड़ा निवासी इलियास ने 13 जून 2018 को मोहल्ले की 8 वर्षीय बालिका के साथ अस्लील हरकत की। इस मामले की रिपोर्ट बालिका के पिता ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। न्यायाधीश ने अदालत के समक्ष पेश हुए सबूत और दलीलों को सुनकर आरोपित पर बालिका से छेड़छाड़ का जुर्म साबित पाया। जज ने बालिका को 20,000 की धनराशि क्षतिपूर्ति के तौर पर दिलाए जाने का आदेश दिया। कहा कि केंद्र सरकार या राज्य सरकार की ओर से चलाई जाने वाली योजनाओं के तहत यह धनराशि दिलाई जाए।

## ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से बाइक सवार की मौत

हरदोई

**अमृत विचार।** बाइक सवार दो दोस्त सवायजपुर जा रहे थे, रास्तें में ऑटो एजेंसी के पास ट्रैक्टर-ट्राली ने बाइक में मार दी। हादसे में एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरी गंभीर रूप से घायल हो गया।

शुक्रवार की शाम को सवायजपुर कोतवाली गौरखेड़ा निवासी 32 वर्षीय मुरारी पुत्र राम औतार अपने दोस्त मनोहर के साथ बाइक से सवायजपुर जा रहा था। लेकिन वहां पहुंचने से पहले ही ऑटो एजेंसी के पास तेज़ रफ्तार में आ रहे ट्रैक्टर-ट्राली ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी, हादसे में मुरारी और उसका दोस्त मनोहर दोनों ज़ख्मी हो गए। इसका पता होते ही दोनों के घर वाले वहां पहुंचे और उन्हे इलाज के लिए फर्रुखाबाद ले जाने लगे। उसी बीच मुरारी ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया, जबकि मनोहर का वहीं इलाज चल यहा है। मुरारी की शादी नहीं हुई थी। एक उससे बड़ा और चार उसके छोटे भाई है। हादसे की खबर सुनते ही मुरारी के घर कोहराम मचा हुआ है। शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस हादसे की जांच कर रही है।

# 124 में से 13 शिकायतों का निस्तारण

सण्डीला, हरदोई


फरियादियों की शिकायतें सुनतीं एसडीएम तान्या सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचार।** तहसील सण्डीला संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिनमें 124 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 13 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। ज्यादातर शिकायतें जमीन के विवाद से संबंधित प्राप्त हुईं, जिनके जल्द निस्तारण के लिए आश्वासन दिया गया है। उपजिलाधिकारी तान्या सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ।

उपजिलाधिकारी ने समस्त तहसील स्तरीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनता की शिकायतों एवं समस्याओं के निराकरण को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार एवं शासन गंभीर है। तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में जिन विभागों से संबंधित जनता की शिकायतें दर्ज हो रही हैं, सभी संबंधित अधिकारी गंभीरता के साथ तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करें। मौके पर जाकर संबंधित शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित कराएं ताकि संबंधित पोर्टल पर शिकायतों को आनलाइन किया जा सके।

उन्होंने यह भी कहा कि शिकायतकर्ता को भी संबंधित विभागीय अधिकारियों द्वारा निस्तारण के दौरान उपस्थित रखा जाए ताकि सभी शिकायतों का निराकरण गुणवत्ता परक रूप से सुनिश्चित किया जा सके। जिलाधिकारी के न आने से फरियादी मायूस रहे। इस अवसर पर पुलिस उपाधीक्षक शिल्पा कुमारी, नायब तहसीलदार एवं समस्त तहसील स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।



**होली रे रसिया... गीत पर झूमीं छात्राएं**

**हरदोई, अमृत विचार।** आर्य कन्या महाविद्यालय में संगीत विभाग के परिषदीय कार्यक्रम तहत एक होली शीर्षक पर लोकनृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें संगीत विभाग की समस्त छात्राओं ने बढ़कर हिस्सा लिया। होली से संबंधित कई गीत आज बिरज में होली रे रसिया... आदि गीतों पर नृत्य की प्रस्तुति की। महाविद्यालय की प्राचार्य ने विजयी छात्राओं का नाम घोषित किया। इस कार्यक्रम में समस्त स्टाफ मौजूद रहा। संगीत विभाग का यह कार्यक्रम संगीत विभाग की प्राध्यापिका एकता जायसवाल के निर्देशन में संपन्न हुआ।

### पेंशनरों ने विभिन्न समस्याओं पर की चर्चा

**हरदोई, अमृत विचार।** सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन ने एक बैठक कर विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की। बैठक में एसोसिएशन को मजबूत करने के लिए तहसील स्तर पर गठन किया गया। जिसमें सदर तहसील के लिए बाबू सिंह व प्रभा सिंह को संयोजक व सह संयोजक बनाया गया। तहसील बिलग्राम में सुभाष चंद्र गुप्ता को संयोजक, संडीला में आरएस मौर्या को संयोजक व मेवा लाल को सहसंयोजक बनाया गया। इसी प्रकार अन्य पदाधिकारियों को भी जिम्मेदारियां सौंपी गई। बैठक में संयोजक एसपी सिंह व सह संयोजक एसके सिंह के अलावा कृष्ण कुमार द्विवेदी, एसके मिश्रा सहित अनेक पेंशनर्स मौजूद रहे।

## किशोरी ने कमरे में फांसी लगाई, जांच शुरू

हरदोई

**अमृत विचार।** किशोरी ने कमरा बंद कर वहां दुपट्टे से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। कमरें का दरवाज़ा तोड़ कर शव बाहर निकाला गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

हरपालपुर थाने के बढ़ैयनपुरवा निवासी विश्राम की 15 वर्षीय पुत्री कान्ति ने 9वीं तक पढ़ाई के बाद स्कूल छोड़ दिया था। पिता विश्राम ने बताया शुक्रवार की शाम को खाना खाने के बाद वह कमरें में सोने चली गई। शनिवार की सुबह काफी देर बाद जब उसके कमरें का दरवाज़ा नही खुला तो आवाज़ दी गई। लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला ताक झांक शुरु हो गई। अंदर देखा गया कि कान्ति का शव छत के कुंडे में दुपट्टे से लटक रहा था। दरवाज़ा तोड़ कर शव बाहर निकाल कर पुलिस ने उसका पोस्टमार्टम कराया है। किशोरी की आत्महत्या के पीछे परिजन कुछ बता नहीं पाये।

## लापता युवक का शव फंदे से लटकता मिला

हरदोई

**अमृत विचार।** घर से गायब हुए युवक का शव शनिवार की सुबह 24 घंटे बाद नहर किनारे फांसी पर लटका हुआ देखा गया। पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में उसकी जांच-पड़ताल शुरु कर दी है।

बताया गया है कि बघौली थाना के ज्वार पुरवा निवासी 22 वर्षीय संदीप पुत्र श्रीपाल मेहनत-मज़दूरी करता था। एक उससे बड़ा और तीन उसके छोटे भाई है। बड़े भाई पिंटू ने बताया की शुक्रवार की सुबह संदीप घर में था, करीब आठ बजे वह बगैर कुछ बताए घर से निकल गया था। देर शाम तक घर वापस नहीं लौटा तो उसकी तलाश की जाने लगी, लेकिन कुछ पता नहीं चला।

उसी बीच शनिवार की सुबह पड़ोसी गांव के पास से निकली नहर के किनारे पेड़ से उसका शव लटका हुआ देखा गया। इसका पता होते ही संदीप के घर में चीख-पुकार मच गई। इस बारे में पुलिस का कहना है कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है, उसकी रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

कार्यक्रम — बावन बीआरसी पर हुए पांच दिवसीय सेवारत प्रशिक्षण का समापन

# समावेशी शिक्षा पर शिक्षकों को दी जानकारी

हरदोई

**अमृत विचार।** समग्र शिक्षा (समावेशी शिक्षा) के तहत बीआरसी बावन में पांच दिवसीय सेवारत प्रशिक्षण का शुक्रवार को समापन हो गया। 11 मार्च से 15 मार्च (शुक्रवार) तक प्रार्थना वक्ष अभियान गीत के साथ प्रशिक्षण की शुरुआत हुई। जिसमें सभी नोडल शिक्षक-शिक्षिकाओं ने हिस्सा लिया। इस बीच उन्होंने संदर्भ दाताओं के पूछे गए सवालों का अच्छी तरह से जवाब दिया।

समग्र शिक्षा (समावेशी शिक्षा) के तहत हुए प्रशिक्षण में नोडल शिक्षकों के होम बेस्ड एजुकेशन स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में एक्सेसिबिलिटी समावेशी में आईसीटी के इस्तेमाल व डिसएबिलिटी और समावेशित शिक्षा के बारे कई और विषयों पर चर्चा की गई। बीईओ बावन आरके द्विवेदी ने कहा कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम-2009, राइट टू एजुकेशन एक्ट-2009 व विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चों को चिल्ड्रन विद स्पेशल नीड्स सहित सभी बच्चों को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा सुनिश्चित करता है। दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम-2016 शिक्षा का अधिकार अधिनियम-2009 के प्रावधानों का तात्पर्य है कि सभी दिव्यांग बच्चों की पहचान की जानी चाहिए। समावेशी शिक्षा की संकल्पना विशेष आवश्यकता वाले बच्चे दिव्यांगता का परिचय पर चर्चा करते हुए एसई (एचआई) शब्बन खान ने बताया है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 एवं दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम-2016 में दिव्यांगता के लिए मुख्य प्रावधान बताए गए हैं और यह भी बताया कि बच्चों की शारीरिक बैरियर्स की स्कैनिंग कैसे की जाएगी। उसके बारे में जानकारी दी। श्रवण दिव्यांगता, शीघ्र पहचान प्रकार, कारण, लक्षण, रोकथाम हियरिंग स्कैनिंग एवं सांकेतिक भाषा का उपयोग कैसे करेंगे दृष्टि दिव्यांगता प्रकार, कारण, रोकथाम एवं विजन स्क्रीनिंग बौद्धिक, दिव्यांगता कारण रोकथाम, शीघ्र पहचान विशेषताएं एवं मिथक तथ्य समस्यात्मक व्यवहार एवं प्रबंधन के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर समग्र शिक्षा (समावेशी शिक्षा) नोडल टीचर (समावेशी शिक्षा) के सेवारत प्रशिक्षण में सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

## क्लासीफाइड

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

सूचित हो कि मै विनोद कुमार पुत्र राम सरन, निवासी-रहरामऊ, नियामतपुर, जिला बाराबंकी यह कि मेरे 2 पुत्र तथा 2 पुत्री है जिसमे दीपक कुमार मेरा सबसे बड़ा बेटा है। मेरे पुत्र दीपक कुमार का चाल चलन ठीक न होने के कारण उसे अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर रहा हूँ। उसके द्वारा भविष्य में किये गए किसी भी कृत्य/कार्य के लिए मैं या मेरा परिवार उत्तरदायी / जिम्मेदार नहीं होगा।

**सूचना**

मैं अभिषेक कुमार तिवारी पुत्र सत्य प्रकाश तिवारी आज से अपना नाम बदल कर अभिषेक तिवारी रख रहा हूँ। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। – **अभिषेक कुमार तिवारी पुत्र सत्य प्रकाश तिवारी 538 का /565 त्रिवेणी नगर-2 अलहुदा विद्यालय के पास निराला नगर लखनऊ उ0प्र0 -226020**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैनें अपने पुत्र शहनवाज खां और उसकी पत्नी के गलत कृत्यों को लेकर सम्बंध विच्छेद कर लिया है। इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य से मेरा कोई लेना देना नहीं है। मैं अपनी चल-अचल सम्पत्ति से पुत्र शहनवाज खां एवं उसकी पत्नी नायदा को बेदखल करती हूं। **-मुरादी निशां पत्नी रजाउद्दीन, ग्राम-सलेमपुर डिहुवा, हथगाम, फतेहपुर**

**दिव्य कृपाल महाविद्यालय गोसवां मल्लावाँ हरदोई**

**में आवश्यकता है**

स्नातक सहा0 आचार्य समाज शास्त्र -01 पद, स्नातक रसायन विज्ञान -01 पद, स्नातक/परास्नातक वनस्पति विज्ञान -01 पद तथा स्नातक / परास्नातक भूगोल में-01 पद व परास्नातक हिन्दी -01 पद

**योग्यता व वेतन यूजीसी व ल0वि0वि0 मानक के अनुसार।**

**आवेदन –** divyakripalpgcollege@ gmail.com,पर भेजें

**प्रबन्धक श्री राकेश कुमार वर्मा मो-9919486606**

**शिव मूरत सिंह महाविद्यालय त्रिशुण्डी, भादर, अमेठी**

**आवश्यकता है**

**प्रवक्ता पद हेतु**

भूगोल 02 पद अर्थ शास्त्र 02पद

**वेतनमान व योग्यता- यूजीसी/उ0 प्र0 शासन/विश्व विद्यालय परिनियमावली अनुसार**

नोट-इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि से 21 दिनों के भीतर समस्त प्रमाण पत्रों की छाया प्रति एवं फोटो के साथ आवेदन करे।

**प्रबन्धक प्रबीन कुमार सिंह मो-9793367812**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि **गुडिया कनौजिया पुत्री ईश्वरदीन कनौजिया, निवासी- ग्राम पंचायत काजीपुर, थाना- नवाबगंज** का हाईस्कूल अनु.2458329, इंटरमीडिएट अनु.1904780 व छह सेमेस्टर का पालिटेक्निक अनु.2122093436037 यात्रा करते समय ट्रेन में गुम हो गया है।

**सूचना**

सूचित हो, कि मैं FOUZIYA पत्नी शेर अफगन निवासनी ग्राम बडनपूर पो. अलियावाद जि. बाराबंकी की हूँ। मैंने अपने नाम की Spelling FOUJIYA से बदलकर FOUZIYA रख लिया है, आज से मेरे नाम की spelling FOUZIYA ही लिखी जाए और इसी नाम से जाना व पहचाना जाए.

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **कविता पत्नी गुलशन कुमार, निवासिनी- म0नं0 414, वायु विहार, हरजेन्दर नगर, कानपुर नगर 208007**,मेरी हाई स्कूल व इण्टर की मार्कशीट में मेरा नाम कविता रानी अंकित है। जबकि मेरे आधार कार्ड में नाम कविता अंकित है। अतः मुझे कविता रानी के स्थान पर कविता के ही नाम से जाना व पहचाना जाय।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम हाईस्कूल के अंक पत्र,प्रमाण पत्र में बिनय कुमार (Binay kumar) पुत्र राम लखन सिंह (Ram lakhan Singh) लिखा हुआ है जब कि अन्य अभिलेखों में विनय कुमार वर्मा (Vinay kumar verma) पुत्र राम लखन वर्मा है। मुझे विनय कुमार वर्मा के नाम से ही जाना जाता है। अतः अब मुझे विनय कुमार वर्मा के नाम से ही जाना जाए। **विनय कुमार वर्मा पुत्र राम लखन वर्मा निवासी ग्राम चितवनिया, पोस्ट बैंती, थाना-शिवगढ़, जनपद रायबरेली**

**होटल कार्य हेतु**

मेदांता अस्पताल लखनऊ के अपोजिट साइड रेड एक्वायर कालोनी में 11 कमरे अच्छी कंडीशन में होटल कार्य हेतु, किराए पर खाली है, जिसमें एयरकंडीशन रूम, मेज टेबल, आलमीरा, कुर्सी, 10×12 व 10×14 के कमरे हैं, कंटीन भी है, किराए के इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।

**मोबाइल नम्बर- 9455261143**

**सूचना**

सर्वसाधारण को विदित हो कि मेरा हाईस्कूल का अंकपत्र, वर्ष 2007, अनुक्रमांक 1917304 कहीं खो गया है। अगर किसी को मिला हो तो इस पते पर भेजनें का कष्ट करें। **-शशांक शेखर अवस्थी पुत्र चन्द्र शेखर अवस्थी निवासी धन्नीपुरवा, नेवादा, थाना राम गांव, जनपद- बहराइच**



**रोजा**

**शिया**
सहरी : 4.43 बजे
इफ्तार : 6.29 बजे

**सुन्नी**
सहरी : 4.50 बजे
इफ्तार : 6.18 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# आदर्श आचार संहिता लागू होते ही उतरने लगे होर्डिंग-बैनर

**महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार।** चुनाव आयोग की ओर से लोकसभा चुनाव 2024 की तारीखों का ऐलान होने के साथ ही आदर्श आचार चुनाव संहिता भी लागू हो गई है। आचार संहिता लागू होते ही सरकारी तंत्र हरकत में आ गया है।

इसी क्रम में महमूदाबाद नगर में जगह-जगह लगे नेताओं और सियासी पार्टियों के प्रचार वाले होर्डिंग बैनर उतारे जाने लगे हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी अनुज सिंह के आदेश पर नगर पालिका परिषद पुलिस और तहसील प्रशासन की संयुक्त टीम ने नेताओं के होर्डिंग बैनर और पोस्ट उतारने का अभियान शुरू कर दिया है। नगर भर में प्रचार हेतु लगाई गई कई होर्डिंगें अधिसूचना जारी होते ही प्रशासन ने हटवानी शुरू कर दी है।



होर्डिंग-बैनर उतरवातीं एसडीएम शिखा शुक्ला व सीओ दिनेश शुक्ला। अमृत विचार

नगर के रामकुण्ड चौराहा, बस स्टॉप चौराहा, रामपुर मथुरा रोड, पैंतेपुर रोड, मोतीपुर चैराहा, सिधौली रेलवे क्रॉसिंग, बजाजा चौराहा, चिकमंडी, अमीरगंज, बिसवां रोड सहित कई अन्य जगहों से प्रशाशन ने बुलडोजर के साथ तमाम राजनीतिक प्रचार वाली होर्डिंगें हटवा दी। उपजिलाधिकारी शिखा शुक्ला व पुलिस क्षेत्राधिकारी दिनेश शुक्ला के नेतृत्व में कोतवाल अनिल सिंह, कस्बा इंचार्ज सहित नगर पालिका परिषद महमूदाबाद के अधिशाषी अधिकारी शैलेंद्र दुबे आदि अधिकारियों ने नगर पालिका के सफाई कर्मियों को लेकर पूरे नगर की राजनीतिक प्रचार वाली बहुत सी होर्डिंगें व पोस्टर हटवा दिए।

### चुनाव की तिथि घोषित होने के बाद प्रशासन सक्रिय

**रामपुर मथुरा।** चुनाव आचार संहिता लागू होते ही पुलिस ने क्षेत्र में सार्वजनिक स्थानों पर लगे विभिन्न पार्टियों के होर्डिंग बैनर हटवाए। चुनाव आयोग ने चुनाव कार्यक्रम की तिथियों की घोषणा होते ही प्रशासन चुनाव नियमावली का पालन करवाने में जुट गया है।

रामपुर मथुरा चौराहे समेत क्षेत्र भर में सार्वजनिक स्थानों, खंभों और दीवारों पर लगे होर्डिंग और बैनर आदि को शनिवार को चार बजे के बाद रामपुर मथुरा थानाध्यक्ष महेश चंद्र पांडे ने अपने पुलिस बल के साथ पैदल भ्रमण कर हटवाने का कार्य किया साथ में खंड विकास अधिकारी संदीप कुमार, एडीओ पंचायत ज्ञानेंद्र कुमार, सचिव विनोद यादव, लवकुश मौर्या, वरिष्ठ उपनिरीक्षक फूलचंद सरोज शामिल रहे।

## 4.84 करोड़ की परियोजना का किया शिलान्यास

**सेवता।** विकासखंड रेउसा इलाके के गांजर वासियों को लोक निर्माण विभाग ने बड़ी सौगात दी हैं। 4 करोड़ 84 लाख रूपये की लागत से बनने वाली परियोजना का शनिवार को सेवता विधायक ज्ञान तिवारी ने शिलान्यास कर नागरिकों को सौगात दी है। इस कार्यक्रम में विधायक ज्ञान तिवारी का भाजपा समर्थकों के द्वारा उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। बताते चलें कि रेउसा क्षेत्र के खुरवलिया-किशोरगंज जाने वाले मार्ग अत्यधिक जर्जर था और वहीं ग्राम पंचायत बरी गांव के निकट चैका नदी पर पुल न होने से आवागमन का एक मात्र साधन नाव था। विधायक की मांग पर इस पुल को बनाने के लोक निर्माण विभाग ने 4 करोड़ 84 लाख रूपये दी धनराशि की स्वीकृति कर दी हैं। इस मौके पर किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष लोकेश मिश्रा, कृष्ण कुमार त्रिवेदी, हरीश कुमार शुक्ल, नन्दराम गौतम प्रधान, रमेश चंद्र अवस्थी, राजाराम निषाद, रामेन्द्र तिवारी, संजीव मिश्रा आदि मौजूद रहे।

**एक नजर**

### विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी, दी तहरीर

**सिधौली।** थाना सिधौली अन्तर्गत ग्राम गड़ियापुर निवासी एक युवक ने गांव के ही एक व्यक्ति और उसके दो सहयोगियों पर उससे लाखों रूपये की ठगी कर ओमान भेजने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस को दिए गए प्रार्थनापत्र में पीड़ित मो0 दानिश अपने गांव के ही इनामुल्ला व उसके सहयोगी नासिर ने उसे ओमान भेजने के लिये किस्तों में कई किश्तों में लगभग एक लाख रूपया लिया और 9 अगस्त को उसे फ्लाइट से ओमान भेज दिया। ओमान में उसे कोई काम नहीं मिला बल्कि एक कमरे में बंद करके रखा गया। जब उसके वीजा की अवधि समाप्त हो गई तो उसे वहाँ के कर्मचारियों ने जंगली इलाके में छोड़ दिया। वहाँ से अपने ग्राम प्रधान को फोन करके वह किसी प्रकार वापस अपने देश आ सका। दानिश ने उसके विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

### प्रस्तावित कूड़ा स्थल का स्थान बदले जाने की मांग

**सिधौली।** ग्राम मनवा के निवासी शफीक और दर्जनों अन्य ग्रामीणों ने बताया कि उनके गांव में तमाम भूखण्ड खाली पड़े हैं परन्तु ग्राम प्रधान नवीन परती के रूप में दर्ज एक ऐसे भूखण्ड पर कूड़ा घर बनवाने पर आमादा है, जो कि बस्ती से नजदीक है। ग्रामीण चाहते हैं कि उक्त कूड़ाघर थोड़ी दूर बनाया जाए। शफीक ने बताया कि यह पुराना विवाद है कई माह पूर्व ग्रामीणों ने इस तरह की मांग की थी, तब उच्चाधिकारियों के हस्तक्षेप से काम रूक गया था। अब ग्राम प्रधान पुन: उसी स्थान पर निर्माण सामग्री गिरवा रहे है। ग्रामीणों ने तत्काल काम रुकवाने की मांग की है।

# सीतापुर में चौथे चरण में होगा मतदान

## पांचवें चरण में मोहनलालगंज में पड़ेंगे वोट, डीएम-एसपी ने बताए नियम

**सीतापुर, अमृत विचार।** चुनाव आयोग द्वारा चुनाव की तारीखों का ऐलान करने ही सरकारी मशीनों ने सड़क पर उतरकर होर्डिंग्स पोस्टर हटाने का काम कराया। चुनाव की तारीखों की घोषणा के बाद डीएम अनुज सिंह व पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा ने शनिवार देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में प्रेस वार्ता कर चुनाव आयोग के नियमों के बारे में जानकारी दी। प्रेस वार्ता में डीएम ने बताया कि जिले में चार लोक सभाएं आती है। जिनमें मात्र सीतापुर लोक सभा के प्रत्याशियों का नामांकन सीतापुर में होगा। धौरहरा का लखीमपुर, मिश्रिख का हरदोई व मोहनलाल गंज लोक सभा के प्रत्याशी लखनऊ में नामांकन करेगें। तारीखों का ऐलान होते ही पूरे देश में आचार संहिता प्रभावी रूप से लागू हो गई है।

आचार संहिता प्रभावी रूप से लागू होते ही जिला प्रशासन एलर्ट मोड में आ गया है। देर रात तक शहर व ग्रामीण इलाकों में प्रशासन द्वारा चुनावी संबंधी होर्डिंग को हटाया जाता रहा। दीवालों पर लिखी पेटिंग मिटाई गई। सभी क्षेत्रों मे एसडीएम, ईओ, सीओ व कोतवाल प्रचार सामिग्रियों को हटाते नजर आए। आखिरकार अटकलों पर विराम लगाते हुए शनिवार को चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनावों की तारीखों की आधिकारिक घोषणा कर दी। चुनाव आयोग ने प्रेस कांफ्रेंस के द्वारा बताया कि लोकसभा चुनाव कुल सात चरणों में संपन्न कराए जाएंगे।डीएम ने बताया कि निष्पक्ष मतदान कराने के लिए प्रशासन व पुलिस दृढ़संकल्पित है। जिले में लगभग 57 लाख मतदाता है। इस बार युवा व महिला मतदाताओं को ज्यादा जोड़ा गया है। अतिसंवेदनशील बूथों पर सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जाएगी। भीषण गर्मी में चुनाव होने के कारण सभी बूथों पर टीन शेड लगाए जायेंगे। हर हाल में निष्पक्ष होकर मतदाता मतदान करे। मत प्रतिशित बढ़ाने के लिए अभियान चलाकर युवाओं को प्रेरित किया जाएगा। बुजुर्गों व दिव्यांगों को घर से मतदान करने का आयोग ने निर्देश दिये है।



लालबाग चौराहे पर लगे होर्डिंग को हटवाते एसडीएम सदर व सीओ सिटी सहित अन्य। अमृत विचार

### चेकिंग के लिए बनाए गए 120 बैरियर

एसपी चक्रेश मिश्रा ने बताया कि कैश व अन्य चेकिंग के लिए पूरे जिले में 120 बैरियर बनाए है। पूरे जिले में शांतिपूर्ण व निष्पक्ष मतदान हो इसके लिए टीमे बनाई गई है। अगर कोई भी चुनाव आयोग के नियमों का उल्लघंन करता है तो उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज निरोधात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### ऑनलाइन एप रहेंगे संचालित

जिलाधिकारी ने बताया कि लोक सभा चुनाव में एप बनाए जा रहे है। किसी भी शिकायत को ऑन लाइन कर सकते है। जोकि कंट्रोल रुम में दर्ज होगी जिसका निस्तारण भी जल्द से जल्द किया जाएगा। प्रत्याशी द्वारा चुनाव में प्रचार के लिए ऑनलाइन आवेदन किया जाएगा। डीएम ने कहा कि जो पहले आवेदन करेगा उसको पहले अनुमति दी जाएगी।

## युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**थानगांव।** थाना इलाके के रहने वाली एक महिला ने तहरीर दी है। जिसमें उसने आरोप लगाया है कि ससुर व बहनोई ने उसके पति के साथ मारपीट की। जिसके बाद उसने आत्महत्या कर ली। उसका आरोप है कि पति के शव को जला दिया गया, जबकि पुलिस का कहना है कि युवक ने आत्महत्या की थी।

थानगांव थाना क्षेत्र के मटियारी मजरा सुजातपुर निवासी पूजा पत्नी उमाशंकर ने तहरीर में बताया कि 14 मार्च को रात्रि करीब 9 बजे मेरे पति उमाशंकर उम्र 30 वर्ष से मेरे ससुर भगौती प्रसाद पुत्र गजोधर व पति के बहनोई पप्पू पुत्र राधेश्याम निवासी कोदौरा थाना थानगांव से रुपयों को लेकर कहासुनी हो गयी। मुझे घर से बाहर निकालने के बाद अंदर से दरवाजा बंद कर लिया और मेरे पति उमाशंकर को मारा-पीटा। जिससे क्षुब्ध होकर पति उमाशंकर ने रात्रि में ही कमरे के छल्ले से लटककर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। वहीं थाना प्रभारी थानगांव हनुमंत लाल तिवारी ने बताया कि किसी बात से क्षुब्ध होकर युवक ने आत्महत्या कर ली थी। दोनों पक्षों की सहमति के बाद ही उसका अंतिम संस्कार हुआ था। मामले में पुलिस को कोई जानकारी नहीं दी गई थी। मामले की जांच की जा रही है।

# तीसरी बार रामपुर कोर्ट में पेशी के लिए गये आजम




कड़ी सुरक्षा के बीच जेल से वज्र वाहन में जाते आजम खां। अमृत विचार

**▸▸ कड़ी सुरक्षा के बीच वज्र वाहन से गये आजम खां**

**सीतापुर, अमृत विचार।** जिला कारागार में बंद पूर्व मंत्री व सजायाफ्ता कैदी आजम खां को शनिवार को पेशी के लिए रामपुर कोर्ट ले जाया गया है। जेल से शनिवार की सुबह करीब 11 बजे आजम को कड़ी सुरक्षा के बीच वज्र वाहन से ले जाया गया है। डूगंरपुर काण्ड में दोषी करार होने के बाद आजम खां को शनिवार देर शाम कड़ी सुरक्षा में रामपुर से सीतापुर जेल शिफ्ट कर दिया गया। आजम खां तीसरी बार जेल से रामपुर पेशी के लिए भेजे गये थे।

बताते चलें कि बीती 22 अक्टूबर को रामपुर जेल से आजम खां को सीतापुर जेल में सुरक्षा कारणों के चलते शिफ्ट किया गया था। वहीं बेटे अब्दुल्ला को हरदोई जेल शिफ्ट किया गया था। रामपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट आजम खां उनकी पत्नी तंजीम फातिमा और बेटे अब्दुल्ला को फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामले में 7-7 साल की सजा सुनाई थी। सीतापुर जेल में बंद होने के बाद बेटे अदीब सहित हरदोई से आजम से साढ़ू और साली ने भी आजम से मुलाकात की थी। शुक्रवार को रामपुर कोर्ट से तामिला आने के बाद पुलिस की कड़ी सुरक्षा के बीच शनिवार को आजम को रामपुर ले जाया गया। रामपुर की कोर्ट अब 18 तारीख को अपना फैसला सुनाएगी। कोर्ट की सुनवाई के बाद आजम खां को वापस रामपुर से सीतापुर जेल लाया गया।

# डिवाइडर से टकराई कार एक की मौत, दूसरा गंभीर



नेशनल हाईवे 30 पर दुघर्टनाग्रस्त कार का मुआयना करती पुलिस व मौजूद लोग।

**सीतापुर, अमृत विचार।** इलेक्ट्रॉनिक कार से राजधानी लखनऊ से काम खत्म कर वापस जा रहे कार सवार दर्दनाक हादसे का शिकार हो गये। रिछाही चौकी प्रभारी मनोज कुमार सिंह ने बताया कि शनिवार की दोपहर करीब 3 बजे बरेली जिले के निवासी मोहल्ला सुभाष नगर निवासी प्रमोद कुमार सिंह अपने साथी लखनऊ के हुसैनगंज निवासी करमेश्वर प्रताप सिंह के साथ इलेक्ट्रॉनिक कार यूपी 32 एन एक्स 9554 से लखनऊ से बरेली की ओर जा रहे थे। बताया जाता है कि जब उनकी कार राष्ट्रीय राजमार्ग - 30 पर रिछाही ओवरब्रिज से गुजरी तो अचानक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई।हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई,और कार में सवार दोनों लोग गंभीर रुप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से दोनो को जिला अस्पताल भिजवाया। उपचार के दौरान डॉक्टरों ने चेयरमैन प्रमोद कुमार सिंह को मृत घोषित कर दिया, जबकि करमेश्वर प्रताप सिंह को ट्रामा सेंटर रेफर किया गया। चौकी प्रभारी ने बताया कि मामले में कोई तहरीर अभी प्राप्त नहीं हुई है।



प्रमोद कुमार सिंह (फाइल फोटो)

# नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी मुठभेड़ के बाद अरेस्ट

**फॉलोअप**

**▸▸ ग्राम प्रधान के बेटे ने 5 साल की नाबालिग बच्ची के साथ वारदात को दिया अंजाम**

**▸▸ स्वाट सर्विलांस टीम से हुई मुठभेड़ में पैर में लगी गोली**

**सीतापुर, अमृत विचार।** मिश्रिख कोतवाली इलाके में शुक्रवार को नाबालिग से दुष्कर्म मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार करने का दावा किया है। पुलिस की गोली का शिकार हुए आरोपी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

वारदात के 24 घण्टे में पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर आरोपी को इलाज के लिए जेल भेजने की कार्रवाई की जाएगी। वारदात की शिकार हुई पीड़िता का अस्पताल में डॉक्टरों की निगरानी में उपचार चल रहा है। डॉक्टरों के अनुसार पीड़िता की हालत अब खतरे से बाहर और सामान्य है।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र में शुक्रवार की शाम 5 वर्षीय नाबालिग किशोरी से दुष्कर्म की वारदात की सूचना से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। बताया जाता है कि आरोपी युवक ग्राम ककरहिया के ग्राम प्रधान बालक का बेटा मनोज शराब और नशे का आदी है। शुक्रवार की देर शाम नशे में धुत मनोज नाबालिग को घर के बाहर से बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया और दुष्कर्म को अंजाम दिया। परिजनों ने बेटी को घर न देखकर गांव में पड़ोसी घरों में पूछताछ की लेकिन उसका कोई सुराग नही लगा। कई घण्टों की छानबीन के बाद किशोरी बेसुध हालत में सड़क किनारे झाड़ियों के पास मिली। परिजनों ने मामले की सूचना पुलिस को देकर पीड़िता को बेहतर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंचे उच्चाधिकारियों ने पीड़िता के बयान और पिता की तहरीर के आधार पर आरोपी मनोज के खिलाफ दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर आरोपी की तलाश में लिए स्वाट सर्विलांस टीम को लगाया।



पुलिस की गोली से घायल हुआ आरोपी। अमृत विचार

### मुठभेड़ में लगी गोली

दुष्कर्म के आरोपी की तलाश में लगी पुलिस टीमों ने शनिवार की दोपहर मुठभेड़ में आरोपी को गोली मारकर दबोच लिया। पुलिस ने बताया कि इलाके में धनधारी जंगल छावन मोड़ के समीप एक संदिग्ध व्यक्ति को रोकने का प्रयास किया गया। इस दौरान संदिग्ध व्यक्ति ने पुलिस पर फायर झोंक दिया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में आरोपी युवक के दाहिने पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। पुलिस ने मुठभेड़ में घायल आरोपी को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में उपचार के बाद आरोपी को जेल भेजने की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

> वारदात के 24 घण्टे के अंदर दुष्कर्म के आरोपी को स्वाट और मिश्रिख पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 315 बोर का अवैध असलहा और जिंदा कारतूस सहित 400 रुपये की नकदी बरामद की गई है। घायल आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है।
>
> **-चक्रेश मिश्रा,** एसपी, सीतापुर

**सार-संक्षेप**

### सीताराम के जयघोष से गूंजा देवगवां



तिरपाल तानकर छठे पड़ाव पर पड़ा परिक्रमार्थियों का डेरा। अमृत विचार

**कुतुबनगर।** पौराणिक 84 कोसी परिक्रमा करने निकले श्रद्धालु छठे दिन हरदोई जिले से सीतापुर जिले की सीमा में वापस प्रवेश कर गए। राम नाम का जयघोष कर रहे श्रद्धालुओं ने छठे दिन देवगवां पड़ाव पर डेरा डाला। इस पड़ाव पर शनिवार की भोर से ही श्रद्धालुओं का आगमन शुरू हो गया था। देवगवां पड़ाव पर करीब चार किलोमीटर की दूरी तक श्रद्धालुओं ने डेरा डाला है। अंदाजा लगाया जा रहा है कि करीब तीन लाख की संख्या में श्रद्धालु परिक्रमा कर रहे हैं। शुक्रवार को परिक्रमा साखिन गोपालपुर पहुंची थी। शनिवार को श्रद्धालुओं ने गोमती नदी में स्नान करने के बाद कंठेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना की। चौरासी कोसी विस्व विख्यात पौराणिक द्रोणाचार्य घाट गोमती नदी पर लाखों श्रद्धालु नाव पर बैठ कर गोमती नदी पार करते है व गोमती में स्नान करके उसमें से जल लेकर आगे के लिए बढ़ छठे पड़ाव देवगवां के लिए कूच करते हैं। रामदल के भक्तों की सेवा करने मे क्षेत्र के समुदाय विशेष के लोग भी पीछे नहीं रहे। कुतुब नगर निवासी अजहर शाह , सब्बू हसन अपने साथियों के साथ रामा दल को सब्जी पूडी वितरण करते रहे थे।

### तबियत बिगड़ने से परिक्रमार्थी की मौत

**कुतुबनगर।** मध्य प्रदेश जिला भिंड के थाना उमरी ग्राम अकोड़ा निवासी सुभाष शर्मा पुत्र रामा शर्मा उम्र पचपन वर्ष चैरासी कोसीय परिक्रमा करने अपने गांव के सौ लोगों के साथ आया था। सुभाष ने पांच परिक्रमा पैदल ही किया, जिसके बाद तबियत बिगड़ने पर ट्रैक्टर ट्राली पर सवार होकर छठे पड़ाव देवगवां पहुचां था। शनिवार सुबह चार बजे ट्रैक्टर ट्राली से उतरते ही उसकी मौत हो गयी। सूचना पाकर मध्यप्रदेश से मौके पर आये पुत्र व पत्नी की मौजूदगी में पुलिस ने अंतिम संस्कार कराया।

### देवगवां में दिव्यांगता पर भारी दिखी आस्था



एक पैर से विकलांग पूरन दास अन्न त्याग फलाहारी बाबा। अमृत विचार

**कुतुबनगर।** चौरासी कोसी परिक्रमा के छठे पड़ाव देवगवां में दिव्यांग भी परिक्रमा करते दिखे। इस दौरान दोनो आंखों से ना देख पाने वाले कानपुर देहात के बलुवापुर निवासी बाबा रामानंद ने बताया कि वह सूर होने के बावजूद करीब बाइस वर्षों से निरंतर परिक्रमा कर रहे है। इसके साथ ही पैरों से दिव्यांग पूरनदास अन्न त्याग फलाहारी बाबा ने बताया कि वह पैरों से चलने में असमर्थ होने के बाद 36 वर्षों से अन्न का त्याग कर दिया था। उन्होंने बताया कि वह 28 वर्षों से निरंतर परिक्रमा कर रहे हैं। रायबरेली निवासी बाबा रामजी दास ने बताया कि वह एक पैर से दिव्यांग है।

**आयोजन**

## जिलाधिकारी ने आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों के त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

# संपूर्ण समाधान दिवस में आईं 59 शिकायतें, 3 का निस्तारण

**सीतापुर, अमृत विचार।** जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारित करने के उद्देश्य से जनपद की सभी सात तहसीलों में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। तहसील लहरपुर में जिलाधिकारी अनुज सिंह एवं पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। डीएम ने शिकायतकर्ताओं को एक-एक करके सुना एवं जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को समयान्तर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश के साथ संबंधित अधिकारियों को अन्तरित किया।



फरियादी की समस्या सुनते डीएम अनुज सिंह व एसडीएम आकांक्षा गौतम।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों और अधिकारियों को निर्देश दिये कि लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित प्रकरणों का तेजी से निस्तारण किया जाये, जिससे पात्रों को समय से लाभान्वित किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित गति से निस्तारण हो। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा जो शिकायत की गई हैं उसका निस्तारण संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचकर गुणवत्तापूर्ण करें। सभी अधिकारी अपने कार्य को पूरी तत्परता, गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को सुनकर उनके प्रभावी निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी लहरपुर आकांक्षा गौतम, क्षेत्राधिकारी लहरपुर सुशील कुमार, जिला विकास अधिकारी हरिश्चन्द्र प्रजापति सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

तहसील लहरपुर में कुल 59 शिकायतों में से 03 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। जनपद की अन्य तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील सिधौली में प्राप्त 40 प्रार्थना पत्रों में से 05, तहसील महमूदाबाद में प्राप्त 62 प्रार्थना पत्रों में से 07, तहसील बिसवां में प्राप्त 37 प्रार्थना पत्रों में से 05, तहसील सदर में प्राप्त 17 प्रार्थना पत्रों में से 03, तहसील मिश्रिख में प्राप्त 20 प्रार्थना पत्रों में से 03, तहसील महोली में प्राप्त 25 प्रार्थना-पत्रों में से 02 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष बची हुयी शिकायतों को पृष्ठांकित कर एक सप्ताह के अन्दर संबंधित अधिकारी को निस्तारित करने के निर्देश दिये गये।

## अभिलेख दुरुस्त न मिलने पर डीएम ने लगाई फटकार

**हरगांव।** विकासखंड हरगांव का शनिवार को जिलाधिकारी अनुज सिंह व मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल ने निरीक्षण किया। विकासखण्ड के कार्यालयों के समस्त पटलों पर डीएम ने संबंधित कर्मचारियों से सवाल जवाब के माध्यम से जानकारी हासिल की। इस दौरान अव्यवस्थाओं को देखकर विकास खण्ड के कर्मचारियों के कार्य से जिलाधिकारी असंतुष्ट नजर आये। निरीक्षण के दौरान किसी भी दफ्तर मे कागजी कार्रवाई दुरुस्त न मिलने पर डीएम ने नाराजगी जताते हुए कर्मचारियों की फटकार लगायी। निरीक्षण के उपरान्त जिलाधिकारी का काफिला निकलकर ग्राम पंचायत कोरैया उदनापुर व मल्लापुर का स्थलीय निरीक्षण करने पहुंचा। जहां पर गौशाला, आर आर सेंटर, पशुबाडा,अमृत सरोवर, निर्माणाधीन उचित दर की दुकान तथा गांव की गलियों का निरीक्षण किया। डीएम ने अपूर्ण कार्यों को जल्द ही पूर्ण कराने का निर्देश दिये।

# चुनावी व्यस्तता राष्ट्रीय विकास में बाधा

एक साथ चुनाव पर विचार करने वाली समिति की रिपोर्ट सार्वजनिक हो गई है। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में इस मुद्दे पर अध्ययन करने के लिए एक समिति बनाई गई थी। समिति ने अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति को सौंप दी है। इस रिपोर्ट का विरोध भी प्रारंभ भी हो गया है। एक साथ चुनाव का विषय देश के हित में है,लेकिन इस रिपोर्ट की सिफारिशों का विरोध भी हो रहा है। बताया जाता है कि यह रिपोर्ट 18000 पृष्ठ की है। इसे ठीक से पढ़े जाने और तथ्यों के विवेचन का काम बड़ा है। विरोध करने वाले भी संभवतः इस रिपोर्ट को पूरी तौर पर पढ़े बिना ही अपने निष्कर्ष निकाल रहे हैं। भारतीय जनतंत्र पूर्वजों के सचेत कर्मों का प्रसाद है। सभा समितियां ऋग्वैदिक काल में ही थीं। संविधान निर्माताओं ने ब्रिटिश तर्ज का संसदीय जनतंत्र अपनाया। अनेक संवैधानिक संस्थाएं गढ़ी। केन्द्रीय स्तर पर संसद बनी। केन्द्र को संसद के प्रति जवाबदेह बनाया। राज्य सरकारें विधानमंडलों के समक्ष जवाबदेह बनी। संसद व विधानमंडल के चुनाव के लिए निष्पक्ष निर्वाचन आयोग (अनु. 324) बना।

संविधान सभा में निर्वाचन आयोग के कृत्यों पर बहस हुई। आयोग को कर्मचारी अधिकारी देने का प्रश्न उठा। डॉ.आंबेडकर ने कहा, ''आयोग के पास कम काम होगा।'' शिब्बन लाल सक्सेना ने कहा कि, ''संविधान में निर्धारित नहीं है कि अमेरिकी तर्ज पर यहां 4 वर्ष में निर्वाचन अवश्य होगा। संभव है कि केन्द्र व राज्यों के निर्वाचन एक साथ न हों। तब हर समय कहीं न कहीं निर्वाचन होता रहेगा।'' उनकी आशंका सच निकली। सम्प्रति भारत चुनाव व्यस्त देश है। कभी लोकसभा चुनाव तो बहुधा राज्य विधानसभाओं के निर्वाचन। त्रिस्तरीय पंचायती चुनाव व नगर निकाय निर्वाचन भी अक्सर होते रहते हैं। नीति आयोग ने लोकसभा व विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने का सुझाव दिया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी इसी विचार के हैं। 2014 के चुनाव में भाजपा ने भी घोषणा पत्र में यही विचार व्यक्त किया था।

लगातार चुनाव व्यस्तता राष्ट्रीय विकास में बाधा है। अलग-अलग चुनाव से प्रशासनिक तंत्र की व्यस्तता बनी रहती है। चुनावी अचार संहिता के कारण विकास कार्य रुकते हैं। अरबों का खर्च भी होता है। साथ-साथ चुनाव का



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> लोकसभा व विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने का विचार आदर्श है। लोकसभा का चुनाव अलग व देश की सभी विधानसभाओं के चुनाव अलग से कराने का विचार भी आया था। कुछ दल इस विचार को उचित मान सकते हैं,लेकिन दोनों ही स्थितियों में संविधान संशोधन की आवश्यकता होगी।

विचार स्वागत योग्य है। प्रधानमंत्री ने सभी दलों से अपील की थी। कहा था, ''एक साथ चुनाव से दलों का नुकसान होगा। हमें भी नुकसान होगा,लेकिन इसे संकीर्ण राजनैतिक दृष्टि से नहीं देखा जाना चाहिए।''

1951-52 में पहली लोकसभा व राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ हुए थे। 1967 तक दोनों के चुनाव साथ-साथ हुए थे। 1968 से यह क्रम टूट गया। दरअसल संविधान निर्माताओं ने सरकारों का कार्यकाल नहीं सुनिश्चित किया। यहां सरकारों का जीवन संसदीय बहुमत की डोर से बंधा हुआ है। डॉ. आंबेडकर ने संविधान सभा में स्पष्ट किया था कि सरकारी जवाबदेही को स्थिरता (कार्यकाल) की तुलना में ऊपर रखा गया है। सदन में सरकारों की संवैधानिक जवाबदेही है। इस आधारभूत सिद्धांत में सरकारों का कार्यकाल अनिश्चित है। यहां बहुमत स्थाई नहीं होता। दल-बदल प्राविधान में भी छेद किए गए। थोक दल-बदल को दल टूट कहा गया। तमाम सरकारें अल्प मृत्यु की शिकार हुईं। साथ-साथ चुनाव का क्रम भंग हो गया। साथ-साथ चुनाव से राष्ट्रीय दल क्षेत्रीय संदर्भों से जुड़ने की ओर बढ़ेंगे और क्षेत्रीय दलों की दृष्टि राष्ट्रीय होगी,लेकिन कुछ दलों की चिंता बड़ी है। बीते कुछेक वर्षों में राष्ट्रीयता का भाव देशव्यापी हुआ है। माकपा,भाकपा जैसे वामपंथी दल स्वयं को अंतर्राष्ट्रीय विचारधारा का दल बताते हैं,लेकिन उनका प्रभाव क्षेत्र राज्यस्तरीय भी नहीं बचा। चुनाव आयोग ने बेशक केन्द्रीय विधि मंत्रालय के एक संदर्भ के जवाब में दोनों चुनाव एक साथ कराने पर बहुत पहले ही सहमति व्यक्त की थी,लेकिन सभी दलों की सहमति प्राप्त करना आसान नहीं। कुछेक दल वर्तमान स्थिति को ठीक मानते हैं और चुनाव अलग-अलग ही चाहते हैं।

लोकसभा व विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने का विचार आदर्श है। लोकसभा का चुनाव अलग व देश की सभी विधानसभाओं के चुनाव अलग से कराने का विचार भी आया था। कुछ दल इस विचार को उचित मान सकते हैं,लेकिन दोनों ही स्थितियों में संविधान संशोधन की आवश्यकता होगी। संशोधन में केन्द्र व राज्य सरकारों के सुनिश्चित कार्यकाल देना होगा। सदन में बहुमत खो जाने की स्थिति में सरकारी कार्यकाल की समस्या का निराकरण जरूरी होगा। दसवीं अनुसूची के अनुसार दल से भिन्न मतदान के कारण सदन की सदस्यता खो जाने की विधि प्रवर्तन में है। मूलभूत प्रश्न किसी भी कारण से सदन में बहुमत खो चुकी सरकार को पूरा कार्यकाल देने की नई व्यवस्था का है। क्या वैकल्पिक सरकार बनाने का अधिकार संसद या विधानसभा को दिया जा सकता है? क्या हमारा दलतंत्र स्थिर कार्यकाल और संवैधानिक जवाबदेही को एक साथ चला सकता है? क्या संवैधानिक जवाबदेही को छोड़कर स्थिरता को ही अपनाया जा सकता है? अमेरिका में ऐसा ही है। प्रश्न ढेर सारे हैं। ऐसे प्रश्नों का उत्तर संविधान संशोधन और वैधानिक नैतिकता से ही जुड़ा हुआ है। डॉ.आम्बेडकर ने संविधान सभा में इतिहासकार ग्रोट को उद्धृत किया था। 'वैधानिक नैतिकता' का अर्थ संविधान और उसकी संस्थाओं के प्रति निष्ठाभाव है। ग्रोट ने लिखा है कि समाज की वैधानिक नैतिकता ही विधान की शक्ति है।

भारत का जनसामान्य विधान का आदर करता है लेकिन दलतंत्र में वैधानिक नैतिकता का अभाव है। इसलिए, सरकारें बहुधा अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पातीं। तब लोकसभा और विधानसभा के मध्यावधि चुनाव का कोई विकल्प नहीं होता। संसदीय जनतंत्र का मुख्य उपकरण दलतंत्र है। जनतंत्र खूबसूरत विचार है। दलतंत्र ही इसे गतिशील बनाता है। समाज व्यवस्था निरंतर परिवर्तनशील है। लेकिन राजनैतिक व्यवस्था में राजनैतिक सुधार की गति उत्साहवर्द्धक नहीं है। दलतंत्र प्रतिपल चुनाव चिन्तन में ही व्यस्त रहता है। चुनाव चिन्तन को राष्ट्रचिन्तन के खूंटे से बांधना ही होगा। साथ साथ चुनाव एक राष्ट्रहितैषी प्रगतिशील वैकल्पिक विचार है। 1952 से लेकर 1967 तक यही हुआ था, तब कोई पहाड़ नहीं टूटा तो अब इसे अपनाने में कठिनाई क्या है?

सभी राजनैतिक दलों को खुले मन से विचार करना चाहिए। लोकसभा, विधानसभा के साथ पंचायतों व नगरीय संवैधानिक संस्थाओं के चुनाव पर भी। सभी एक साथ नहीं तो विधानसभा के साथ पंचायतों व नगर पंचायतों के चुनावों को जोड़कर विचार करना चाहिए। कहीं न कहीं से शुरुआत तो करनी ही होगी। हर समय चुनाव ही चुनाव का तनाव समाज नहीं झेल सकता और न ही चुनाव संचालन में खर्च होने वाली भारी धनराशि का बोझ ही। आमजन भी ऐसी राजनीति से ऊबे हुए हैं। इसलिए राजनीति को दीर्घकालिक राष्ट्रनिर्माण के लक्ष्य से जोड़ना चाहिए। चुनावी जीत-हार के अल्पकालिक लक्ष्य से नहीं। दल या नेता स्थाई नहीं होते। राष्ट्र स्थाई सत्ता है। सभी सामाजिक, राजनैतिक या संवैधानिक संस्थाएं राष्ट्र का ही विस्तार हैं। राष्ट्र के लिए ही हैं। एक साथ चुनाव राजनैतिक सुधार है। राजनैतिक सुधार लोकतंत्र को गुणवान बनाते हैं। व्यापक राजनैतिक सुधारों का कोई विकल्प नहीं।

# होलाष्टक पर्व के उद्देश्य

नारायण से अपने भाई की मृत्यु का बदला लेने के लिए हिरण्यकशिपु जब देखता है कि उसका बेटा प्रहलाद नारायण ही जपता है तो क्रोध में वह अपनी बहन से उसकी हत्या की बात करता है तथा गोद में बैठाकर आग में भस्म होने की योजना बनता है। बड़े असमंजस में है होलिका। प्रहलाद की बुआ है। नारी हृदय। अबोध बच्चे के प्रति ममता। तैयार नहीं होती है। जब हिरण्यकशिपु उसकी ही हत्या की धमकी देता है तो वह यह सोच होती है कि मरना है तो प्रहलाद को बचाकर मरे। आठ दिनों में वह अपने को तैयार करती है। इसी आठ दिनों को होलाष्टक कहते हैं। होलाष्टक से विवाह आदि के शुभ मुहूर्त समाप्त हो जाते हैं। आठवें दिन वह पूरी ताकत से सबके सामने प्रहलाद को लेती है और खुद कूद जाती है तथा प्रहलाद को बाहर फेंक देती है। प्रहलाद को चाहने वाले होलिका को माता कहकर जयकारा लगाते हैं तो हिरण्यकशिपु के लोग होलिका को गाली देते हैं। तब से दोनों जयकारा और होलिका को अपशब्द होलिका दहन में लगता है।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

हिरण्यकशिपु जब निर्दयी था और अपने ही बेटे को मारना चाहता था तो कोई भी रास्ता अपना सकता था। यह तो होलिका की चाह थी कि वह अपनी आंखों से प्रहलाद की मृत्यु नहीं देखे। जहां तक होलिका के वरदान की बात है तो नारी के आठ अवगुण जो तुलसीदास ने भी गिनाए वह नहीं जल सकते। ऐसे पुरुषों के भी अवगुण नहीं जल पाते। आग में कुछ डाला जाए, न जले, यह असंभव है। आग का गुण ही ज्वलनशीलता है। ऐसे में यह असंभव है कि होलिका आग में बैठती तो उसका शरीर बच जाता और प्रह्लाद जल जाता। होलिका को जलाने की विधि : होली के एक दिन पहले होलिका जलाने के निमित्त शिवरात्रि पर्व से होलिका की स्थापना शुरु जाती है। होलिका के प्रतीक स्वरूप आसपास उपलब्ध पेड़ लगाए जाते हैं। बहुत से स्थानों पर रंगभरी एकादशी को इसकी स्थापना होती है। होलिका की स्थापना एवं होली की पूर्व रात्रि जलाने के समय एवं विधि-विधान के संबंध में शास्त्रों में विशेष सावधानी का उल्लेख किया गया है। निर्णय सिंधु में उल्लिखित है कि स्थापना और जलाने के समय विधिवत पूजन हो। जलाते समय भद्रा काल से रहित समय में आग लगाने का निर्देश दिया गया है। शास्त्रों में कहा गया है कि भद्रा में होलिका जलाने पर संबंधित क्षेत्र पर संकट आता है। इसके अलावा होलिका पूजन की विधि भी बताई गई है। महत्वपूर्ण बात तो यह है कि इसमें कूड़ा करकट, टायर-ट्यूब, प्लास्टिक आदि नहीं डालकर गोबर की उपली, सरसों के उबटन का अवशेष डालना चाहिए। शास्त्रों की इस व्यवस्था का मेडिकल साइंस की दृष्टि से भी महत्व है। प्लास्टिक, पालीथिन, टायर-ट्यूब डालने से पर्यावरण प्रदूषित होता है। सरसों के उबटन के जलने से पर्यावरण शुद्ध होता है। ऐसा न करने पर होलिका के आसपास के निवासी ही प्रभावित होते हैं। होलिका जलाने का उद्देश्य पर्यावरण को पवित्र करना भी होता है,लेकिन वर्तमान समय में जगह-जगह जितना अधिक कूड़ा करकट इसमें देखा जाता है, वह चिंतनीय है। संक्रामक बीमारियों के आक्रमकता के दौर में इस तरह के आत्मघाती कदम से बचना चाहिए। मूलतः होलिका जलाने का उद्देश्य मनीषियों ने प्रकृति में व्याप्त हिरण्यकशिपु स्तर के विषाणुओं को जलाने का है। क्योंकि प्रकृति में व्याप्त विषाणु मनुष्य के स्वास्थ्य को क्षति पहुंचाने की ही होती है। ग्रंथों में ढूंढा नामक एक राक्षसी का भी उल्लेख आता है। इस राक्षसी के वध का निर्देश दिया गया है। चैत्र-वैशाख महीने में चेचक का प्रकोप बढ़ जाता है। इस रोग को प्राचीन काल में ढूंढा नाम पुकारा गया प्रतीत होता है। इसीलिए माताएं बच्चों को इस रोग से बचाने के लिए शीतला माता की पूजा करती हैं। बच्चे बाल भगवान कहे जाते है। इसलिए होलिका दहन भी विधि विधान से करना चाहिए।

# क्वांटम सिद्धांत से हमारे दृष्टिकोण में आया परिवर्तन

ब्रह्मांडीय प्रकृति की विज्ञान प्रसूत क्वांटम 'माया' से साक्षात्कार तथा पदार्थ एवं ऊर्जा के एकत्व के एहसास के बाद हम कपिल के सांख्य,बादरायण और शंकर के अद्वैत वेदांत की ओर अभिमुख हुए थे।

क्वांटम के साथ माया का शब्द युग्म जरूर नया है, किंतु इसमें निहित विचार शीर्ष वैज्ञानिकों का है। नोबल पुरस्कार सम्मानित डेनमार्क के भौतिकशास्त्री नील्ज बॉ (1885-1962) का एक चुटकुला नुमा कथन प्रसिद्ध है-'अगर कोई व्यक्ति कहता है कि उसके दिमाग में चक्कर आए बिना वह क्वांटम भौतिकी के बारे में सोच सकता है तो इससे यही जाहिर होता है कि उसने इसका कुछ भी नहीं समझा तो उपाय क्या है? इस संदर्भ में ब्रिटिश अमेरिकन भौतिकशास्त्री और गणितज्ञ फ्रीमैन डाइसन 1923-2020 की एक अर्थगर्भित उक्ति है-'किसी न किसी रूप में ब्रह्मांड को पता रहा होगा कि हम (मनुष्य गण) आने वाले हैं।'' मतलब तो यही हुआ कि ब्रह्मांड की रचना इस तरह हुई है कि उसे मनुष्य और केवल मनुष्य समझ सकता है। दूसरे शब्दों में ब्रह्मांड अपनी रचना और प्रकृति में मानव केंद्रित है,उसके पीछे एक प्रबुद्ध योजना है।



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

> मानव चेतना के गुणों और संभावनाओं में काफी हद तक एकरूपता के बावजूद हर मनुष्य की चेतना अन्य सभी मनुष्यों की चेतना से किसी न किसी अर्थ में भिन्न है।

नोबल पुरस्कार से सम्मानित हंगेरियन भौतिकशास्त्री यूजीन विग्नर 1902-1995 का प्रसिद्ध कथन है-'प्रमुख बात यह है कि हमारी चेतना और विचार-प्रक्रिया मूलभूत अवधारणाएं हैं,दरअसल बाह्य जगत हमारी चेतना का धारित है और इसलिए (उसे समझने में) चेतना (की भूमिका) को नकारा नहीं जा सकता।' यह कथन शंकर दर्शन के कितना निकट है। अमेरिकन भौतिकशास्त्री ओक जॉन ह्वीलर 1911-2008 ने क्वांटम यांत्रिकी के विस्तृत अध्ययन के बाद कहा था,'यह अकाट्य है कि प्रेक्षक उत्पत्ति (की प्रक्रिया) का सहभागी होता है। क्वांटम यांत्रिकी इसका प्रमाण है कि वास्तविकता की किसी भी उपयोगी अवधारणा को परिभाषित करने में हमें प्रेक्षक की अपरिहार्य भूमिका को ध्यान में रखना होता है।' नोबल पुरस्कार से सम्मानित ब्रिटिश भौतिकशास्त्री,गणितज्ञ और विज्ञान दार्शनिक रोजर पेनरोज जन्म :1931, आयु 93 वर्ष ने मानव मस्तिष्क की संरचना के बारे में एक अति महत्वपूर्ण निष्कर्ष दिया। उनके अनुसार मानव-मस्तिष्क की सर्वोत्कृष्ट परतों में क्वांटम-संसक्त अवस्था चिपकी हुई है। एक खास तरह की क्वांटम-संसक्ति बड़े स्तर पर मस्तिष्क के काफी हिस्सों में काम करती है। आलेख के पहले भाग में हमने देखा था कि इलेक्ट्रॉन में विद्युत चुंबकीय विकरण को आत्मसात और विकीर्ण करने की प्रक्रिया निरंतर नहीं चलती,यह अविभाज्य ऊर्जा खंडों (क्वांटा) में चलती है,जिसे क्वांटम उछाल कहते हैं। इसी के समांतर निंद्रा में जाने से ठीक पहले का क्षण हमें कभी याद नहीं आता तो हमारी चेतना में भी क्वांटम उछाल का तत्व उसी तरह काम करता है जैसे परमाणु के भीतर इलेक्ट्रॉन में।

वस्तुतः क्वांटम सिद्धांत के विकास ने हमारे अकादमिक और वैज्ञानिक दृष्टिकोण में आमूल परिवर्तन ला दिया है। क्वांटम प्रयोगों में प्रयोगकर्ता की चेतना समान रूप से संभाव्य समांतर परिणामों में से किसी एक के चयन को प्रभावित करती है। इस तरह प्रेक्षक और प्रेक्षित बुनियादी स्तर पर जुड़ जाते हैं और उनमें सहभागिता का संबंध बन जाता है। चेतन मनुष्य क्या है? इस ब्रह्मांड (जड़+चेतन+रिक्त आकाश) का एक अविभाज्य अंग है,किंतु एक अनूठा और अनन्य अंग। मानव चेतना का एक अंतर्निहित गुण यह है कि उसमें जानने की अपरिमित एषणा अंतर्निहित है। वह स्वयं को और विश्व के हर अज्ञात को जान लेना चाहती है। यह पदार्थ से उद्भूत होने का गुण तो नहीं हुआ। पदार्थ से उत्पन्न चेतना में शरीर के भरण-पोषण और आराम-ऐश्वर्य की जैविक चाहत से परे ज्ञान के लिए ज्ञान की पिपासा क्यों होगी? फिर क्वांटम सिद्धांत के अनुसार मनुष्य का हर अवयव, उसके शरीर की हर कोशिका उन्हीं सूक्ष्म कणों से निर्मित है,जो ऊर्जा के क्वांटम क्षेत्र की उपज है और वह क्वांटम क्षेत्र ब्रह्मांड के एकीकृत क्वांटक क्षेत्र से जुड़ा हुआ है,उसमें ऊर्जा एवं कण के गुण एक साथ हैं और वह निरंतर गतिशील तथा ब्रह्मांड के एकीकृत क्वांटम क्षेत्र का सर्वस्व उसमें मौजूद है। यथा पिंडे तथा ब्रह्मांडे (चरक संहिता)।

इसके अतिरिक्त मानव चेतना के गुणों और संभावनाओं में काफी हद तक एकरूपता के बावजूद हर मनुष्य की चेतना अन्य सभी मनुष्यों की चेतना से किसी न किसी अर्थ में भिन्न है,वैसे ही जैसे उसका रूपाकार अन्य मनुष्यों के रूपाकार से किसी न किसी अर्थ में भिन्न है। कारण उसकी हर कोशिका में उसका खास जीन-समुच्चय मौजूद होता है जिसे लेकर वह पैदा होता है और जो मृत्यु पर्यंत उसे परिचालित करता है। जीनोम क्या है,क्या वह महज पदार्थ है? नहीं, जीनोम वह खाका है,जो मानव शरीर और मानव चेतना के विकास को एक खास अनुपात में बनाए रखते हुए उसकी मूलभूत क्रियाओं और भौतिक अस्तित्व को नियमित-संचालित करता है।

# संगीत मनुष्य के लिए ईश्वरीय वरदान

शेख निजामुद्दीन औलिया की दृष्टि में संगीत उपासना ही था, किंतु सुल्तान गयासुद्दीन तुगलक से दिल्ली के कट्टर मुल्लाओं ने निजामुद्दीन औलिया की शिकायत की कि औलिया के स्थान पर संगीत होता है। गयासुद्दीन तुगलक स्वयं भी संगीत से नफरत करता था,उसका विश्वास था कि संगीत शरीयत के खिलाफ है। मजहर के दिन निजामुद्दीन औलिया सुल्तान के महल में पहुंचे तो शेखजादा हुसाम ने उन पर आरोप लगाया कि तुम्हारे यहां समां होता है। औलिया ने कहा कि जानते हो समां किसे कहते हैं? हुसाम ने कहा कि मुझे यह तो नहीं मालूम,पर आलिमों का कहना है कि समां हराम है। उस समय मजहर में सुहरावर्दी-संप्रदाय के सूफी संत मौलाना इल्मुद्दीन मौजूद थे। वे बोले अंतर है। हृदय से सुनने वाले के लिए संगीत हलाल है और वासना से सुनने वाले के लिए संगीत हराम है।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

सुलतान ने पूछा तो मौलाना इल्मुद्दीन ने बतलाया कि बगदाद में बुजुर्ग समां सुनते हैं। सूफियों में शेख जुनैद और शेख शिवली के जमाने से प्रचलित है। हैरतनामा मौलाना जिया उद्दीन बरानी में लिखा है कि औलिया ने अमीरखुसरो से कहा कि दिल्ली के उलेमा मुहम्मद साहब की हदीस को नहीं जानते। वे फिकह की रवायतों को श्रेष्ठ समझते हैं। मैं नहीं समझता कि उनकी इस्लाम पर श्रद्धा है। अमीर खुसरो भारतीय संगीत के इतिहास का एक गौरवपूर्ण अध्याय बन गये थे। वे मानते थे कि संगीत तो मनुष्य के लिए ईश्वरीय वरदान है। यह सच है कि संगीत की एक परंपरा राज-दरबारों में पली और बढ़ी,किंतु उससे भी बड़ा सच है कि संगीत साधना है,संगीत उपासना है।

निजामुद्दीन औलिया का जन्म 1228 में और मृत्यु 1324 में हुई थी। बंगाल की विजय के बाद गयासुद्दीन तुगलक ने औलिया को हुक्म भेजा था कि मैं दिल्ली आ रहा हूं,मेरे पंहुचने से पहले आप दिल्ली छोड़ दें। निजामुद्दीन औलिया ने कहा- हनोज दिल्ली दूरस्त (दिल्ली दूर है)। कहने की जरूरत नहीं कि अपने ही बड़े बेटे की साजिश से सुल्तान की मृत्यु हो गई और वह दिल्ली नहीं पंहुच सका। जब औलिया की मृत्यु हुई तब अमीर खुसरो ने गाया था। गोरी सोयी सेज पर मुंह पर डाले केस। चल खुसरो घर आपने रैन भयी चहुंदेस।

# मेल मिलाप और अपनापन

आप समझते हैं कि शादी-ब्याह के समारोह से अपनापन बढ़ता है, मेल मिलाप, रिश्तेदारी मज़बूत होती है। ये समारोह न हों तो आदमी अकेलेपन से मर जाएगा।

ये किस तरह की दलील है आखिर? रिश्तेदारी, मेल मिलाप और अपनेपन के लिए लड़की और लड़के का बाप क़र्ज़ लेता है। लाखों-करोड़ों लोग इस व्यवस्था से सारी उम्र के लिए अवसाद में चले जाते हैं और उसी में जीते हैं। आपके हिसाब से उनका अपनापन, मेलजोल, रिश्तेदारी बढ़िया और मज़बूत हो गई।



सिद्धार्थ ताबिश
लेखक

आप कहते हैं कि ऐसा लिखिए कि खर्चा कम करें.. मगर करें ज़रूर.. क्यों भाई? क्यों लिखूं मैं ऐसा? आपके हिसाब से जो लेखक और सिनेमा वाले ये सीख देते हैं उससे समाज को फायदा होता है? मतलब आपके हिसाब से लोग ये समझ जायेंगे कि हां समारोह तो करना है मगर हल्का फुल्का, ऐसा लोग समझेंगे? और हल्का फुल्का से उनका क्या अभिप्राय होगा? अंबानी ने अपनी हैसियत का 0.01 प्रतिशत भी नहीं खर्च किया अनंत के पूर्व विवाह समारोह में, तो उनके हिसाब से तो वो हल्का फुल्का ही हुआ न? क्योंकि आपके लिए एक हज़ार करोड़ खर्च करना बहुत बड़ी बात है तो आपको लगता है कि आप बैलेंस वादी बनकर लोगों को समझा देंगे कि देखो बच्चों, समारोह तो करो, मगर हैसियत के हिसाब से, तो समाज में समरसता आ जायेगी और फिर लोग आपके हिसाब से कम खर्च करेंगे और क़र्ज़ नहीं लेंगे?

ऐसे लेखन और ऐसे सुझाव किसी काम के नहीं होते हैं।

आपको लगता है कि कैंसर होने पर अस्पताल में भर्ती होने से ये फायदा होता है कि आपकी डॉक्टर से जान पहचान बढ़ती है। आपको कैंसर के बारे में जानकारी होती है। आपके नर्सों से अच्छे संबंध बन जाते हैं। ये सब लोगों को मैं सिखाऊं है न? नहीं, मैं बैलेंसवादी लेखक नहीं हूं। बैलेंसवाद ने ही सारा बेड़ा गर्क किया हुआ है। इस पृथ्वी का शादी और इस तरह के समारोह मेरे हिसाब से समाज का कैंसर हैं और इन्हें जड़ से ख़त्म होना होगा। बैलेंस बनाओगे आप तो ये समाज आने वाले कई हज़ार वर्षों तक इसी बीमारी में फंसा रहेगा। शादी-ब्याह के समारोह कोई अपनापन, रिश्तेदारी और मेलजोल नहीं बढ़ाते हैं। ये सब आपको बढ़ाना है तो सौ रुपये का ट्रेन का टिकट लीजिए और कानपुर जाकर मौसी और मौसा से मिल आईये, उसके लिए क़र्ज़ लेकर, लाखों खर्च करके कोई समारोह रखने की ज़रूरत नहीं होती है।

व्यंग्य

# कविता करने लगना साहबी का चरमोत्कर्ष

कविता करने लगना साहबी का चरमोत्कर्ष है। दुनिया के सारे धतरकरम कर चुकने के उपरांत साहब अचानक कवि हो जाता है। कवि होना अस्थायी दौर है साहब के जीवन का, इसके बावजूद जब भी साहब कवि के चोले में होता है उससे दूर रहने में ही भलाई होती है।

आपकी यह जिज्ञासा स्वाभाविक है कि पता कैसे किया जाए कि साहब अब कवि भी हो चुका है? यह जानना ज्यादा कठिन है नहीं,जब भी साहब वैसी बातें न करें जिसकी आपको उम्मीद या आशंका होती है तो समझ लीजिए कि दाल मे कुछ काला है। जब वो दुनिया भर की, बिना काम की बातें करने लगें, गरीबी, भुखमरी, लाचारी, प्रेम, विरह, युद्ध, फूल-पत्तियां उसकी बातों में घुसपैठ कर जाए। जब वो अधिक सदाचारी,भला भला, नेक दिखने की पूरी कोशिश करता दिखे तो आप समझ सकते हैं कि साहब फिलहाल कवि हो चुका है।



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

> कवि हुआ साहब जानबूझकर शेव करना भूल जाता है। चाहता है कि विचार मग्न दिखे। आप सामने बैठें हो उसके तो वो आपको नहीं देखता, वो आपके आर-पार देखता है।

कवि हुआ साहब जानबूझकर शेव करना भूल जाता है। चाहता है कि विचार मग्न दिखे। आप सामने बैठें हो उसके तो वो आपको नहीं देखता,वो आपके आर-पार देखता है। वो आपकी पीठ पीछे मौजूद खिड़की से दिखते नीले आसमान के नीचे लगे पंप और हैंडपंप से पानी भरती नहाती लड़की को देखता है। वो खुद तय कर लेता है कि वो लड़की सुंदर होने के साथ-साथ भूखी भी है। भावुक होता है। ऐसे में वो और उसके बारे में कविता करने के प्रयास में जुट जाता है और व्यस्तता वश सामने रखी प्लेट में मौजूद काजू अनदेखे रह जाते हैं। कवि हुआ साहब सरकारी वक्त में सरकारी कागज काले करता है। लगातार लिखता है,जो लिखता है उसे खुद नहीं पढ़ता। उसे अपनी लिखी सारी ही लाइनें कविता लगती हैं और अपनी सारी कविताएं प्रिय लगती हैं। वो अपनी कविताओं से उस मां की तरह व्यवहार करता है,जो अपने काले-कलूटे कुपोषित लड़के को दुनिया का सबसे सुंदर बालक मानती है। साहब मानता है कि उसकी कविताएं अवतार हैं,वो लिखी नहीं गईं, प्रगट हुई हैं और वो यह चाहता है बाकी दुनिया भी उससे सहमत हो।

आप यह भी जानना ही चाहेगें कि साहब कवि होने के झमेले में पड़ता ही क्यों है? होता ये है कि रिटायरमेंट के नजदीकी दिनों में जब वह किसी सुबह उठता है, करने को कुछ खास नहीं होता तो वह बोरियत दूर करने के लिए अपनी प्रसिद्धि का खाता टटोलता है। टटोलता है तो धक्क रह जाता है। नुकसान का अंदेशा होने लगता है उसे और इस नुकसान की शीघ्र भरपाई की उम्मीद लिए वह कवि हो जाता है। दरअसल यह बुढ़ापे की खब्त है। कवियों के कुसंग की व्याधि है ये। कविता उसे सम्मान,पहचान और अभिनंदन का शार्टकट सी लगती है। उसे लगता है कि जीवन में इसी भर की कमी रह गई है,वो अभिनंदन का आकांक्षी होने के प्रयोजन से कवि हो जाता है। अब ये बात अलग है कि असली घी से कवि भी इसके लिए तरसते हुए गुजर जाते हैं,पर चूंकि साहब को अपने काबिल होने पर रंचमात्र भी संदेह नहीं होता। फिर भी वो खुद को आजमाने के चक्कर में कविता भी करके देख लेना चाहता है। वो इस भरोसे मे कविता करता है कि उसका किया धरा कविता ही है। चूंकि वह कवि होना चाहता है इसलिए कवि हो जाता है,पर साहब लाख कोशिश कर ले वह कवि जैसा दिखने के बावजूद सच्ची-मुच्ची का कवि हो नहीं पाता। कवि होना उसकी साहबी साख का सत्यानाश करता है। नुकसान का सौदा है ये।

स्वाभाविक रूप से उसके अंदर का काईयां, मजबूत साहब इसका प्रतिरोध करता है,वो मौका देखते ही लाचार कवि को पटक भी लेता है। इसलिए साहब का कवि अवतार आमतौर पर क्षणिक ही होता है। एकाध कविता संग्रह प्रकाशित होने के बाद,किताबों के धूल खाते बंधे गठ्ठर उसके अंदर बैठे सुकुमार कवि की हत्या कर देते हैं। कवि हारता है और साहब जीतता है। साहब कभी-कभार पहना गया कुर्ता होली जैसे अवसरों के लिए अलमारी में रख देता है। अपने कवि हृदय को अपनी बिना बिकी किताबों के साथ स्टोर में पटककर भूल जाता है। हंसता है खुद पर और वापस साहब हो जाता है।

# पत्र लेखन अब इतिहास की बात

सन् 1970 के आसपास के वर्षों में नौकरीपेशा लोग 300 रुपए के आसपास वेतन पाते थे,फिर भी संतुष्ट रहते थे। परिश्रम भी बहुत करते थे। व्यापारियों की कमाई भी उनके जीवनयापन के अनुरूप ही होती थी, पेट काट कर कुछ बचा लिया तो बच जाता था अन्यथा कल की चिंता कल पर छोड़ देते थे। स्त्री हो या पुरुष वे सब दिखावे से बहुत दूर रहते थे,बिना प्रेस किए हुए कपड़े पहनकर भी उनमें हीन भावना नहीं उपजती थी। न जेब में बहुत पैसे हुआ करते थे,न ही असीमित जरूरतें। जिनकी आय अपेक्षाकृत अधिक थी, उसका उन्हें कतई अभिमान न होता था,बल्कि दिखावा करने में उन्हें संकोच होता था।

उन दिनों संचार के साधन बहुत कम थे,पत्रों के माध्यम से जानकारियां दूर-सुदूर आती-जाती थीं। भारतीय डाक सेवा का जाल पूरे देश में फैला था। असंख्य डाक सेवक चिट्ठियों को एक से दूसरे स्थान पर ले जाते थे और खाकी पोषाक में लाखों डाकिए राह तकती अंखियों तक उनके संदेश पत्र पहुंचाते थे। डाकिया के समय से तनिक देर हो जाए तो लोगों में बेचैनी सी होने लगती-'क्या बात है? अभी तक डाकिया नहीं आया।'



द्वारिका प्रसाद अग्रवाल
वरिष्ठ लेखक, बिलासपुर

महानगर, नगर, कस्बा हो या गांव, पोस्ट ऑफिस सबका सहारा हुआ करता था। मनीआर्डर के सहारे लाखों लोगों का भरण-पोषण जुड़ा हुआ था। तार के जरिए अति महत्व के संदेश शीघ्रता से मिल जाते थे, वैसे, तार आना अक्सर किसी अप्रिय घटना के समाचार की संभावना से भी जुड़ा रहता था। तार आने पर लोगों के मन में सबसे पहले यह भाव आता-'तार आया है, न जाने क्या हो गया?'लिफाफा पच्चीस पैसे में, अंतर्देशीयपत्र पन्द्रह पैसे में और पोस्टकार्ड पांच पैसे में मिलता था। परिवारों के रिश्ते,दुःख-सुख के समाचार,पति-पत्नी के उलाहने,प्रेमियों के दर्द,कवियों की कविताएं,लेखकों के लेख,सरकारी आदेश और व्यापारिक प्रपत्र उन्हीं लिफाफों की मदद से हस्तान्तरित होते थे। लिफाफे का उपयोग आवश्यक होने पर ही किया जाता था, क्योंकि वह महंगा था। आम तौर पर सस्ते होने के कारण कार्ड सबसे अधिक लोकप्रिय थे। पोस्टकार्ड का बहुआयामी उपयोग होता था,जैसे सामान्य सूचनाओं का आदान-प्रदान,व्यापारिक कामकाज एवं भावताव, विवाह संबंध की बातचीत,आवागमन की सूचना, साहित्यकारों की रचनाओं की स्वीकृति, अस्वीकृत रचनाओं की खबर,लाल स्याही से भरपूर राम राम राम राम का लिखित जप, पत्र प्रेषण से देवी-देवताओं की कृपा के आगमन की सूचना और वैसे ही पत्र अपने परिचितों को लिखकर न भेजने पर भीषण आर्थिक हानि और पुत्र शोक होने की धमकी,शोक संदेश जिसके कार्ड का एक कोना फटा रहता था आदि-आदि। पत्र लिखना अब इतिहास की बात हो गई,मोबाइल फोन ने उस अद्भुत विधा को एक किनारे लगा दिया।

याद है आपको वे मधुर गीत,'फूल तुम्हें भेजा है खत में,फूल नहीं मेरा दिल है, प्रियतम मेरे मुझको लिखना, क्या ये तुम्हारे काबिल है?' इस गीत की मधुरता में आप खो सकते हैं,परंतु इसे 'फील' केवल वे कर सकते हैं जिन्होंने अपनी किशोरावस्था में ऐसे पत्र किसी को लिखे हों। गांव-खेड़े में अनपढ़ लोग पोस्टमेन से आग्रह करके पत्र लिखवाते थे,सदाशयी पोस्टमेन उनकी मदद करते थे और स्वयं उस पत्र को पोस्ट भी कर देते थे।

# राहुल गांधी ने अमेठी की जनता का किया अपमानः स्मृति ईरानी

संग्रामपुर, अमेठी

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने से कुछ घंटों पहले केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने स्थानीय काली माई मंदिर मैदान में आयोजित एक शिलान्यास कार्यक्रम के माध्यम से एक बार कांग्रेस और गांधी परिवार को राजनीति की बड़ी चोट मारी। यहां उन्होंने अमेठी किठावर मार्ग के चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण और नवीनीकरण के काम के शिलान्यास के साथ एक दर्जन से अधिक कांग्रेस नेताओं को भाजपा में शामिल किया।

स्मृति ने कहा कि राहुल गांधी ने वायनाड जाकर एक बार फिर अमेठी की जनता का अपमान किया है। राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी लम्बे समय तक केन्द्र और प्रदेश की सत्ता में रहे। कांग्रेस पार्टी की ओर से वर्षों तक इमोशन के नाम पर अमेठी को छला गया, गांधी परिवार के पास सत्ता का अभाव कभी नहीं था, सेवा का ध्येय नहीं रहा। राहुल गांधी दुःख की घड़ी और चुनौतियों में कभी भी अमेठी की जनता के साथ नहीं रहे।

2019 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अमेठी आए हुए थे, उन्होंने कहा था कि हम परिवर्तन लेकर आए हैं। उन्होंने पांच साल में जिस तरह से विकास के काम किए हैं, अमेठी बदली नजर आ रही है। स्मृति ने कहा कि राहुल गांधी न्याय यात्रा लेकर आए थे, लेकिन अमेठी के किसानों के साथ न्याय नहीं किया। सम्राट बाइसिकिल के नाम से किसानों की छीनी गई जमीन अभी तक वापस नहीं लौटी है। जनसभा में राहुल गांधी को सीधे निशाने पर लिया, कहा कि 2014 में हम भी चुनाव हार गए थे, लेकिन 2014, से 2019 तक अमेठी का साथ नहीं छोड़ा और जनता की सेवा में लगे रहे। राहुल गांधी ने वायनाड जाने के बाद पांच साल बीत गए।

अमेठी की तरफ मुड़कर नहीं देखा, चुनाव के समय न्याय यात्रा लेकर आए और अपने कार्यकर्ताओं से मिलने कांग्रेस कार्यालय तक नहीं गये। कोरोना काल में जब भाजपा के कार्यकर्ता जनता की सेवा में लगे हुए थे, उस समय राहुल गांधी की बात तो दूर उनकी टीम का भी कोई अमेठी में नजर नहीं आया। पिछले पांच साल में विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत अमेठी में हुए काम और लाभार्थियों की संख्या का उल्लेख करते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी ने अमेठी को पूरी तरह बदल दिया है। पिछली बार हम प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड रहे थे,इस बार अमेठी की दीदी के रूप में चुनाव मैदान में हैं।

### 36.19 करोड लागत से बनेगी 15 किमी लम्बी सड़क

अमेठी किठावर मार्ग अमेठी का सबसे खराब मार्ग है। इस जर्जर सड़क के पुनर्निर्माण और नवीनीकरण की चिर प्रतीक्षित मांग शनिवार को चुनावी बेला के पहले दिन पूरा हुई है। मार्ग के पुनर्निर्माण का प्रस्ताव भेजवाने और शासन से स्वीकृति के लिए पूर्व प्रमुख अमरेन्द्र सिंह पिंटू ने सबसे अधिक प्रयास किया है। उनके काम की सराहना के साथ केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के स्वागत के लिए शनिवार को दो दर्जन से अधिक प्रधान और क्षेत्र पंचायत सदस्य भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। अमरेन्द्र सिंह पिंटू ने कहा कि दीदी स्मृति ईरानी ने जितना काम पांच साल में किया है, कांग्रेस उतना पचास साल में भी नहीं कर पाई। गांधी परिवार का सिर्फ नाम रहा। नामदार बनकर यहां की जनता को 15 साल तक छलते रहे। चुनाव हारने के बाद अमेठी में कभी चेहरा दिखाने भी नहीं आए, अब किस मुंह से जनता से वोट मांगेंगे। दीदी स्मृति ईरानी सर्दी, गर्मी, बरसात, सुख दु:ख में हमेशा अमेठी के साथ खड़ी रही हैं।

# भाजपा कार्यालय पर सोशल मीडिया और आईटी विभाग की बैठक

संवाददाता, सीतापुर

▸▸ भाजपा जिला अध्यक्ष ने संगठनात्मक कार्यों की समीक्षा की

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर सोशल मीडिया और आईटी विभाग की बैठक पदाधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न हुई बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने की। बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष ने संगठनात्मक कार्यों की समीक्षा की गई तथा आगामी कार्यक्रमों की चल रही तैयारी के विषय में जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने विस्तार से जानकारी प्राप्त की।

इस अवसर पर सोशल मीडिया एवं आईटी विभाग के पदाधिकारी को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया की सोशल मीडिया व आईटी के माध्यम से सेवा कर रहे पार्टी के पदाधिकारी पार्टी के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं उनका कार्य जन-जन के मन तक पहुंचता है, जिससे पार्टी अपने निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करती हैं।

उन्होंने कहा की 2024 के चुनाव में आपके कुशल प्रबंधन से पार्टी जिले से जुड़ी चारों सीटों पर प्रचंड विजय प्राप्त करेगी। इसके लिए आपको जहां संगठन के निर्देशों को समय पर पूर्ण करना है वही यह ध्यान रखना है कि वर्तमान सोशल मीडिया के युग में पार्टी की नीतियों और रीतियो से से अंतिम पायदान पर खड़ा व्यक्ति भी भली भांति अवगत हो सके।

सोशल मीडिया के जिला प्रभारी सुधाकर शुक्ला ने भी बैठक को संबोधित किया इस अवसर पर आईटी संयोजक प्रखर जायसवाल ने कहा कि सोशल मीडिया पार्टी का मजबूत स्तंभ है और उसके माध्यम से पार्टी 2014 से निरंतर विजय हासिल कर रही है और यह सिलसिला 2024 में भी जारी रहेगा। सोशल बैठक में मीडिया संयोजक शशांक शुक्ला व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### समाजसेवा सबसे उत्तम कार्यः डॉ. एसपी सिंह

**जगदीशपुर, अमेठी।** समाज सेवा सबसे महत्वपूर्ण कार्य है वो चाहे देश सेवा हो अथवा वृद्धजन गुरूजन मातृ-पिता आदि सेवाएं सबसे अच्छा कार्य है यह उक्त बातें राजा कान्ह पीजी कालेज जगेसर गंज के प्रबंधक डॉक्टर एसपी सिंह ने सप्त दिवसीय राष्ट्रीय सेवा शिविर उद्घाटन के मौके पर कही। जगदीशपुर जायस रोड पर जगेसर गंज गांव स्थित राजा कान्ह पीजी कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर उद्घाटन के मौके पर बोलते हुए प्रबंधक डॉक्टर एसपी सिंह ने कहा कि प्रति वर्ष सेवा शिविर के माध्यम से समाज के लोगों को जागरूक किया जाता है कि समाज में फैली हुई कुरीतियों को त्याग करके सदाचार के रास्ते पर चल कर देश प्रेमी बने। इस अवसर पर डॉक्टर कृष्ण कुमार सिंह,शीतला बक्स सिंह पूर्व प्रधानाचार्य, डॉक्टर चंद्र प्रकाश पाण्डेय, अरूण प्रताप सिंह, डॉक्टर चंद्र शेखर सिंह, रमा शंकर तिवारी, हरिश्चंद्र राठौर, के के सिंह, प्रमोद कुमार,रेनू पाण्डेय, भीम कुमार, राधा रमन पाण्डेय, अर्जुन तिवारी आदि लोग मौजूद रहे ।

### मतदाता जागरूकता को लेकर लेखन प्रतियोगिता

**भादर, अमेठी।** मतदाता जागरूकता को स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत शनिवार को परिषदीय विद्यालयों में पत्र लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया बच्चों ने अपने माता-पिता के नाम पत्र लिखकर उनसे आगामी लोकसभा चुनाव में अनिवार्य रूप से मतदान करने का अनुरोध किया। पत्र लेखन में बच्चे उत्साह से शामिल हुए। 14 मार्च को जिला मुख्यालय पर हुए बेसिक शिक्षा विभाग के एक कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने सभी शिक्षकों से मतदाता जागरूकता के क्रम में बच्चों से उनके अभिभावकों के नाम एक पत्र लिखाकर उन्हें मतदान के लिए सचेत किया और जागरूक करने के निर्देश दिए थे। शनिवार को लगभग सभी जूनियर विद्यालयों में बच्चों से पत्र लेखन कराया गया। उच्च प्राथमिक विद्यालय इस्माइलपुर, नारायण पुर, त्रिसुंडी आदि विद्यालयों में भी बच्चों ने पत्र लिखे। गौरीगंज संवाद के अनुसार उच्च प्राथमिक विद्यालय माधवपुर में शनिवार को स्वीप की कई गतिविधियां आयोजित की गईं।

### मरुधर एक्सप्रेस के ठहराव से लोगों में खुशी

**मुसाफिरखाना, अमेठी।** सांसद व केंद्रीय मंत्री दीदी स्मृति जुबिन ईरानी के सौजन्य से मरुधर एक्सप्रेस का मुसाफिरखाना स्टेशन पर स्टापेज प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष आदरणीय राम प्रसाद मिश्र, जिला महामंत्री सुधांशु शुक्ल, नगर पंचायत अध्यक्ष बृजेश गुप्ता, जिला मंत्री अतुल सिंह,प्रभात शुक्ल, जिला सह मीडिया प्रभारी अरुण मिश्र, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष आशा वाजपेई, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष विशुव मिश्र, पूर्व किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष सतेन्द्र सिंह, युवा मोर्चा जिला महामंत्री जीत बहादुर सिंह, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष मूरता देवी, मंडल महामंत्री रामगोपाल कौशल संतोष कुमार श्रीवास्तव के साथ मंडल अध्यक्ष महेन्द्र कुमार मिश्र ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम सम्पन्न

**सांडा/सीतापुर, अमृत विचार।** विकासखंड इलाके में ग्राम प्रधान एवं प्रधानाध्यापकों की एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन ब्लॉक संसाधन केन्द्र सकरन में किया गया। कार्यक्रम के तहत प्रधान संघ अध्यक्ष सुंदरलाल तिवारी प्रधान श्रवण कुमार, छोटे लाल, किशोरी लाल आदि को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कृष्ण कुमार वर्मा ने कहा कि जिन विद्यालयों में कायाकल्प की आवश्यकता है। वह अवगत करा दें उनके यहां शीघ्र ही कार्य पूर्ण करा दिया जाएगा। साथ ही विद्यालय में समय से न आने की उपस्थित को लेकर शिक्षकों से पूंछने पर शिक्षकों और ब्लॉक प्रतिनिधि के बीच तीखी नोंक झोंक हुई। जिसके बाद ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि कृष्ण कुमार वर्मा और प्रधान कार्यक्रम को छोड़ कर वहां चले गये।इस दौरान एआरपी विनोद कुमार, राजेश वर्मा, डॉ संघ प्रिय गौतम, बृजेश कुमार के साथ-साथ शिक्षक का कृष्ण कांत, शारदा प्रसाद, धीरेंद्र पटेल, मधुकर वर्मा, मोहम्मद आरिफ, शौरभ शुक्ल आदि मौजूद रहे।

### छेड़छाड़ की शिकायत करने गये पिता को आरोपी ने पीटा

**लहरपुर/सीतापुर, अमृत विचार।** कोतवाली इलाके की भदफर चैकी के एक गांव में शौच के लिए गई नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पीड़िता ने शिकायत करने पर पिता के साथ आरोपी द्वारा मारपीट का आरोप लगते हुए पुलिस को सूचना दी। पुलिस तहरीर के आधार पर छानबीन कर रही है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र की निवासिनी नाबालिग बालिका ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि शनिवार सुबह वह शौच के लिए गई हुई थी। वापस घर आते समय गांव के एक व्यक्ति ने बुरी नीयत से उसका हाथ पकड़ कर उसे गन्ने के खेत की घसीटकर छेड़छाड़ की। पीड़िता के द्वारा शोर मचाने पर उपरोक्त व्यक्ति मौके से भाग गया। पीड़िता ने घर आकर पूरी घटना के बारे में अपने पिता को बताया। इसके बाद बालिका का पिता आरोपी के घर शिकायत करने के लिए गया। जिस पर आरोपी व्यक्ति ने उसके पिता को लात घूसों से मारा-पीटा जिससे उसको चोट भी आई है। इस संबंध में भदफर चैकी प्रभारी धर्मेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि, प्रार्थना पत्र मिला है मामले की जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

### बूथ पर दें सरकार की उपलब्धियों की जानकारी



बैठक करते मंडल कार्यकर्ता । अमृत विचार

**महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार।** लोकसभा सीतापुर की विधानसभा महमूदाबाद के देहात मण्डल में मण्डल कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष अजय वर्मा ने की। बैठक में मुख्य रूप से लोकसभा चुनाव संचालन समिति में विधानसभा संयोजक की भूमिका का निर्वाह कर रहे चन्द्र भूषण शुक्ला एवं जिले से संगठन का दायित्व संभाल रहे जिला मंत्री सुधीर सिंह ने मण्डल के पदाधिकारियों, शक्ति केंद्र संयोजक एवं शक्ति केंद्र प्रवासियों की बैठक ली। बैठक में सभी को इस बात के लिए प्रेरित किया कि सभी लोग अपने अपने बूथ पर प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में हुई सभी उपलब्धियों के बारे में जानकारी दें। जिससे मोदी जी के 400 पार के सपने को साकार बनाया जा सके। इसके अलावा इस कार्यक्रम में किसान मोर्चा के क्षेत्रीय मंत्री अनिल यादव, पूर्व जिला मंत्री शंकर बक्स सिंह, विधानसभा संचालन समिति में मीडिया प्रभारी का दायित्व सम्भाल रहे प्रदीप सिंह, महामंत्री अमरीश यादव, अजय यादव, विधानसभा विस्तारक आर्यन शुक्ला, उपस्थिति रहे। कार्यक्रम का संचालन अनूप सूरज ने किया।

### अब स्मार्ट क्लॉस में बच्चे करेंगे पढ़ाई

**खैराबाद, सीतापुर, अमृत विचार।** खैराबाद में स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में विधा भारती व एनईपी 2020 के अनुसार शिक्षण कार्य को सरल व सुगम बनाने के लिए स्मार्ट क्लॉस की शुरुआत की गई। विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष सुनील मिश्रा ने विद्यालय को स्मार्ट टीवी डिश व इनवर्टर सेट दिया। जिसका शुभारंभ अध्यक्ष के पुत्रों शिवम मिश्रा व आकाश मिश्रा ने किया। विद्यालय में स्मार्ट क्लॉस बनने से विद्यालय परिवार व छात्र-छात्राओं में प्रसन्नता दिखाई दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुणेश त्रिवेदी अरुणेश त्रिवेदी ने अध्यक्ष को इस कार्य के लिए आभार व्यक्त किया।

# विद्यालयों के बच्चों ने आंचलिक विज्ञान नगरी का किया भ्रमण

पिसावां, सीतापुर

**अमृत विचार।** विकास खंड के परिषदीय विद्यालयों के सौ बच्चों ने लखनऊ स्थित आंचलिक विज्ञान नगरी का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान उन्हें शिक्षकों ने ज्ञानवर्धक जानकारियां भी दीं। विकासखंड के अंतर्गत आयोजित राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत हुई प्रतियोगिता के दौरान एक्सपोजर विजिट के लिए चयनित टॉप सौ परिषदीय विद्यालयों के बच्चों को शुक्रवार लखनऊ स्थित आंचलिक विज्ञान नगरी का भ्रमण कराया गया।

भ्रमण कार्यक्रम को लेकर शिक्षा विभाग द्वारा दो बसों की व्यवस्था की गई थी। बच्चों को भ्रमण कार्यक्रम के दौरान कोई भी असुविधा न हो सके जिसको लेकर खंड शिक्षा अधिकारी अवनीश कुमार के निर्देश पर कुल 17 शिक्षक शिक्षिकाओ को सुपरविजीन की दृष्टि से लगाया गया था।

भ्रमण कार्यक्रम के दौरान आंचलिक विज्ञान नगरी लखनऊ में बच्चों ने थ्रीडी साइंस शो, ओपन साइंस पार्क, लाइव लेक्चर, पार्क, एक्वेरियम की प्रदर्शनी, फिजिक्स, केमिस्ट्री और बायोलॉजी की जानकारी ली। एक्सपोजर विजिट परिषदीय बच्चों के लिए काफी मनोरंजक व ज्ञानवर्धक शिक्षाप्रद रहा। देर शाम बीआरसी पहुंचे परिषदीय बच्चों को उनके अभिभावकों को सौंप दिया गया। भ्रमण कार्यक्रम में एआरपी अभय सिंह, अतुल शुक्ला, शोभित श्रीवास्तव व शिक्षकों में अखिलेश, कुलदीप, किशोर गजरौला, प्रवीण, अंबुज, प्रदीप, शालिनी, निशी यादव, अर्चना मिश्रा, आकाश राठौर, सिदार्थ मिश्रा, शगुफ्ता, प्रदीप कुमार सरोज व विजय मिश्र रहे।

## 7 दिवसीय शिविर में छात्रों को पर्यावरण के प्रति किया जागरूक

**लहरपुर,सीतापुर, अमृत विचार।** राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर में शनिवार को पर्यावरण प्रदूषण और वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी विजय कुमार निगम ने पर्यावरण प्रदूषण के बारे में सेवक सेविकाओं को जानकारी देते हुए वृक्षारोपण के महत्व से अवगत कराया। शिक्षक अंकित कुमार ने प्रदूषण से होने वाली हानियों के बारे में सेवक सेविकाओं को जानकारी दी। इस मौके पर विद्यालय प्रांगण में वृक्षारोपण भी कराया गया। जिसमें जामुन, अशोक, आंवला सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में रमेश चंद्र मिश्रा, संजीत मिश्रा, विनोद शुक्ला, नीता सिंह, शैल सिंह, शिवकुमार मिश्र, नमिता रस्तोगी, क्षमा अवस्थी सहित सेवक सेविकाओं ने प्रतिभाग किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अवधेश कुमार अवस्थी ने वृक्षारोपण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी से एक एक पौधा लगाने व सभी से लगाए गए पौधों के संरक्षण की अपील की।

# चारों तहसीलों में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

▸▸ तहसील मुसाफिरखाना में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

संवाददाता, अमेठी



जनसुनवाई में समस्याओं को सुनतीं डीएम व मौजूद अन्य।

**अमृत विचार।** जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से शनिवार को जनपद की चारों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी निशा अनंत की अध्यक्षता में तहसील मुसाफिरखाना में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये, शिकायतों को गम्भीरता से लिया जाये।

संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग के संबंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक अनूप सिंह ने सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण के निर्देश दिए। आज तहसील मुसाफिरखाना में कुल 39 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें 3 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया, तहसील अमेठी में 40 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें 8 का निस्तारण किया गया, तहसील तिलोई में 16 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें 2 का निस्तारण किया गया तथा तहसील गौरीगंज में 17 शिकायतें प्राप्त हुईं जिसमें से 2 शिकायतों का निस्तारण किया गया तथा शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी मुसाफिरखाना अभिनव कनौजिया, तहसीलदार मुसाफिरखाना सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# अपर निदेशक ने नंदनी अस्थाई गौआश्रय स्थल का किया निरीक्षण

कमलापुर, सीतापुर



गोवंश को गुड़ खिलाते अपर निदेशक डॉ . वीके सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सीतापुर के ब्लॉक कसमंडा ग्राम पंचायत महोली द्वारा बनाए गए अस्थाई गोशाला का निरीक्षण शनिवार को अपर निदेशक मुख्यालय लखनऊ डॉ. वीके सिंह ने किया। जिसमें हर बिंदुओं पर गहनता से जांच की।

निरीक्षण के दौरान आश्रय स्थल में गौवंश के लिए हरा चारा भूसा भंडारण एवं पानी की समुचित व्यवस्थाओं को देखा। निरीक्षण के दौरान अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर उमेश कुमार कसमंडा पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर ज्ञानेंद्र वर्मा प्रधान महोली धर्मेंद्र सिंह ने गौवंशों को गुड़ भी खिलाया। निरीक्षण में प्रधान धर्मेंद्र सिंह को गौशाला में साफ-सफाई एवं गौशाला का सुंदरीकरण गायों के लिए समर्पित भाव से सेवा करने के लिए उनकी प्रशंसा की प्रधान ने पशु चिकित्सा अधिकारी के बारे में बताया कि उनके द्वारा निर्मित चिकित्सा एवं गोवंशों की देखभाल की जाती है। अपर निदेशक डॉ. बीके सिंह ने पशु चिकित्सा अधिकारी ज्ञानेंद्र वर्मा के कार्य को देखकर उनकी प्रशंसा की डॉक्टर ज्ञानेंद्र वर्मा को निर्देशित किया है कि कोई भी गोवंश बिना टैग के न हो अगर हो तो जल्द ही पूर्ण कर लिया जाए।

## किसानों के सुपुर्द की गईं 29 गायें

**पिसावां, सीतापुर, अमृत विचार।** मुख्यमंत्री गौवंश सुपुर्दगी अभियान के तहत शनिवार को विकास खंड के अंतर्गत संचालित गौशालाओं से 29 गायों को गौ पालक किसानों को सुपुर्द किया गया। इस दौरान विकास विभाग द्वारा गौपालकों को सुपुर्दगी प्रमाण पत्र भी सौंपे गए। शनिवार को विकासखंड के अंतर्गत संचालित कपसाकला गांव स्थित कृष्ण अस्थाई गौशाला से गांव के पशुपालक किसान चंद्र कुमार, राम रतन, रामजन्म, आशा देवी, वीरेश आदि को कुल 14 गौवंश की सुपुर्दगी की गई। साथ ही बबुर्दीपुर गांव स्थित अस्थाई गौशाला आश्रय स्थल से कुल 15 गौवंश किसानों को सुपुर्द किए गए। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी अमित यादव ने कहा कि सभी किसान व पशु प्रेमी गौशालों से गाय लेकर सेवा कर सकते हैं। गौ सेवा करना हिंदू धर्म में बहुत ही पुण्य कर्म माना गया है। गाय से हमें खेतों के प्राकृतिक खाद व दूध की भी आपूर्ति होती है। एडीओ पंचायत इकराम अली, एडीओ सहकारिता रामनिवास राणा, वीडीओ संजय वर्मा व अवनीश शुक्ला, ग्राम प्रधान विपिन कुमार व नमिता गुप्ता उपस्थित रहे।

# विज्ञापनों से संबंधी समस्त कार्य करेगी मानीटरिंग कमेटी

संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार।** प्रभारी अधिकारी एमसीएमसी/जिला समाज कल्याण अधिकारी हर्ष मवार ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराने के उद्देश्य से कक्ष संख्या-106 विकास भवन सीतापुर में मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मानीटरिंग कमेटी निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशों के अनुपालन में जिलाधिकारी द्वारा स्थापित करायी गयी है।

उक्त कमेटी लोकसभा निर्वाचन-2024 में पार्टी/प्रत्याशी से संबंधित विज्ञापनों का प्रमाणन संबंधी समस्त कार्य करेगी। उन्होंने प्रबन्धक, एससीएम सिनेमा लखीमपुर, बाईपास रोड, प्रबन्धक, मिराज सिनेमा पेंगुइन टावर, हरदोई चुंगी को निर्देशित किया है कि लोकसभा निर्वाचन-2024 में किसी पंजीकृत/गैर-पंजीकृत पार्टी या लोकसभा निर्वाचन प्रत्याशियों से संबंधित कोई भी विज्ञापन सामग्री/अपील सिनेमा हाल में मेरे द्वारा प्रमाणित कराने के उपरान्त ही दिखायी जाये।

यदि भविष्य में भी किसी पंजीकृत/गैर पंजीकृत पार्टी या लोकसभा प्रत्याशियों के द्वारा प्रचार से संबंधित कोई भी विज्ञापन सामग्री/अपील सिनेमा हाल में दिखाये जाने हेतु प्राप्त होती है तो मुझसे प्रमाणित कराने के उपरान्त ही विज्ञापन/अपील सिनेमा हाल में दिखायी जाये, जिससे लोकसभा निर्वाचन-2024 की आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन न हो, अन्यथा किसी विपरीत परिस्थिति के लिये आपके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही के लिये संबंधित को अवगत कराया जायेगा।



रूट मार्च करते सीआरपीएफ ।

## पुलिस व सीआरपीएफ ने किया रूट मार्च

**सांडा, सीतापुर, अमृत विचार।** लोकसभा चुनावों के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन सख्त हुआ। शनिवार को पुलिस और सीआरपीएफ के जवानों ने बिसवां कोतवाली के सांडा चैकी क्षेत्र में रूट मार्च निकाला। इस दौरान लोगों को आगामी लोकसभा चुनाव में निर्भीक होकर मतदान करने के लिए जागरूक किया गया। बिसवां एसआई राजेश कुमार के नेतृत्व में सीआरपीएफ के जवानों ने सांडा में मेन तिराहा से होकर सांडा बिसवां मार्ग, गांव की गलियों से गुजरते हुए मार्च निकाला। तथा ब्लॉक के सामने लगे राजनीतिक फ्लेक्स भी हटवाए। रूट मार्च के समय सीआरपीएफ के जवानों के साथ सांडा पुलिस चैकी से चेतराम, धीरेंद्र, मुकेश आदि भी मौजूद रहे।

## टोडरपुर स्टेशन पर लिया जाने वाला ट्रैफिक ब्लॉक स्थगित

**नई दिल्ली, अमृत विचार।** उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के टोडरपुर स्टेशन पर लिया जाने वाला ट्रैफिक ब्लॉक स्थगित कर दिया गया है। जानकारी के लिए बताया जाता है कि मुरादाबाद मंडल के टोडरपुर स्टेशन पर लिया जाने वाला ट्रैफिक ब्लॉक स्थगित कर दिया गया है। इसलिए इस संबंध में जिन सभी ट्रेनों को पहले रद्द/डायवर्ट/शॉर्ट टर्मिनेट/रेगुलेटेड/पुनर्निर्धारित करने की सूचना दी गई थी, उन्हें उनके उचित रूट और शेड्यूल पर चलने के लिए बहाल कर दिया गया है। उक्त जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी दीपक कुमार ने दी।

## राजीव ने अपनी शादी में खर्च किये थे लाखों रुपये

**प्रयागराज, प्रयागराज, अमृत विचार।** आरओ-एआरओ व सिपाही भर्ती पेपर लीक प्रकरण में गिरफ्तार किये गये दो मुख्य आरोपियों में एक आरोपी राजीव नयन मिश्रा को लेकर एक बड़ा खुलासा सामने आया है। एसटीएफ टीम ने आरोपी के ननिहाल में भी पूछताछ की है। जिसके बाद कुछ अहम जानकारियां मिली है। प्रयागराज के मेजा थाना अंतर्गत अमोरा गांव का रहने वाला राजीव नयन मिश्र पुत्र दीनानाथ मिश्र ने बीते सालों में अकूत दौलत जुटाई है। राजीव ने दो साल पहले अपनी शादी में 50 लाख से ज्यादा रुपये खर्च कर अपने गांव में लोगों को हैरत में डाल दिया। उसके रहन सहन से पूरा गांव सोच में पड़ा हुआ था। बतादें कि राजीव के पिता दीनानाथ मिश्रा मूलरूप से मेजा के अमोरा के रहने वाले थे। लंबी बीमारी के चलते उनकी मौत हो गई थी। उनकी मौत के बाद उसकी मां का भी करंट लगने से निधन हो गया था। मां-बाप की मौत के बाद राजीव अपने ननिहाल धर्मपुर शुकुलपुर मेजा में रहने लगा था।

# आम के पेड़ों में लहलहाने लगा बौर

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** आम की बागों में इन दिनों बौर लहलहाने लगे हैं। जिसको देख बागवान गदगद हैं। मौसम ने साथ दिया और किसानों की ओर से सावधानी बरती गई तो फिर इस बार फलों का राजा आम खूब धमाल मचाएगा।

वर्तमान में आम के साथ लीची के पेड़ों में मंजरों (बौर) के आने का सिलसिला निरंतर जारी है। कजिले में प्रायः आम और लीची के पेड़ों में मंजर फरवरी के द्वितीय सप्ताह से आने लगता है, हालांकि मंजरों के आने का यह गतिविधि आम और लीची के विभिन्न प्रजातियों एवं उस समय से जुड़ा ताप क्रम पर भी निर्धारित होता है। मार्च के दूसरे सप्ताह में कई जगहों पर बागों में पेड़ों पर बौर लदे दिखाई दे रहे हैं जो आगे बेहतर लाभ की स्थिति के संकेत हैं।

### बरतें सावधानी

इस समय आम और लीची के बागों में हरगिज सिंचाई न करें। यदि किसान इस समय बागों में सिचाई करेंगे तो उन्हें फायदा के बजाए भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। आम और लीची के फलों को गिरने से रोकने के लिए जब दाना मटर के बराबर हो जाए तब प्लानोफिक्स दवाई एक एमएल 3 लीटर पानी के साथ घोलकर पेड़ों पर छिड़काव करना चाहिए।

### क्या कहते हैं कृषि विशेषज्ञ

कृषि विज्ञान बहादुरपुर के कृषि विशेषज्ञ अनिल कुमार कहते हैं कि इस समय किसान विशेष ध्यान दें। मिलीबग कीट पेड़ पर न चढ़े इसके लिए तनों को चारों तरफ पालिथीन बांध दें। वैसे इस कीट के प्रबंधन के लिए किसानों को दिसंबर और जनवरी माह में ही सतर्कता बरतनी चाहिए थी। यदि पूर्व में किसानों ने ऐसा नहीं किया और कीट पेड़ पर चढ़ गए हैं, इसके लिए डाईमेथोएट 30 ई .सी . या क्विनालफास 25 ईसी दवाई का 1.5 एमएल दवा मात्रा प्रति लीटर पानी में घोलकर पेड़ और डालियों पर छिड़काव करें। ध्यान रहे कि बौर निकल जाने के बाद एवं जब तक मटर समान दाना नहीं बन जाता है किसी प्रकार का कोई भी रासायनिक दवा का छिड़काव नहीं करना चाहिए।

आवश्यकता है
अमृत विचार डिजिटल को
अयोध्या ऑफिस के लिए
एक वेबसाइट रिपोर्टर की
अनुभव :-किसी प्रमुख अखबार/वेबसाइट में न्यूनतम 3 वर्ष का अनुभव
वेतन :- योग्यता अनुसार
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें:-
advt.amritvicharbly@gmail.com 9518031113, 8476006584
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

## एक नजर

### आरटीओ प्रयागराज ने तीन वाहनों को किया सीज



**कुण्डा प्रतापगढ़। अमृत विचार :** परिवहन आयुक्त के निर्देश पर परिवहन विभाग ने ओवरलोड एवं अनफिट वाहनों के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया है।शनिवार को आरटीओ प्रवर्तन प्रयागराज संजीव गुप्ता प्रवर्तन टीम के साथ कुंडा क्षेत्र में वाहनों की चेकिंग की।नवाबगंज थाना में तीन ओवरलोड ट्रक,महेशगंज थाने में एक ट्रक को सीज किया।अधिक सवारियां बैठाने व सीट बेल्ट,हेलमेट न लगाने वाले 39 लोगों का चालान किया। इन वाहनों पर 3 लाख 15 हजार रूपये का जुर्माना वसूला। एआरटीओ प्रवर्तन डा .दिलीप कुमार गुप्ता ने बताया कि अभियान के तहत आरटीओ प्रवर्तन प्रयागराज द्वारा संयुक्त चेकिंग की गई है। पीटीओ विक्रांत सिंह,सिपाही आंनद कुमार, मनोज कुमार सहित प्रवर्तन कर्मचारी मौजूद रहे।

### शार्ट सर्किट से मालवाहक के पहिया मे लगी आग

**नैनी, प्रयागराज। अमृत विचार :** औद्योगिक क्षेत्र थाना के बाहर शनिवार खड़े वाहन मे शार्ट सर्किट से आग लग गई। इससे हड़कंप मच गया। आसपास मौजूद लोगों ने प्रयास कर आग को बुझा दिया। जानकारी के मुताबिक औद्योगिक क्षेत्र थाना के बाहर शनिवार को पेड़ की डाली टूटकर बिजली के तार पर गिर पड़ी। इससे तार में शार्ट सर्किट होने लगी। तार से निकली चिंगारी झाड़ियों में आग लग गई। झाड़ियों की आग वहां पुराने मालवाहन के पहिया मे पहुंच गई। इससे पहिया धूं धूंकर जलने लगा। इससे आसपास मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। लोगों ने पानी डालकर किसी प्रकार आग को बुझा दिया।

# कौशाम्बी में 5वें, छठे चरण में प्रतापगढ़ में चुनाव

## मीडिया के सामने निर्वाचन संबंधी जानकारी देते डीएम व एसपी, निष्पक्ष चुनाव के लिए 31 जोनल मजिस्ट्रेट की तैनाती

संवाददाता, प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव रंजन ने कैम्प कार्यालय के सभागार में प्रेस वार्ता में बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा कर दी गयी है। 50- कौशाम्बी में पांचवे चरण एवं 39-प्रतापगढ़.संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में छठें चरण में वोट डाले जाएंगे। कौशाम्बी में अधिसूचना 26 अप्रैल, नाम निर्देशन हेतु 03 मई तक, नाम निर्देशनों की जांच 04 मई, नाम वापसी हेतु अंतिम 06 मई तक, मतदान 20 मई। जबकि प्रतापगढ़ में अधिसूचना 29 अप्रैल, नाम निर्देशन हेतु 06 मई, नाम निर्देशनों की जांच 07 मई, नाम वापसी हेतु 09 मई, मतदान 25 मई,दोनों जगह मतगणना 04 जून को होगी, 06 जून के पूर्व निर्वाचन पूर्ण कर लिया जायेगा।



निर्वाचन संबंधी जानकारी देते जिलाधिकारी।

जिले में आदर्श आचार संहिता लागू हो गयी है। आयोग द्वारा तत्काल प्रभाव से रैलियों, रोडशो आदि पर रोक है। निर्वाचन कार्य से सम्बन्धी सभी अधिकारियों/कर्मचारियों पर तत्काल प्रभाव से स्थानान्तरण पर रोक लगा दी गयी है। प्रतापगढ़ संसदीय निर्वाचन क्षेत्र (सम्पूर्ण) में विधानसभा क्षेत्र रामपुरखास, विश्वनाथगंज, प्रतापगढ़, पट्टी, रानीगंज तथा कौशाम्बी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र (आंशिक) में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र बाबागंज (अ.जा.) व कुण्डा को सम्मिलित है। प्रतापगढ़ में 1804085 मतदाता हैं,पुरूष 954733, महिला मतदाता 849341 व थर्ड जेण्डर मतदाता 11 है। कौशाम्बी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में 688411 मतदाता है। पुरूष 365414, महिला मतदाता 322837 व थर्ड जेण्डर मतदाता 160 है। जिले में सामान्य मतदाता 2492496 व सर्विस मतदाता 4658 है, कुल मतदाताओं की संख्या 2497154 है। कुल 22314 दिव्यांग मतदाता है। 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाता 15520 है। जिले का जेण्डर रेशियों 888, ई.पी. रेशियों 65.73 है।

जनपद में कुल मतदान केन्द्र 1674 व मतदेय स्थल 2621 है। स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव के लिए 217 सेक्टर,31 जोनल मजिस्ट्रेट की तैनाती की गयी है। एमसीसी टीम सक्रिय हो गयी है। सरकारी कार्यालयों आदि पर वाल पेन्टिग एवं प्रचार सामाग्री को चिपकाया जाना तत्काल प्रभाव से प्रतिबन्धित हो गया है। आदर्श आचार संहिता के अनुपालन में 21 उड़न दस्ता टीम, 21 स्थायी निगरानी टीम, 07 सहायक व्यय प्रेक्षक,वीडियो निगरानी,वीडियो अवलोकन टीम व लेखा टीम, 01 मीडिया प्रमाणन और अनुवीक्षण समिति, 01 (03 टीम) व्यय अनुवीक्षण नियंत्रण एवं कालसेन्टर की संख्या है। डिस्ट्रिक्ट कान्टैक्ट सेन्टर एवं निर्वाचन कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गयी है जिसका दूरभाष नम्बर 05342-297845 है। टोल फ्री नम्बर 1950 पर चुनाव से सम्बन्धित किसी भी नागरिक द्वारा मोबाइल फोन या लैण्ड लाइन से शिकायत/सुझाव दे सकते है। एसपी सतपाल अतिल ने बताया कि सभी पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ड्यूटी लगा दी गयी है जो चुनाव के दृष्टिगत कड़ी नजर बनाये रखे है और अराजक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई भी की जा रही है। शस्त्र लाइसेन्स को जमा करने की कार्यवाही की जा रही है। सोशल मीडिया पर पुलिस विभाग द्वारा लगातार निगरानी रखी जा रही है, आपत्तिजनक खबरों को बिना साक्ष्य के प्रचारित/प्रसारित करने वालों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी। इस अवसर पर एडीएम त्रिभुवन विश्वकर्मा,सीआरओ राकेश कुमार गुप्ता उपस्थित रहे।

## नशे में ड्यूटी कर रहे चिकित्सक का वीडियो वायरल

▶▶ **सीएमओ ने दिए जांच के आदेश नोटिस दे मांगा जवाब**

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** अयोध्या धाम के श्रीराम अस्पताल में तैनात एक चिकित्सक का नशे की हालत में ड्यूटी करने का वीडियो वायरल हुआ है। इसमें चिकित्सक मरीजों से अभद्रता भी करते नजर आ रहे हैं। मामले का सीएमओ डॉ. संजय जैन ने वायरल वीडियो को संज्ञान में लेते हुए जांच के आदेश दिए हैं। साथ ही कारण बताओ नोटिस जारी कर 48 घंटे में जवाब मांगा है। श्रीराम चिकित्सालय में रोजाना 600 से 800 मरीजों की ओपीडी होती है। यहां गोंडा, बस्ती के मरीज भी इलाज कराने पहुंचते हैं। इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक डॉ. रवि प्रकाश वीडियो में खुद नशे की बात कबूल कर रहे हैं। मरीजों के विरोध करने पर धमकी देते भी नजर आ रहे हैं।



वीडियो का स्क्रीन शॉट।

# पीएम मोदी हमारे बड़े भाई, सीट का बंटवारा करें हम तैयार हैं : संजय निषाद

संवाददाता, प्रयागराज

▶▶ **सीएए को लेकर हो रहे विवाद को बताया गलत**



संजय निषाद।

**अमृत विचारः** योगी सरकार के मत्स्य विकास मंत्री संजय निषाद (कैबिनेट मंत्री) शनिवार को कौशांबी जनपद के एक कार्यक्रम में शामिल होने बम्हरौली एयरपोर्ट पहुंचे। जहां कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। उन्होंने कहा कि शनिवार से आचार संहिता लागू हो गई है। एनडीए गठबंधन भारतीय जनता

पार्टी के नेतृत्व में पूरी तरह से सशक्त है। इस बार भी हम 400 से ज्यादा सीट जीतकर एक बार फिर सरकार बना रहे हैं। सीटों के बंटवारे को लेकर उन्होंने कहा कि मोदी जी हमारे बड़े भाई हैं और भारतीय जनता पार्टी हमारी गार्जियन है। वह जिस तरीके से सीटों का बंटवारा करेगी हम पूरी तरीके से तैयार हैं।

कैबिनेट मंत्री और निषाद पार्टी के अध्यक्ष डा संजय निषाद ने लोकसभा चुनाव की तारीखों पर शनिवार को हो रहे ऐलान को लेकर कहा है कि उनकी पार्टी व पीएम मोदी की अगुवाई वाला एनडीए का गठबंधन इसका स्वागत कर रहा है। चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार है। संजय निषाद ने कहा कि एनडीए का गठबंधन इस बार 400 से ज्यादा सीटें जीतेगा और रिकॉर्ड तोड़ जीत दर्ज करेगा। वहीं पीएम नरेंद्र मोदी और यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में एनडीए का गठबंधन पूरी तरह एकजुट है। इस बार चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने की तैयारी में है। संजय निषाद ने समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव पर सियासी निशाना साधते हुए कहा है कि उनका पीड़ीए का नारा झूठा है, क्योंकि जिस एनडीए गठबंधन में उत्तर प्रदेश में संजय निषाद - ओमप्रकाश राजभर और आशीष पटेल जैसे पिछड़ों के नेता हैं, असली पीडीए वही है। उन्होंने सीएए को लेकर किए जा रहे विवाद को भी गलत बताया है।

## राष्ट्रीय सचिव जितेंद्र गुप्ता का स्वागत

**चुनार (मिर्जापुर)। अमृत विचारः** समाजवादी पार्टी द्वारा जितेंद्र गुप्ता को लोहिया वाहिनी का राष्ट्रीय सचिव बनाए जाने के बाद नगर में उनके प्रथम आगमन पर कार्यकर्ताओं द्वारा उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर धनेश गुप्ता के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में जितेंद्र गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी मुझे सौंपी है उसका पूरा सम्मान करते हुए 2024 के लोकसभा चुनाव में पार्टी के लिए निष्ठा पूर्वक कार्य करूंगा। चुनार पहुंचने से पूर्व जमुई में राजन यादव, नन्हें आदि ने तथा सरैया सिकंदरपुर में शंभू सोनकर, दिलीप सोनकर, शानू मिस्रा, सलारन अंसारी आदि ने स्वागत किया।

# अगर योगी जी का वश चलता तो

इंदुभूषण पांडेय, अयोध्या

**लोकसभा चुनाव आते ही लोगों में चर्चा संसदीय सीट नहीं बन पाई अयोध्या**

**अमृत विचारः** आजकल अयोध्या में लोकसभा चुनाव की चर्चा शुरू होते ही लोग कहने लगते हैं कि उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार का वश चलता तो यह लोकसभा सीट भी आज फैजाबाद के नाम से नहीं ही जानी जाती। कब की अयोध्या लोकसभा सीट हो गई होती।

दरअसल उत्तर प्रदेश की स्थापना के बाद से फैजाबाद की पहचान प्रदेश के एक जिले के तौर पर हुई। वर्ष 2018 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फैजाबाद जिले का नाम बदलकर अयोध्या कर दिया। सीएम योगी का कहना था कि अयोध्या हमारी 'आन, बान और शान का प्रतीक है। साथ ही अयोध्या की पहचान भगवान राम से है। इसके बाद फैजाबाद मंडल, नगर निगम और स्टेशन का नाम भी अयोध्या कर दिया गया। हाल ही में केंद्र सरकार ने फैजाबाद जंक्शन को अयोध्या कैंट व अयोध्या स्टेशन को अयोध्या धाम का नाम दे दिया।




अयोध्या धाम जंक्शन रेलवे स्टेशन।

अब कई लोग समर्थकों से यह पूछकर मजा लेते दिख रहे हैं कि फैजाबाद लोकसभा सीट का नाम मुख्यमंत्री को याद नहीं रह गया था या उसका नाम बदलने में उनका वश नहीं चला? आखिरकार क्यों अयोध्या अभी भी फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र में है।



दीदियों को कृषि ड्रोन सौंपते अधिकारी। अमृत विचार

### नैनी में 20 दीदियों को दिया गया मुफ्त कृषि ड्रोन

**संवाददाता, नैनी, प्रयागराज। अमृत विचार :** नैनी के मामा भांजा मार्ग पर शनिवार को राष्ट्रीय रसायन और उर्वरक, भारत सरकार द्वारा प्रयागराज, प्रतापगढ़ और जौनपुर के गांवों में स्वयं सहायता समूहों को मुफ्त 20 कृषि ड्रोन वितरित किए गए हैं। नमो ड्रोन वितरण समारोह के मुख्य अतिथि उप आयुक्त एनआरएलएम राजीव सिंह रहे। उन्होंने इस मौके पर कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण और कृषि उत्पादकता बढ़ाने के लिए सरकार की यह योजना है। इस द्रोण से कृषि उत्पादन तो बढ़ेगा ही साथ ही महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर आरसीएफ की ओर से राज्य प्रभारी उत्तर प्रदेश ओम प्रकाश धायल ने कहा कि सरकार की इस योजना से गांव में किसानों और महिलाओं की आय बढ़ेगी। इस अवसर पर जिला प्रभारी कौशलेंद्र प्रताप सिंह, मंडल प्रभारी प्रयागराज आरसीएफ, एकता कुमारी आरसीएफ मौजूद रहीं। बताया गया कि उक्त कृषि ड्रोन का भार 20 किलो है, उसमें 35 लीटर केमिकल्स ले जा सकता है। जनवरी माह में ड्रोन चलाने का प्रशिक्षण दिया गया था।

## अयोध्या को हरा लखनऊ मंडल फाइनल में पहुंचा

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** प्रदेश खेल निदेशालय व उप्र हॉकी संघ के समन्वय तथा क्षेत्रीय क्रीड़ा कार्यालय के तत्वावधान में डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में चल रही प्रदेशीय आमंत्रण सीनियर महिला हॉकी प्रतियोगिता के पहले सेमीफाइनल में शनिवार को मेजबान अयोध्या को पराजित कर लखनऊ मंडल ने खिताबी दौड़ में स्थान सुनिश्चित कर लिया। आरएसओ चंचल मिश्रा ने बताया कि रविवार को दूसरा सेमीफाइनल स्पोर्ट्स कॉलेज गोरखपुर व मऊ मंडल के बीच होगा। फाइनल मुकाबले के बाद प्रतियोगिता का समारोहपूर्वक समापन होगा। इसमें मुख्य अतिथि डीएम नितीश कुमार होंगे। पहला सेमीफाइनल शनिवार को अयोध्या मंडल व लखनऊ मंडल टीमों के बीच खेला गया। इसमें पहले हाफ में 2-0 से बढ़त बना चुकी लखनऊ टीम ने दूसरे हाफ में भी बिना मौका गवाए दो और गोल अयोध्या पर मार कर 4-0 से जीत दर्ज की। लखनऊ की पीताम्बरी ने दो, मनीषा व अपराजिता ने एक-एक गोल किया। इसके पूर्व स्पोर्ट्स कॉलेज गोरखपुर ने शाहजहांपुर को 3-0 से हराया। दिव्या आकांक्षा व आरिका ने एक-एक गोल किया। मेरठ मंडल ने लीग मुकाबले में वाराणसी को 2-1 से हराया। मेरठ की गुनगुन व गरिमा ने एक-एक गोल व वाराणसी की तनु ने एक गोल किया। इस अवसर पर आरएसओ चंचल मिश्रा, उपक्रीड़ा अधिकारी मो. इरफान, शकील अहमद, विवेक कुमार, सीडी सिंह व खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# युवक की हत्या के मामले में आठ दोषियों को उम्रकैद व अर्थदंड

संवाददाता, प्रतापगढ़

▶▶ **भूमि विवाद में युवक की पीट - पीट कर की गई थी हत्या, 17 साल बाद आया फैसला**

**अमृत विचार :** अपर सत्र न्यायाधीश नंद प्रताप ओझा ने हत्या के आरोप में दोषी पाते हुए रामप्यारे वर्मा, विनोद, प्रमोद सुतगण रामप्यारे,रामसुख सुत रामदास,जय प्रकाश, चंद्र प्रकाश, ओम प्रकाश, सुतगण रामसुख समस्त निवासीगण रामपुर गौरी थाना कोतवाली नगर व भइया राम उर्फ शीतला प्रसाद निवासी गड़ई थाना कोतवाली नगर को आजीवन कारावास तथा प्रत्येक को आठ -आठ हजार रूपया अर्थदंड से दंडित किया। उक्त मामले में राज्य की ओर से पैरवी एडीजीसी राकेश प्रताप सिंह ने की।

वादी मुकदमा रामतूल मिश्र निवासी रामपुर गौरी के ने कोर्ट को बताया कि उससे और गांव के राम प्यारे वर्मा से जमीनी रंजिश थी। कुछ दिन पहले ही उसने गांव के राम किशोर से जमीन का बैनामा लिया था, जिससे राम प्यारे वर्मा रंजिश रखते थे और जान से मारने की धमकी दिया करते थे। वर्ष 2006 में 18 नवंबर को 3:30 बजे रामतूल का लड़का कृष्णकांत बैनामा वाले खेत में पानी भर करके लौट रहा था,जैसे ही वह खेत से कुछ दूर पर घर की ओर आया। वैसे ही राम प्यारे वर्मा आदि सभी अभियुक्त गण एक राय होकर हांथ में लाठी डंडा, सरिया, हाकी व फरसा से लैस होकर हत्या करने के इरादे से उसे मारने लगे। चीख पुकार पर रामतूल घर में रखी अपनी लाइसेंसी बंदूक लेकर बचाने दौड़ा तो आरोपितों ने उसे भी मारा-पीटा और लाइसेंसी बंदूक छीन ली। उसके लड़के को तब तक मारा जब तक वह मर नहीं गया। घटना के समय मृतक की उम्र लगभग 42 वर्ष थी।

## सार-संक्षेप

### सुरक्षा व्यवस्था के लिए सीओ ने किया पैदल मार्च



**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया बाजार ,सोनकर बस्ती,ब्लाक रोड़ पर शुक्रवार की शाम सीओ लालगंज शैलेन्द्र त्रिपाठी ने थानाध्यक्ष विष्णु प्रभा सिंह व पुलिसकर्मियों के साथ आगामी लोकसभा चुनाव व त्यौहार के मद्देनजर पैदल गस्त कर आमजन को सुरक्षा व्यवस्था का अहसास कराते हुए सुरक्षा व्यवस्था मुहैया कराए जाने के लिए आश्वस्त किया है।सड़क पर बिना हेलमेट लगाए वाहन चला रहे वाहन के चालकों को रोककर हेलमेट पहनकर सुरक्षित यात्रा करने की सलाह दिया है।सड़क पर वाहनों में प्रेशर हार्न लगाकर वाहनों के चालकों को सख्त हिदायत दिया है कि किसी भी वाहन में प्रेशर हार्न नहीं होने चाहिए अन्यथा कड़ी कार्रवाई किया जायेगा। अनाधिकृत वाहनों पर हुटर लगाकर चलने वाले वाहनों के चालकों को भी हिदायत दी है।इस संबंध में सीओ लालगंज शैलेन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव व त्यौहार के मद्देनजर थानाध्यक्ष व पुलिसकर्मियों के साथ हलिया,बाजार, सोनकर बस्ती, ब्लाक रोड़ तक पैदल गस्त कर लोगों को सुरक्षा व्यवस्था का अहसास कराया गया है और सुरक्षा व्यवस्था के लिए आश्वस्त किया है।इस दौरान थानाध्यक्ष हलिया विष्णु प्रभा सिंह, एसआई बाली मौर्य आदि पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

### आदर्श आचार संहिता लगते ही बैनर पोस्टर को हटवाया



**हलिया (मिर्जापुर)।** लोकसभा चुनाव के लिए चुनाव आयोग द्वारा शनिवार की शाम को आदर्श आचार संहिता की घोषणा करते ही सरकारी अमला सक्रिय होकर क्षेत्र में भ्रमण करते हुए सार्वजनिक स्थानों पर लगे राजनीतिक पार्टियों के बैनर पोस्टर को हटवाया है।इसी क्रम में हथेड़ा गुलाब तिराहा पर सफाईकर्मियों के द्वारा राजनितिक पार्टी कै बैंकर को हटवाया गया है।पुलिस भी अपने अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर राजनितिक पार्टियां के बैनर पोस्टर को उतरवाने में जुटी रही। थानाध्यक्ष हलिया विष्णु प्रभा सिंह पुलिसकर्मियों के साथ क्षेत्र में भ्रमण कर राजनीतिक पार्टियों के बैनर पोस्टर को हटवाया गया है। लोकसभा चुनाव के लिए चुनाव आयोग द्वारा सात चरण में कराने की तिथि जारी किया है मिर्जापुर में सातवें चरण में 1 जून को मतदान होगा।

### यूपी बोर्ड : पहले दिन जांची गई 23,377 उत्तरपुस्तिका

**प्रतापगढ़। अमृत विचार :** जनपद के पांच केंद्रों पर यूपी बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य शनिवार से शुरू हुआ। सुबह दस बजे से परीक्षक केंद्रों पर पहुंचना शुरू कर दिए। केंद्रों पर लगे लिस्ट के आधार पर शिक्षकों ने संबधित विषयों की बनी टोली और कमरे का पता लगाया। करीब 12 बजे तक परीक्षकों का केंद्र पर पहुंचने का क्रम जारी रहा। केंद्र के प्रधानाचार्य व उप नियंत्रक ने परीक्षकों को उत्तरपुस्तिका का मूल्यांकन करने का नियम बताया। डेमो के तौर कुछ उत्तरपुस्तिकाओं को जांच कर दिखाया गया। उसके बाद परीक्षकों को उत्तरपुस्तिकाएं उपलब्ध कराई गई। राजकीय इंटर कॉलेज में 3862, केपी कॉलेज में 11468, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में 193, तिलक इंटर कॉलेज में 1565, पीबी इंटर कॉलेज में 6289 उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया गया। यूपी बोर्ड की ओर से जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय को 528013 उत्तर पुस्तिकाएं उपलब्ध कराई गई हैं। शनिवार को 23337 उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का कार्य पूरा कर लिया गया है। डीआईओएस कार्यालय में बने कंट्रोल रूम से मूल्यांकन केंद्रों की ऑनलाइन मानीटरिंग की गई। राजकीय इंटर कॉलेज और केपी कॉलेज में इंटर की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया गया। प्रभारी डीआईओएस कुलश्रेष्ठ तिवारी ने मूल्यांकन केंद्रों का निरीक्षण किया।

### एडमिशन फॉर्म का वितरण शुरु

अहरौरा (मिर्जापुर)।स्थानीय जय हिन्द विद्या मंदिर इंटर कालेज में शैक्षिक सत्र 2024 ,25 में विभिन्न विषयों में प्रवेश लेने के लिए एडमिशन फॉर्म का वितरण शुरु हो गया है।उक्त जानकारी विद्यालय के प्रबंधक शुभेन्द्र कुमार जायसवाल ने देते हुए बताया की 16 मार्च से फार्म का वितरण शुरु हो गया है।

### समाजसेवी रमेश पांडेय का हृदय गति रुकने से निधन

**अहरौरा (मिर्जापुर)।** क्षेत्र के अहरौरा डीह निवासी समाजसेवी रमेश पांडेय का शनिवार को भोर में हृदय गति रुकने से निधन हो गया।अहरौरा डीह निवासी रमेश पांडेय ने मां भंडारी देवी मंदिर के आसपास के क्षेत्र का सुन्दरी करण कराने एव मंदिर का नवीनीकरण कराने में अहम योगदान दिया था।रमेश पांडेय के पुत्र शिविर पांडेय ने बताया की हृदय गति रुकने से उनका निधन हो गया। विश्व ब्राह्मण परिसंघ ने रमेश पांडेय के निधन पर शोक संवेदना प्रकट किया। शोक व्यक्त करने वालों में चन्द्रमौली त्रिपाठी,अरविंद कुमार त्रिपाठी, रजनीश मिश्रा, चन्द्रमा सिंह सहित अन्य लोग रहे।

**सावधान : मिलावटी दूध बिगाड़ सकता है आपकी सेहत, खाद्य सुरक्षा और औषधि प्रशासन की जांच में हुआ खुलासा**

# दूध में मिलाया जा रहा कास्टिक सोडा, फैट गायब

पुनीत श्रीवास्तव, अयोध्या

**अमृत विचार :** आज दूध हर घर की जरूरत है। बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक इसका इस्तेमाल कर रहे हैं, लेकिन सावधान हो जाइए, सेहत के सौदागर अपने मुनाफे के लिए दूध में कास्टिक सोडा मिला रहे हैं। यही नहीं फैट विहीन दूध बनाकर आपको बेच भी रहे हैं। कई विक्रेता दूध में पानी मिलाकर आपके घरों तक पहुंचा रहे हैं। ये मिलावटी दूध आपकी सेहत पर भारी पड़ सकता है। इस बात का खुलासा हाल ही में खाद्य सुरक्षा और औषधि प्रशासन की जांच रिपोर्ट में हुआ है। जांच में दूध अधोमानक मिलने पर नौ विक्रेताओं पर करीब 1.32 लाख रुपये का अर्थदंड लगाया गया है।

### मिलावट खोरों पर लगाम लगाने के लिए डीएम भी सख्त



मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. जगदीश प्रसाद ने बताया कि जिले में करीब 6 .50 लाख पशु हैं। इसमें से 1.70 लाख दुधारू हैं। इनसे रोज आठ से 10 लाख लीटर दूध का उत्पादन होता है। होली के नजदीक आते ही दूध की बढ़ी खपत व आपूर्ति को लेकर जिलाधिकारी नितीश कुमार ने दो दिन पहले बैठक कर निर्देश दिया है कि मिलावटखोरों पर लगाम कसी जाए। संबंधित विभाग सख्ती से कार्रवाई करें। जनसामान्य पर किसी भी तरह का असर नहीं पड़ना चाहिए।

लोगों को सेहतमंद बनाने के नाम पर जिले में गली-गली डेयरी का संचालन हो रहा है। डेयरी पर गाय-भैंस के दूध के साथ ही मिश्रित दूध भी बेचा जा रहा है। जानकारी के अनुसार जिले की आबादी 28 लाख के करीब है और दूध का उत्पादन करीब आठ से 10 लाख लीटर है। ऐसे में सवाल ये उठता है कि आखिर उत्पादन से ज्यादा जिले में दूध की आपूर्ति कैसे हो रही है। जबकि दूध विक्रेता घरों के अलावा मिष्ठान की दुकानों पर भी दूध की आपूर्ति करते हैं। जिले में जब दुधारू पशु की संख्या ही उतनी नहीं है तो फिर उससे ज्यादा दूध कैसे हो जाता है। इसे लेकर खाद्य सुरक्षा और औषधि प्रशासन विभाग ने हाल ही कुछ दूध विक्रेताओं के यहां से दूध के नमूने भर कर जांच के लिए राजकीय प्रयोगशाला झांसी भेजे थे।

### कास्टिक सोडा शरीर पर डालता है बुरा असर

राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज के फिजिशियन डॉ. वीरेंद्र वर्मा ने बताया कि दूध हड्डियों के लिए काफी फायदेमंद होता है, लेकिन कास्टिक सोडा युक्त दूध शरीर के प्रमुख अंग जैसी किडनी व लिवर आदि पर बुरा असर डालता है।

**मिलावटी दूध बेचने पर एक को हुई सजा :** सहायक आयुक्त मानिक चंद्र ने बताया कि जांच रिपोर्ट में दूध में कास्टिक सोडा व पानी की मात्रा अधिक और फैट बिल्कुल नहीं या मानक के अनुसार नहीं मिला। इस पर विभाग ने ऐसे नौ दूध विक्रेताओं के खिलाफ वाद दायर किया था। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने सभी नौ लोगों पर 1.32 लाख रुपये का अर्थदंड लगाया। रौनाही के रानमाथ को छह माह की सजा सुनाई है।

# आचार संहिता लागू, प्रशासन ने उतरवाए होर्डिंग और बैनर

संवाददाता, प्रयागराज, कोरांव/नैनी

▶▶ **शहर व ग्रामीण इलाकों में तेज हुई कार्रवाई**

**अमृत विचारः** चुनाव आयोग द्वारा आचार संहिता शनिवार को लागू हो गई। जिसके बाद से प्रशासन पूरी तरह से सक्रिय हो गया। चौराहों पर लगी प्रचार सामग्रियां हटवाने का कार्य तेजी से शुरू कर दिया गया।

शनिवार को आचार संहिता लागू होते ही प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया। सड़क किनारे सार्वजनिक स्थलों और बिजली के खंभों पर लगाए गये बैनर और होर्डिंग और पोस्टरों को हटाने के लिए नगर निगम के कर्मचारियों को लगा दिया गया। शहर के सिविल लाइंस, कटरा, म्योहाल, तेलियरगंज, धूमनगंज इलाके में यह अभियान चलाया गया। बैनर पोस्टर को सड़कों नगर निगम के कर्मचारियों द्वारा हटाया गया। इसके साथ यमुनानगर के नैनी, करछना, मेजा, कोराव में भी शाम को होर्डिंग उतरवाए गये। नगर क्षेत्र के कोरांव नगर पंचायत में कर्मचारियों के साथ तहसीलदार कोरांव राजेश कुमार पाल व नायब तहसीलदार रणविजय सिंह पुलिस बल के साथ सक्रिय रहे। इस बारे में जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल ने बताया कि आचार संहिता लागू होने के बाद चुनाव आयोग के आदेश का कड़ाई से पालन किया जाएगा।

**तैयारी** | विपक्ष के लिए बड़ी चुनौती बनकर सामने आएगा राम का नाम

# रामकथाओं से संत करेंगे चुनाव प्रचार

अयोध्या कार्यालय

**राष्ट्र के उत्थान और आध्यात्मिकता के लिए लोगों से करेंगे अपील**

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में राम नाम विपक्ष के लिए बड़ी चुनौती बनकर सामने आने वाला है। अयोध्या के कई प्रमुख कथावाचक और साधु-संत शीर्ष नेताओं के संपर्क में आ चुके हैं।

लोकसभा चुनाव में भाजपा की तरफ से साधु-संतों को भी प्रचार में उतारने की तैयारी चल रही है। जगद्गुगुरु राम दिनेशाचार्य ने बताया कि राष्ट्र के उत्थान और आध्यात्मिकता के लिए लोगों से अपील की जाएगी कि यदि राष्ट्र को बचाना है और हिंदुत्व चेतन को जागृत करने वाले व्यक्तियों का ही चुनाव करें। उन्होंने बताया कि प्रचार के कई माध्यम से होते हैं। हम लोग भी इस प्रचार में अपने रास्ते से शामिल होंगे। कथाओं के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का प्रयास करेंगे। अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण ही प्रत्यक्ष उदाहरण है। प्राण प्रतिष्ठा संपन्न होने के बाद पूरी दुनिया दर्शन के लिए ललाहित है और हर दिन लाखों लोग दर्शन करने के लिए अयोध्या आ रहे हैं। इसलिए आगे भी ऐसे ही सरकार की आवश्यकता है।



सत्येंद्र दास वेदांती



रामदिनेशाचार्य



महंत कमल नयन दास

### धर्म की रक्षा के लिए जागरूक करेंगे

मणिराम दास छावनी के उत्तराधिकारी महंत कमल नयन दास ने कहा कि अब आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। राष्ट्र की अखंडता प्रभुता और धर्म की रक्षा के लिए लोगों को जागरूक करेंगे। लोगों से अपील करेंगे कि इस चुनाव में अपने मत का प्रयोग जरूर करें और ऐसे व्यक्ति का चुनाव करें जो राष्ट्र की सेवा कर सकें।

### राम मंदिर निर्माण सनातन की पहली जीत : सत्येंद्र दास

आचार्य सत्येंद्र दास वेदांती ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण सनातन की पहली जीत है। इस लोकसभा चुनाव में हम भक्तों के बीच राम मंदिर निर्माण और प्राण प्रतिष्ठा के भव्य आयोजन के साथ-साथ धर्म रक्षा की भावनाओं को जागृत करते हुए चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए जागरूक करेंगे। उन्होंने कहा कि इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि इस चुनाव में राम के नाम पर भाजपा को देखा जाएगा। यह लड़ाई अभी यही नहीं समाप्त हो रही है। आज देश की अखंडता और उसकी रक्षा के लिए भी लोगों को जागरूक होना पड़ेगा। पूरे विश्व में भारत सबसे मजबूत और विश्व गुरु के रूप में उभर रहा है। आगे भी अपने देश को आगे बढ़ाने के लिए ऐसे ही नेतृत्व की आवश्यकता है।

## रेलवे ट्रैक के किनारे मिला अज्ञात युवक का शव

**संवाददाता, प्रतापगढ़। अमृत विचार :** लखनऊ वाराणसी रेल मार्ग पर शुक्रवार की रात अंतू रेलवे स्टेशन के उमरी फाटक के रेलवे लाइन के किनारे 25 वर्षीय अज्ञात युवक का कटा हुआ शव मिला। रेलवे लाइन चेक कर रहे रेल कर्मियों ने युवक का शव देखकर स्टेशन मास्टर व अंतू पुलिस को सूचना दी। बताया जाता है कि युवक की रात में किसी ट्रेन से कट कर मौत हुई है। सूचना पर मौके पर पहुंची अंतू पुलिस ने आस - पास के लोगों से शव की शिनाख्त कराने की कोशिश की। लेकिन उक्त युवक की पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हाउस में पहचान के लिए रखवाया है। थानाध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने बताया कि किसी ट्रेन से कटकर युवक की मौत हुई है। शव की पहचान नहीं हो पाई है। शव की शिनाख्त के लिए रखा गया है।



**15.30** करोड़ हुई उत्तर प्रदेश में कुल मतदाताओं की संख्या

**31** लाख नाम सूची से कटे हैं इस बार उत्तर प्रदेश में

**15** लाख युवा मतदाता यूपी में



## किस राज्य में कब होंगे चुनाव

### पहला चरण

**21** राज्यों की **102** सीटों के लिए चुनाव होगा

**20** मार्च को गजट नोटिफिकेशन जारी होगा।

**19** अप्रैल को मतदान होगा।

अरुणाचल प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, मेघालय, मिज़ोरम, नगालैंड, राजस्थान, सिक्किम, तमिलनाडु, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, अंडमान निकोबार, जम्मू कश्मीर, लक्षद्वीप, पुदुचेरी।

### दूसरा चरण

**13** राज्यों की **89** सीटों के लिए चुनाव होगा

**28** मार्च को गजेट नोटिफिकेशन जारी होगा।

**26** अप्रैल को मतदान होगा।

असम, बिहार, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, केरल, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, राजस्थान, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, जम्मू कश्मीर।

### तीसरा चरण

**12** राज्यों की **94** सीटों के लिए चुनाव होगा

**12** अप्रैल को गजेट नोटिफिकेशन जारी होगा।

**7** मई को मतदान होगा।

असम, बिहार, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, कर्नाटक, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, दादर नागर हवेली और दमन दीव।

### चौथा चरण

**10** राज्यों की **96** सीटों के लिए चुनाव होगा

**18** अप्रैल को गजेट नोटिफिकेशन जारी होगा।

**13** मई को मतदान होगा।

आंध्र प्रदेश, बिहार, झारखंड, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, जम्मू कश्मीर।

### पांचवां चरण

**8** राज्यों की **49** सीटों के लिए चुनाव होगा

**26** अप्रैल को गजेट नोटिफिकेशन जारी होगा।

**20** मई को मतदान होगा।

छत्तीसगढ़, झारखंड, महाराष्ट्र, ओडिशा, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, जम्मू कश्मीर, लद्दाख।

### छठा चरण

**7** राज्यों की **57** सीटों के लिए चुनाव होगा

**29** अप्रैल गजेट नोटिफिकेशन जारी होगा।

**25** मई को मतदान होगा।

बिहार, हरियाणा, झारखंड, ओडिशा, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और दिल्ली में मतदान होगा।

### सातवां चरण

**8** राज्यों की **57** सीटों के लिए चुनाव होगा

**7** मई को गजेट नोटिफिकेशन जारी होगा।

**1** जून को मतदान होगा।

बिहार, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, ओडिशा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, चंडीगढ़।

# यूपी के रेड कार्पेट पर भाजपा को चुभेंगे इंडिया गठबंधन के कांटे?

***उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी अपने सहयोगी दलों की बदौलत 80 में से 80 सीट जीतने का दावा कर रही है। राम मंदिर के निर्माण से उपजा माहौल, रालोद का साथ व लाभार्थियों की बड़ी संख्या भाजपा की उम्मीद है। इंडिया गठबंधन की रणनीति व बसपा की चुनावी बिसात से भाजपा को कड़ी चुनौती मिलने वाली है। ऐसे में प्रदेश के रेड कार्पेट पर भी उसे इंडिया गठबंधन के कांटे चुभेंगे। वरिष्ठ संवाददाता सतीश श्रीवास्तव की रिपोर्ट...***

लखनऊ कार्यालय, अमृत विचार



कहते हैं कि दिल्ली की कुर्सी का रास्ता उत्तर प्रदेश से ही होकर जाता है। प्रदेश में सर्वाधिक अस्सी सीटों में जिसकी जीत दिल्ली की कुर्सी उस दल के हाथ में। वर्तमान समय में कांग्रेस के पास मात्र एक सीट व सपा के पास पांच सीटें हैं।कुल मिलाकर इंडिया गठबंधन छह सीटों पर सिमटा हुआ है।बसपा के पास दस सीटें हैं। सपा से समझौते में कांग्रेस को मात्र सत्रह सीटें मिली हैं। कांगेस वे सभी सीटें 21 सीटें चाहती है। जिसमें उसने 2009 में जीत हासिल की थी।उस समय कांग्रेस को 18.2 प्रतिशत वोट मिले थे।जब सपा का भी साथ नहीं था।

भारतीय जनता पार्टी व उसके सहयोगी दलों के पास वर्तमान समय में 66 सीटें हैं। बावजूद इसके उत्तर प्रदेश की 80 में से 80 सीटें के दावे आसान नहीं दिखते। माहौल पक्ष में होने के बावजूद जातीय समीकरण भाजपा के पक्ष में नहीं है। इंडिया गठबंधन इस बार उत्तर प्रदेश में ज्यादा से ज्यादा सीटें हासिल करना चाहती है। उधर भाजपा की रणनीति उत्तर प्रदेश में सभी अस्सी सीटों पर जीत हासिल करने की है।उसके पास वर्तमान समय में बासठ सीटें हैं। चार सीटें सहयोगी दलों के पास हैं। अयोध्या में राममंदिर निर्माण के बाद भाजपा माहौल भी अपने पक्ष में देख रही है। उसकी सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि वह समाजवादी पार्टी के पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) में कितना सेंध लगा पाती है। भाजपा का सबसे बड़ा भरोसा विभिन्न योजनाओं के लाभार्थी हैं। उत्तर प्रदेश में इनकी संख्या ढाई करोड़ है। समस्या है कि प्रदेश के 40 हजार बूथ अल्पसंख्यक बाहुल्य हैं। 35 हजार बूथ ऐसे हैं जहां पिछले चुनाव में भाजपा को बराबर की टक्कर मिली थी। 2019 के चुनाव में भाजपा ने लगभग एक लाख बूथ जीतकर 62 सीटों पर कब्जा जमाया था। अब इन बूथों पर भी समीकरण बदले हैं। 2009 में अकेले दम पर 18.2 प्रतिशत वोट हासिल कर 21 सीट जीतने वाली कांग्रेस पार्टी इस बार समाजवादी पार्टी से हाथ मिलाकर 50 सीटों पर जीत की रणनीति बना रही है। भाजपा के लिए सबसे अधिक प्रतिष्ठा वाली सामान्य सीट अयोध्या पर समाजवादी पार्टी ने दलित (पासी) उम्मीदवार उतार कर कड़ी चुनौती उत्पन्न कर दी है। अयोध्या संसदीय क्षेत्र में पासी की संख्या काफी अधिक है। जो पिछले चुनाव तक भाजपा के साथ था। बाराबंकी में भी सांसद के आपत्तिजनक वायरल वीडियो ने भाजपा की नींद उड़ा रखी है। गोंडा में भी एक बार भाजपा उम्मीदवार कीर्ति वर्धन सिंह को पराजित कर चुके बेनी प्रसाद वर्मा की पौत्री श्रेया वर्मा को चुनाव मैदान में उतार कर भाजपा के लिए मुसीबत खड़ी कर दी है।

2019 के चुनाव में कुर्मी मतदाता जहां यहां पर भाजपा के खेमे में दिखाई पड़ रहे थे। अब समाजवादी पार्टी के खेमें में नजर आ रहे हैं। सुल्तानपुर में मेनका गांधी को लेकर भाजपा का उहापोह खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। ऐसी ही स्थिति कैसरगंज को लेकर है। श्रावस्ती में पूर्व सांसद दद्दन मिश्रा का टिकट कटने के बाद हालात बदले हैं। बहराइच में भी लड़ाई आसान नहीं है। इसके बावजूद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की रणनीति और मतदाताओं के ध्रुवीकरण को लेकर भाजपा की उम्मीदें बड़ी हैं।




# भाजपा के गढ़ को भेदने में सक्षम सपा-कांग्रेस गठबंधन!

● सुरेश पाण्डेय, बरेली

**अमृत विचार:** सपा-कांग्रेस के गठबंधन ने बरेली में भाजपा का विजयरथ रोकने के लिए तैयारी की है, उनकी तैयारी कितनी कारगर होगी यह तो रिजल्ट बताएगा लेकिन आंकड़ों पर गौर करें वर्ष 1989 से इस सीट पर भाजपा का ही कब्जा रहा है। 2009 में कांग्रेस के प्रवीण सिंह ऐरन ने भाजपा प्रत्याशी रहे संतोष गंगवार को हराकर भाजपा प्रत्याशी की लगातार जीतते आ रही डोर में गांठ डाल दी।

इस बार अभी तक भाजपा ने अपना प्रत्याशी तय नहीं किया है लेकिन भाजपा के गढ़ में समाजवादी पार्टी का कांग्रेस के साथ पहली बार हुए गठबंधन के आगे कई चुनौतियों का सामना करना पड़ना तय माना जा रहा है। सपा और कांग्रेस का सांगठनिक ढांचा भाजपा के मजबूत संगठन के आगे कई मायने में कमजोर माना जा रहा है।

समाजवादी पार्टी के अंदर नेताओं के बीच खींचतान जगजाहिर है। सम्मेलनों में मारपीट, कार्यकर्ताओं के साथ अभद्रता और अनुशासन की कमी सपा नेताओं को एकजुट करने में बड़ी बाधा है और इसे सपा के नेता भी स्वीकार करते हैं। यह भी संभव है कि जनता इस बार नया नेता चुनना चाहती हो। विधानसभा में उसके विधायक ज्यादा है। जिले की बात करें तो नौ विधानसभा में कांग्रेस का एक भी विधायक नहीं है। जबकि सपा के भोजीपुरा और बहेड़ी से दो विधायक हैं। नगर निगम में सपा के मौजूदा समय 14 पार्षद हैं। इनमें 13 जीतकर आए और एक निर्दलीय लड़कर सपा में शामिल हुए। कांग्रेस के तीन पार्षद हैं। निगम में भी ज्यादातर पार्षदों का रूख सत्तापक्ष के निर्णयों में हां में हां मिलाना रहता है। नगर निगम के पिछले बोर्ड में सपा के 28 पार्षद थे तीन अन्य ने सपा ज्वाइन की थी। अनुशासनहीनता और कमजोर सांगठनिक क्षमता के बल पर सपा- कांग्रेस प्रत्याशी को ज्यादा मेहनत की जरूरत है।

### दिल्ली–लखनऊ पर बरेली की बराबर की नजर

देश व प्रदेश की राजधानी के बीच नाथनगरी बरेली लोकसभा सीट अहमियत रखती है। अभी तक मजबूत सीट के रूप में मानी जा रही भाजपा की बरेली सीट पर अभी प्रत्याशी घोषित नहीं हुआ है लेकिन हर चुनाव में जीतने के लिए हर प्रत्याशी को पसीना बहाना पड़ता है। जीत के प्रति निश्चिंतता और जीतने के लिए भी सभी प्रत्याशी गांव की खाक छानते हैं। बरेली लोकसभा क्षेत्र में पांच विधानसभाएं आती हैं। इनमें बरेली कैंट, शहर, नवाबगंज, मीरगंज विधानसभा में भाजपा विधायक हैं। भोजीपुरा विधायक कौन सी करवट लेते हैं। राज्य सभा चुनाव और उसके पहले भी हुए चुनाव में सपा के भोजीपुरा विधायक का वोट अपनी पार्टी के प्रत्याशी को नहीं जाना सपा की बैठकों में नहीं आने आदि मामले इसके पीछे उदाहरण बने हैं। सपा –कांग्रेस गठबंधन के प्रत्याशी की भी क्षेत्र के हर वर्ग की जनता पर पकड़ है। इस बार अभी तक बसपा और भाजपा का प्रत्याशी घोषित नहीं हुआ तो गठबंधन प्रत्याशी लोगों के बीच जाकर अपना संपर्क बढ़ा रहे हैं।

### सपा और बसपा गठबंधन भी भाजपा के किले को नहीं ढहा सका

2019 में सपा और बसपा गठबंधन के प्रत्याशी रहे भगवत सरन गंगवार ने भाजपा प्रत्याशी से टक्कर ली थी। उन्हें 3 लाख 97 हजार 988 वोट मिले थे जबकि कांग्रेस से लड़े प्रवीण सिंह ऐरन को 74 हजार 206 वोट मिले। 2014 में सपा की आयशा इस्लाम को 2 लाख 77 हजार 573 वोट मिले। बसपा के उमेश गौतम को एक लाख 6 हजार 49 तो कांग्रेस के प्रवीण सिंह ऐरन को 84 हजार 213 वोट ही मिले। इसके पहले 2009 में कांग्रेस के प्रवीण सिंह ऐरन को सर्वाधिक 2 लाख 20 हजार 976 वोट मिले। यह कुल वोटों का 31 .31 फीसदी था। जबकि भाजपा प्रत्याशी को 29 .99 फीसदी वोट यानि 2 लाख 11 हजार 638 वोट मिले थे। बसपा के इस्लाम साबिर को एक लाख 81 हजार 996 और सपा के भगवत सरन को 73 हजार 549 वोट ही मिले थे।

### 97 करोड़ से अधिक पात्र मतदाता मतदान में हिस्सा लें: सीईसी

**नई दिल्ली।** मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने शनिवार को कहा कि 97 करोड़ से अधिक मतदाता लोकसभा चुनाव में अपने मताधिकार का उपयोग करने के पात्र हैं और सभी को लोकतंत्र के इस महापर्व में हिस्सा लेना चाहिए। लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा के दौरान संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कुमार ने कहा कि निर्वाचन आयोग देश भर में 10 .5 लाख मतदान केंद्र स्थापित करने की तैयारी कर रहा है। इस दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त के साथ दो नए चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू भी थे। उन्होंने कहा, हम पूरी तरह से तैयार हैं और मैं मतदाताओं से मतदान में हिस्सा लेने का अनुरोध करता हूं। उनका कहना था, यह हम सभी के लिए एक ऐतिहासिक अवसर है। कुमार ने कहा कि आयोग राष्ट्रीय चुनाव को इस तरह से कराने का वादा करता है जिससे विश्व मंच पर भारत का गौरव बढ़े। कुमार ने कहा, सभी राज्यों में स्थिति का आकलन करने के बाद हम एक यादगार, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने को लेकर आश्वस्त हैं।



# 26 विस क्षेत्र में होंगे उप चुनाव

नई दिल्ली, एजेंसी

देश में लोकसभा चुनावों के साथ हिमाचल प्रदेश, गुजरात और उत्तर प्रदेश समेत 13 राज्यों के 26 विधानसभा क्षेत्रों में भी उप चुनाव कराये जायेंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने शनिवार को यहां अट्ठारहवीं लोकसभा के चुनाव की घोषणा करते हुए कहा कि देशभर में 26 विधानसभा क्षेत्रों में भी उप चुनाव कराए जाएं।

इन क्षेत्रों में मतदान लोकसभा के चुनाव के साथ होगा। ये विधानसभा क्षेत्र 13 राज्यों में हैं। इनमें हिमाचल प्रदेश के छह, गुजरात के पांच, उत्तर प्रदेश के चार, पश्चिम बंगाल के दो और हरियाणा, झारखंड, महाराष्ट्र, त्रिपुरा, तेलंगाना, राजस्थान, कर्नाटक, बिहार और तमिलनाडु की एक-एक विधानसभा सीट शामिल है। उत्तर प्रदेश के दादरौल, लखनऊ पूर्व, गैनसारी और दुधी विधानसभा क्षेत्र, पश्चिम बंगाल के भगवाल गोला और बारानगर विधानसभा, तेलंगाना के सिकंदराबाद छावनी विधानसभा सहित कई विधानसभा क्षेत्रों में उप चुनाव होगा।

वहीं, मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने शनिवार को घोषणा की कि जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव सुरक्षा चिंताओं के कारण लोकसभा चुनाव के बाद कराए जाएंगे, क्योंकि दोनों चुनाव एक साथ कराना अव्यावहारिक प्रतीत होता है। निर्वाचन आयोग ने शनिवार को लोकसभा चुनाव 2024 की तारीखों की घोषणा की। इस बार चुनाव 19 अप्रैल से एक जून के बीच सात चरणों में होंगे और मतगणना चार जून को होगी। जम्मू-कश्मीर में पांच चरणों में मतदान होगा।

### दिल्ली की सभी सीटों के लिए 25 मई को होगा मतदान

दिल्ली की सभी सात सीटों के लिए 29 अप्रैल को अधिसूचना जारी की जाएगी और 6 मई तक नामांकन पत्र भरे जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 7 मई को होगी और नाम वापसी के लिए 9 मई तारीख तय की गई है। मतदान 25 अप्रैल को होगा और 4 जून को मतगणना होगी। 6 जून तक चुनाव प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। दिल्ली में चांदनी चौक, उत्तर पूर्वी दिल्ली, पूर्वी दिल्ली, नई दिल्ली, उत्तर पश्चिमी दिल्ली, पश्चिमी दिल्ली एवं दक्षिण दिल्ली संसदीय क्षेत्र हैं। जिनमें सभी सीटों पर भाजपा का कब्जा है। लेकिन इस बार 6 सीटों में भाजपा हाई कमान ने वर्तमान सांसदों के टिकट काटकर नए उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है।

# उत्तर प्रदेश की 24 सीटों के लिए भाजपा में शीर्ष मंथन जारी

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

● **बरेली, कानपुर, सुल्तानपुर, कैसरगंज, पीलीभीत, प्रयागराज, अलीगढ़, गाजियाबाद, मेरठ पर सर्वाधिक चर्चा**

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश की 24 सीटों के लिए उम्मीदवार घोषित करने में भाजपा हाई कमान को काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। केंद्रीय चुनाव समिति के कई सदस्य अलग-अलग सीटों पर मंथन कर रहे हैं। लेकिन अंतिम फैसला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे, इसलिए अभी तक कोई भी नाम तय नहीं हो पाया है।

उत्तर प्रदेश में बरेली, कानपुर, सुल्तानपुर, पीलीभीत, अलीगढ़, इलाहाबाद, कैसरगंज, रायबरेली, मैनपुरी, भदोही सीट में सबसे ज्यादा मंथन हो रहा है। पार्टी के संगठन महासचिव बीएल संतोष सहित कई नेताओं के पास उक्त सीटों के दावेदार डेरा डाले हुए हैं। दूसरी सूची में उप्र की बची हुई सीट से कोई नाम घोषित न होने के बाद 24 सीटों के दावेदारों में बेचैनी और बढ़ गई है। भाजपा के जिन सांसदों के टिकट पर रोक लगी है उनमें मेनका, संतोष गंगवार, सत्यदेव पचौरी, वरुण, रीता बहुगुणा, जनरल वीके सिंह, बृजभूषण सिंह एवं सतीश गौतम मुख्य हैं।

24 सीटों के लिए पार्टी हाई कमान ने उत्तर प्रदेश के प्रभारी एवं राष्ट्रीय महासचिव बैजयंत जय पांडा से योग उम्मीदवारों के नाम मांगे थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दोनों उपमुख्यमंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह से सलाम अस्वीरा करने के बाद एक सूची केंद्रीय चुनाव समिति को सौंप दी है। इन नामों पर केंद्रीय चुनाव समिति के सदस्य ओमप्रकाश माथुर भूपेंद्र यादव एवं डॉक्टर सुधा यादव ने अपनी रिपोर्ट केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह व राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को सौप दी है। रिपोर्ट की एक कॉपी संगठन महासचिव श्री संतोष को भी दी गई है। यह चारों नेता चुनाव समिति के भी सदस्य हैं। चौकी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी संसदीय क्षेत्र उप्र में आता है, इसलिए अंतिम फैसला उनकी मौजूदगी में ही होगा। शायद यही वजह है कि अभी तक किसी भी संसदीय क्षेत्र से किसी किसी भी नाम का खुलासा नहीं हो पा रहा है और टिकट के दावेदार उक्त नेताओं के यहां डेरा डाले हुए हैं। रायबरेली एवं मैनपुरी से चुनाव समिति किसी बड़े नेता को उम्मीदवार बनाना चाहती है। भाजपा की तीसरी सूची 17 या 18 तक आ जाएगी। पहली सूची में उप्र के 51 उम्मीदवार घोषित किए थे। मिर्जापुर, रॉबर्ट्सगंज, घोसी, बिजनौर एवं बागपत की पांच सीटें भाजपा के तीन सहयोगी दलों को दी गई है।

### 15 बड़ी सीटों पर कब होगा मतदान

- **वाराणसी:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सीट, यहां 1 जून को सबसे आखिरी चरण में मतदान
- **गांधीनगर:** गृह मंत्री अमित शाह की सीट, यहां 7 मई को मतदान
- **वायनाड:** राहुल गांधी की सीट, यहां 26 अप्रैल को मतदान
- **अमेठी:** केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी की सीट, यहां 20 मई को मतदान
- **विदिशा:** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान यहां से मैदान में, यहां 7 मई को मतदान
- **लखनऊ:** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की सीट, यहां 20 मई को मतदान
- **तिरुवनंतपुरम:** यहां से कांग्रेस के मौजूदा सांसद शशि थरूर और केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर मैदान में, यहां 26 अप्रैल को मतदान
- **गुना:** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया यहां से मैदान में, यहां 7 मई को मतदान
- **करनाल:** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर यहां से चुनाव लड़ रहे हैं, यहां 25 मई को मतदान
- **हरिद्वार:** उत्तराखंड के पूर्व सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत यहां से मैदान में, यहां 19 अप्रैल को मतदान
- **नागपुर:** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की सीट, यहां 19 अप्रैल को मतदान
- **मुंबई उत्तर:** केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल पहली बार इसी सीट से लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं, यहां 20 मई को मतदान
- **कोटा:** निवर्तमान लोकसभा के स्पीकर ओम बिरला की सीट, यहां 26 अप्रैल को मतदान
- **हमीरपुर:** केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर की सीट, यहां 1 जून को मतदान
- **उत्तर पूर्व दिल्ली:** भाजपा के मौजूदा सांसद मनोज तिवारी की सीट, यहां 25 मई को मतदान

**क्षेत्रीय दलों की संख्या में कई गुना हुआ उछाल, 39 से 458 हुए क्षेत्रीय दल, 1951 की 14 में से केवल दो दलों का आजतक कायम है अस्तित्व**

# अपनी तासीर भी नहीं बची 12 राष्ट्रीय पार्टियों की, चार का हुआ प्रादुर्भाव

● अरुण कुमार मिश्र, गोंडा

**अमृत विचार:** 1951 से 2019 तक 17 बार लोकसभा का आम चुनाव हो चुका है। 18वीं बार होने जा रहा है। राष्ट्रीय दल शेयर मार्केट की तरह धराशायी होते गए और क्षेत्रीय दलों का शेयर मार्केट कई गुना बढ़ गया। पहले लोकसभा चुनाव में 14 नेशनल पार्टियों व 39 क्षेत्रीय दलों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और लोकसभा की कुल 489 सीटों पर अपने कंडीटेट उतारे थे। लेकिन 2014 तक आते आते नेशनल पार्टियों की संख्या घट कर छह रह गई। इसमें 1951 की 14 में से केवल दो दल ही आज के समय में दिख रहे हैं। जबकि क्षेत्रीय दलों की संख्या में कई गुना इजाफा हुआ और इनकी संख्या 39 की जगह 458 हो गई।

पहले लोकसभा चुनाव के दौरान देश में मात्र 489 सीटें ही थीं। पूरे देश में 17 करोड़ 32 लाख से अधिक मतदाता थे। इनमें कुल 44.89 प्रतिशत यानि 105950083 मतदाताओं ने ही वोट डाला था। पहले चुनाव में कुल 1874 कंडीडेट मैदान में थे। इनमें से नेशनल पार्टी भारतीय जनसंघ के 94, बोल्सेविक पार्टी आफ इंडिया का एक, सीपीआई के 49, एफबीएल मार्कसवादी ग्रुप के 22, एफबीएल(आरजी) के 6, हिंदू महासभा के 31, इंडियन नेशनल कांग्रेस के 479, केएलपी के 29, किसान मजदूर प्रजा पार्टी के 145, आरसीपीआई के 2, आरआरपी के 61, एसएसपी के 9, एससीएफ के 35 तथा सोसलिस्ट पार्टी के 254 प्रत्याशी मैदान में थे। वहीं क्षेत्रीय 39 क्षेत्रीय दलों के 134 तथा निर्दल के 533 उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा था। सभी 14 राष्ट्रीय पार्टियों के 1217 उम्मीदवारों में 418 ने जीत दर्ज की थी, जबकि क्षेत्रीय दलों ने कुल 34 सीटें जीती थीं। इससे अधिक 37 उम्मीदवार निर्दल के थे जिन्होंने जीत दर्ज की थी।

राष्ट्रीय दलों में कांग्रेस व सीपीआई को छोड़कर सभी 12 दलों की तासीर तक नहीं बची। अब हम 2014 व 2019 की बात करें तो मौजूदा समय भारतीय जनता पार्टी, इंडियन नेशनल कांग्रेस, बहुजन समाज पार्टी, सीपीआई, सीपीएम, एनसीपी व आप ही नेशनल कटेगरी में शामिल हैं। क्षेत्रीय दलों की संख्या में जबर्दस्त उछाल आया है। मौजूदा समय 458 से अधिक क्षेत्रीय दल हैं जिनका आम लोकसभा, विधानसभा, विधान परिषद व पंचायत के चुनावों में दखल बढ़ा है। जिस तरह इन दलों का वजूद बढ़ा है उसी तरह चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की संख्या में भी इजाफा हुआ है। मौजूदा समय 543 सीटों पर चुनाव हो रहे हैं और लड़ने वाले लोगों की संख्या भी बढ़ी है। 2014 के आम चुनाव में पूरे देश में 8251 उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा था। इलेक्शन कमीशन आफ इंडिया के आंकड़ों के अनुसार 2014 में एक सीट पर तीन कंडीडेट से लेकर 30 कंडीडेट ने अपना दावा ठोंका था। कुल मिला कर भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में बीच-बीच कई अन्य दलों का उद्भव हुआ और उनका अवसान भी हो गया। लेकिन आज केवल उनके नाम बचे हैं जिनके बारे में उम्रदराज लोग ही जानते होंगे।

### 2024 में राष्ट्रीय पार्टी

- आम आदमी पार्टी
- भारतीय जनता पार्टी
- भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
- भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्कसवादी)
- नेशनल पीपुल्स पार्टी
- बहुजन समाज पार्टी

### 1951 में राष्ट्रीय दल

- भारतीय जनसंघ
- कम्युनिस्ट पार्टी आफ इंडिया
- बोल्सेविक पार्टी आफ इंडिया
- फारवर्ड ब्लाक मार्कसवादी ग्रुप
- फारवर्ड ब्लाक (रुइकर ग्रुप)
- अखिल भारतीय हिंदू महासभा
- कृषिकर लोक पार्टी
- किसान मजदूर प्रजा पार्टी
- रिवोल्यूशनरी कम्युनिस्ट पार्टी आफ इंडिया
- अखिल भारतीय रामराज्य परिषद
- रिवोल्यूशनरी सोसलिस्ट पार्टी
- आल इंडिया शिड्यूलकास्ट फेडरेशन
- सोसलिस्ट पार्टी

## एक नजर

### पुरी जगन्नाथ मंदिर से संबंधी मामले की सुनवाई स्थगित

**कटक।** उड़ीसा उच्च न्यायालय ने उस जनहित याचिका पर सुनवाई दो और सप्ताह के लिए स्थगित कर दी है जिसमें पुरी जगन्नाथ मंदिर के 'रत्न भंडार' की चाबियां गुम होने के मामले में न्यायमूर्ति रघुबीर दास आयोग की जांच रिपोर्ट विधानसभा में पेश करने के लिए निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। शुक्रवार को सरकार ने याचिका पर जवाबी हलफनामा दाखिल करने के लिए दो सप्ताह का समय मांगा है।

### ममता की हालत स्थिर चोट से उबर रही हैं

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की स्वास्थ्य स्थिति 'ठीक' है। उनका इलाज कर रहे चिकित्सकों ने शनिवार सुबह यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 69 वर्षीय ममता चोट से उबर रही हैं। सरकारी एसएसकेएम अस्पताल के एक वरिष्ठ चिकित्सक ने कहा-मुख्यमंत्री ठीक और स्थिर हैं। वह चोट से उबर रही हैं। चोट के कारण होने वाला दर्द भी काफी कम हो गया है। फिर भी उन्हें आराम करने की सलाह दी गई है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री को रात में अच्छी नींद आई। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सुप्रीमो बृहस्पतिवार शाम को अपने कालीघाट स्थित आवास में गिर गयी थीं जिससे उनके माथे और नाक पर गंभीर चोटें आईं थीं।

# मोदी ने विपक्ष को दिशाहीन और मुद्दाविहीन बताया

## प्रधानमंत्री ने आम चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार होने का दावा करते हुए सत्ता में बने रहने का जताया भरोसा

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के आम चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार होने का दावा करते हुए विपक्ष को 'दिशाहीन' और 'मुद्दाविहीन बताया और सत्ता में बने रहने का भरोसा जताया।

लोकसभा चुनाव के तारीखों की घोषणा के कुछ ही देर बाद प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर एक के बाद एक पोस्ट में कहा कि उनकी सरकार के पिछले 10 साल उस 'गहरी खाई' को भरने में बीते हैं जो पूर्ववर्ती सरकारों ने बनाई थी। उन्होंने कहा कि सरकार के तीसरे कार्यकाल में गरीबी और भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई और तेज होगी तथा सामाजिक न्याय के लिए प्रयास और बढ़ेंगे। उन्होंने कहा-चुनाव आयोग ने 2024 के लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा कर दी है। भाजपा और राजग चुनावों में उतरने के लिए पूरी तरह से तैयार है। सुशासन और जनसेवा के अपने ट्रैक रिकॉर्ड के आधार पर हम जनता-जनार्दन के बीच जाएंगे। मुझे पूरा विश्वास है कि 140 करोड़ परिवारजनों और 96 करोड़ से अधिक मतदाताओं का भरपूर स्नेह और आशीर्वाद हमें लगातार तीसरी बार मिलेगा।

### किसी भी भ्रष्टाचारी को बख्शा नहीं जाएगा : नरेंद्र मोदी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तेलंगाना में बैठक के दौरान समर्थकों का अभिवादन करते हुए। • एजेंसी

**हैदराबाद।** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता के धन शोधन के मामले में गिरफ्तार होने के एक दिन बाद शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आरोप लगाया कि बीआरएस ने ''अन्य अति भ्रष्ट दलों के साथ साझेदारी'' कर ली है और कहा कि कोई भी भ्रष्टाचारी बच नहीं पाएगा। हैदराबाद से करीब 135 किलोमीटर दूर नगरकुरनूल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कांग्रेस और बीआरएस पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि दोनों ने मिलकर तेलंगाना के विकास के हर सपने को चकनाचूर कर दिया है। उन्होंने कहा-बीआरएस ने राज्य (तेलंगाना) से बाहर जाकर दूसरे महा भ्रष्ट दलों के साथ साझेदारी की है।

### कांग्रेस सरकार पर लूट में लिप्त होने का लगाया आरोप

**कलबुर्गी (कर्नाटक)।** प्रधानमंत्री मोदी ने कर्नाटक में कानून व्यवस्था की स्थिति खराब होने का आरोप लगाते हुए शनिवार को कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला और आरोप लगाया कि जब लोग मुसीबत में हैं तो वह ''लूट'' में लिप्त है। भाजपा के लोकसभा चुनाव अभियान की कलबुर्गी में कांग्रेस अध्यक्ष एम. मल्लिकार्जुन खरगे के गृह क्षेत्र में औपचारिक शुरुआत करते हुए मोदी ने यह दावा भी किया कि कर्नाटक के लोगों ने आगामी चुनाव में राज्य में भाजपा को विजयी बनाने का फैसला कर लिया है। मोदी ने कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस के प्रति आपके (लोगों के) मन में जो गुस्सा है, मैं वह समझ सकता हूं। कांग्रेस एक ऐसी पार्टी है जो भले ही अपनी वेशभूषा बार-बार बदल ले लेकिन उसके कुकर्म नहीं बदलते। यही कारण है कि कर्नाटक के लोग सचेत हैं और उसके (कांग्रेस के) प्रति उनमें गुस्सा है।'' राजनीतिक विश्लेषकों के मुताबिक दक्षिण भारत में कर्नाटक भाजपा के लिए बेहद अहम है क्योंकि भाजपा अतीत में यहीं पर सत्ता पर काबिज रही है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को राज्य की कुल 28 में से 25 सीटें मिली थीं। पार्टी समर्थित एक निर्दलीय ने भी जीत हासिल की थी। मोदी ने यहां एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कर्नाटक के लोग इतने कम समय में ही राज्य की कांग्रेस सरकार से निराश हो गए हैं।

# चुनाव के लिए तैयार, लोकतंत्र के भविष्य का होगा फैसला : खेड़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

• कांग्रेस नेता पवन बोले-यह चुनाव आम नहीं, बल्कि खास है



कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा के बाद शनिवार को कहा कि वह इस चुनावी मुकाबले के लिए तैयार है तथा यह चुनाव आम नहीं, बल्कि खास है क्योंकि इसमें देश के लोकतंत्र के भविष्य का फैसला होगा। पार्टी के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा-चुनाव आयोग ने घोषणा कर दी है। यह चुनाव आम नहीं है। यह चुनाव फैसला करेगा कि यह देश और लोकतंत्र मजदूर किसान के कंधों पर चलेगा या कुछ उद्योगपतियों के कंधों पर चलेगा।

उन्होंने कहा-इस चुनाव से तय होगा कि देश बाबासाहेब के संविधान पर चलेगा या एक तानाशाह के गुणगान पर चलेगा। इसलिए यह एक आम चुनाव नहीं, खास चुनाव है। खेड़ा ने कहा-हम तैयार हैं। उन्होंने कांग्रेस की पांच 'न्याय गारंटी' का उल्लेख करते हुए कहा कि देश के युवाओं, किसानों और अन्य वर्गों को विश्वास है कि कांग्रेस ने जो वादा किया है उन्हें वह पूरा करेगी। निर्वाचन आयोग ने शनिवार को लोकसभा चुनाव 2024 के तारीखों की घोषणा कर दी। इस बार चुनाव 19 अप्रैल से एक जून के बीच सात चरणों में होंगे और मतगणना चार जून को होगी।

# मध्य प्रदेश के भाजपा सांसद अजय प्रताप सिंह ने पार्टी छोड़ी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राज्यसभा सदस्य अजय प्रताप सिंह ने आगामी लोकसभा चुनावों के लिए उम्मीदवारों के चयन की प्रक्रिया पर नाराजगी व्यक्त करते हुए शनिवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया और "बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार" में लिप्त होने के लिए पार्टी की आलोचना की। सिंह ने दावा किया कि भाजपा में भ्रष्ट लोगों को संरक्षण मिल रहा है और पार्टी राजनीतिक व्यापारियों का ''अड्डा'' बन गई है। सिंह ने शनिवार सुबह सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपना त्याग पत्र पोस्ट किया।

# नीतीश ने गृह और सामान्य प्रशासन विभाग अपने पास रखे

पटना, एजेंसी

• बिहार के मुख्यमंत्री ने मंत्रियों को विभागों का आवंटन किया

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंत्रिमंडल विस्तार के एक दिन बाद शनिवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (सरकार) के मंत्रियों को विभाग आवंटित किए।

कुमार ने गृह और सामान्य प्रशासन विभाग अपने पास बरकरार रखे जबकि उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को वित्त और वाणिज्यिक विभाग दिए गए हैं। कैबिनेट सचिवालय विभाग की ओर से शनिवार को जारी एक अधिसूचना के अनुसार, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता व अन्य उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा को सड़क निर्माण, खान एवं भूविज्ञान और कला एवं संस्कृति विभाग दिए गए हैं। नीतीश कुमार ने शुक्रवार को अपने मंत्रिमंडल का विस्तार करते हुए 21 नए मंत्रियों को शामिल किया था। 21 नए मंत्रियों के शामिल होने के साथ, नीतीश कुमार मंत्रिमंडल में मंत्रियों की संख्या बढ़कर 30 हो गई। राज्य में संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार कुल 36 मंत्री हो सकते हैं।

# महाराष्ट्र सरकार ने स्कूल शिक्षकों के लिए ड्रेस कोड लागू किया

**पुणे।** महाराष्ट्र सरकार ने राज्य में स्कूल शिक्षकों के लिए एक 'ड्रेस कोड' लागू किया है, जिसके तहत उन्हें टी-शर्ट, जींस या डिजाइन और चित्रों वाली कोई अन्य शर्ट पहनने की अनुमति नहीं होगी। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शुक्रवार को जारी एक सरकारी आदेश (जीआर) के अनुसार, राज्य सरकार ने स्कूलों से अपने संबंधित पुरुष और महिला शिक्षकों के लिए 'ड्रेस कोड' तय करने को कहा है। जीआर के अनुसार यह नियम राज्य के निजी, सहायता प्राप्त और गैर-सहायता प्राप्त सहित सभी स्कूलों पर लागू होगा। इसमें कहा गया है, शिक्षकों द्वारा पहनी जाने वाली पोशाक साफ-सुथरी होनी चाहिए।



**कोलकाता :** एक स्कूल में बसंत उत्सव उत्सव से पहले श्री कृष्ण की वेशभूषा में होली खेलते दिव्यांग छात्र। • एजेंसी

# झारखंड में छात्रों के लिए स्कूल बैग के प्रस्ताव को मंजूरी

**रांची।** झारखंड मंत्रिमंडल ने सरकारी विद्यालयों में कक्षा 1-8 तक के 37 लाख से अधिक छात्रों को स्कूल बैग प्रदान करने के प्रस्ताव को शनिवार को मंजूरी दे दी। यह निर्णय मुख्यमंत्री चंपई सोरेन की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिया गया। कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने कहा कि राज्य सरकार ने परियोजना के लिए 57.06 करोड़ रुपये मंजूर किये हैं। उन्होंने कहा-कक्षा-1 और कक्षा-8 के बीच के सभी छात्रों को सालाना स्कूल बैग प्रदान किए जाएंगे। प्रत्येक बैग की कीमत 140 रुपये से 160 रुपये तक होगी। मंत्रिमंडल बैठक के दौरान 53 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई, जिसमें झारखंड मोटा अनाज अभियान के लिए 50 करोड़ रुपये की मंजूरी भी शामिल है।

# ईडी ने मुंबई में छह जगहों पर ली तलाशी

मुंबई, एजेंसी

**फर्जी कलाकृति मामला**

• जालसाजों में कई प्रमुख कला दीर्घा (आर्ट गैलरी) और व्यक्तियों के नाम शामिल

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित तौर पर नकली कलाकृतियों के व्यापार और नकली को असली कलाकृति साबित करने के लिए जाली प्रमाणपत्र तैयार करने में शामिल एक गिरोह के खिलाफ मुंबई में छह स्थानों पर तलाशी ली। जालसाजों में कई प्रमुख कला दीर्घा (आर्ट गैलरी) और व्यक्तियों के नाम शामिल हैं।

एक बयान में ईडी ने कहा कि उसने राजेश राजपाल और अन्य से जुड़े एक मामले में 13 मार्च को मुंबई में छह स्थानों पर धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत तलाशी ली। तलाशी के दौरान डिजिटल उपकरण और आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए गए जिनसे गिरोह के संचालन का खुलासा हुआ। बयान में कहा गया कि यह गिरोह नकली कलाकृतियों के व्यापार और इन्हें असली साबित करने के लिए जाली प्रमाणपत्र तैयार करने समेत प्रमुख कला दीर्घाओं और व्यक्तियों की भागीदारी के जरिये नकदी के माध्यम से धन हस्तांतरित करने में शामिल है।

ईडी ने भारतीय दंड विधान (आईपीसी) की विभिन्न धाराओं के तहत ताड़देव पुलिस थाने में दर्ज एक प्राथमिकी के आधार पर अपनी जांच शुरू की, जिसमें पुनीत भाटिया नामक व्यक्ति ने आरोप लगाया था कि राजपाल और विश्वंग देसाई ने उन्हें धोखा देकर जाली प्रमाणपत्रों के साथ नकली कलाकृति की बिक्री के माध्यम से उनसे 17.9 करोड़ रुपये की ठगी करने की साजिश रची थी। तलाशी के दौरान ईडी ने कथित तौर पर दक्षिण मुंबई की एक प्रमुख कला दीर्घा, जाने-माने कॉरपोरेट वकीलों और सराफा व्यापारियों से जुड़े एक गिरोह का पर्दाफाश किया जो कथित तौर पर मूल कलाकृति की नकल को असली के रूप में पेश करते थे। इन कलाकृतियों में जैमिनी रॉय, मकबूल फिदा हुसैन, एफ एन सूजा, जहांगीर सबावाला, एस एच रजा, एन एस बेंद्रे, राम कुमार और अन्य मशहूर कलाकारों की जाली कलाकृतियां शामिल थीं।

### बिहार में रेत खनन मामले में ईडी की फिर छापेमारी

**पटना।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बिहार में कथित अवैध रेत खनन से जुड़े धनशोधन के मामले की जांच के तहत राज्य में शनिवार को फिर छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि भोजपुर जिले के आरा शहर के आसपास छापेमारी की जा रही है। सूत्रों ने बताया कि एक कारोबारी और उससे जुड़े कुछ लोगों के परिसरों में छापे मारे जा रहे हैं। केंद्रीय एजेंसी ने पिछले हफ्ते इस मामले में सुभाष यादव नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया था जो कथित तौर पर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) से जुड़ा है। ईडी का मामला बिहार पुलिस की ओर से 'ब्रॉडसंस कमोडिटीज प्राइवेट लिमिटेड' नामक कंपनी और इसके निदेशकों के खिलाफ दर्ज 20 प्राथमिकियों से उपजा है।

## कारोबार/कृषि

### मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 1015 फ्लैग 1120 डीएमओ 895 बोल्ड 1185, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1130 बोल्ड 1180 डीएमओ 890।

### लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800 रुपये। |

# 2047 तक जीडीपी में रियल एस्टेट का योगदान 5.17 लाख करोड़ डॉलर होने का अनुमान

## क्रेडाई ने विकसित भारत के लिए अपना रोडमैप जारी करते हुए जताई उम्मीद

नई दिल्ली, एजेंसी



कन्फेडरेशन ऑफ रियल एस्टेट डेवलपर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (क्रेडाई) ने विकसित भारत के लिए आज अपना रोडमैप जारी किया जिसमें 2047 तक सकल घेरलू उत्पाद (जीडीपी) में रियल एस्टेट का योगदान 5.17 लाख करोड़ डॉलर का होने का अनुमान है और यह अनुमानित जीडीपी का 17.5 प्रतिशत रह सकता है।

क्रेडाई ने आज अपने युवा इकाई द्वारा आयोजित वार्षिक सम्मेलन यूथकॉन में विकसित भारत के लिए भारतीय रियल एस्टेट के योगदान पर एक रिपोर्ट जारी किया जिसमें यह बात कही गई है। इस कार्यक्रम के दौरान क्रेडाई ने एक रिपोर्ट बिल्डिंग विकसित भारत-भारत में रियल एस्टेट क्षेत्र की परिवर्तनकारी भूमिका के बारे में एक रिपोर्ट जारी किया। क्रेडाई के अनुसार रियल एस्टेट का भारतीय अर्थव्यवस्था पर निश्चित रूप से एक महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा। वित्त वर्ष 2034 तक इस क्षेत्र के जीडीपी में 1.3 लाख करोड़ डॉलर अर्थात अनुमानित जीडीपी का 13.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है। भारतीय रियल एस्टेट का वर्तमान बाजार का साइज़ 24 लाख करोड़ रुपये है, जो क्रमशः 80% और 20% के अनुपात में आवासीय और वाणिज्यिक के बीच बंटा है। क्रेडाई के अध्यक्ष बोमन आर ईरानी ने कहा-2047 तक भारत की एक विकसित अर्थव्यवस्था बनने की यात्रा के बीच भारतीय रियल एस्टेट आज एक बेहद महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़ा है।

### महत्वपूर्ण सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि देखी जा रही

क्रेडाई के निर्वाचित अध्यक्ष शेखर जी पटेल ने कहा-वर्तमान में, वैश्विक प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद भारत में महत्वपूर्ण सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि देखी जा रही है जो हमारे आर्थिक और क्षेत्रीय लचीलेपन का प्रमाण है। संपूर्ण रियल एस्टेट उद्योग इस मजबूत मंच पर निर्माण करने के लिए बेहद उत्साहित है और एक सुविधाजनक इको-सिस्टम के महत्व पर फिर से जोर देता है जो न केवल उद्योग के निरंतर और टिकाऊ विकास के लिए, बल्कि पूरी अर्थव्यवस्था के लिए सभी संबंधित हितधारकों का समर्थन करता है। अपने निष्कर्षों के माध्यम से, हमने विकसित भारत में भारतीय रियल एस्टेट के योगदान का एक रोडमैप तैयार किया है क्योंकि हम इस उपलब्धि को हासिल करने की दिशा में संयुक्त रूप से काम कर रहे हैं।

# हिमालय क्षेत्र में विदेशी फसलों की खेती को मिलेगा बढ़ावा

**नई दिल्ली।** विश्व सहकारी आर्थिक मंच हिमालय क्षेत्र में विदेशी बागवानी फसलों की खेती को बढ़ावा देने के लिए आईसीएआर-केंद्रीय शीतोष्ण बागवानी संस्थान सहित कई संगठनों के साथ मिलकर काम करेगा। इस मंच की स्थापना भारत में सहकारी आंदोलन को मजबूत करने के लिए की गई है।

विश्व सहकारी आर्थिक मंच ने शनिवार को कहा कि वह भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ (एनसीयूआई), आईसीएआर-केंद्रीय शीतोष्ण बागवानी संस्थान (सीआईटीएच), कंफेडरेशन ऑफ एनजीओ ऑफ रूरल इंडिया (सीएनआरआई) और शेर-ए-कश्मीर कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय (एसकेयूएएसटी) सहित विभिन्न संस्थानों के साथ सहयोग करेगा।

# भविष्य में भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा: सीतारमण

तिरुचिरापल्ली, एजेंसी

• वित्त मंत्री ने कालेज में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र का दर्जा हासिल करने के लिए आर्थिक स्वतंत्रता की जरूरत है। उन्होंने भरोसा दिया कि निकट भविष्य में देश विश्व अर्थव्यवस्था में मौजूदा पांचवें स्थान से तीसरे स्थान पर आ जाएगा।

भारत की चीन से तुलना करने वालों की आलोचना करते हुए सीतारमण ने कहा कि कुछ चीजें उनसे दोहराई नहीं जा सकीं। सीतारमण ने यहां श्रीमती इंदिरा गांधी कॉलेज में महात्मा गांधी की एक प्रतिमा का अनावरण करने के बाद कहा-भारत को आर्थिक मामलों में आत्मनिर्भरता हासिल करनी चाहिए। देश को एक आर्थिक शक्ति बनना चाहिए। देश वैश्विक रैंकिंग में 10वें स्थान से पांचवें स्थान पर आ गया है और कुछ वर्षों में हम तीसरा स्थान हासिल कर लेंगे। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थियों से देश की प्रगति में योगदान करने की अपील करते हुए कहा, "आप जैसे विद्यार्थियों के प्रयासों से ही हमारा देश 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बन जाएगा।" चीन में आर्थिक वृद्धि की भारत के साथ तुलना करने के बारे में सीतारमण ने कहा कि ऐसा करना ठीक नहीं। कहा कि चीन ने विभिन्न कारणों से प्रगति की है, जिनका यहां पालन नहीं किया जा सकता है।

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 75,900 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 67,200 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 50,050-50,250 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 65,800 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 65,650 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 75,000 |
| चांदी तैयार | 75,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 90, 500 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 65,800 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 64,800 |
| चांदी पक्की | 741 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 65,800 |
| चांदी आभूषण | 74,900। |

# डीजीसीए संशोधित उड़ान सेवा मानदंडों के लिए एक जून की समय-सीमा पर कायम

नई दिल्ली, एजेंसी

नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने पायलटों के संशोधित उड़ान सेवा मानदंडों को लागू करने के लिए तय एक जून की समय-सीमा को आगे नहीं बढ़ाने का फैसला किया है। विमानन नियामक ने एयरलाइंस को 15 अप्रैल तक संशोधित योजनाएं प्रस्तुत करने को कहा है।

फेडरेशन ऑफ इंडियन एयरलाइंस (एफआईए) ने नियामक को कम से कम दो बार पत्र लिखकर आठ जनवरी को जारी संशोधित उड़ान सेवा समय सीमा (एफडीटीएल) मानदंडों को लागू करने के लिए अधिक समय मांगा था। एफआईए में एयर इंडिया, स्पाइसजेट और इंडिगो शामिल हैं। एक जून से प्रभावी होने जा रहे नए नियमों के तहत पायलटों को आराम करने का पर्याप्त समय दिया गया है, जिससे उनकी थकान को दूर किया जा सके। डीजीसीए ने कहा कि एयरलाइंस को एक जून, 2024 से संशोधित सीएआर को लागू करने के लिए सभी कदम उठाने होंगे। एयरलाइंस को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है कि संशोधित मानदंडों के अनुरूप एफडीटीएल योजनाएं 15 अप्रैल तक अनुमोदन के लिए प्रस्तुत की जाएं।

# चार्जएमओडी देशभर में 1,200 इलेक्ट्रिक वाहन चार्जर लगाएगा

**कोच्चि।** केरल के ऊर्जा प्रौद्योगिकी स्टार्टअप, 'चार्जएमओडी' ने अपनी विस्तार योजनाओं की घोषणा करते हुए कहा है कि वह पूरे भारत में 1,200 और केरल में 600 इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जर लगाएगी। कंपनी ने इसी सप्ताह एक बयान में कहा था कि वह भारत के विभिन्न राज्यों में 1,000 धीमे चार्जर और 200 तेज चार्जर स्थापित करने और केरल में 500 धीमे चार्जर और 100 तेज चार्जर स्थापित करने की योजना बना रही है। बयान में कहा गया कि यह विस्तार केरल में मौजूदा 1,500 चार्जिंग स्टेशन और पूरे भारत में 2,000 स्टेशन के अतिरिक्त है।

# गुजरात सरकार ने नई खरीद नीति घोषित की

अहमदाबाद, एजेंसी

• 1 अप्रैल से होगी लागू, राज्य की महिलाओं के लिए दिया जाएगा विशेष प्रोत्साहन



गुजरात सरकार ने शनिवार को वस्तुओं और सेवाओं की सरकारी खरीद में एमएसएमई और महिला उद्यमियों के लिए विशेष प्रोत्साहन के साथ अपनी खरीद नीति 2024 घोषित की। मुख्यमंत्री कार्यालय ने एक बयान में कहा कि गुजरात खरीद नीति 2024 को 1 अप्रैल से लागू किया जाएगा। किसी अन्य संशोधन या अतिरिक्त प्रावधानों को शामिल करते हुए किसी अन्य नीति की घोषणा होने तक यह नीति लागू रहेगी।

बयान में कहा गया कि नई नीति राज्य सरकार के सभी विभागों, विभागाध्यक्ष, जिला कार्यालयों, प्राधिकरणों, अनुदान प्राप्त संस्थानों, बोर्डों, निगमों और समितियों की खरीद पर लागू होगी। बयान के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'वोकल फॉर लोकल' के मंत्र को ध्यान में रखते हुए सरकार ने इस नीति के जरिए सरकारी खरीद में एमएसएमई और महिलाओं द्वारा संचालित उद्योगों के लिए विशेष प्रोत्साहन का प्रावधान किया है। इसमें कहा गया है कि नई नीति सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) से खरीद को प्रोत्साहित करेगी। विशेष रूप से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और महिला उद्यमियों के स्वामित्व वाले उद्योगों को बढ़ावा दिया जाएगा। नई नीति में राज्य के स्टार्टअप को प्रोत्साहन देने की बात भी कही गई है। इसके तहत राज्य सरकार ने बिना निविदा प्रक्रिया के खरीदारी के लिए पांच लाख रुपये से 15 लाख रुपये तक की विभिन्न सीमाएं तय की हैं।

# ली को हराकर सेन ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में

**बर्मिंघम, एजेंसी**

भारतीय खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने जबर्दस्त प्रदर्शन करते हुए पूर्व चैंपियन मलेशिया के ली जी जिया को हराकर आल इंग्लैंड चैंपियनशिप पुरुष एकल के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। सेन 2022 में यहां उपविजेता थे। उन्होंने आक्रामक और विविधतापूर्ण खेल दिखाते हुए करीब 71 मिनट तक चले क्वार्टर फाइनल में 20-22, 21-16, 21-19 से जीत दर्ज की। उन्होंने कहा कि यह अच्छा मैच था और मुझे खुशी है कि मैं जीत सका। यह दबाव को झेलने की बात थी। मुझे पता था कि उसमें वापसी करने और कड़ी चुनौती देने की क्षमता है। उन्होंने कहा कि जब मैं 18-14 से आगे था, तब भी मुझे पता था कि थोड़ी भी कोताही बरतने पर वह मौका नहीं छोड़ेंगे। मैं उसे कोई मौका नहीं देना चाहता था। विश्व रैंकिंग में 18वें स्थान पर काबिज सेन का



सामना इंडोनेशिया के नौवीं रैंकिंग वाले जोनाथन क्रिस्टी से होगा।

सेन ने पिछले सप्ताह तीन गेम वाले चार मैच फ्रेंच ओपन में खेले थे, लेकिन इसके बावजूद वह रफ्तार बनाए रखने में कामयाब रहे। उन्होंने कहा कि मैने पिछले सप्ताह और यहां जैसा खेल दिखाया, शारीरिक तौर पर मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं। रिकवरी के लिए अब हालांकि समय नहीं है। मेरी सहयोगी टीम को अगले मैच के लिए काफी मेहनत करनी होगी। दोनों खिलाड़ियों ने अच्छी रेलियों के साथ शुरुआत की, लेकिन ली की गलतियों का फायदा उठाकर सेन ने 8-3 से बढ़त बना ली। यह बढ़त जल्दी ही 12-7 की हो गई, लेकिन ली ने समय पर वापसी करते हुए पहले स्कोर 12-12 और फिर 20-20 करने के बाद पहला गेम जीता। दूसरे गेम में सेन ने शुरू ही से 11-9 की बढ़त बना ली थी और लगातार सात अंक लेकर बराबरी की। निर्णायक गेम में भी उन्होंने यही लय कायम रखी और मुकाबला अपने नाम किया।

## कृष्णा-प्रतीक ओरलियंस मास्टर्स से बाहर, भारतीय चुनौती समाप्त



**ओरलियंस (फ्रांस), एजेंसी।** कृष्ण प्रसाद गरागा और साई प्रतीक की भारतीय जोड़ी को ओरलियंस मास्टर्स बैडमिंटन के पुरुष युगल के क्वार्टरफाइनल में हार का सामना करना पड़ा, जिससे इस सुपर 300 टूर्नामेंट में भारतीय अभियान भी समाप्त हो गया। दुनिया की 70वें नंबर की भारतीय जोड़ी को डेनमार्क के आंद्रियास सोंडरगार्ड और जेस्पर टोफ्ट की सातवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी से 40 मिनट में 17-21 16-21 से हार मिली। देश की एकमात्र यह भारतीय जोड़ी लुकास रेनोयर और माएल काटोएन पर 21-14 21-9 की जीत से अंतिम आठ में पहुंची थी। शुरुआती मैच में कृष्ण और प्रतीक की जोड़ी ने बुल्गारिया के इवान रूसेव और लियोयान स्टोयनोव को हराया था। महिला एकल में आठवीं वरीयता प्राप्त मालविका बंसोड, तान्या हेमंत और इमाद फारूखी सामिया टूर्नामेंट के शुरू में ही बाहर हो गयी थी। पुरुष एकल में तीसरे वरीय किरण जॉर्ज, मिथुन मंजूनाथ और एस शंकर मुथुसैमी सुब्रमण्यम भी शुरूआती दौर में ही बाहर गए।

# जिम्नास्टिक ने कराई समय से पहले पंत की वापसी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

ऋषभ पंत की मानसिक दृढ़ता और जिम्नास्टिक खेलने का अनुभव होने से समय से पहले और जल्दी रिकवरी करने में मदद मिली। दिल्ली देहरादून हाइवे पर दिसंबर 2022 में हुए भयावह कार हादसे के बाद पंत को 22 मार्च से शुरू हो रहे आईपीएल में खेलने की अनुमति भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड से मिल गई है।

राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में फिजियोथेरेपिस्ट तुलसी युवराज ने कहा कि उसके भीतर की मानसिक दृढ़ता और आत्मविश्वास से उसने रिहैब के दौरान हमें शत प्रतिशत देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि डॉक्टरों को लगता था कि उसे पूरी तरह से ठीक होने में दो साल का लगेंगे। एक बार एनसीए आने के बाद वह तेजी से रिकवर करता गया। एनसीए में स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच निशांता बारदोलोइ ने कहा कि पंत बचपन में जिम्नास्ट भी रहे हैं, जिससे उनकी रिकवरी में मदद मिली। उन्होंने कहा कि पंत की जिम्नास्टिक



की पृष्ठभूमि होने से हमें काफी मदद मिली। कई चीजों में यह बड़ा काम आया मसलन जब उसे लगता कि वह आगे नहीं बढ़ सकता है तो वह दोबारा अपने पैरों पर खड़ा हो पाता था। पंत ने रिकवरी के लिए कोई कसर बाकी नहीं रखी, लेकिन उन्हें यह प्रक्रिया उबाऊ लगी। उन्होंने कहा कि रिहैब (चोट के बाद फिटनेस फिर हासिल करने का दौर) काफी उबाऊ होता है। बार-बार एक ही चीज करना, लेकिन करने के अलावा कोई विकल्प नहीं होता। जितना अधिक करेंगे, उतना ही जल्दी ठीक होंगे।

पंत ने कहा कि मैदान पर लौटकर बहुत खुश हूं। क्रिकेट के लिए मेरा प्यार बढ़ गया है। पहले भी मुझे इससे मुहब्बत थी, लेकिन अब यह बेइंतहा हो गई है।

## खेल डायरी

### रणजी में लागू किया जाए प्रोत्साहन योजना: गावस्कर



**मुबंई, एजेंसी।** भारतीय टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने टेस्ट प्रोत्साहन योजना को रणजी ट्राफी में भी लागू करने की मांग की है। बीसीसीआई ने हाल ही में टेस्ट क्रिकेट खेलने वाले खिलाड़ियों के लिए इंसेटिव स्कीम लागू करने की घोषणा की थी, जिसमें भारत के लिए 75 फीसदी टेस्ट खेलने वाले खिलाड़ी को 45 लाख और 50 से 75 फीसदी तक खेलने वालों को 30 लाख रुपए अतिरिक्त मिलेंगे। यह राशि मैच फ़ीस से अलग होगी। गावस्कर ने कहा कि मैं बीसीसीआई से रणजी पर ध्यान देने के लिए आग्रह करना चाहूंगा। मौजूदा समय में रणजी खिलाड़ी को प्रति मैच दो लाख मिलते हैं। अगर खिलाड़ी रणजी के किसी सीजन का हर मैच खेलता है और टीम फ़ाइनल में पहुंचती है तब उसके हिस्से में 10 मुक़ाबले आते हैं। विजय हज़ारे ट्रॉफ़ी के लिए मैच फीस 50 हज़ार जबकि सैयद मुश्ताक़ अली ट्रॉफ़ी के लिए 17 हजार 500 रुपए है। अगर रणजी की फीस दोगुनी या तिगुनी हो जाती है तब अधिक संख्या में खिलाड़ी रणजी खेलते हुए दिखाई देंगे, मैं बीसीसीआई से इस पर ध्यान देने का आग्रह करना चाहता हूं।

### ओलंपिक क्वालीफिकेशन मानक राम बाबू ने पाया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के राम बाबू ने शनिवार को स्लोवाकिया में डुडिंस्का 50 मीट में 1:20:00 सेकेंड का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय निकालकर पेरिस ओलंपिक के लिए पुरुष 20 किमी रेस क्वालीफिकेशन मानक हासिल किया। हांगझोउ एशियाई खेलों में 35 किमी पैदल चाल रेस के कांस्य पदक विजेता बाबू ने इस 'रेस वॉकिंग टूर' के गोल्ड स्तर के टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया। यह पहली बार है जब कोई भारतीय एथलीट इस प्रतियोगिता में पोडियम पर पहुंचा हो। ओलंपिक क्वालीफिकेशन के लिए कट ऑफ मानक 1:20:10 सेकेंड है। पेरू के सीजर रोड्रिग्ज 1:19:41 सेकेंड से पहले जबकि इक्वाडोर के ब्रायन पिंटाडो 1:19:44 सेकेंड से दूसरे स्थान पर रहे। बाबू इस तरह क्वालीफिकेशन मानक पार करने वाले देश के सातवें एथलीट बने।

### कोचों के लिए हॉकी इंडिया निदेशक क्रूस की कार्यशाला



**पुणे, एजेंसी।** हॉकी इंडिया के हाई परफॉर्मेंस निदेशक हर्मन क्रूस ने घरेलू कोचों के लिए कार्यशाला का संचालन किया, जिसमें कोचिंग के आधुनिक तरीकों और जमीनी स्तर पर हॉकी के विकास पर फोकस था। यह कार्यशाला 14वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला चैंपियनशिप से इतर आयोजित की गई। इसका लक्ष्य घरेलू कोचों के कौशल को निखारना था। सत्र के दौरान क्रूस ने युवा खिलाड़ियों में सीखने की ललक विकसित करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि हम ऐसी कोचिंग रणनीतियां बनाना चाहते हैं, जिसमें विचारों के आदान-प्रदान से सीखने की प्रक्रिया का विकास हो। खिलाड़ी गलतियों से सबक लें और उनका आत्मविश्वास बढ़े। सिर्फ आपसी प्रतिस्पर्धा पर ही फोकस नहीं रहे।

### शीर्ष रैंकिंग वाली स्वियातेक इंडियन वेल्स के फाइनल में



**इंडियन वेल्स, एजेंसी।** शीर्ष रैंकिंग वाली इगा स्वियातेक ने मार्ता कोस्तियुक को 6-2, 6-1 से हराकर बीएनपी परीबस ओपन टेनिस के फाइनल में प्रवेश कर लिया। स्वियातेक का इस साल जीत हार का रिकॉर्ड 19-2 का हो गया। अब उनका सामना तीसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉ और नौवीं वरीयता प्राप्त मारिया सक्कारी के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल की विजेता से होगा। स्वियातेक ने कोको गॉ के खिलाफ 10 में से नौ और सक्कारी के खिलाफ पांच में से तीन मुकाबले जीते हैं। पुरुष युगल के फाइनल में क्रोएशिया के निकोलो मेकटिच और नीदरलैंड के वेसले कूलहोफ ने पांचवीं वरीयता प्राप्त स्पेन के मार्शल ग्रानोलेर्स और अर्जेंटीना के होराशियो जेबालोस को 7-6, 7- 6 से हराया।

# दिल्ली कैपिटल्स की नजर डब्ल्यूपीएल के खिताब पर

## पिछले साल पहले सत्र के फाइनल में दिल्ली को मुंबई ने सात विकेट से था हराया

**नई दिल्ली, एजेंसी**



फॉर्म में चल रही दिल्ली कैपिटल्स पिछले साल चूक गई थी, लेकिन अब रविवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ दूसरे महिला प्रीमियर लीग फाइनल में उसकी नजरें खिताब अपने नाम करने पर लगी होंगी। पिछले साल पहले सत्र के फाइनल में दिल्ली कैपिटल्स को मुंबई इंडियंस ने सात विकेट से हराया था। इस बार दिल्ली की टीम शानदार फॉर्म में है और आठ मैचों में 12 अंक लेकर पांच टीमों की लीग में शीर्ष पर है।

मेग लानिंग ने आठ पारियों में 308 रन बनाए हैं जबकि दक्षिण अफ्रीका की मारियाने काप और आस्ट्रेलिया की स्पिनर जेस जोनासेन ने 11-11 विकेट लिए हैं। इस सत्र में दिल्ली को मुंबई इंडियंस और यूपी वारियर्स ने हराया। आरसीबी के खिलाफ अब तक खेले गए चारों मुकाबले उसने जीते हैं। यह नया दिन और नया मैच है जिसमें दबाव झेलने में कामयाब रहने वाली टीम को ट्रॉफी मिलेगी। दिल्ली को लानिंग और शेफाली वर्मा से अच्छी शुरुआत और जेमिमा रौड्रिग्स भी फॉर्म में है, लेकिन एलिसे कैप्सी और काप से भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। गेंदबाजी में जोनासेन, काप और शिखा पांडे ने अच्छा प्रदर्शन किया है। बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव ने भी दस विकेट लिए हैं और कोटला की धीमी पिच पर उनकी भूमिका अहम होगी। दूसरी ओर आरसीबी लीग चरण में तीसरे स्थान पर रही थी, लेकिन शुक्रवार को एलिमिनेटर में कम स्कोर बनाने के बावजूद मुंबई को 5 विकेट से हरा दिया। एलिसे पैरी पर बल्लेबाजी का जिम्मा होगा जो अब तक 312 रन बना चुकी है। उन्होंने सात विकेट भी लिए हैं। मुंबई के खिलाफ पैरी का प्रदर्शन नहीं होता तो आरसीबी नहीं जीत पाती। पहले उन्होंने 66 रन बनाए और फिर 1 विकेट भी लिया। उन्हें हालांकि कप्तान स्मृति मंधाना, सोफी डेवाइन, रिचा घोष और सोफी मोलिनू से और सहयोगी की उम्मीद होगी। आरसीबी के गेंदबाजों खासकर रेणुका सिंह, श्रेयांका पाटिल और जॉजिया वेयरहेम को भी अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

**मैच : शाम 7:30 बजे**

**दिल्ली कैपिटल्स :** मेग लानिंग (कप्तान), लौरा हैरिस, तान्या भाटिया, जेमिमा रौड्रग्स, शेफाली वर्मा, एलिसे कैप्सी, मरियाने काप, शिखा पांडे, अनाबेल सदरलैंड, जेस जोनासेन, मिन्नु मनी, पूनम यादव, अरुंधति रेड्डी, टिटास साधु, राधा यादव, अश्विनी कुमारी, अपर्णा मंडल, वी स्नेहा दीप्ति।

**आरसीबी :** स्मृति मंधाना (कप्तान), रिचा घोष, दिशा कासात, एस मेघना, इंद्राणी रॉय, सतीश शुभा, हीदर नाइट, सिमरन बहादुर, एन डि क्लर्क, सोफी डेवाइन, श्रेयांका पाटिल, एलिसे पैरी, आशा शोभना, एकता बिष्ट, केट क्रॉस, सोफी मोलिनू, श्रद्धा पोखरकर, रेणुका सिंह, जॉर्जिया वेयरहैम।

# पुरुष टीम के साथ जो कुछ हुआ उससे कोई संबंध नहीं : मंधाना

**नई दिल्ली, एजेंसी**



आरसीबी की कप्तान स्मृति मंधाना रविवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ होने वाले डब्ल्यूपीएल के फाइनल से पहले अपनी टीम पर ज्यादा दबाव नहीं डालना चाहती और उनका कहना है कि वह आईपीएल में फ्रेंचाइजी की पुरुष टीम से तुलना करने के मूड में नहीं हैं।

आरसीबी की पुरुष टीम 17 साल में एक भी आईपीएल नहीं जीत पाई है जबकि तीन बार उपविजेता (2009, 2011, 2016) रही है, लेकिन डब्ल्यूपीएल के दूसरे सत्र में मंधाना की अगुवाई वाली आरसीबी की टीम को खिताब जीतने का शानदार मौका मिला है। मंधाना ने एलिमिनेटर में मुंबई इंडियंस पर पांच रन की जीत के बाद कहा कि पहले तो मुझे लगता है कि यह साल हमारे लिए पूरी फ्रेंचाइजी से जुड़ने के लिए अहम था। पुरुष टीम के साथ जो हुआ, कभी कभार इससे दबाव होता है। उन्होंने कहा कि इसलिए हम सिर्फ यही सोच रहे हैं कि हम अभी दूसरे ही सत्र में हैं इसलिए ज्यादा तनाव नहीं लेना चाहिए। पुरुष टीम के साथ क्या हुआ हमें उससे कुछ लेना देना नहीं है।

आरसीबी के लिए डब्ल्यूपीएल का पहला सत्र इतना अच्छा नहीं रहा था, जिसमें टीम लीग तालिका में चौथे स्थान पर थी। मंधाना ने कहा कि क्रिकेट ने जो सिखाया है, उसके अनुसार वर्तमान में रहना अहम है। यह मैच के दिन अच्छा क्रिकेट खेलने के बारे में हैं और कल के मुकाबले में जो भी टीम अच्छा करेगी खिताब जीतेगी। मंधाना फाइनल की प्रतिद्वंद्वी कप्तान मेग लैनिंग का बहुत सम्मान करती हैं लेकिन उन्हें लगता है कि कप्तान हमेशा टीम के जितना ही अच्छा होता है। मंधाना ने कहा कि हम कप्तान को अधिक तवज्जो देते हैं लेकिन कप्तान टीम के जितना ही अच्छा होता है।

# हमें हार्दिक की कमी खलेगी: नेहरा

**अहमदाबाद, एजेंसी**



गुजरात टाइटंस के मुख्य कोच आशीष नेहरा ने कहा कि उन्होंने हार्दिक पंड्या को मुंबई इंडियंस में वापसी नहीं करने के लिए कभी मनाने की कोशिश नहीं की, लेकिन आईपीएल में उन्हें इस स्टार ऑलराउंडर के अनुभव की कमी खलेगी। गुजरात ने हार्दिक की अगुवाई में अपने पदार्पण वर्ष में ही आईपीएल जीता था जबकि पिछले साल टीम फाइनल में पहुंची थी। हार्दिक हालांकि कप्तान के तौर पर मुंबई इंडियंस से जुड़ गए हैं। नेहरा ने कहा कि किसी भी खेल में आपको आगे बढ़ना होता है। हार्दिक और मोहम्मद शमी जैसे खिलाड़ियों की जगह भरना आसान नहीं होता है, लेकिन इससे सीख मिलती है और इसी तरह से टीम आगे बढ़ती है। मैंने हार्दिक को टीम में बने रहने के लिए कभी मनाने की कोशिश नहीं की। आप जितना अधिक खेलते हो उतना अनुभव मिलता है। अगर वह किसी अन्य टीम में जाते तो मैं उन्हें रोकता। वह यहां दो साल खेले, लेकिन वह ऐसी टीम में वापस जा रहे थे जिसके लिए वह 5-6 साल तक खेले थे। नेहरा ने कहा कि शुभमन गिल को मैं कप्तान के रूप में मैं देखना चाहता हूं और केवल मैं ही नहीं पूरा भारत यह देखना चाहता है क्योंकि वह इसी तरह का खिलाड़ी है।

# रोहित के स्वच्छंद होकर खेलने से मुंबई को होगा लाभ

**नई दिल्ली, एजेंसी**



आस्ट्रेलिया के पूर्व टी-20 कप्तान आरोन फिंच का मानना है कि कप्तानी का बोझ नहीं होने से रोहित शर्मा अब स्वच्छंद होकर बल्लेबाजी करेंगे, जिसका पांच बार के आईपीएल चैंपियन मुंबई इंडियंस को फायदा मिलेगा। रोहित की अगुवाई में मुंबई ने पांच खिताब जीते, लेकिन अब उनकी जगह हार्दिक पंड्या को कप्तान बनाया गया है।

फिंच ने कहा कि रोहित के लिए अब एकमात्र चुनौती पारी का अच्छी तरह से आगाज करना है जैसा कि वह भारत और मुंबई की तरफ से कई वर्षों से कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब आप टीम की कप्तानी कर रहे होते हो तो आप जहां भी जाते हो टीम के कप्तान होते हो। आप इसके बारे में बहुत अधिक सोच सकते हो, लेकिन अब आप स्वतंत्र होकर खेल सकते हो जिसका उन्हें और मुंबई इंडियंस को फायदा मिलेगा। कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम पिछले सत्र में सातवें स्थान पर रही थी, लेकिन फिंच को उम्मीद है कि ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क के जुड़ने से इस बार यह टीम अच्छा प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि इस बार केकेआर की टीम पिछली बार की तुलना में अच्छा प्रदर्शन करेगी। जब आपके पास मिशेल स्टार्क जैसा खिलाड़ी हो तो किसी भी टीम के प्रदर्शन में सुधार होता है। वह टीम को शुरू में कुछ महत्वपूर्ण विकेट दिला सकते हैं तथा पावर प्ले में यह किसी भी टीम के लिए महत्वपूर्ण होता है। यही नहीं डेथ ओवरों में भी उसकी गेंदबाजी असाधारण है।

# बॉलीवुड हलचल

## अभिषेक बच्चन को लेकर फिल्म बनाएंगे शूजित



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड के जानेमाने निर्देशक शुजित सरकार जूनियर बी अभिषेक बच्चन को लेकर फिल्म बनाने जा रहे हैं। 'विक्की डोनर', पीकू, और 'पिंक' जैसी कई सुपरहिट फिल्में बना चुके शूजित सरकार जल्द ही अपनी अगली फिल्म शुरू करने के लिए तैयार हैं। शूजित सरकार की इस फिल्म में अभिषेक बच्चन की मुख्य भूमिका होगी। शूजित सरकार ने बताया मैं अपनी अगली फिल्म के लिए अभिषेक बच्चन के साथ काम कर रहा हूं। मेरी कहानियां हमेशा जीवन से जुड़ी होती हैं और उनमें ह्यूमर भी होता है। मैंने हमेशा जीवन की यात्रा को मुख्य विषय मानकर अलग-अलग शैलियों के साथ प्रयोग करने का प्रयास किया है।यह एक इमोशनल फिल्म है। मेरी सभी फिल्मों का लक्ष्य दुनिया भर के दर्शकों तक पहुंचाना है।

## कियारा को पसंद आई सिद्धार्थ की 'योद्धा'



**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेत्री कियारा आडवाणी को अपने पति सिद्धार्थ मल्होत्रा की फिल्म योद्धा बेहद पसंद आई है। सागर आम्ब्रे और पुष्कर ओझा के निर्देशन में बनी योद्धा का निर्माण करण जौहर ने किया है। योद्धा में सिद्धार्थ मल्होत्रा, दिशा पाटनी और राशी खन्ना की अहम भूमिका है। यह एक एक्शन फिल्म है। फिल्म आज रिलीज हो गई है। कियारा को फिल्म बेहद पसंद आई है। कियारा ने फिल्म के एक सीन से सिद्धार्थ की तस्वीर शेयर की है। फोटो के साथ कियारा ने लिखा, सिद्धार्थ आपने हम सबको गर्व महसूस कराया है। आप बेस्ट हैं। उन्होंने लिखा,इस जॉनर में सबसे बढ़िया में से एक। सागर और पुष्कर, भरोसा नहीं हो रहा है कि यह आपका पहला है।कियारा ने दिशा पाटनी और राशि खन्ना के लिए लिखा, इन दो महिला योद्धाओं से सावधान रहिए। फिल्म की पूरी कास्ट और क्रू, प्रशंसा स्वीकार करें।

### सूद की फिल्म फतेह का टीजर रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद की आने वाली फिल्म 'फतेह' का टीजर रिलीज हो गया है। फिल्म फतेह में सोनू सूद के साथ जैकलीन फर्नांडीज मुख्य भूमिका में हैं। फतेह सोनू सूद के निर्देशन में बनी पहली फिल्म है। फिल्म का टीजर रिलीज हो गया है। फिल्म का टीजर बेहद खौफनाक है। टीजर की शुरुआत इस वॉयस ओवर से होती है कि फतेह तुमने 40 इतने में 'फतेह के रोल में दिख रहे सोनू सूद ने बोलते हैं 40 नहीं 50' इसके बाद सोनू सूद एक-एक कर बदमाशों को शूट करते दिख रहे हैं। शक्ति सागर प्रोडक्शंस और जी स्टूडियोज द्वारा निर्मित फिल्म फतेह साइबर अपराध की जटिलताओं और चुनौतियों के इर्द-गिर्द घूमती है।

## विक्रांत सिंह की फिल्म ससुराल का गुलाम में यामिनी के जलवे



**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी अभिनेता विक्रांत सिंह राजपूत की आने वाली फिल्म 'ससुराल का गुलाम' का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। फिल्म ससुराल का गुलाम में विक्रांत सिंह राजपूत के साथ यामिनी सिंह मुख्य में हैं। इस फिल्म के निर्माता संदीप सिंह और अरविंद अग्रवाल हैं।निर्देशक इश्तियाक शेख बंटी हैं। कथा - पटकथा और संवाद अरविंद तिवारी का है। विक्रांत सिंह राजपूत ने फिल्म 'ससुराल का गुलाम' को लेकर कहा कि यह फिल्म भी बेहद ख़ास होने वाली है। यह फिल्म आधी आबादी को खूब पसंद आएगी। मेरा किरदार इस फिल्म में अनोखा है। उम्मीद करता हूं कि यह सभी को पसंद आए। फिल्म के गाने भी बेहद खूबसूरत हैं। फिल्म में यामिनी सिंह के साथ मेरी केमेस्ट्री दर्शकों के दिलों को छूने वाली है।

### लाडो, काजल और गोल्डी का होली गीत रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** लाडो मद्धेशिया, काजल त्रिपाठी और गोल्डी यादव का होली गीत 'हरियर हरियर रंगवा' रिलीज हो गया है। भोजपुरी होली गीत 'हरियर हरियर रंगवा' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है।इस गाने में लाडो मद्धेशिया और गोल्डी यादव की आवाज है, वहीं वीडियो में लाडो मद्धेशिया और काजल त्रिपाठी की केमिस्ट्री नजर आ रही है। वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी होली गीत 'हरियर हरियर रंगवा' के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

